बैशाख कृष्ण पक्ष एकादशी
विक्रम संवत 2081

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

शनिवार, 4 मई 2024
वर्ष 5, अंक 39, पृष्ठ 16
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य 5 रुपये

अमृत विचार

मुरादाबाद
एक सम्पूर्ण अखबार

www.amritvichar.com

मंगल की धरती है भूगर्भीय रासायनिक संरचना 16

17 से स्ट्रीम होगी बाहुबली: क्राउन ऑफ ब्लड 15

एक नजर

सीबीएसई बोर्ड परीक्षा परिणाम 20 मई के बाद

नई दिल्ली। केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) 10वीं और 12वीं कक्षा के परीक्षा परिणाम 20 मई के बाद घोषित कर सकता है। बोर्ड के अधिकारियों ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। परीक्षा परिणामों की घोषणा की अटकलों के बीच बोर्ड का यह स्पष्टीकरण आया है। बोर्ड ने अपनी वेबसाइट पर कहा कि सीबीएसई की कक्षा 10वीं और 12वीं के नतीजे 20 मई के बाद घोषित होने की संभावना है। दोनों कक्षाओं की बोर्ड परीक्षाएं फरवरी-अप्रैल के बीच आयोजित की गईं थीं।

जेनेटिक्स वैज्ञानिक डा. मंजीत कंग का निधन

चंडीगढ़। पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान ने पंजाब कृषि विश्वविद्यालय लुधियाना के पूर्व कुलपति और जाने-माने जेनेटिक्स वैज्ञानिक डॉ मंजीत सिंह कंग के निधन पर गहरा दुख व्यक्त किया है। मान सोशल मीडिया एक्स पर कहा कि डा. कंग बहुत ही मधुर और दूरदर्शी स्वभाव के थे। यह नुकसान अपूरणीय है। कंग का शुक्रवार सुबह निधन हो गया। वह पिछले काफी समय से बीमार थे।

ईडी गिरफ्तारी के खिलाफ सोरेन की याचिका खारिज

रांची। झारखंड हाईकोर्ट ने शुक्रवार को पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की उस रिट याचिका को खारिज कर दिया और उन्हें जमानत देने से इनकार कर दिया, जिसमें उन्होंने प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) द्वारा अपनी गिरफ्तारी को चुनौती दी थी। हालांकि अदालत ने जेल में बंद सोरेन को छह मई को अपने चाचा के अंतिम संस्कार में पुलिस हिरासत में शामिल होने की अनुमति दे दी।

ईडी ने कुर्क कीं 205 करोड़ की संपत्तियां

नई दिल्ली। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने छत्तीसगढ़ में कथित आबकारी घोटाले में सेवानिवृत्त आईएएस अधिकारी अनिल टुटेजा, रायपुर के महापौर के बड़े भाई व अन्य व्यक्तियों की 205 करोड़ रुपये मूल्य से अधिक की संपत्ति कुर्क की है। कुर्क संपत्तियों में टुटेजा की 15.82 करोड़ की 14 संपत्तियां, रायपुर के महापौर व कांग्रेस नेता ऐजाज ढेबर के बड़े भाई अनवर ढेबर की 116.16 करोड़ की 115 संपत्तियां, विकास अग्रवाल उर्फ सुब्बू की 1.54 करोड़ रुपये की संपत्तियां शामिल हैं।

प्रधानमंत्री मोदी 14 मई को दाखिल करेंगे नामांकन

वाराणसी, एजेंसी

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी वाराणसी लोकसभा सीट से 14 मई को नामांकन दाखिल करेंगे। इससे पहले 13 मई को वाराणसी में रोड शो भी करेंगे। बता दें कि वाराणसी लोकसभा सीट पर एक जून को वोटिंग होगी।

- 13 मई को रोड शो भी करेंगे

पार्टी प्रधानमंत्री मोदी की जीत को ऐतिहासिक बनाने के लिए कोई कोर कसर नहीं छोड़ेगी। भाजपा के राष्ट्रीय और प्रदेशों के नेता मई के दूसरे सप्ताह से वाराणसी पहुंचना शुरु हो जाएंगे। रोड शो को भव्य बनाने के लिए भाजपा राष्ट्रीय महामंत्री सुनील बंसल और गुजरात से आए जगदीश पटेल ने बैठकें शुरू कर दी हैं।

प्रधानमंत्री मोदी आज कानपुर में करेंगे रोड शो

कानपुर। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी शनिवार शाम 4 बजे कानपुर पहुंचेंगे। छह बजे से रोड शो करेंगे। प्रधानमंत्री मोदी विशेष विमान से चकेरी एयरपोर्ट आएंगे। यहां से कार से सड़क मार्ग से गुमटी गुरुद्वारा जाएंगे और वहां माथा टेकने के बाद गुरुद्वारा समिति के पदाधिकारियों से मिलेंगे। वहीं से रोड शो के लिए रथ पर सवार होंगे।

सीपीआई नेता अतुल अंजान का निधन

लखनऊ। भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी (सीपीआई) के राष्ट्रीय सचिव अतुल कुमार अंजान (70 वर्ष) का शुक्रवार सुबह लखनऊ के एक निजी अस्पताल में निधन हो गया। वे लंबे वक्त से कैंसर से पीड़ित थे। एक माह से निजी अस्पताल में भर्ती थे। वर्ष 1977 में लखनऊ विश्वविद्यालय के छात्रसंघ अध्यक्ष के रूप में राजनीतिक पारी शुरू करने वाले अतुल अंजान वामपंथी राजनीति में एक चर्चित नाम थे। अतुल अंजान चार बार लखनऊ विश्वविद्यालय के अध्यक्ष रहे।

चुनाव में हमनाम उम्मीदवारों से संबंधित याचिका पर सुनवाई से कोर्ट का इनकार

एक नाम होने के कारण चुनाव लड़ने से नहीं रोक सकते

नई दिल्ली, एजेंसी

उच्चतम न्यायालय ने शुक्रवार को उस याचिका पर विचार करने से इनकार कर दिया, जिसमें चुनाव लड़ने वाले हमनाम उम्मीदवारों के मुद्दे को हल करने के उद्देश्य से एक प्रभावी तंत्र के लिए तत्काल कदम उठाने के वास्ते चुनाव आयोग (ईसी) को निर्देश देने का अनुरोध किया गया था।

न्यायमूर्ति बीआर गवई, न्यायमूर्ति सतीश चंद्र शर्मा और न्यायमूर्ति संदीप मेहता की पीठ द्वारा याचिका पर विचार करने में अनिच्छा जताने के बाद याचिकाकर्ता के वकील ने इसे वापस लेने की अनुमति मांगी। जिसे पीठ ने स्वीकार कर लिया।

पीठ ने याचिकाकर्ता साबू स्टीफन की ओर से पेश अधिवक्ता वीके. बीजू से पूछा कि अगर कोई राहुल गांधी के रूप में पैदा हुआ है या कोई लालू प्रसाद यादव के रूप में, तो उन्हें चुनाव लड़ने से कैसे रोका जा सकता है? क्या इससे उनके अधिकारों पर असर नहीं पड़ेगा? इस मुद्दे को बेहद गंभीर बताते हुए, बीजू ने चुनाव संचालन नियमावली, 1961 के नियम 22(3) का हवाला दिया था, जिसमें कहा गया है कि यदि दो या दो से अधिक उम्मीदवारों का नाम एक ही है, तो उन्हें उनके व्यवसाय, निवास या किसी अन्य तरीके से अलग किया जाएगा। पीठ ने पूछा कि अगर किसी के माता-पिता ने एक जैसा नाम दिया है, तो क्या यह उनके चुनाव लड़ने के अधिकार में बाधा बन सकता है? न्यायालय ने कहा कि आप जानते हैं कि इस मामले का क्या होगा। इसके बाद वकील ने पीठ से याचिका वापस लेने की इजाजत मांगी जिसे स्वीकार कर लिया गया। याचिका में कहा गया था कि 'हमनाम' उम्मीदवारों की गलत प्रथा मतदाताओं के मन में भ्रम पैदा करने की एक पुरानी चाल है।

सुप्रीम कोर्ट का फैसला

- याचिका में कहा गया था कि हमनाम उम्मीदवार मतदाताओं को करते हैं भ्रमित

रायबरेली से लड़ेंगे राहुल

कांग्रेस अध्यक्ष खरगे, सोनिया-प्रियंका की मौजूदगी में किया नामांकन

- भाजपा प्रत्याशी दिनेश प्रताप सिंह ने भी दाखिल किया अपना पर्चा

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

अमृत विचार : रायबरेली-अमेठी सीटों पर कांग्रेस प्रत्याशियों को लेकर कई दिनों से बने कौतुहल के बीच नामांकन प्रक्रिया के अंतिम दिन कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने रायबरेली सीट से नामांकन किया। इस मौके पर कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे, पूर्व अध्यक्ष सोनिया गांधी, पार्टी की राष्ट्रीय महासचिव प्रियंका गांधी, राबर्ट वाड्रा, तेलंगाना के मुख्यमंत्री रेवंत रेड्डी, राजस्थान के पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत आदि मौजूद रहे।

कलेक्ट्रेट परिसर में कांग्रेस के दिग्गज नेताओं के साथ भाजपा प्रत्याशी दिनेश प्रताप सिंह के समर्थन में डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक, राज्यसभा सदस्य अमरपाल मौर्य व राज्यमंत्री प्रतिभा शुक्ला लाव-लश्कर के साथ पहुंचे। सबसे पहले भाजपा प्रत्याशी दिनेश प्रताप सिंह ने चार सेट में नामांकन पत्र दाखिल किया। इसके बाद राहुल गांधी ने चार सेट में नामांकन पत्र दाखिल किया। पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष मो. इलियास, पूर्व विधायक अजयपाल सिंह, कांग्रेस जिलाध्यक्ष पंकज तिवारी व सुशील पासी उनके प्रस्तावक बने।

जिला निर्वाचन अधिकारी हर्षिता माथुर को नामांकन पत्र सौंपते राहुल गांधी। साथ में मौजूद मां सोनिया गांधी, बहन प्रियंका वाड्रा, बहनोई राबर्ट वाड्रा व कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे। ● अमृत विचार

कैसरगंज से करण भूषण ने भरा पर्चा

कैसरगंज सीट से भाजपा के मौजूदा सांसद बृजभूषण शरण सिंह के पुत्र करन भूषण शरण सिंह ने नामांकन किया। इस मौके पर सदर विधायक प्रतीक भूषण शरण सिंह, सुमित भूषण सिंह व सांसद प्रतिनिधि संजीव सिंह मौजूद रहे। नामांकन के पूर्व रघुकुल विद्यापीठ परिसर में सभा के बाद करण भूषण पार्टी नेताओं-कार्यकर्ताओं के साथ कलेक्ट्रेट पहुंचे। उन्होंने चार सेट में नामांकन पत्र दाखिल किया। इसके पहले सपा से भगतराम मिश्र ने नामांकन पत्र दाखिल किया।

अमेठी से केएल शर्मा ने किया नामांकन

हाईप्रोफाइल अमेठी सीट से कांग्रेस प्रत्याशी किशोरी लाल शर्मा ने नामांकन पत्र दाखिल किया। नामांकन के पहले अमेठी पहुंचीं प्रियंका गांधी ने कार्यकर्ताओं को संबोधित कर उनका उत्साह बढ़ाया। गौरीगंज केंद्रीय कांग्रेस कार्यालय से कलेक्ट्रेट मोड़ तक कार्यकर्ताओं के बीच भारी उत्साह के साथ रोड शो कर कांग्रेस प्रत्याशी केएल शर्मा कलेक्ट्रेट पहुंचे और चार सेट में अपना नामांकन पत्र दाखिल किया। रोड शो में सपा व आम आदमी पार्टी के कार्यकर्ता शामिल हुए।

मथुरा वृंदावन में बड़ी कार्ययोजना के साथ हमारा एजेंडा तय : योगी

कार्यालय संवाददाता, संभल/बबराला

अमृत विचार : मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने संभल लोकसभा सीट के कैला देवी व बदायूं के बबराला में चुनावी सभाओं में कहा कि मथुरा, वृंदावन में कन्हैया के लिए बड़ी कार्ययोजना के साथ हम आगे बढ़ रहे हैं। हमारा एजेंडा तय है। लोग पूछें समाजवादी पार्टी से कि क्या वह इस कार्य में सहयोग करेगी।

कैला देवी धाम पर भाजपा प्रत्याशी परमेश्वर लाल सैनी के समर्थन में जनसभा को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि यह संभल में श्री हरि विष्णु के अवतार महाराज कल्कि के धाम को एक नया स्वरूप देने का चुनाव है। अयोध्या के बारे में भी लोग यही कहते थे कि क्या यह हो पाएगा। भाजपा ने अयोध्या को फिर से श्रीराम के कालखंड का अयोध्या बनाकर आपकी आस्था को सम्मान दिया है। सपा व कांग्रेस पर निशाना साधते हुए कहा कि जब ये न आपको सुरक्षा दे सकते हैं, न देश को सुरक्षित रख सकते हैं, न देश को सम्मान दिला सकते हैं, न गरीब कल्याण कर सकते हैं और न ही आपकी आस्था का सम्मान कर सकते हैं तो फिर इनको चुन कर क्या करेंगे।

मुख्यमंत्री ने कहा कि हम प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश को विकसित भारत के रूप में स्थापित करने की बात करते हैं। जबकि विपक्षी गठबंधन कहता है कि हम पिछड़े और दलितों को मिलने वाले आरक्षण को काट करके अल्पसंख्यकों को दे देंगे।

मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव ने कहा कि भाजपा कार्यकर्ता को मौका देती है जबकि कांग्रेस और समाजवादी पार्टी सब कुछ अपने घर में समेटकर रखना चाहती हैं। चाहे पार्टी का कोई पद हो, चाहे सत्ता की व्यवस्था हो, सब कुछ उन्हें अपने परिवार के लिए चाहिए। उन्होंने सपा को परिवारवादी पार्टी बताया।

संभल के कैलादेवी धाम की जनसभा में लोगों का अभिवादन स्वीकार करते मुख्यमंत्री योगी और मप्र के मुख्यमंत्री मोहन यादव व अन्य नेता। ● अमृत विचार

- मुख्यमंत्री बोले, सपा बताए क्या इस पुण्य कार्य में सहयोगी बनेगी
- कांग्रेस-सपा सब अपने घर में समेट कर रखना चाहती हैं : मोहन

इफ्को और कोरोमंडल की पोटेशियम सल्फेट पर रोक

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- लाइसेंस के विपरीत नामों से उर्वरक बिक्री पर नोटिस जारी
- कृषि निदेशालय ने अग्रिम आदेश तक प्रदेश में लगाई रोक

अमृत विचार : कृषि निदेशालय ने इंडियन फार्मर्स फर्टिलाइजर को-ऑपरेटिव लि. (इफ्को) व कोरोमंडल इंटरनेशनल लिमिटेड की अलग-अलग नामों से बेची जा रही पोटेशियम सल्फेट उर्वरक प्रतिबंधित कर दी है। साथ ही लाइसेंस से विपरीत नाम देने पर दोनों कंपनियों के राज्य विपणन प्रबंधक को नोटिस जारी किया है।

संयुक्त निदेशक (उर्वरक) अनिल कुमार पाठक ने प्रदेश में उर्वक की बिक्री, पैकिंग व प्रचार की जांच की। इस दौरान पाया कि इफ्को ने प्रदेश में पोटेशियम सल्फेट नाम से उर्वरक बिक्री का लाइसेंस लिया था। जबकि कंपनी द्वारा बाजार व वेबसाइट पर 0:0:50 पोटेशियम सल्फेट व पोटेशियम सल्फेट (0:0:50) नाम से बिक्री की जा रही है। इसी तरह कोरोमंडल इंटरनेशनल लिमिटेड ने पोटेशियम सल्फेट के नाम से लाइसेंस लिया था और उर्वरक की बिक्री भिन्न नाम एनपीके 0:0:50 सल्फेट ऑफ पोटाश के नाम से हो रहा था। जो लाइसेंस के नियमों का उल्लंघन है।

कंप्यूटर सेंटर में छात्र ने शिक्षिका को गोली मारी, हालत गंभीर

कार्यालय संवाददाता, बिजनौर

अमृत विचार : शुक्रवार सुबह नगर के कंप्यूटर सेंटर में पढ़ाने वाली शिक्षिका को उसी कंप्यूटर सेंटर के छात्र ने गोली मार दी। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और गंभीर रूप से घायल शिक्षिका को जिला अस्पताल में भर्ती कराया। वहां से मेरठ रेफर कर दिया गया। पुलिस ने हमलावर छात्र को गिरफ्तार कर लिया है।

नगर के नूरपुर रोड स्थित आरसीटीआई कंप्यूटर सेंटर पर शिक्षिका कोमल निवासी मोहल्ला चौधरियान को उसी सेंटर पर पढ़ने वाले छात्र प्रशांत कुमार पुत्र लवकुश निवासी ग्राम शादीपुर थाना कोतवाली देहात ने गोली मार दी और भाग निकला। घटना से कोचिंग में अफरातफरी मच गई। शिक्षिका कोमल देवल तीन वर्षों से इस कोचिंग सेंटर में कार्यरत हैं। घटना की सूचना पाकर अपर पुलिस अधीक्षक नगर मौके पर पहुंचे और घायल शिक्षिका को जिला अस्पताल भिजवाया। बताया जाता है कि हमलावर छात्र ने 2020 में इस सेंटर से कंप्यूटर कोर्स किया था। अब रिविजन करने के लिए सेंटर आया था। आरोपी छात्र शिक्षिका को काफी दिनों से परेशान कर रहा था।

- हमलावर गिरफ्तार, घायल शिक्षिका को मेरठ रेफर किया गया

तेलंगाना प्रदेश कांग्रेस के सोशल मीडिया सेल के 5 सदस्य गिरफ्तार

शाह डीपफेक वीडियो मामला

हैदराबाद। तेलंगाना की हैदराबाद साइबर क्राइम पुलिस ने केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के हैदराबाद के बाहरी इलाके सिद्दीपेट में चुनाव अभियान एवं जनसभा के दौरान दिए गए भाषण का एक विकृत वीडियो प्रसारित करने के आरोप में तेलंगाना प्रदेश कांग्रेस की सोशल मीडिया इकाई में काम करने वाले पांच लोगों को गिरफ्तार किया है।

गिरफ्तार लोगों में पेंड्याला वामशी कृष्णा, मन्ने सतीश, पेट्टम नवीन, अस्मा तस्लीम और कोया गीता शामिल हैं। हैदराबाद शहर के साइबर अपराध पुलिस उपायुक्त दारा कविता ने शुक्रवार को यहां बताया कि सभी हैदराबाद के निवासी हैं। सभी आरोपियों को अदालत से सशर्त जमानत दे दी गयी।

सिपाही ने सर्विस रायफल से गोली मारकर की आत्महत्या

कार्यालय संवाददाता, अमरोहा

- व्हाट्सएप पर स्टेटस में कहा, इसके अलावा कोई रास्ता नहीं था

अमृत विचार : शुक्रवार शाम करीब साढ़े 6 बजे अमरोहा रेलवे स्टेशन पर सिपाही ने अपनी सर्विस रायफल से गोली मारकर आत्महत्या कर ली। आत्महत्या करने से पहले सिपाही ने व्हाट्सएप पर स्टेटस में लिखा कि जो मैं करने जा रहा हूं उसके लिए मुझे माफ करना, इसे मेरी बुजदिली मत समझना, बस इसके अलावा कोई रास्ता नहीं है।

डिडौली कोतवाली क्षेत्र के कस्बा जोया में शौकीन खां का परिवार रहता है। परिवार में पत्नी मेहनाज व बेटी सबा के अलावा बेटा तैय्यब खान (32) था। शौकीन दो महीने पहले ही सहारनपुर से इंस्पेक्टर के पद से सेवानिवृत हुए हैं। बेटे तैय्यब के परिवार में पत्नी मुन्नी के अलावा दो बेटे जैद व आहत तथा दो बेटियां तैयबा व अरीबा हैं। तैय्यब 2015 में पुलिस में भर्ती हुआ था। तैय्यब की तैनाती बागपत जिले में न्यायालय सुरक्षा में थी। बताया जाता है सात मई को संभल जिले में होने वाले चुनाव के लिए उसकी बागपत से रवानगी हुई थी, लेकिन शुक्रवार शाम अमरोहा रेलवे स्टेशन पर तैय्यब ने अपनी सर्विस रायफल से खुद को गोली मारकर आत्महत्या कर ली। सूचना पर एएसपी राजीव कुमार सिंह, सीओ सिटी अरुण कुमार सिंह, एसपी रेलवे समेत जीआरपी के अधिकारी पहुंचे।

आगरा में जनसभा के दौरान स्वामी प्रसाद मौर्य पर युवक ने फेंका जूता

आगरा, एजेंसी

- पार्टी प्रत्याशी के समर्थन में जनसभा कर रहे थे मौर्य
- रास्ते में कार पर स्याही फेंकी काले झंडे दिखाए, एक गिरफ्तार

हिंदू धर्म ग्रंथों पर विवादित बयानबाजी के चलते सुर्खियों में रहने वाले राष्ट्रीय शोषित समाज पार्टी के मुखिया स्वामी प्रसाद मौर्य की जनसभा में शुक्रवार को जूता फेंका गया। इससे पहले उनके काफिले को रोककर काले झंडे दिखाए गए और उनकी कार पर स्याही फेंकी गई। पुलिस ने जूता फेंकने वाले युवक को गिरफ्तार कर लिया।

स्वामी प्रसाद मौर्य फतेहपुर सीकरी लोकसभा क्षेत्र में थाना डौकी क्षेत्र स्थित माता सती मंदिर पर अपनी पार्टी के प्रत्याशी होतम सिंह निषाद के समर्थन में जनसभा को संबोधित कर रहे थे। इसी दौरान जनता के बीच से एक युवक उठा और जब तक कोई कुछ समझ पाता उसने हाथ में जूता लेकर मंच की ओर फेंक दिया। हालांकि यह जूता मौर्य को न लग कर पोडियम के बराबर में लगे मोबाइल रिकार्डिंग स्टैंड से टकराया। अचानक हुई इस घटना से अफरा-तफरी मच गई। भागते हुए युवक को पुलिस ने तुरंत दबोच लिया और जनसभा स्थल से पकड़कर थाने ले गई। इससे पूर्व फतेहाबाद चौराहे पर अखिल भारत हिंदू महासभा के कार्यकर्ताओं ने स्वामी प्रसाद मौर्य के काफिले को काले झंडे दिखाए। उन्होंने कार पर स्याही भी फेंक दी। स्वामी प्रसाद मौर्य वापस जाओ के नारे लगना शुरू हो गए। स्वामी प्रसाद मौर्य द्वारा पिछले दिनों हिंदू धर्म को लेकर टिप्पणी की गई थी। प्रदर्शनकारियों में इसी बात को लेकर नाराजगी थी।

मनमानी | 35 जिलों में पशुओं के मरने पर प्रीमियम से ज्यादा आया क्लेम

ज्यादा क्लेम पर 62 चिकित्सकों के बीमा करने पर रोक

प्रशांत सक्सेना, लखनऊ

अमृत विचार : जोखिम प्रबंधन एवं पशुधन बीमा योजना में कंपनी को पशुओं की मौत में ज्यादा 'जोखिम' दिखा तो उप्र पशुधन विकास परिषद ने 35 जिलों के 62 पशु चिकित्सकों के बीमा करने पर रोक लगा दी है।

यह कार्रवाई इसलिए कि गई कि वर्ष 2023-24 में जिन पशुओं का चिकित्सकों द्वारा बीमा किया गया, उनके मरने पर प्रीमियम से ज्यादा क्लेम आया है। इसे हाई आईसीआर यानी अधिक इन्श्योरेंस क्लेम रेसियो बताकर चिकित्सकों को कठघरे में खड़ा कर दिया है। जांच कर प्रगति सुधार के लिए संबंधित मुख्य पशु चिकित्साधिकारी को लिखा गया है। दरअसल, जिन पशुओं ने दम तोड़ा उनकी क्लेम राशि ज्यादा है, जिसे देने में कंपनी को घाटा है। आगे ऐसी स्थिति से बचने के लिए ज्यादा क्लेम कराने वाले चिकित्सकों के बीमा करने पर रोक लगाई है। सिर्फ लखनऊ की बात करें तो एक पशु चिकित्सक ने 26 पशुओं का बीमा किया, जबकि एक पशु की मौत हुई। इसी तरह दूसरे ने 46 पशुओं का बीमा किया, मौत चार पशुओं की हुई।

- हाई इन्श्योरेंस क्लेम रेसियो बताकर कंपनी ने खड़े किए हाथ

इन जिलों के 66 चिकित्सकों पर रोक

शाहजहांपुर, बदायूं, मुरादाबाद, फिरोजाबाद, आगरा, हाथरस, अलीगढ़, अमेठी, सुल्तानपुर, बाराबंकी, आजमगढ़, सिद्धार्थनगर, बस्ती, गोंडा, श्रावस्ती, जालौन, कानपुर नगर, फर्रुखाबाद, इटावा, सीतापुर, हरदोई, उन्नाव, लखनऊ, रायबरेली, मेरठ, सोनभद्र, अमरोहा, बिजनौर, संभल, प्रयागराज, प्रतापगढ़, मुज्जफनगर, वाराणसी, गाजीपुर व चौंदौली।

घाटा होने पर सात माह प्रभावित रही थी प्रक्रिया

प्रदेश में पशुधन बीमा योजना का काम एक कंपनी अनुबंध के तहत देख रही है। जिसने वर्ष 2022-23 में प्रीमियम से ज्यादा क्लेम आने पर वर्ष 2023-24 में अनुबंध के लिए मना कर दिया था। इस वजह से सात माह तक बीमा की प्रक्रिया नहीं हुई थी। मनमाने नियम बनाकर कंपनी ने टेंडर लिया। सितंबर से अप्रैल तक पशुओं का बीमा किया गया, अब पशुओं की मौत पर क्लेम देने से बचने में लगी है।

> बीमा और क्लेम नहीं रोका गया है। कुछ जगह प्रीमियम से ज्यादा क्लेम आया है। इसके चेक प्वाइंट के लिए संबंधित मुख्य पशु चिकित्साधिकारी को लिखा गया है। इस वर्ष 41 प्रतिशत क्लेम दिया है।
> - **डॉ. मंजीत राठौर**, पशु चिकित्साधिकारी, उप्र पशुधन विकास परिषद

अधिक पोस्टमार्टम पर भी उठे सवाल

पशुओं का बीमा चिकित्सक द्वारा स्वास्थ्य परीक्षण रिपोर्ट के आधार पर होता है। बीमा कंपनी प्रतिनिधि पूरी पड़ताल कर फोटो समेत पॉलिसी करते हैं। मौत होने पर पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर पशु पालक क्लेम करते हैं। वर्ष 2022-23 में जिन-जिन पशुओं की मौत हुई उनका चिकित्सकों ने नियमानुसार पोस्टमार्टम किया। लेकिन, इसे भी अधिक पोस्टमार्टम करना बता दिया गया।

एक नजर

महिला के साथ छेड़छाड़ रिपोर्ट दर्ज

कुंदरकी, अमृत विचार : थाना क्षेत्र के अंतर्गत एक ग्राम निवासी महिला ने गांव के ही एक व्यक्ति पर छेड़छाड़ करने का आरोप लगाया है। आरोपी के खिलाफ थाने में तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। महिला के पति का कहना है कि शुक्रवार की सुबह को उसकी पत्नी पशुशाला में पशु बांधने के लिए गई थी। तभी पड़ोस के ही रहने वाले व्यक्ति ने छेड़छाड़ की। विरोध करने और शोर मचाने पर उसका पति और जेठ पहुंच गए। शिकायत करने पर आरोपी और उसके परिवार के लोगों ने उनसे मारपीट की।

गृह क्लेश में युवती ने खाया जहरीला पदार्थ

कुंदरकी, अमृत विचार : शुक्रवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कुंदरकी पर जहरीला पदार्थ का सेवन किए हुए एक युवती को उसके परिजन लेकर पहुंचे थे। जहां पर डॉक्टर ने युवती की गंभीर हालत देखते हुए जिला अस्पताल रेफर कर दिया। परिजनों ने बताया कि युवती ने गृह क्लेश में जहरीला पदार्थ खा लिया।

अनुपमा गोयल को बधाई देते जोनल टैक्स बार एसोसिएशन के अध्यक्ष सैयद आरिफ अली व अन्य। ● अमृत विचार

अनुपमा बनीं राज्य कर विभाग की एडिशनल कमिश्नर ग्रेड वन

मुरादाबाद, अमृत विचार: अनुपमा गोयल को राज्य कर मुरादाबाद का एडिशनल कमिश्नर ग्रेड 1 पर पदोन्नति के बाद चार्ज मिलने पर जोनल टैक्स बार एसोसिएशन के पदाधिकारियों ने उनका बुके देकर स्वागत किया। उनके कार्यकाल में बेहतर कार्य होने की उम्मीद जताई। कहा कि एसोसिएशन की ओर से उनको पूरा सहयोग मिलेगा।

अनुपमा गोयल मुरादाबाद में ही एडिशनल कमिश्नर अपील के पद पर कार्यरत थीं। पदोन्नति का आदेश शासन से आने पर उन्होंने एडिशनल कमिश्नर ग्रेड -1 राज्य कर का कार्यभार संभाला। इस अवसर पर जोनल टैक्स बार एसोसिएशन के अध्यक्ष सैयद आरिफ अली, दीपक कुमार गुप्ता, राजदीप गोयल, शावेज लिक सहित अन्य ने स्वागत कर बधाई दी।

10 लाख रुपये न देने पर महिला को घर से निकाला, दिया तीन तलाक

ठाकुरद्वारा, अमृत विचार: दहेज लोभी पति व ससुरालवालों ने विवाहिता को बुरी तरह मारपीट कर घर से निकाल दिया। घायलावस्था में ससुराल वालों ने पति से तीन तलाक दिलवा दिया। जब उसने विरोध किया तो उस पर चाकू से वार कर घायल कर दिया। किसी तरह पीड़िता अपने मायके पहुंची। विवाहिता ने पुलिस को तहरीर देकर पति व ससुरालवालों पर कार्रवाई की मांग की।

थाना डिलारी के गांव गख्खरपुर निवासी गुलस्ता पुत्री मुन्ना ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उसका निकाह 6 नवंबर 2022 को थाना ठाकुरद्वारा के गांव फरीदनगर निवासी मुशीर पुत्र शराफत ठेकेदारके साथ हुआ था। निकाह के समय उसके पिता ने सामर्थ के अनुसार सामान दिया था। निकाह के बाद से ही उसका पति पर ससुराल वाले खुश नहीं थे। आरोपी उसका शारीरिक व मानसिक उत्पीड़न करने लगे। साथ 10 लाख रुपये लाने की मांग करने लगे। इस संबंध में उसने अपने परिजनों को भी बताया। पंचायत भी बैठी मगर समाधान नहीं निकला। 30 अप्रैल की शाम को पति, सास, ससुर, ननद ने उस पर हमला बोल दिया। जिसमें लोहे के पाइप व चाकू से घायल कर दिया। साथ पति से तीन तलाक दे दिया।

कल 22 केंद्रों पर 11660 अभ्यर्थी देंगे नीट

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

अमृत विचार: नेशनल टेस्टिंग एजेंसी (एनटीए) द्वारा आयोजित नेशनल एलिजिबिलिटी कम एंट्रेंस टेस्ट (नीट) 2004 परीक्षा पांच मई को होगी। जिसमें मुरादाबाद के 22 सेंटरों पर 11600 परीक्षार्थी परीक्षा देंगे। परीक्षा को सकुशल कराने के लिए जिम्मेदारों ने पूरी तैयारी कर ली है। परीक्षा दोपहर दो बजे से आरंभ होगी और शाम 5:20 मिनट पर संपन्न होगी। इस बार परीक्षा केंद्रों में सबसे बड़ा परीक्षा केंद्र सीएल गुप्ता वर्ल्ड स्कूल को बनाया गया है। इसमें लगभग 800 परीक्षार्थी परीक्षा देंगे।

जिला कॉर्डिनेटर हेमंत झा ने बताया कि जिले में 5 मई (रविवार) को नीट की परीक्षा होगी। जिसके लिए पूरे जनपद में 22 सेंटर बनाए गए हैं। इसमें आईएफटीएम यूनिवर्सिटी के सात ब्लॉक में सेंटर बनाए गए हैं। प्रत्येक परीक्षा केंद्र में 11 बजे से प्रवेश शुरू हो जाएगा। 1:30 बजे तक परीक्षा में प्रवेश हो सकेगा। दो बजे परीक्षा आरंभ होकर शाम 5 बजे परीक्षा चलेगी। डेढ़ बजे के बाद किसी दशा में परीक्षा केंद्र में किसी विद्यार्थी को प्रवेश नहीं दिया जाएगा। जिन विद्यार्थियों को प्रवेश पत्र नहीं मिले हैं वो आधिकारिक वेबसाइट पर जाकर प्रवेश पत्र डाउनलोड कर सकते हैं। साथ ही परीक्षा के नियम भी जाने लें। परीक्षा वाले दिन उनका पालन करना जरूरी होगा। परीक्षा पेन पेपर मूड पर ही होगी। विद्यार्थी को एक पोस्टकार्ड साइज की एक फोटो उनके हस्ताक्षर सहित लाना है। दो पासपोर्ट फोटो भी लानी है। किसी तरह की कोई डिवाइस या मोबाइल के साथ प्रवेश नहीं मिलेगा। परीक्षा केंद्र के बाहर जैमर लगा दिया जाएगा।

परीक्षा देने जाने से पहले इन नियमों को समझ लें

सेंटर में आपको एक निश्चित कमरा और सीट मिली होगी। उस पर बैठकर ही परीक्षा देनी होगी। किसी और सीट या रूम में बैठकर परीक्षा में शामिल होंगे तो परीक्षा कैंसिल कर दी जाएगी। जब तक पेपर पूरा न हो जाए कमरे से न निकले। अंत में अपनी आंसर-शीट इनविजिलेटर को देने के बाद ही परीक्षा कक्ष छोड़ें।

किसी भी तरह की किताब, स्टेशनरी का आइटम, इलेक्ट्रॉनिक आइटम वगैरह अपने साथ हॉल में न ले जाएं।कपड़े कॉटन के और हल्के रंग के व सिंपल ही पहनें, ज्यादा जेब वाले और बहुत स्टाइलिश कपड़े न पहनें। ब्लूटूथ, ईयरफोन, कैमरा, स्मार्ट वॉच या इस तरह की कोई भी चीज अपने साथ न ले जाएं।

सामान बाहर रखने की कोई व्यवस्था नहीं होती है इसलिए कोई अतिरिक्त सामान अपने साथ न ले जाएं।

- **परीक्षा के लिए बनाए गए केंद्रों पर बाहर लगा होगा जैमर, 11 बजे से 1:30 बजे तक होगा प्रवेश**

नीट की परीक्षा के लिए बनाए गए परीक्षा केंद्र

एसएस चिल्ड्रन एकेडमी, केंद्रीय विद्यालय, राजेंद्र एकेडमी, स्प्रिंगफील्ड कॉलेज, सीएल गुप्ता वर्ल्ड स्कूल, आर एस डी पब्लिक स्कूल, बोनी एनी पब्लिक स्कूल, मॉडर्न पब्लिक स्कूल दिल्ली रोड, गोल्डन गेट ग्लोबल स्कूल, दिल्ली पब्लिक ग्लोबल स्कूल, आरआरके स्कूल, गांधीनगर पब्लिक स्कूल, आर्यंस इंटरनेशनल पब्लिक स्कूल, टैनी टॉस कॉलेज, एसएस चिल्ड्रन एकेडमी गर्ल्स, सेंट मीरा एकेडमी कांशीराम, आईएफटीएम यूनिवर्सिटी के ब्लॉक एफ,सी,बी,ए,डी,ई मिलाकर 6 ब्लाक बनाए गए हैं।

पीएम आवासीय योजना में लापरवाही की होगी जांच

ग्राम विकास अधिकारी से लेकर खंड विकास अधिकारी स्तर तक हुई मनमानी, बिना जांच के अपात्रों को बना दिया लाभार्थी

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

अमृत विचार: जनपद में पीएम आवास योजना में अधिकारियों की लापरवाही उजागर हुई है। इसमें अपात्रों को जिम्मेदारों ने बिना जांच या फिर किसी प्रकार के प्रलोभन में योजना का पात्र बना दिया। मुरादाबाद ब्लॉक के तीन गांव में प्रधानमंत्री आवासीय योजना के पात्रों के घर जाने पर उनकी सच्चाई सामने आई है। योजना के लिए पात्रों में मानकों की अनदेखी की गई है। इसका खुलासा गांव गोट और गोधी में योजना का लाभ के लेने वालों के घर जाकर हुआ।

शुक्रवार को प्रधानमंत्री आवास योजना 2023-24 के अंतर्गत मुरादाबाद ब्लॉक के तीन गांवों में पात्रों के घर जाकर अमृत विचार की टीम ने हकीकत जानी तो पंचायत राज विभाग की लापरवाही की पोल खुली गई। सबसे पहले मुरादाबाद ब्लॉक के गोट गांव में देखा गया कि जहां सचिव ने योजना के आवेदक के घर जाए बिना ही अपनी जांच पूरी कर दी। इसका प्रत्यक्ष प्रमाण आवेदक छोटे के पिता का नाम बुद्धा के स्थान पर गलत लिख दिया। आवेदक छोटे ने बताया कि उनके तीन बेटे है बड़ा बेटा बाबू शीशे की कारीगरी का काम करता है। जिससे उसे 12-15 हजार रुपये मासिक आमदनी है। दूसरा बेटा मुश्ताक भी उसी के साथ शीशे का ही काम करता है। जिससे वो भी 8 से दस हजार रुपये महीना कमा लेता है। मौके पर पीएम आवास योजना के अंतर्गत निर्माण के लिए मिली धनराशि से अधिक का निर्माण हुआ मिला। जबकि गांव में इससे भी अधिक जरूरत मंद लोग मिले। लेकिन योजना पात्र होने पर मोहर लगाने वाले तत्कालीन ग्राम विकास अधिकारी, योजना के लिए सेक्टर प्रभारी बनाए गए एडीओ पंचायत और एडीओ एसटी और तत्कालीन खंड विकास अधिकारी ने भी बिना जांच के ही सत्यापन कर दिया।

वहीं, गांव गोधी की बात करें तो एक बीघे से अधिक जमीन में बने घेर में समद पुत्र मोहब्बे का घर है। जिसमें वह सभी भाइयों के साथ रहते हैं। उनके गांव के तत्कालीन सचिव और सेक्टर प्रभारी बने एडीओ पंचायत व खंड विकास अधिकारी ने समद की माली हालत जाने बगैर ही योजना का पात्र बना दिया। जबकि घर पर मिली समद की मां भूरी ने बताया कि उनका घर एक बीघे में बना है। कुछ दिन पहले ही उसकी मोटरसाइकिल खराब हो गई। जबकि ठीकरी ग्राम पंचायत में वृद्ध महिला सलमा पत्नी स्व. इशाक को पीएम आवासीय योजना में पात्र बनाया है, लेकिन सलमा घर पर नहीं मिली, उनके घर पर ताला लगा था। पता चला कि वह अपनी बेटी के घर गई हुई थी। उनके कोई बेटा नहीं है।

गोट स्थित प्रधानमंत्री आवास योजना में बना छोटे का मकान। ● अमृत विचार

समद के एक बीघा जमीन में बना मकान। ● अमृत विचार



छोटे के मकान में पूर्व में हुआ पक्का निर्माण।

प्रधानमंत्री आवासीय योजना की पात्रता के नियम

मकान की दीवार और दोनों ओर से कच्ची होंगी तभी पात्र माना जाएगा।
आवेदक के पास कृषि की ढाई बीघे से अधिक जमीन होगी तो वो पात्र की श्रेणी में नहीं माना जाएगा।
लाभार्थी यदि बाइक रखता है तो भी वो योजना का पात्र नहीं हो सकता।
आवेदक के घर दस हजार से अधिक मासिक आमदनी है तो वो अपात्र की श्रेणी में आएगा।

पीएम आवासीय योजना में अपात्र लोगों को योजना का पात्र बनाया गया है तो बेहद गंभीर विषय है। योजना को लेकर जिस स्तर पर भी लापरवाही हुई है उसकी समिति बनाकर जांच कराई जाएगी। दोषी पाए गए लोगों पर कार्रवाई भी की जाएगी। गलत तरीके से पात्र दर्शा कर लाभ लेने वाले लाभार्थियों से धनराशि की वसूली भी की जाएगी।

-सुमित यादव, मुख्य विकास अधिकारी

हल्दीराम की फ्रेंचाइजी पाने के लिए साइबर ठगी का शिकार हुआ छात्र

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

अमृत विचार : पढ़ाई के साथ-साथ बिजनेस कर घर-परिवार का हाथ बंटाने के चक्कर में छात्र साइबर ठगी का शिकार हो गया है। हल्दीराम की फ्रेंचाइजी के नाम पर जालसाजों ने उससे 45,600 रुपये ठग लिए। फिर थाने से लेकर कचहरी, साइबर क्राइम सेल और एसएसपी तक कई चक्कर लगाए तो अब दो मई को अज्ञात आरोपी के विरुद्ध कटघर थाने में एफआइआर दर्ज हुई है।

पीड़ित युवक लाजपत नगर का रहने वाला है। उसने बताया कि, गूगल पर हल्दीराम की फ्रेंचाइजी के संबंध में उसने जानकारी ली थी। फिर 2 मार्च को उसके पास अपरिचित कॉल आई थी। कॉलर ने अपने आपको हल्दीराम फूडेड इंटरनेशनल प्राइवेट लिमिटेड का सेवानिवृत्त कर्मचारी बताया। उसने उन्हें फ्रेंचाइजी दिलाने का झांसा दिया और अपने आइडीबीआइ बैंक खाते में 45,600 रुपये ट्रांसफर करा लिए थे। युवक ने पुलिस को वह खाता नंबर भी दिया है, जिसमें उन्होंने रुपये ट्रांसफर किए थे। उन्होंने बताया कि जब बाद में उन्होंने जानकारी की तो पता चला कि यह एक फ्रॉड अकाउंट था, उनके साथ धोखा हो गया है। छात्र ने बताया कि वह नोएडा से वास्तुशिल्प डिजाइन में मास्टर डिग्री कर रहे हैं। इनके पिता पैनल वॉल पेपर का काम करते हैं। पीड़ित ने बताया कि जब 45,600 रुपये की ठगी के बाद थाने वालों ने साइबर क्राइम सेल भेजा, जहां उसके बैंक खाते को फ्रीज किया। लेकिन, एफआइआर दर्ज नहीं हुई तो वह एसएसपी से मिला। अब एफआईआर दर्ज हुई है।

अपराध

- **नोएडा से वास्तुशिल्प डिजाइन का कोर्स करने वाला छात्र भी ठगों के झांसे में आया**
- **ठग ने अपने को हल्दीराम फूड कंपनी का सेवानिवृत्त कर्मी बताकर कर ली ठगी**

35 लाख रुपये का था प्रोजेक्ट

छात्र ने बताया कि कॉल करने वाले ने हल्दीराम की फ्रेंचाइजी के लिए पूरा प्रोजेक्ट करीब 35 लाख रुपये का बताया था। तय हुआ था कि तीन कारीगर समेत पांच व्यक्ति हल्दीराम कंपनी से मिलेंगे। माल तैयार करने के लिए रॉ-मैटेरियल भी कंपनी से मिलेगा।

पर्यावरण की रक्षा को लोगों ने किया यज्ञ

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

अमृत विचार: सार्वदेशिक आर्य प्रतिनिधि सभा (अन्तर्राष्ट्रीय आर्य समाज) के आह्वान पर शुक्रवार को विश्व यज्ञ दिवस मनाया गया। महानगर के कई परिवारों में एकल व संयुक्त रूप से वैदिक यज्ञ कर पर्यावरण की रक्षा का संकल्प लिया।

आर्य समाज के लोगों ने मानव जीवन को स्वस्थ रखने के लिए यज्ञ कराया। कहा कि शास्त्रों में यज्ञ को विष्णु कहा गया है। यज्ञ के माध्यम से यज्ञ में डाले गए औषधि पदार्थों से अनेक ऐसे जीवों को भोजन पहुंचता है जो केवल यज्ञ की सुगंधि का ही भोजन प्राप्त करते हैं। ऐसे जीवों के लिए यज्ञ परम आवश्यक है। यज्ञ के बिना जीव शीघ्र ही मृत हो जाते हैं। महानगर में आर्यजनों ने घरों में यज्ञ कर आसपास के वातावरण को शुद्ध करने का प्रयास किया। आर्य समाज स्टेशन रोड पर पं. वीरेंद्र आर्य, सुमित आर्य, खुशबू आर्य, यशोदा आर्य, कांशीराम नगर में रमेश आर्य, गौर ग्रेसियस कॉलोनी में सुदेश आर्य, सूर्य प्रकाश द्विवेदी, मंडी चौक में निर्मल आर्य, प्रीता आर्य, मनोज योगगुरु, नवनीत रस्तोगी, मनोज रस्तोगी, दीनदयाल नगर में उमेश आर्य, अर्चना गुप्ता, मानपुर में पं. भूपेंद्र शास्त्री, प्रदीप कुमार सिविल लाइंस में कमलेश गोयल, मिलन विहार में ज्ञानेंद्र गांधी, ऋषिपाल सिंह यादव, आशा यादव, बुध बाजार में सतीश मदान, रवीन्द्र आर्य सहित अन्य जगहों पर भी लोगों ने यज्ञ में आहुति डालकर पर्यावरण की रक्षा का संकल्प लिया।

विश्व यज्ञ दिवस पर पर्यावरण की रक्षा करने के लिए यज्ञ करते लोग। ● अमृत विचार

- **पर्यावरण रक्षार्थ विश्व यज्ञ दिवस पर हुए आयोजन**

महानगर के चंद्रनगर में पेयजल की किल्लत

मुरादाबाद, अमृत विचार: महानगर के कई मोहल्ले में गर्मी में पेयजल की किल्लत भारी पड़ रही है। गैस व सीवरेज पाइप लाइन की खोदाई के कार्य में कई जगह पेयजल की लाइन बाधित होने से लोगों को पानी की किल्लत उठानी पड़ रही है। चंद्र नगर में भी शुक्रवार को लोगों के घर पानी की आपूर्ति प्रभावित हुई। शाम तक आपूर्ति सुचारू नहीं हो पाई थी।

गैस पाइप लाइन के कार्य के चलते दिन में पानी की आपूर्ति बंद रही। शाम को आपूर्ति हुई तो लो प्रेशर और बिजली कटौती के चलते लोगों के घरों में पानी नहीं पहुंचा। बताया गया कि गैस पाइप लाइन के कार्य के चलते आपूर्ति प्रभावित रही। स्थानीय पार्षद से कहने के बाद भी समस्या का समाधान नहीं हो पाया है। वहीं नगर निगम की ओर से भी समस्या के स्थाई समाधान के लिए कदम नहीं उठाने से नागरिकों में नाराजगी है।

भगवान की सेवा कर पा सकते हैं मोक्ष: अर्द्धमौनी

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

अमृत विचार: वसुन्धरा कालोनी समिति की ओर से चल रहे श्रीमद्भागवत कथा के छठें दिन कथा व्यास आचार्य धीरशान्त दास अर्द्धमौनी ने कहा कि भगवान श्रीकृष्ण और राधा अलग-अलग नहीं है। भगवान चैतन्य महाप्रभु ने संयुक्त अवतरण किया श्रीकृष्ण चैतन्य राधा कृष्ण नहीं अन्य। राधा व रुक्मिणी सहित समस्त सोलह हजार पटरानियों में एक ही तत्व है कि वो सब भगवान श्रीकृष्ण की सेविकाएं हैं। हम भी भगवान की प्रेममयी सेवा करके भगवत धाम के अधिकारी बन सकते हैं।

कथा में रुक्मिणी मंगल और बरात का मनोहारी वर्णन कर कथाव्यास ने भगवान श्रीहरि से शास्वत संबंध जोड़ने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि बिना दया के किए गए काम में कोई फल नहीं मिलता। ऐसे काम में धर्म नहीं होता जहां दया नहीं होती। व्यक्ति की सेवा यह समझकर करनी चाहिए कि भगवान ही इस रूप से मेरे सामने आए हैं।

कथा व्यास ने आगे कहा कि वाणी से होने वाले पापों में चार प्रधान हैं मिथ्या बोलना, किसी की निंदा या चुगली करना, कड़वा बोलना और व्यर्थ की बातें करना। जहां तक बने कम बोलों और जो बोलों उसमें चार बातों का ध्यान रखो।

कथा की व्यवस्था में शरद भटनागर, अपूर्वा भटनागर, संतोष भटनागर, अंशू भटनागर, महेन्द्र सैनी, प्रीतम सैनी, अर्चना रानी, कुंज बिहारी, मीनाक्षी अन्नपूर्णा, कमलेश पाल, डॉली कपूर, बेबी गुप्ता, मीनू चौहान, सुधा शर्मा, सपना चौधरी, देवांश अग्रवाल, निखिल प्रभु, श्रेया भटनागर, वरुण भटनागर, अशोक सक्सेना, राजकिशोर शास्त्री, वंशिका भटनागर आदि ने सहयोग किया।

मंडी समिति के पास स्थित वसुंधरा कॉलोनी में श्रीमद् भागवत कथा सुनते श्रद्धालु। ● अमृत विचार

कार्रवाई जिला खाद्य विपणन अधिकारी ने की कार्रवाई, मंडल में अब तक 65618 मीट्रिक टन खरीद

छापेमारी में मिला भंडार किया 600 क्विंटल गेहूं

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

अमृत विचार: एक तरफ जहां गेहूं खरीद में तेजी लाने के लिए दबाव है तो दूसरी ओर अवैध भंडारण करने वाले बाज नहीं आ रहे हैं। सरकारी गेहूं खरीद पर संकट खड़ा करने वाले आढ़तियों और कारोबारियों के खिलाफ अधिकारी सख्ती कर रहे हैं। शुक्रवार को मैनाठेर क्षेत्र में छापेमारी में अवैध रूप से आढ़तियों के गोदाम में भंडार किया गया 600 क्विंटल गेहूं जब्त किया गया।

मुरादाबाद संभाग में अब तक 8496 किसानों से 65,618 मीट्रिक टन गेहूं खरीदा गया है। इसमें से अधिकांश खरीद खाद्य विभाग के केंद्रों पर हुई है। एजेंसियों पर खरीद में शिथिलता पर पिछले दिनों आए शासन के नोडल अधिकारी कामता प्रसाद ने भी 29 अप्रैल को सर्किट हाउस सभागार में समीक्षा बैठक में नाराजगी जताकर कार्रवाई की चेतावनी दी थी। इसके बाद गेहूं खरीद में तेजी आई है। वहीं गेहूं का अवैध भंडारण व परिवहन रोकने के लिए विभाग के अधिकारी छापेमारी कर रहे हैं। शुक्रवार को मैनाठेर क्षेत्र में आढ़तियों के गोदाम पर अवैध रूप से भंडारित कर रखा गया 600 क्विंटल गेहूं जिला खाद्य विपणन अधिकारी राजेश्वर प्रताप सिंह ने टीम के साथ छापेमारी के दौरान पकड़ा। उन्होंने क्षेत्रीय विपणन निरीक्षक को आढ़तियों के खिलाफ कार्रवाई का निर्देश दिया। संभागीय खाद्य नियंत्रक मनोज कुमार ने बताया कि दो मई तक 8496 किसानों से 65618.51 मीट्रिक टन गेहूं की खरीद मुरादाबाद संभाग में हुई है।

इसमें किसानों को गेहूं के विक्रय मूल्य का 12573.75 लाख रुपये का भुगतान उनके बैंक खाते में कर दिया गया है। बाकी भुगतान भी जल्द हो जाएगा। उन्होंने बताया कि सभी जिले के खाद्य विपणन अधिकारियों व खरीद एजेंसियों के जिला प्रबंधक आदि को खरीद में तेजी लाने और गेहूं के अवैध भंडारण व संचरण पर सख्ती करने का निर्देश दिया है।

अवैध रूप से गेहूं भंडारण कर ले जाने की सूचना पर पहुंची खाद्य विभाग की टीम।

फॉरेंसिक जांच के लिए पंजाब भेजा गया पत्थर

मुरादाबाद, अमृत विचार: नैनी दून एक्सप्रेस ट्रेन के आगे पत्थर आने वाले मामले में रेलवे के अधिकारियों ने जांच तेज करते हुए पत्थर को फॉरेंसिक जांच के लिए पंजाब भेजा है। वहीं दूसरी ओर डीआरएम राजकुमार सिंह और आरपीएफ कमांडेंट शानमुग ने भी मौके पर जाकर जायजा लिया है। बीते मंगलवार को स्योहारा के पास नैनी दून एक्सप्रेस के आगे एक बड़ा पत्थर आ गया था। लेकिन चालक की सतर्कता से बड़ा हादसा होने से टल गया था। अधिकारियों का कहना है कि हो सकता है कि पत्थर मालगाड़ी से गिरकर ट्रैक पर आ गया। फिलहाल पत्थर का टुकड़ा फॉरेंसिक लैब भेज दिया गया है। डीआरएम राजकुमार सिंह ने बताया कि ट्रैक पर पत्थर कहां से आया, इसका पता लगाने के लिए जांच चल रही है। फिलहाल पत्थर को पंजाब राजपुरा भेजा गया है।

युवाओं को अध्यात्म से जोड़ेगा इस्कॉन

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

अमृत विचार: इस्कॉन ने भटके युवाओं को अध्यात्म से जोड़ने का संकल्प लिया है। जिसमें डिप्रेशन, नकारात्मकता सोच से परेशान युवाओं को लिए इस्कॉन की ओर से अध्यात्म से जोड़ा जाएगा। जिसके लिए कांठ रोड आशियाना स्थित एक होटल में उमंग यूथ के नाम एक कार्यक्रम आयोजित किया गया है। जिसमें कीर्तन व नाटक के माध्यम से युवाओं को अध्यात्म के लिए प्रेरित किया जाएगा। वहीं यूथ फॉर्म से वाइस चेयरमैन सुंदर गोपाल दास भागवत गीता द्वारा युवाओं का ध्यान अध्यात्म की ओर परिवर्तित करेंगे। यह जानकारी आशियाना स्थित इस्कॉन सेंटर पर आयोजित प्रेस कांफ्रेंस में मीडिया प्रभारी राधा कांत गिरधारी दास ने दी।

अंतर्राष्ट्रीय श्रीकृष्ण भावना अमृत संघ इस्कॉन आशियाना के तत्वाधान में इस वर्ष भी इस्कॉन यूथ फॉर्म द्वारा युवाओं के लिए उमंग उत्सव का आयोजन 4 मई को शाम पांच बजे से रेड सैफायर बैंक्वेट हॉल आशियाना में किया जा रहा है। जिसमें युवाओं को पढ़ाई के साथ-साथ संस्कार, डिप्रेशन से कैसे बचा जाए, मेडिटेशन, कैसे किया जाए आदि की जानकारी देने के लिए वाइस चेयरमैन इस्कॉन ब्यूरो, जोनल सेक्रेटरी यूपी, बिहार, झारखंड, राजस्थान, साउथ गुजरात, सेंट्रल उड़ीसा, मायापुर, वृंदावन पुरी, जीबीसी सदस्य देवकीनंदन दास इस्कॉन मुंबई से व दास दिल्ली से विशेष रूप से आ रहे हैं। जो भागवत गीता द्वारा छात्रों को अपने जीवन में सफलता प्राप्त कैसे की जाए, इस पर विशेष प्रवचन, नाटक की प्रस्तुति व गीतों के माध्यम से दी जाएगी।

पत्रकार वार्ता के दौरान जानकारी देते इस्कॉन के पदाधिकारी। ● अमृत विचार

शहर में आज

- इस्कॉन यूथ फॉर्म का उमंग उत्सव रेड सैफायर बैंक्वेट हॉल आशियाना में 5:00 बजे से।
- महाप्रभु श्री वल्लभाचार्य की शोभायात्रा श्रीदाऊ जी मंदिर गुजराती स्ट्रीट से 8:30 बजे से।

एक नजर

100 ग्राम चरस के साथ एक गिरफ्तार, जेल भेजा

पाकबड़ा, अमृत विचार : पुलिस ने एक व्यक्ति को 100 ग्राम चरस के साथ गिरफ्तार किया है। शुक्रवार को दिल्ली रोड स्थित बुध बाजार गेट के पास सब इंस्पेक्टर कुलदीप सिंह तोमर हमराही नितिन कुमार के साथ चेकिंग कर रहे थे। इस दौरान एक संदिग्ध को पुलिस ने रोका तो वह भागने लगा। पुलिसकर्मियों ने उसे दौड़कर पकड़ लिया। तलाशी में उसके पास से चरस की पुड़िया मिली। जिसका वजन 100 ग्राम था। पूछने पर उसने अपना नाम नईम पुत्र मुशर्रफ उर्फ अशरफ उम्र निवासी मौहल्ला बुद्ध बाजार कस्बा जनपद अमरोहा हाल निवासी गली नं. 4 मकान ब्रजपुरी मुस्तफाबाद थाना दयालपुर दिल्ली बताया है। पुलिस ने केस दर्ज कर उसे जेल भेज दिया।

नशेड़ी ने टेंपो चालक पर ब्लेड से किया हमला

अगवानपुर, अमृत विचार : नगर पंचायत के मोहल्ला सराय फारूख निवासी मोहम्मद पुत्र इरशाद हुसैन टेंपो चालक है। शुक्रवार को वह कांठ रोड स्थित किले के निकट अपने टेंपो को खड़ा कर सवारी का इंतजार कर रहा था। तभी नशे में धुत युवक टेंपू का गल्ला खोलने की कोशिश कर रहा था। टेंपो चालक ने मना किया तो दोनों में हाथापाई हो गई। लोगों ने किसी तरह बीच बचाव कराया। कुछ देर बाद पीछे से आकर नशेड़ी युवक ने टेंपो चालक की गर्दन पर ब्लेड से हमला कर दिया। जिससे टेंपो चालक मामूली रूप से घायल हुआ।

चोरी की योजना बनाते युवक तमंचा संग पकड़ा

मुरादाबाद, अमृत विचार : मूंढापांडे थाना क्षेत्र के खाईखेड़ा मार्ग पर स्थित ईंट भट्टे पर एकत्र होकर चोरी की योजना बनाते एक युवक को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। इसके पास से पुलिस ने तमंचा भी बरामद किया है। थानाधयक्ष शैलेंद्र कुमार ने बताया कि गुरुवार रात मुखबिर से सूचना मिली की कुछ युवक खाईखेड़ा मार्ग पर ईंट भट्टे पर एकत्रित होकर चोरी की योजना बना रहे हैं। सूचना पर पुलिस टीम ने छापेमारी कर दी। मौके पर पुलिस ने घेराबंदी कर एक युवक को पकड़ लिया था। इसकी पहचान खाईखेड़ा निवासी बाबू उर्फ आलम के रूप में हुई है। उसके दो साथी पुलिस को चकमा देकर मौके से फरार हो गए हैं।

मुजफ्फरपुर, सहरसा के लिए समर स्पेशल ट्रेन का संचालन

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

राहत
- सप्ताह में दो बार, आठ फेरे लेंगी समर स्पेशल ट्रेनें
- मुजफ्फरपुर स्पेशल आज से 29 मई तक संचालित की जाएगी

अमृत विचार: गर्मी के मौसम में यात्रियों की सुविधा के लिए रेलवे लगातार समर स्पेशल ट्रेनों का संचालन कर रहा है। रेलवे ने अब मुजफ्फरपुर व सहरसा के लिए स्पेशल ट्रेनों का संचालन किया है। जिसके चलते मुजफ्फरपुर स्पेशल ट्रेन चार मई से 29 मई तक संचालित की जाएगी। सप्ताह में दो बार चलने वाली यह ट्रेन आठ फेरे लेगी। इसके अलावा सहरसा स्पेशल ट्रेन शनिवार से संचालित होगी। यह ट्रेन भी सप्ताह में दो बार चलने वाली पांच मई से एक जून तक संचालित होगी।

गर्मी की छुट्टियां शुरू होने से पहले ही ट्रेनों में यात्रियों की भीड़ होने लगी है। दिल्ली और बिहार की ट्रेनों की लगातार वेटिंग बढ़ रही है। ट्रेनों में भीड़ को देखते हुए रेलवे लगातार समर स्पेशल ट्रेनें चला रहा है। अब दिल्ली और नई दिल्ली से मुजफ्फरपुर व सहरसा के लिए विशेष ट्रेनें चलाने का फैसला लिया है। सीनियर डीसीएम आदित्य गुप्ता ने बताया कि दिल्ली से शनिवार व मंगलवार को शाम 7.40 बजे सहरसा के लिए ट्रेन चलेगी। जबकि मुजफ्फरपुर से रात 10:30 बजे रविवार व बुधवार को ट्रेन वापसी के लिए चलेगी।

इस ट्रेन के 29 मई तक आठ फेरे होंगे। इसके अलावा नई दिल्ली से रविवार व गुरुवार को ट्रेन रात 8.50 बजे चलेगी। सहरसा से सुबह 5.30 बजे चलकर ट्रेन वापसी में नई दिल्ली रात में सवा 10 बजे पहुंचेगी। उन्होंने बताया कि यह दोनों ट्रेनें मुरादाबाद व बरेली होकर गुजरेगी और इन ट्रेनों के संचालन से बिहार व दिल्ली जाने वाले यात्रियों को राहत मिलेगी।

कुंदरकी और बिलारी विधानसभा क्षेत्र में 7 मई को मतदान कराएंगे मुरादाबाद के कार्मिक

मतदान को जिले से 344 वाहनों से रवाना होंगी पोलिंग पार्टियां

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

संभल लोस सीट
- कुल 18,92,360 मतदाता अपने प्रत्याशी के पक्ष में करेंगे वोट
- छह मई को मंडी समिति से रवाना होंगे मतदान कार्मिक

अमृत विचार: तीसरे चरण में 7 मई को होने वाले संभल लोकसभा सीट पर मतदान के लिए मुरादाबाद जिले की बिलारी और कुंदरकी विधानसभा क्षेत्र के बूथों पर जिले के ही मतदान कार्मिक जाएंगे। इसके लिए 344 वाहनों से छह मई को पोलिंग पार्टियों की रवानगी मंडी समिति से अधिकारियों की निगरानी में होगी। इसके लिए छोटे-बड़े वाहनों को लगाया गया है। जिससे मतदान कार्मिक और अधिकारी बूथों पर पहुंचेंगे और लोकतंत्र की मजबूती के लिए मतदान कराएंगे।

तीसरे चरण में मुरादाबाद मंडल के संभल लोकसभा सीट पर मतदान होना है। संभल लोकसभा सीट पर कुल 18,92,360 मतदाता हैं। इसमें मुरादाबाद के कुंदरकी और बिलारी विधानसभा क्षेत्र के 7,49,322 मतदाता भी शामिल हैं। जो तीसरे चरण में सात मई को मतदान कर संभल लोकसभा क्षेत्र के सांसद का भाग्य ईवीएम में लॉक करेंगे। इसके लिए अधिकारियों व कर्मचारियों को प्रशिक्षण दिया जा चुका है। मतदान के लिए पोलिंग पार्टियां छह मई को मंडी समिति से रवाना होंगी।

जिसके लिए वाहन व्यवस्था प्रभारी ने 344 वाहनों की व्यवस्था कराई है। वाहन व्यवस्था प्रभारी जिला पूर्ति अधिकारी अजय प्रताप सिंह का कहना है कि छोटे-बड़े वाहनों को मिलाकर 344 वाहन लगाए गए हैं। इसमें 127 छोटे और 217 बड़े वाहन हैं।

बड़े वाहनों का विवरण

बस	मिनी बस	योग
134	83	217

स्ट्रांग रूम का निरीक्षण करते जिलाधिकारी मानवेंद्र सिंह व एसएसपी हेमराज मीना।

ईवीएम की सुरक्षा में न हो कोई लापरवाही

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

अमृत विचार: जिलाधिकारी मानवेंद्र सिंह ने शुक्रवार को वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक हेमराज मीना के साथ मंडी समिति में बने स्ट्रांग रूम और सीसीटीवी कन्ट्रोल रूम का निरीक्षण किया। उन्होंने सुरक्षा व्यवस्था के बारे में जानकारी ली। सुरक्षा कर्मियों से कहा कि ईवीएम की सुरक्षा में कोई लापरवाही नहीं होनी चाहिए। मंडी समिति के स्ट्रांग रूम में मुरादाबाद लोकसभा सीट के लिए मतदान के बाद ईवीएम रखी गई हैं। इसकी सीसीटीवी कैमरे से निगरानी की जा रही है। चार जून को मंडी समिति में ही मतगणना कराई जाएगी।

चुनाव में लगे छोटे वाहन

प्रयोजन	वाहन की संख्या
प्रेक्षक	3
प्रेक्षक लाइजनिंग अधिकारी	3
जोनल मजिस्ट्रेट	3
सेक्टर मजिस्ट्रेट	66
टीमें	15
उड़न दस्ता	6
वीडियो निगरानी टीम	4
वीडियो अवलोकन टीम	2
लेखा टीम	2
सहायक व्यय प्रेक्षक	2
चुनाव कार्यालय	2
एनआईसी	1
आरओ	1
एआरओ	2
रिजर्व	15
योग	127

परमिट फीस 2600, ट्रांसफर को वसूली 2.5 लाख

परिवहन विभाग में 11 साल से बंद हैं नए परमिट बनना, ट्रांसफर को हो रही सौदेबाजी

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

अमृत विचार : संभागीय परिवहन विभाग में ऑटो रिक्शा के लिए यात्री परमिट बनाने से लेकर ट्रांसफर करने तक मोटा शुल्क वसूली का खेल चल रहा है। कार्यालयों में तैनात संविदा कर्मचारी परमिट ट्रांसफर के आवेदन पर दो से ढाई लाख रुपये की सौदेबाजी कर रहे हैं। जबकि यात्री परमिट की फीस मात्र 2600 रुपये है, जिसमें 600 रुपये रजिस्ट्रेशन और 2000 रुपये ऑनलाइन फीस जमा कराने प्रावधान है।

विभागीय अधिकारियों के अनुसार पिछले 11 साल से मुरादाबाद सिटी सेंटर के लिए परमिट पर रोक है। मुरादाबाद और नया मुरादाबाद सेंटर के पुराने परमिट ट्रांसफर कराने में जिलाधिकारी की टेबल से होकर लेखपाल की रिपोर्ट और तहसीलदार के हस्ताक्षर तक की व्यवस्था की गारंटी सौदेबाजों के द्वारा ली जाती है। जिसके एवज में वाहन स्वामी से डेढ़ से दो लाख रुपये तक ले लिए जाते हैं। कार्यालय में ही वाहन स्वामी से सौदेबाजी होती है। हालांकि विभाग में चल रही वसूली से अधिकारी खुद को अनजान बताते हुए जांच कर कार्रवाई करने की बात कह रहे हैं।

ट्रांसपोर्ट नगर स्थित संभागीय परिवहन कार्यालय। ● अमृत विचार

मनमानी
- डिलारी और कांठ में एक से सवा लाख रुपये तक लिए जा रहे
- एक दिन में लग जाती है लेखपाल से लेकर डीएम कार्यालय से रिपोर्ट

मुरादाबाद संभागीय परिवहन विभाग में ऑटो रिक्शा के लिए यात्री परमिट बनवाने वाले वाहन स्वामी को पहले परमिट बनवाना पड़ता है। उसके बाद वाहन खरीदा जाता है। ऐसे में वाहन स्वामी आरटीओ कार्यालय में प्रार्थना पत्र देता है। जिसके बाद उसे निजी कर्मचारी कई तरह की जानकारी देते हैं। जिसमें वो उसे सारी कार्रवाई करने की डेढ़ से दो लाख की फीस बताते हैं। परमिट मुरादाबाद सिटी का लेना हो तो उसके दाम और बढ़ जाते हैं। हालांकि अभी मुरादाबाद सेंटर के दोनों परमिट बंद हैं। विभागीय कर्मचारी तब तक वाहन स्वामी से बात नहीं करते जब तक सौदा तय नहीं हो जाता। वहीं परमिट ट्रांसफर करने वाले को बताया जाता है कि ट्रांसफर के लिए जिलाधिकारी की अध्यक्षता में होने वाली तिमाही बैठक में पास कराना है। जिसमें जिलाधिकारी द्वारा तहसील के लेखपाल की सत्यापन रिपोर्ट में लगने वाले समय और पैसे हवाला दिया जाता है। जिससे आवेदनकर्ता से मोटा शुल्क वसूला जा सके। जिसकी एवज में वाहन स्वामी को तीन महीने में बनने वाला परमिट 15 दिन में दे दिया जाता है। मुरादाबाद में चार सेंटर बनाए गए हैं। मुरादाबाद सेंटर, नया मुरादाबाद सेंटर, डिलारी और कांठ सेंटर समेत हर जगह के परमिट की फीस अलग बताई जाती है। हालांकि मुरादाबाद के दोनों सेंटर पुलिस अधिकारियों की शहर में ऑटो रिक्शा से जाम लगने की रिपोर्ट पर काफी समय बंद हैं।

ऑटो रिक्शा और स्कूल वाहनों के परमिट

मुरादाबाद व नया मुरादाबाद सेंटर	1700 परमिट
कांठ सेंटर	250 परमिट
डिलारी सेंटर	250 परमिट
स्कूली वाहन	800 परमिट
पूरे मंडल में	6000 परमिट

> ऐसा कुछ हमारे संज्ञान में नहीं आया है। यदि कोई कर्मचारी परमिट के नाम वसूली करता पाया गया तो उसके खिलाफ विभागीय सख्त कार्रवाई के साथ कानूनी कार्रवाई भी की जाएगी। विभाग में कोई निजी कर्मचारी भी कार्य नहीं कर रहा है। कोई एजेंट कर्मचारी या अधिकारी के नाम पर वसूली कर रहा है तो उसकी जांच करके उसके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। विभाग ने पूरे संभाग में 6000 परमिट जारी किए हैं। जिसमें व्यावसायिक में निजी बसें, ट्रक टाटा मैजिक व यात्री माल वाहक के परमिट भी शामिल हैं। **–राकेंद्र सिंह**, आरटीओ

एक सप्ताह में स्वयं नहीं तोड़ा तो एमडीए ध्वस्त कराएगा सीएल गुप्ता फार्म हाउस

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

- स्कूल का नक्शा पास कराकर बना लिया फार्म हाउस, एमडीए ने दिया ध्वस्तीकरण का नोटिस

अमृत विचार: स्कूल का नक्शा पास कराने के बाद रामगंगा नदी किनारे निजी जमीन पर फार्म हाउस का निर्माण कर लिया गया। जानकारी होने पर मुरादाबाद विकास प्राधिकरण ने जांच कराई। जिसमें निर्माण अवैध पाया गया। अब एमडीए ने इस मामले को गंभीरता से लेते हुए अवैध निमार्ण को ध्वस्तीकरण का आदेश दिया है। वहीं सीएल गुप्ता के चेयरमैन की ओर से एक सप्ताह का समय मांगा गया है। अगर एक सप्ताह में स्वयं निर्माण तोड़ा नहीं गया तो एमडीए की ओर से ध्वस्तीकरण की कार्रवाई की जाएगी।

रामगंगा विहार में नदी किनारे सीएल गुप्ता की काफी पुरानी निजी जमीन है। काफी सालों पहले इस जमीन के कुछ हिस्से पर प्राइमरी स्कूल खोलने के लिए सीएल गुप्ता ग्रुप की ओर से एमडीए से नक्शा पास कराया था। लेकिन उस पर स्कूल का निर्माण नहीं कराया गया। एमडीए की प्रवर्तन टीम को निरीक्षण के दौरान वहां स्वीकृत मानचित्र से इतर फार्म हाउस जैसा अवैध निर्माण मिला। जिसके आधार पर एमडीए प्रशासन ने उस अवैध निर्माण को ध्वस्त करने का नोटिस जारी कर दिया है।

> हमने एमडीए को सभी स्थितियों से अवगत करा दिया है। लेकिन अगर एमडीए या प्रशासन उस निर्माण को हटाना चाहता है तो हम खुद उसे हटवा लेंगे।
> **–राघव गुप्ता**, चेयरमैन सीएल गुप्ता इंस्टीट्यूट

सीएल गुप्ता ग्रुप द्वारा स्कूल का नक्शा पास कराने के बाद स्कूल का निर्माण नहीं कराया गया, जबकि इतर स्थान पर अवैध निर्माण कराया गया है। इसलिए ध्वस्तीकरण का आदेश दिया गया है। नोटिस पर उन्होंने स्वयं अवैध निर्माण तोड़ने के संबंध में पत्र दिया है। अगर एक सप्ताह में अवैध निर्माण ध्वस्त नहीं कराते है तो संबंधित निर्माण को टीम भेज कर ध्वस्त कराया जाएगा।
– शैलेष कुमार, उपाध्यक्ष

अनदेखी : कांठ रोड पर मधुबनी के पास पुलिया निर्माण का कार्य काफी समय से रुका हुआ है। जिसके कारण अब वहां पानी भर गया। पानी भरने के कारण सड़क धंस गई है। कांठ रोड पर पूरा दिन यातायात सुचारू रहता है। यह मार्ग मुरादाबाद को हरिद्वार, सहारनपुर, देहरादून जैसे बड़े शहरों से जोड़ता है। जिम्मेदार अधिकारियों का भी इस ओर ध्यान नहीं है। ऐसे में यदि यहां कोई हादसा हो जाए तो इसका जिम्मेदार कौन होगा? ● अमृत विचार

निगम की टीम ने अभियान चलाकर ध्वस्त किया अवैध निर्माण

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

- 40 एलईडी लाइटों की मरम्मत भी नगर निगम की टीम ने कराई
- कूड़ा सीधे रिफ्यूज कॉम्पैक्टर पर किया जाएगा एकत्र

अमृत विचार: नगर निगम की टीम ने शुक्रवार को महानगर के विभिन्न मोहल्लों में अभियान चलाया। दौलतबाग में नगर निगम की भूमि पर अवैध कब्जा कर कराए अवैध निर्माण को जेसीबी से ध्वस्त करा दिया। वार्ड 31, 60 व 61 में दो स्थानों पर गंदा पानी आने की शिकायत का निस्तारण कराया। साथ ही कई वार्डों में खराब पड़ी 40 एलईडी लाइटों की मरम्मत भी कराई।

नगर निगम के संपत्ति अनुभाग व प्रवर्तन दल की टीम ने दौलतबाग मुस्तकहम में नगर निगम की 0.27 एकड़ भूमि पर देशराज सैनी के द्वारा कूटरचित कर बैनामा कराकर अवैध कब्जा कर निर्माण कराने की जानकारी पर मौके पर पहुंचकर जेसीबी से उसे ध्वस्त कराया। इसमें मुख्य कर निर्धारण अधिकारी आरती सिंह, प्रवर्तन दल के प्रभारी कर्नल एसके शाही, मुख्य सुरक्षा अधिकारी एके गौतम, कर अधीक्षक आरडी पोरवाल, राजस्व निरीक्षक उमेश तोमर, संपत्ति लिपिक धीरेंद्र आदि मौजूद रहे। इसी क्रम में पथ प्रकाश विभाग की टीम ने जन शिकायतों पर कार्रवाई करते हुए आरटीओ व लाकड़ी रोड पर वार्ड 23, 45, 13, 31, 2, 7, 54 और 39 में खराब पड़ी 40 एलईडी लाइटों की मरम्मत कराई और वार्ड संख्या 31 में लाइन फाल्ट को ठीक कराया।

अवैध निर्माण ध्वस्त करती नगर निगम की जेसीबी। ● अमृत विचार

वहीं नगर स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. सुनील कुमार दोहरे के नेतृत्व में टीम ने वार्ड 47 जीएमडी रोड विकास मंजिल स्थित कूड़ा घर का निरीक्षण किया। यहां पर कूड़ा फैला होने से नागरिकों को हो रही परेशानी को देखते हुए स्थायी समाधान के लिए वहां बने ढांचे को तोड़कर पड़ाव घर को बंद कराते हुए कूड़ा एकत्र करने के लिए मैकेनाइज्ड व्यवस्था के अनुसार मोबाइल ट्रांसफर स्टेशन रिफ्यूज काम्पैक्टर के माध्यम से कूड़ा एकत्र करने की व्यवस्था लागू कराई गई। वहीं ठोस अपशिष्ट प्रबंधन के लिए स्वच्छ भारत मिशन के अन्तर्गत वार्ड 18 हरथला में निर्मित 5 टन क्षमता के सूखे कूड़े के निस्तारण के लिए बने एमआरएफ सेंटर को पायलट प्रोजेक्ट के रूप में आरंभ किया गया। सेंटर पर वार्ड के अलावा आसपास क्षेत्र के सूखे कूड़े को घरों से एकत्र कर रिसाइक्लिंग के लिए भेजा जाएगा। वहीं अधिशासी अभियंता जलकल दिनेश कुमार त्रिपाठी और सहायक अभियंता भीमराव अशोक के निर्देश पर क्षेत्रीय अभियंताओं ने बुद्धि विहार स्थित सीवरेज पंप स्टेशन, अवर जलाशय का निरीक्षण किया। जलाशय पर झाड़ियों का कटान कराया। वार्डों में पेयजल की पाइप लाइन से हो रहे लीकेज की मरम्मत कराई। वार्ड 27 में क्षतिग्रस्त सीवर चैंबर का मरम्मत कराया गया। नगर आयुक्त दिव्यांशु पटेल ने बताया कि जन शिकायतों का त्वरित निस्तारण प्राथमिकता है। जन सामान्य से भी अपील है कि वह सफाई व्यवस्था में सहयोग करें।

राहत | निर्माण के लिए अगले सप्ताह से हटाएं जाएंगे बिजली के खंभे

पंडित नगला क्रॉसिंग पर 854 मीटर बनेगा ब्रिज

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

अमृत विचार: रामपुर रोड को संभल रोड से जोड़ने वाला पंडित नगला बाईपास क्रासिंग पर बनने वाला रेलवे ओवर ब्रिज की लंबाई 854 मीटर होगी। इसका निर्माण जल्द ही शुरू होने वाला है। अधिकारियों का कहना है कि अगले सप्ताह में क्रासिंग के आसपास लगे बिजली के खंभे हटाना शुरू हो जाएंगे। जबकि इसी माह के आखिरी में पुल के पिलर बनाने का कार्य भी शुरू कर दिया जाएगा।

महानगर के रामपुर रोड से संभल-चंदौसी मार्ग को जोड़ने वाला मार्ग पंडित नगला बाईपास के बीच में एक रेलवे फाटक पड़ता है। रेलवे फाटक बंद होने की वजह से कई बार यहां जाम भी लग जाता है। जिससे लोगों को काफी समस्याओं का सामना करना पड़ता है। इस रेलवे फाटक पर ओवरब्रिज बनाने के लिए केंद्रीय सड़क एवं बुनियादी ढांचा कोष (सीआरआईएफ) ने सेतु निगम को 100 करोड़ रुपये दिए थे। इस पुल की लंबाई 854 मीटर होगी। रेलवे द्वारा अपने हिस्सा का डिजाइन बनाकर दे दिया गया है। वहीं सेतु निगम ने डिजाइन रेलवे को उपलब्ध करा दी है। आरओबी का ठेका गाजियाबाद और दिल्ली की दो फर्म केकेआर और जेएसबी को मिला है। पुल पर एक अरब दो करोड़ रुपये की लागत आएगी। सेतु निगम के पीडी शाशिकांत ने बताया कि एक सप्ताह बाद काम शुरू कर दिया जाएगा। इस मामले में उन्होंने जिलाधिकारी मानवेंद्र सिंह से मुलाकात भी की है। पंडित नगला बाईपास क्रासिंग पर रेलवे ओवर ब्रिज बनने से महानगरवासियों और संभल व चंदौसी जाने वाले लोगों को काफी राहत मिलेगी और कारोबार को भी गति मिलेगी।

पंडित नगला स्थित रेलवे क्रॉसिंग से गुजरते वाहन। ● अमृत विचार

दो लाख की नकदी समेत छह लाख का सामान चोरी

मुरादाबाद, अमृत विचार : कटघर थाना क्षेत्र में शराब दुकान के सेल्समैन के घर से चोर दो लाख की नकदी समेत करीब छह लाख रुपये का सामान चोरी कर ले गए। घटना के समय घर में ताला लगा था और परिवार बेटी का अस्पताल में इलाज करा रहा था। शुक्रवार सुबह घर पहुंचने पर चोरी का पता चला तो पुलिस को सूचना दी।

रमेश पिछले आठ साल से कटघर के पीतल नगरी में नंद कॉलोनी में आवास बनाकर रह रहे हैं। वैसे वह मूल रूप से भगतपुर थाना क्षेत्र के गांव पसियापुरा के निवासी हैं। रमेश ने बताया कि वह संभल जिले में शराब दुकान में सेल्समैन हैं। गुरुवार रात तीन वर्षीय बेटी को चिकित्सक के पास लेकर गए थे। इसी बीच चोरों ने घर में रखी दो लाख की नकदी समेत सामान चोरी कर लिया।

जम्मूतवी अमरनाथ एक्स. 18 घंटे देरी से पहुंची

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

अमृत विचार: बढ़ती गर्मी में ट्रेनों की लेटलतीफी यात्रियों का सफर दुश्वारियों भरा कर रही है। प्रतिदिन यात्रियों को सफर से ज्यादा ट्रेनों का इंतजार करना पड़ रहा है। जिससे गर्मी के बीच यात्रियों को परेशानियां झेलनी पड़ रही है। ट्रेनों की देरी किसान आंदोलन के चलते ट्रेनों के बदला मार्ग बताया जा रहा है।

अंबाला मंडल में पिछले 18 दिनों से किसान आंदोलन चल रहा है। जिसके प्रतिदिन ट्रेनें बेपटरी हो गई है। ट्रेनें लेट होने से भीषण गर्मी के दौरान यात्री परेशानियां झेल रहे हैं। रेलवे ने किसानों के आंदोलन के चलते पंजाब व जम्मू की ओर जाने वाली कई ट्रेनों का रूट बदल दिया है। जिसके चलते ट्रेनें अपने निर्धारित समय पर नहीं पहुंच पा रही है। ट्रेनों की देरी से परेशान होकर यात्री अपने टिकट रद करा रहे हैं। जिसके चलते यात्री अपने सफर से ज्यादा ट्रेनों का इंतजार करने में समय बर्बाद कर रहे हैं।

ट्रेन की संख्या व देरी का समय

ट्रेन संख्या	नाम	कितनी देरी से पहुंची
05006	गोरखपुर समर स्पेशल	25 घंटे 57 मिनट
04651	अमृतसर क्लोन स्पेशल	12 घंटे 42 मिनट
15097	जम्मूतवी अमरनाथ एक्सप्रेस	18 घंटे 37 मिनट
05049	अमृतसर समर स्पेशल	तीन घंटे 43 मिनट
04652	जयनगर क्लोन स्पेशल	छह घंटे 28 मिनट
12332	हिमगिरी एक्सप्रेस	15 घंटे 15 मिनट
12203	अमृतसर गरीबरथ एक्सप्रेस	14 घंटे 40 मिनट
05565	एसआईआर स्पेशल	आठ घंटे आठ मिनट
04009	आनंद विहार टर्मिनल स्पेशल	11 घंटे 12 मिनट
15035	उत्तराखंड संपर्कक्रांति एक्सप्रेस	एक घंटे 20 मिनट

एक नजर



राजेश यादव व संध्या यादव। ● अमृत विचार

26वीं वैवाहिक वर्षगांठ की परिजनों ने दी बधाइयां

मुरादाबाद, अमृत विचार : हिमगिरी कालोनी के रहने वाले राजेश यादव और संध्या यादव ने अपने विवाह के 26 वर्ष पूरे कर लिए। विवाह के 26 वर्ष पूरे होने पर उनके परिजनों, शुभचिंतकों और इष्ट मित्रों ने बधाइयां दी हैं। सभी ने उनके मंगलमय जीवन की कामना की है।

सीए हत्याकांड व विहिप नेता पर जानलेवा हमले में सुनवाई टली

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

अमृत विचार : सीए श्वेताभ तिवारी हत्याकांड में आरोपी पूर्व ब्लॉक प्रमुख ललित कौशिक के पेशी पर न्यायालय में हाजिर न होने से सुनवाई टल गई है। इसी तरह विश्व हिंदू परिषद के नेता संतोष पंडित पर हुए जानलेवा हमले के मामले में भी सुनवाई के लिए अगली तारीख 15 मई तय हुई है।

सीए हत्याकांड महानगर का चर्चित अपराध रहा है। आरोपी ललित कौशिक वर्तमान में बलरामपुर जेल में निरुद्ध है। 15 फरवरी 2023 की रात को सीए श्वेताभ तिवारी की गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। इस मामले में उनकी पत्नी शालिनी तिवारी ने मामला दर्ज कराया था। पुलिस ने सिविल लाइंस के दीनदयाल नगर निवासी ललित कौशिक, पाकबड़ा के गिंदौड़ा के केशव शर्मा, भोजपुर के हिमायूंपुर के खुशवंत सिंह उर्फ भीम और कोतवाली नगर क्षेत्र में रेती स्ट्रीट के विकास शर्मा को गिरफ्तार किया था। पुलिस का कहना है कि ललित कौशिक ने केशव और खुशवंत को 10 लाख रुपये की सुपारी देकर सीए की हत्या कराई थी। साजिश में विकास शर्मा भी शामिल था। इसी तरह दूसरा मामला विहिप नेता संतोष पंडित पर हमला का है। 12 फरवरी 2023 को हुई घटना में पुलिस ने ललित कौशिक का नाम एफआईआर में शामिल किया था। फिलहाल, दोनों मामलों की सुनवाई एडीजे-7 में चल रही है। एडीजीसी नीलम वर्मा ने बताया कि दोनों मुकदमों में सुनवाई होनी थी। मुकदमा में न्यायालय में गवाह संदीप ओझा और संतोष पंडित भी हाजिर हुए थे। अन्य आरोपी भी पेश हुए लेकिन, बलरामपुर जेल से ललित कौशिक के न आने से सुनवाई न हो सकी है।

लोन देने का लालच देकर डाउनलोड कराते हैं चाइनीज एप, फोन की गैलरी से निकाल लेते हैं परिजनों के नंबर

पाकिस्तान में बैठकर भारतीयों को ठग रहे साइबर अपराधी

836 लोग चार महीने में ठगे गए

744 मामलों में हो रही है खोजबीन

11 लाख रुपये से अधिक की साइबर अपराधियों ने की ठगी

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

अमृत विचार : साइबर क्राइम का अपराध दिनों दिन बढ़ता जा रहा है। हाल ये है कि हर रोज कोई न कोई महिला-पुरुष ऑनलाइन ठगी का शिकार हो रहे हैं। चाइनीज एप पर लोन दिलाने के बहाने ठगी की हो रही घटनाएं अब आम हो गई हैं। अपराधी पाकिस्तान के सिम नंबर से इन घटनाओं को अंजाम दे रहे हैं।

जी हां, शुक्रवार दोपहर का एक बज रहा था। इसी दौरान पुलिस लाइन में स्थित साइबर क्राइम सेल में दो महिलाएं पहुंची थीं। महिलाओं ने साइबर सेल कर्मियों को बताया कि उनके फोन पर तीन दिन से नंबर बदल-बदल कर कॉल आ रही है। कॉलर उनके चचेरे भाई के बारे में पूछकर लोन लिया जाना बताते हैं और उस लोन के पैसे को लौटाने को बोल रहा है। जब वह कहती हैं उनका चचेरा भाई है तो कॉलर कहता है कि चलो कोई बात नहीं इसी बहाने भाभी जी से बात हो गई। इन महिलाओं ने बताया कि कॉलर अपशब्द भी बोलता है। इन बातों को सुनकर साइबर सेल के लोगों ने महिलाओं को यही सलाह दी कि अपरिचित नंबर को रिसीव मत करो। भाई से कहना कि लोन के पैसे लौटाने के चक्कर में मत पड़े...चूंकि ये सब फ्रॉड है और चायनीज एप से लोग कर रहे हैं।

साइबर क्राइम सेल के प्रभारी मनोज सिंह बताते हैं कि लोन दिलाने के बहाने फ्रॉड चाइनीज एप से हो रहा है और इस तरह के काफी एप हैं। जिनके सहारे पाकिस्तान के नंबर से लोग भारत में व्हाट्सएप या सामान्य कॉल या लिंक भेजकर पहले सस्ते दर पर लोन देने का लालच देते हैं फिर ठगी करते हैं। उन्होंने बताया कि इस तरह के साइबर अपराधी पाकिस्तान से ही अपना नेटवर्क तैयार किए हैं। ये लोग चाइनीज एप डाउनलोड कराते हैं और फिर फोन के कांटेक्ट व गैलरी का एक्सेस अलाऊ करा लेते हैं। फिर लालच के लिए पहले तीन-चार हजार रुपये भी खाते में भेज देते हैं। इसके बाद लोन के रुपये लौटाने को बोलते हैं। यही नहीं, संबंधित पीड़ित के फोन में फीड नंबर भी प्राप्त कर लेते हैं और उसमें फादर मदर सिस्टर आदि रिश्तों के नाम से सेव नंबरों पर पर यदि फोटो लगी है तो उसे वह डाउनलोड कर ब्लैकमेल भी करते हैं। फिलहाल, इन अपराधियों को पकड़ना साइबर सेल प्रभारी बड़ा मुश्किल काम बताते हैं। कहते हैं कि इनके अपराध की कोई सीमा नहीं है।

चार महीने में 863 लोगों से लाखों रुपये ठगे

साइबर क्राइम सेल में इस वर्ष में जनवरी से अप्रैल तक के चार महीने में जिले के 863 लोग लाखों रुपये की ठगी के शिकार हो चुके हैं। इन सभी से कुल 11 लाख रुपये से अधिक की ठगी हुई है। ये वह लोग हैं, जिन्होंने पुलिस लाइन में आकर साइबर क्राइम सेल व थाने में शिकायत दर्ज कराई है। सबसे अधिक ठगी के शिकार होने वाले लोगों में मझोला थाना व सिविल लाइन थाना क्षेत्र के लोग ही हैं। इनकी संख्या क्रमश : 141 और 119 है। इसी तरह ठाकुरद्वारा क्षेत्र में 81 और कटघर इलाके के 75 लोग साइबर ठगी के जरिए अपनी मेहनत की कमाई गंवाई है।

जनवरी से अप्रैल तक के मामले

मझोला थाने में 141, सिविल लाइंस में 119, ठाकुरद्वारा में 81, कटघर में 75, बिलारी में 61, डिलारी में 50, पाकबड़ा में 45, कुंदरकी में 37, मूंढापांडे में 34, कोतवाली नगर में 28, भगतपुर में 27, छजलैट में 27, भोजपुर में 20, कांठ में 26, मुगलपुरा में 25, नागफनी में 25, गलशहीद में 19, मैनाठेर में 14 और हजरतनगर गढ़ी में 9 मामले पंजीकृत हुए हैं।

अलग-अलग सड़क दुर्घटनाओं में गई तीन युवकों की जान

दोस्त की पत्नी को विदा कराकर लौट रहा था युवक, संभल के दौलतपुर बाजीपुर का रहने वाला था डमरू, परिजनों में कोहराम

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद/मैनाठेर

अमृत विचार : मैनाठेर थाना क्षेत्र के लिए शुक्रवार का दिन हादसों वाला रहा। अलग-अलग दुर्घटनाओं ने तीन घरों में कोहराम मचा दिया है। किसी के घर का चिराग बुझ गया तो किसी के परिवार का मुखिया ही दुनिया से चला गया। ये घटनाएं जटपुरा व महमूदपुर माफी लालपुर बस्तौर में हुई हैं।

पहले हादसे में उमरी से लौट रहे युवक साइकिल सवार को बचाने के चक्कर में उनकी बाइक अनियंत्रित होकर डिवाइडर से टकरा गई। बाइक चला रहे डमरू (22) पुत्र सुखराम का सिर डिवाइडर से टकरा गया। वह हेलमेट भी नहीं पहने था। उसकी मौके पर ही मौत हो गई थी। इसी बाइक पर पीछे बैठा सुनील और साइकिल सवार भी घायल हो गया। घटना थाना मैनाठेर क्षेत्र में मुरादाबाद-संभल मार्ग पर जटपुरा के पास दोपहर के समय हुई। मृतक डमरू संभल जिले के थाना हयात नगर के गांव दौलतपुर बाजीपुर का रहने वाला था। घायल सुनील मृतक के गांव के पड़ोस दौलतपुर वाजिदपुर का रहने वाला है। हादसा देख मौके पर राहगीरों की भारी भीड़ जमा हो गई थी। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजन के सुपुर्द किया है। बताया जा रहा है कि मृतक डमरू शुक्रवार सुबह अपने दोस्त सुनील की पत्नी रानी को ससुराल से विदा कराकर लौट रहा था। इनके साथ सुनील का छोटा भाई अजय भी था लेकिन, अजय दूसरी बाइक पर बड़े भाई सुनील की पत्नी को बैठाए था। सुनील की ससुराल उमरी में बताई जा रही है। इसका विवाह अभी 15 दिन पहले ही हुआ है। डमरू व सुनील एक बाइक पर थे। ये दोनों जब जटपुरा के पास पहुंचे तभी उनकी बाइक सड़क पार कर रहे साइकिल सवार से टकरा गई और अनियंत्रित होकर डिवाइडर में जा टकराई थी। मौके पर पहुंची पुलिस ने सुनील व साइकिल सवार लियाकत को जिला अस्पताल लाए थे। लेकिन, अस्पताल में डॉक्टरों ने डमरू को देखते ही मृत

जिला अस्पताल की मोर्चरी में विलाप करते मृतक डमरू के परिजन। ● अमृत विचार

महमूदपुर माफी में डंपर ने युवक को रौंदा

हादसा 2

महमूदपुर माफी में क्षतिग्रस्त मार्ग स्कूटी सवार कलीम असगर के लिए काल बन गया। मुरादाबाद की तरफ से आ रहे डंपर ने स्कूटी सवार को टक्कर मार दी। युवक स्कूटी समेत गिरकर मार्ग पर घिसट गया। हादसा देख आसपास मौजूद लोगों ने दौड़कर डंफर को रोकने की कोशिश की। स्थिति देख चालक डंफर छोड़कर भाग गया। घटना पर पहुंची पुलिस ने घायल कलीम असगर को जिला अस्पताल भेजा, जहां उसकी इलाज के दौरान मौत हो गई। मृतक कलीम असालतपुरा के रहने वाले थे। वह सिरसी जा रहे थे। मौत की खबर सुनकर परिवार में कोहराम मचा है।

पत्नी के बाद इकलौते बेटे की भी असमय मौत

डमरू के परिवार के सूरज पाल ने बताया कि वह अपने माता-पिता की इकलौती संतान था। करीब नौ महीने पहले उसकी मां ऊषा की भी बीमारी से मौत हो गई थी। डमरू के पिता सुखराम मेहनत मजदूरी करते हैं। वह भी मजदूरी करता था। मृतक अभी अविवाहित था। सुखराम के परिवार में अब कोई नहीं बचा है। उधर, बेटे की मौत पर पिता सुखराम दहाड़ मारकर रो रहे थे। डमरू की असमय मौत से गांव का हर कोई दुखी दिखा। रिश्तेदार भी काफी विचलित थे।

बाइक ने चौकीदार की ली जान

हादसा 3

लालपुर बस्तौर में सड़क पार कर रहे व्यक्ति को बाइक सवार ने टक्कर मार दी। टक्कर इतनी तेज थी उछल कर सड़क पर गिरे बिहारी सिंह काफी चोटिल हो गए थे और तड़पकर कुछ ही देर में उनकी मौत हो गई। वह चौकीदारी कर घर के लिए लौट रहे थे। हादसे के बाद बाइक सवार मौके से फरार हो गया था।

पत्नी को ट्रेन में बैठाने आए फल विक्रेता की ट्रेन से कटकर मौत

संवाददाता, मुरादाबाद /संभल

● रेलवे स्टेशन पर चलती ट्रेन से उतरते समय हुआ हादसा

अमृत विचार: पत्नी को मायके के लिए ट्रेन में बैठाने आए संभल के फल विक्रेता चलती ट्रेन से गिर गया और ट्रेन की चपेट में आने से उसकी मौत हो गई। राजकीय रेल पुलिस ने पोस्टमार्टम कराने के बाद शव परिजनों के हवाले कर दिया। फल विक्रेता की मौत से उसके परिवार में कोहराम मच गया है।

जनपद संभल के थाना असमौली क्षेत्र स्थित गांव ओबरी मनोरा रोड निवासी अब्दुल खां उर्फ अब्दुल रब (37) फेरी लगाकर फल बेचकर अपने परिवार का पालन-पोषण करता था। उसकी शादी बिहार के कटिहार की रहने वाली जहाना से हुई थी। उसके परिवार में पत्नी जहाना के अलावा दो महीने का बेटा अरहम है। बताया गया कि बीते गुरुवार की रात अब्दुल खां उर्फ अब्दुल रब अपनी पत्नी जहाना को मायके जाने के लिए मुरादाबाद रेलवे स्टेशन पर ट्रेन में बैठाने आया था। उसके साथ उसका दो महीने का बेटा और ससुर भी थे। बताया गया कि देर रात लगभग एक बजे अब्दुल रब ने जहाना, मोहम्मद अरहम और ससुर को ख्वाजा गरीब नवाज ट्रेन में बैठाने के बाद चलती ट्रेन से नीचे उतरने लगा। इसी बीच उसका पैर फिसल गया और ट्रेन की चपेट में आ गया। इस हादसे में अब्दुल खां उर्फ अब्दुल रब की मौके पर ही मौत हो गई। हादसे की जानकारी मिलने पर राजकीय रेल पुलिस मौके पर पहुंची और परिजनों को हादसे की जानकारी देने के बाद शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पति की मौत की सूचना मिलने पर पत्नी जहाना और उसका पिता रामपुर में ही ट्रेन से उतर गए और वापस मुरादाबाद पहुंचे। शुक्रवार सुबह राजकीय रेल पुलिस ने पोस्टमार्टम कराने के बाद शव परिजनों को सौंप दिया। अब्दुल रब की मौत से उसकी पत्नी का रो-रोकर बुरा हाल है।

कोरोना वैक्सीनः उस समय वार्ड ब्वॉय व महिला की हुई थी मौत

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

● चिकित्सकों ने कहा- व्यर्थ की चिंता न करे, कम ही होते हैं वैक्सीन रिएक्शन के मामले

अमृत विचारः कोरोना महामारी की खतरनाक दूसरी लहर के दौरान दुनियाभर में अरबों लोगों को संक्रमण के खतरे से बचाने वाली कोविशील्ड वैक्सीन के दुष्प्रभाव से जुड़ा खुलासा सुर्खियों में आया है। इसने मुरादाबाद में कोरोना टीकाकरण के शुरुआती दिनों में वैक्सीन लगने के बाद हुई दो मौतों के सनसनीखेज मंजर की याद फिर से ताजा हो गई है।

कोरोना से बचाव को टीकाकरण अभियान 16 जनवरी 2021 को शुरू हुआ था। इसी दिन टीका लगवाने वाले स्वास्थ्य विभाग के वार्ड ब्वॉय की 36 घंटे बाद मौत हुई थी। परिजनों ने उसकी मौत कोरोना वैक्सीन के रिएक्शन से होने का आरोप लगाकर हंगामा किया था। इसके कुछ ही दिन बाद कोरोना का टीका लगवाने वाली एक महिला की मौत से दहशत फैल गई थी। दोनों ही मामलों में पोस्टमार्टम रिपोर्ट का हवाला देकर स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों ने मौत का कारण वैक्सीन का रिएक्शन होने से इंकार किया था, लेकिन अंदरखाने दोनों केसों में पीड़ितों की हालत अचानक बिगड़ने को वैक्सीन के रिएक्शन से जोड़कर भी देखा गया था। जबकि वार्ड ब्वॉय की मौत हार्ट अटैक से होने के साथ ही पोस्टमार्टम रिपोर्ट से उसके खून में थक्के बनने की बात भी सामने आई थी। वहीं महानगर के हृदयरोग विशेषज्ञ डॉ. अनुराग मेहरोत्रा ने बताया कि कोविड वैक्सीन के रिएक्शन से जिस थ्रांबोसिस थ्रांबोसइटोपेनिया सिंड्रोम होने की बात सामने आई है, उसकी चपेट में लाखों में किसी एक के आने का अंदेशा होता है। जिसकी संभावना से इनकार नहीं किया जा सकता। हकीकत में लगभग ऐसा ही हुआ है। जबकि बहुत बड़ी संख्या में लोग यह वैक्सीन लगने की वजह से ही महामारी की दूसरी लहर के दौरान मौत के मुंह में जाने से बच गए थे। उधर, चिकित्सकों का कहना है कि दुर्लभ मामलों में कोरोना की वैक्सीन के दुष्प्रभाव थ्रांबोसिस थ्रांबो साइटोपेनिया सिंड्रोम के रूप में सामने आने का अंदेशा था। मीजल्स वैक्सीन भी दुर्लभ मामलों में साइड इफेक्ट रखती हैं, लेकिन, बहुत बड़ा जनसमूह वैक्सीन से सुरक्षित होता है। थ्रांबोसिस थ्रांबो साइटोपेनिया सिंड्रोम (टीटीएस) होने पर शरीर में खून के थक्के जम जाते हैं और प्लेटलेट्स घट जाती हैं।

भदासना हवाई अड्डे पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से मुलाकात करते भाजपा महानगर अध्यक्ष संजय शर्मा व पार्टी के अन्य नेता।

ग्राहक सेवा केंद्र पर हुई लूट मामले में दो दोस्त गिरफ्तार

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

● चोरी में दर्ज की थी रिपोर्ट, गांव के ही निकले दोनों आरोपी

● एसपी सिटी ने कहा-टप्पेबाजी हुई थी बरामद किए 36 हजार रुपये और बाइक

अमृत विचार : जैतिया सादुल्लापुर में स्थित ग्राहक सेवा केंद्र में बुधवार सुबह हुई लूट मामले में पुलिस ने खुलासा कर दिया है। इसमें इसी गांव के ही आकाश उर्फ नन्ना और टिंकू को गिरफ्तार किया है। इनके पास से लूट की रकम में से 36,000 रुपये और वारदात में प्रयोग हुई बाइक भी बरामद कर ली है।

घटना बुधवार सुबह 11 बजे हुई थी। ग्राहक सेवा केंद्र संचालक बृजमोहन सिंह पुत्र श्री इंदल सिंह ने इस मामले में कटघर थाने में अज्ञात आरोपियों के विरुद्ध एफआईआर दर्ज कराई थी। इनके केंद्र में अज्ञात व्यक्तियों ने घुसकर काउंटर की रैक का ताला तोड़कर 70,000 रुपये लूटे थे। इस मामले में पुलिस ने चोरी के आरोप में मामला दर्ज किया था। जिसे पहले सीओ कटघर रुद्र कुमार सिंह और अब एसपी सिटी अखिलेश भदौरिया टप्पेबाजी बता रहे हैं। दो अभियुक्तों की गिरफ्तारी के बाद शुक्रवार को एसपी सिटी ने पुलिस लाइन सभागार में पत्रकारों के सामने घटना का खुलासा किया। बताया कि विवेचना की कार्रवाई में दो आरोपियों की पहचान हुई है। जिन्हें गिरफ्तार किया गया है। इनमें आकाश उर्फ नन्ना पुत्र मोहन और टिंकू पुत्र कुंवरपाल हैं। ये लोग जैतिया सादुल्लापुर के ही रहने वाले हैं। इनके कब्जे से 36,000 रुपये मिले हैं। टप्पेबाजी में प्राप्त की कुल 70,000 रुपये में शेष 34,000 रुपये इन लोगों ने खर्च कर डाले हैं। एसपी सिटी ने बताया कि दोनों अभियुक्तों ने पूछताछ में बताया है कि वे दोनों दोस्त हैं, नशा करते हैं। अभियुक्तों की गिरफ्तारी की कार्रवाई में थानाध्यक्ष तेजवीर सिंह, दरोगा कुलदीप कुमार, हेड कांस्टेबल नरेंद्र कुमार व कांस्टेबल राकेश राणा शामिल रहे।

कटघर थाना क्षेत्र में हुई लूट का खुलासा करते पुलिस अधीक्षक नगर अखिलेश भदौरिया।

भाई की शादी में हुए कर्ज को निपटाने के लिए की थी घटना

एसपी सिटी ने बताया कि अभियुक्त आकाश ने पुलिस को बताया है कि कुछ दिन पहले ही उसके भाई की शादी हुई है। शादी में हुए खर्चे की वजह से उस पर काफी कर्जा हो गया है। कर्ज को उतारने के लिए रुपयों की जरूरत थी। 30 अप्रैल को वह अपने गांव में बृजमोहन के ग्राहक सेवा केंद्र से पैसे निकालने के लिए गया था। इसी समय उसने बृजमोहन के गल्ले में रखे हुए रुपये देख लिए थे। टिंकू उसका दोस्त है। टिंकू को भी पैसों की जरूरत थी। आकाश ने टिंकू को ग्राहक सेवा केंद्र में रखे रुपये के बारे में बताया। फिर इन दोस्तों ने ग्राहक सेवा केंद्र से रुपये ले जाने की योजना बनाई थी। बुधवार सुबह जब बृजमोहन ग्राहक सेवा केंद्र पर नहीं था तो ये दोनों अपनी बाइक से केंद्र पर पहुंचे थे। केंद्र पर बृजमोहन का बेटा मिला था। जिसे इन लोगों ने कोल्डड्रिंक लाने को कहा तो उसने मना कर दिया। फिर दबाव बनाया तब वह कोल्डड्रिंक लेने गया था। जब वह लौटा तो वह काउंटर में गल्ले का ताला तोड़कर उसमें से रुपये निकाल रहे थे। बृजमोहन का बेटा शोर मचाने लगा तो उसे डराकर शांत कराया और रुपये लेकर भाग गए थे।

घर में बन रही थी अपमिश्रित शराब आरोपी पति गिरफ्तार, पत्नी फरार

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

● छापेमारी के दौरान घर के पीछे रास्ते से भाग निकली कंचन, तलाशी में घर में मिला अवैध शराब का कारोबार

अमृत विचार : घर में शराब बनाकर बाजार में बेचने के मामले में आबकारी व पुलिस की टीमों ने गुरुवार रात में इंद्रा कॉलोनी में छापेमारी की। जहां आरोपी को मौके से दबोच लिया, जबकि उसकी पत्नी फरार हो गई है। गिरफ्तार आरोपी ने बेहोशी के नाम पर शुक्रवार को पूरे दिन हाईवोल्टेज ड्रामा भी किया है। पुलिस उसे जिला अस्पताल में भर्ती कराया था, जहां डॉक्टर उसका इलाज कर रहे थे। हालांकि, पुलिस इसे आरोपी का नाटक कहती रही और शाम के वक्त अस्पताल से उसे मजिस्ट्रेट के सामने पेश होने को रवाना कर दिया था। ये पूरा मामला कटघर थाना क्षेत्र का है।

दरअसल, पुलिस एवं आबकारी विभाग की संयुक्त टीमों ने गुलाबबाड़ी पुलिस चौकी क्षेत्र की इंद्रा कॉलोनी में दबिश देकर अवैध शराब बनाते अतुल अग्रवाल को गिरफ्तार किया था। जबकि उसकी पत्नी कंचन फरार हो गई। इस मामले में सेक्टर-4 के आबकारी अधिकारी अरुण कुमार ने गुरुवार रात कटघर थाने में दंपती के विरुद्ध नामजद एफआईआर दर्ज कराई है। उधर, कटघर थानाध्यक्ष तेजवीर सिंह ने बताया कि यह कार्रवाई में चौकी प्रभारी उचित कुमार सिंह और आबकारी अधिकारी अरुण कुमार टीम का नेतृत्व कर रहे थे। मौके से प्लास्टिक कैन से 10 लीटर स्प्रिट, दो अन्य कैन में 10-10 लीटर कैरेमल युक्त स्प्रिट मिली। एक बोरी में एप्पी फिज 125 एमएल लेवल लगी 98 खाली बोतल बरामद हुई। प्लास्टिक पन्नी में एक किग्रा यूरिया व अन्य सामान मिला है। पुलिस की पूछताछ में अभियुक्त अतुल अग्रवाल ने बताया है कि वह शराब बनाकर स्कूटी से कटघर व आसपास के क्षेत्र में ले जाकर बेचता है। इसकी स्कूटी में भी 28 शीशी बरामद हुई है।

शादी से पहले शराब के नशे में ससुराल पहुंचा युवक, धमकाने पर रिपोर्ट दर्ज

मुरादाबाद, अमृत विचार : शादी से पहले ही युवक शराब के नशे में होने वाली ससुराल पहुंच गया। वहां ससुरालजन से गाली-गलौज और हाथापाई की। नाराज युवती के परिवार वालों ने रिश्ता नामंजूर कर दिया तो अब वह गोली मार देने व युवती को बदनाम करने की धमकी दे रहा है। इस मामले में पीड़िता ने कटघर थाने में आरोपी हरीश राणा के विरुद्ध नामजद एफआईआर दर्ज कराई है।

पीड़ित पक्ष की युवती बसंतपुर रामराय गांव की रहने वाली है। उसने पुलिस को बताया है कि एक साल पहले उनकी शादी बरेली जिले के थाना इज्जतनगर के गांव तुलाशेरपुर में राजेंद्र राणा के बेटे हरीश राणा से तय हुई थी। इसके बाद वह लोग आपस में फोन पर एक-दूसरे से बातें करने लगे थे। छह महीने पहले हरीश राणा उनके घर बसंतपुर रामराय में आया था। वह शराब के नशे में थे और उनके माता-पिता व परिवार वालों के साथ गाली-गलौज की। घर वालों से हाथापाई भी की थी। युवती ने बताया कि हरीश की इसी हरकत से उसके घर वालों ने इस रिश्ते को नामंजूर कर दिया था। इसके बाद हरीश युवती को आए दिन फोन कर धमकी देने लगा था। गोली मारकर हत्या करने व युवती को बदनाम करने की धमकी दे रहा है। इस मामले में कटघर थानाध्यक्ष तेजवीर सिंह ने बताया कि आरोपी की तलाश के लिए पुलिस टीम बरेली भेजी जा रही है।

उपकरणों में फाल्ट से हरपाल नगर गांधी नगर में 4 घंटे गुल रही बिजली

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

● शाम तक बिजली कर्मचारियों ने उपभोक्ताओं के नहीं उठाए फोन

अमृत विचार: ओवरलोडिंग के चलते विद्युत उपकरणों में फाल्ट होने का सिलसिला बढ़ता जा रहा है। आरडीएसएस योजना के अंतर्गत अधिक क्षमता के लगाए उपकरण भी गर्मी में जवाब दे गए हैं। जबकि बिजली विभाग के अधिकारी ओवरलोडिंग और बिजली चोरी का राग अलापने में लगे है। शुक्रवार को दिन में 12 बजे से एक साथ हरपाल नगर, गांधीनगर, प्रभात मार्केट के रहने वाले दो हजार से अधिक उपभोक्ताओं की बिजली गुल हो गई। जिससे लोगों को 12 से शाम 4 बजे तक बिजली कटौती का संकट झेलना पड़ा।

शुक्रवार को दोपहर 12 बजे अचानक हरपाल नगर में रखे ट्रांसफार्मर में तेज आवाज के साथ धमाका हुआ और हरपाल नगर और गांधीनगर मोहल्ले में रहने वाले 2000 उपभोक्ताओं की बिजली आपूर्ति ठप हो गई। यहां के रमेश रस्तोगी ने बताया कि फाल्ट होने के बाद से दो बजे तक टैक्सी स्टैंड विद्युत केंद्र के लाइनमैन और जेई को फोन मिलाया। काफी देर बाद फोन उठा और जेई ने ट्रांसफार्मर ठंडा होने के बाद सही करने की बात कह कर फोन काट दिया। जिससे शाम चार बजे तक बिजली आपूर्ति गुल रही। वहीं प्रभात मार्केट और गोविंद के ज्वाइंट पोल पर तारों में आग लगने से बिजली आपूर्ति ठप हो गई। प्रभात मार्केट पर पैंट विक्रेता अनिल सैनी ने बताया की फाल्ट होने के वक्त ही बिजली कर्मचारियों को बिजली आपूर्ति बंद करने को फोन किया लेकिन, फोन नहीं उठा।

> गर्मी में लोगों के एसी एक साथ चलने से बिजली उपकरणों में क्षमता से अधिक लोड पड़ रहा है। जिससे आए दिन फाल्ट हो रहे हैं। बिजली चोरी करने वाले और क्षमता से अधिक बिजली की खपत करने वालों के खिलाफ अभियान चलाकर कार्रवाई की जाएगी।
>
> –मनीष चोपड़ा, अधीक्षण अभियंता

महिला को भूखंड बेचने का झांसा देकर 5 लाख ठगे, चार पर रिपोर्ट

मुरादाबाद, अमृत विचार : उत्तराखंड के रामनगर में महिला को प्लाट बेचने का झांसा देकर 5 लाख रुपये ठग लेने का मामला सामने आया है। इस मामले में महिला ने मुगलपुरा थाने में चार लोगों के खिलाफ धोखाधड़ी का मामला दर्ज कराया है। मुगलपुरा के जीलाल स्ट्रीट मंडी चौक निवासी सरला देवी की तरफ से दर्ज एफआईआर में गाजियाबाद के साहिबाबाद के कौशांबी निवासी कैलाश चंद्र सती, उसके बेटे गौरव सती, बेटी मेघना सती और एक अन्य विकास बाधवा नामजद हुए हैं।

सरला देवी ने बताया कि सिविल लाइंस के रामगंगा विहार निवासी कुलदीप कत्याल के जरिए उसकी मुलाकात आरोपियों से हुई थी। आरोपियों ने उसे बताया था कि वह उत्तराखंड के रामनगर में एक प्रोजेक्ट के जरिए प्लाटिंग कर रहे हैं। 29 मई 2022 को सरला देवी ने दो प्लाट का सौदा 35.50 लाख रुपये में किया था। इसके बाद तीन लाख रुपये एडवांस में दे दिए थे। 10 अगस्त 2022 को दो लाख रुपये और दे दिए। कुछ दिन बाद ही कैलाश और अन्य आरोपी बैनामा कराने के लिए दबाव बनाने लगे जबकि, वहां सड़कों का काम भी पूरा नहीं हुआ था। इसी बीच पीड़िता को पता चला कि आरोपियों ने फर्जी दस्तावेज के आधार पर प्लाटिंग की है। मुगलपुरा थाना प्रभारी मनोज कुमार ने बताया कि तहरीर के आधार पर मामला दर्ज किया है।

एक नजर

ईंट-भट्ठे से युवती को लेकर फरार हुआ युवक, रिपोर्ट

कुंदरकी, अमृत विचार : युवती को भगा कर ले जाने के प्रकरण में दो लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। जानकारी के अनुसार कुंदरकी थाना क्षेत्र के अंतर्गत चकफाजलपुर निवासी हाजी आबिद के भट्ठे से एक से युवती को भगा कर ले जाने के प्रकरण में पुलिस ने पीड़ित पिता की शिकायत पर पिता-पुत्र के खिलाफ की रिपोर्ट दर्ज। युवती के पिता का आरोप है 20 अप्रैल की रात्रि हाजी आबिद के ईंट भट्ठे से उसकी पुत्री को आशीष निवासी ग्राम सुंदरपुर थाना मैनाठेर भगाकर अपने साथ कहीं ले गया। इस साजिश में सतीश निवासी सुंदरपुर कल्याण थाना मैनाठेर भी शामिल है। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

एक ही रात में कई ट्यूबवेल की मोटर चोरी

छजलैट, अमृत विचार : थाना छजलैट क्षेत्र में किसानों के खेत से मोटर आदि चोरी करने का सिलसिला रुकने का नाम नहीं ले रहा है। गुरुवार रात भी चोरों ने कई ट्यूबवेल की मोटर चोरी कर ली। भारतीय किसान यूनियन भी इस संबंध में प्रदर्शन कर चोरियों का खुलासा नहीं होने पर धरना-प्रदर्शन की चेतावनी दे चुकी है। चोरों ने गुरुवार रात्रि थाना छजलैट क्षेत्र के ग्राम निधि निवासी अरुण कुमार पुत्र कर्मवीर सिंह, खचेड़ू सिंह, सुशील कुमार, अरुण प्रधान, महिपाल सिंह, साधु उर्फ जोगेंद्र, योगेंद्र सिंह निवासीगण ग्राम शेखूपुरा तथा मेहर सिंह निवासी ग्राम शेरपुर एत्मादपुर आदि के खेतों में लगे ट्यूबवेल की मोटर चुरा ली। पीड़ितों ने थाना छजलैट पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है।

बंच केबल बदले जाने से बाधित रही बिजली आपूर्ति

बिलारी, अमृत विचार : नगर के अनेकों मोहल्ले में बंच केबल बदले जाने का काम चला रहा है। जिसकी वजह से बिजली आपूर्ति बाधित रही। जिससे लोग परेशान दिखाई दिए। शुक्रवार को नगर में शाहबाद रोड, महाराणा प्रताप चौक से लेकर मोहल्ला ऋषिपुरम तक पुराने बंच केबल हटाकर नए लगाए जा रहे हैं। जिसकी वजह से टाउन 3 की सप्लाई पूरी तरह से बाधित रही। सवेरे 11 से शाम 6 बजे तक केबल डालने का कार्य चलता रहा। जिसके कारण लोग बिजली की आपूर्ति न होने से परेशान दिखाई दिए। देर शाम विद्युत आपूर्ति सुचारू हुई तो लोगों ने राहत की सांस ली। साथ ही लोगों ने मोटर चलाकर टंकी में पानी भरा।

मौसम बदलने से वायरल के मरीज बढ़े

दिन में गर्मी और रात को हल्की ठंड से खांसी-बुखार में बढ़ोतरी

संवाददाता, डिलारी

अमृत विचार : क्षेत्र में दिन में पारा 40 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच रहा है। साथ रात में तापमान 14 से 15 डिग्री सेल्सियस के बीच रह रहा है। मौसम में हो रहे बदलाव से लोग सर्दी, जुकाम और बुखार की चपेट में आने लगे हैं। बच्चों के अलावा हर उम्र के लोग वायरल से पीड़ित हैं। अस्पतालों की मेडिसन ओपीडी में रोजाना वायरल के मरीजों की भीड़ उमड़ रही है। विशेषज्ञ चिकित्सक लोगों से मौसम में हो रहे बदलाव के मद्देनजर खान-पान पर विशेष ध्यान देने की सलाह दे रहे हैं।

मौसम में बदलाव के चलते क्षेत्र में वायरल के मामलों में कमी नहीं आ रही है। दिन में तेज धूप से पड़ रही उमस लोगों को एसी, कूलर और पंखे चलाने के लिए मजबूर कर रही है। वहीं, रात में हल्की सर्दी के कारण लोग बीमार पड़ रहे हैं। बीते दिनों वायरल के मामलों में थोड़ी कमी आई थी। मगर अब दोबारा मामले बढ़ने से बच्चों से लेकर बुजुर्ग भी इसकी चपेट में आ रहे हैं। इससे अस्पताल में एक बार फिर ओपीडी में करीब मरीजों की संख्या 300 के पास पहुंच गई है, जबकि पहले औसतन ओपीडी 200 के करीब थी।

अधिक ठंडा पानी पीने से करें परहेज

दिन में पड़ी रही गर्मी के चलते लोगों ने शीतल पेय का प्रयोग करना शुरू कर दिया है। ऐसे में खांसी, गले दर्द और जुकाम की समस्याएं बढ़ रही हैं। ऐसे में लोगों को साधारण पानी पीने के लिए प्रयोग करने की सलाह दी जा रही है। मौसम में लगातार हो रहे बदलाव के चलते डॉक्टर अभी अधिक ठंडा पानी न पीने की हिदायत दे रहे हैं।

> इन दिनों मौसम में बदलाव के कारण वायरल के मामले एकाएक बढ़ना शुरू हो गए हैं। ऐसे में लोग पर्याप्त पानी पीएं। पानी में अभी अधिक ठंडा व बर्फ वाला पानी पीने से परहेज करें। दवा नियमित रूप से खाएं पूरा कोर्स करें। कोई भी समस्या होने पर चिकित्सक के पास जाकर जांच जरूर करवाएं। **-डॉ. इकराम अली**

नगर में मच्छरों का प्रकोप बढ़ने पर दवा छिड़कने की मांग

संवाददाता, कांठ

अमृत विचार : गर्मी होने के कारण मच्छरों का प्रकोप नगर में तेजी से बढ़ रहा है। जिससे बीमारी फैलने की संभावना है। नगर पंचायत द्वारा न तो दवा का छिड़काव किया जा रहा है और न ही फॉगिंग मशीन द्वारा धुआं किया जा रहा है। स्थानीय नागरिकों ने शीघ्र ही मच्छरों के प्रकोप से बचाने की मांग की है।

भीषण गर्मी होने के कारण मच्छरों का प्रकोप दिन प्रतिदिन बढ़ता जा रहा है जिसके कारण बीमारी फैलने की आशंका है। स्थानीय नागरिकों ने शिकायत की है कि नगर पंचायत द्वारा फॉगिंग मशीन चलाई तो जाती है, लेकिन चुनिंदा मार्ग से होकर चले जाते हैं। गली-कूचों में मशीन नहीं पहुंच पाती है। नगर पंचायत के कर्मचारियों द्वारा गली कूचों में भी फागिंग मशीन चलाई जाए जिससे कि मच्छरों के प्रकोप को रोका जा सके। उन्होंने यह भी शिकायत की है कि अभी तक नाले व नालियों में पानी स्थिर रहता है जिसमें मच्छर, कीड़े-मकोड़े काफी संख्या में हो रहे हैं। उनसे बचाव के लिए नाले व नालियों में दवा का छिड़काव कराया जाए। राजपाल सिंह, देशराज, रामकिशोर, चंद्रपाल, राजाराम, अशोक कुमार, राजेंद्र सिंह, रामपाल आदि ने छिड़काव व फॉगिंग मशीन का इस्तेमाल करने की मांग की है।

नाली में व्याप्त गंदगी। ● अमृत विचार

ट्रांसपोर्ट संचालकों पर ट्रक गायब करने का आरोप

ठाकुरद्वारा, अमृत विचार : ट्रांसपोर्ट संचालकों ने ट्रक को गायब कर दिया। जब ट्रक मालिक ने अपना ट्रक वापस किए जाने की मांग की तो उसे मारपीट कर भगा दिया, साथ ही जान से मारने की धमकी दी। पीड़ित ने डिप्टी एसपी को शिकायती पत्र देकर आरोपियों पर कार्रवाई करने व ट्रक वापस दिलाने की मांग की।

थाना डिलारी क्षेत्र के गांव चंगेरी निवासी ओम प्रकाश सिंह पुत्र लायक सिंह ने डिप्टी एसपी राजेश तिवारी को दिए शिकायती पत्र में कहा कि वह अपने मित्र बरेली के गांव अहियापुर थाना कैंट निवासी जो ट्रांसपोर्ट का काम करते हैं, के यहां 31 जनवरी को अपना ट्रक खड़ा कर दिया था। समय-समय पर उनसे टेलीफोन पर वार्ता होती रहती थी। एक माह बाद वह अपना ट्रक लेने गया तो उसने कहा कि ट्रक कहीं गया है, वापस आएगा तो फोन कर देंगे। 16 अप्रैल को वह उनकी ट्रांसपोर्ट व गांव पहुंचा। तो वहां पर न तो ट्रक था और मेरा मित्र भी नहीं मिला। मित्र का छोटा भाई मिला जिससे पूछा तो उसने मारपीट की व जान से मारने की धमकी दी। बाद में लोगों ने किसी तरह उसे बचाया।

सार-संक्षेप

सनातन धर्म ट्रस्ट को फ्रीजर दान करते अमित सिन्हा। ● अमृत विचार

मृत शरीर को रखने के लिए फ्रीजर दान किया

बिलारी, अमृत विचार : मोहल्ला महाजनान बक्शी सदन पर दो समाजसेवी भाइयों ने अपने स्वर्गीय माता-पिता की पुण्यतिथि पर सनातन धर्म ट्रस्ट को मृत शव को रखने वाला फ्रीजर दान किया। शुक्रवार को अमित सिन्हा और अतुल सिन्हा द्वारा अपने परिवार के साथ समाज के हित में कार्य करते हुए अपने स्वर्गीय माता-पिता उमेश प्रकाश सक्सेना और अनिला की पुण्यतिथि पर नगर के लिए मृतक के शरीर को रखे जाने के लिए एक फ्रीजर सनातन धर्मार्थ ट्रस्ट बिलारी के अध्यक्ष पंकज चौहान एवं नगर पालिका परिषद अध्यक्ष रघुराज सिंह यादव को सौंपा। यह फ्रीजर निशुल्क उपलब्ध कराया जाएगा। इससे पूर्व पूजा पाठ भी किया गया। इस दौरान पं. अमित शर्मा दुबे, सतीश शर्मा, मनोज गुप्ता, संजय सक्सेना, वीनू ठाकुर, शीलू गुप्ता, प्रिंस गुप्ता, संजय सक्सेना, विनय चौधरी, सुमित गुप्ता, सचिन गुप्ता एडवोकेट, सुमित गुप्ता, धर्मेंद्र ठाकुर, खिलेंद्र सिंह, सिंटू, शुभ सिन्हा, उर्वशी सिन्हा आदि मौजूद रहे।

गरीब नवाज फाउंडेशन ने छबील लगाई

कुंदरकी, अमृत विचार : शुक्रवार को मुरादाबाद-अलीगढ़ नेशनल हाईवे स्थित कुंदरकी जीरो प्वाइंट पर गरीब नवाज रिलीफ फाउंडेशन के बैनर तले ठंडे पानी की छबील लगाई गई और राहगीरों को ठंडा पानी पिलाया। मकामी लोगों ने संस्था के इस काम को सराहा। इस मौके पर संस्था के अरकान कादरी ने बताया कि प्यासे को पानी पिलाना अफजल सदका है। इस मौके पर पहुंचे एडवोकेट फुरकान अत्तारी, मो. इमरान, जैनुल अत्तारी, फरजंद अली, राउफ अत्तारी, रियाज़ अत्तरी आदि मौजूद रहे।

दहेज के लिए विवाहिता को प्रताड़ित करने पर रिपोर्ट

बिलारी, अमृत विचार : दहेज के लिए विवाहिता को प्रताड़ित करने के मामले में तीन लोगों के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज की गई है। शुक्रवार जिला संभल के थाना नखासा की गांव फतावली की रहने वाली नीशु पुत्री रामस्वरूप ने तहरीर में बताया कि उसकी शादी 4 साल पहले रोहन पुत्र प्रेमपाल निवासी जरगांव थाना बिलारी के साथ हुई थी।पति रोहन, सास लज्जावती, देवर रोहतास आए दिन तान दिया करते थे और मारपीट करते थे। दहेज में मिली बाइक भी पति ने बेच दी। अब बुलेट बाइक की मांग की जा रही थी। उसके माता-पिता जब उसकी ससुराल जरगांव पहुंचे तो सभी ने उनके साथ गाली गलौच की और मारपीट भी की।

पत्नी के साथ मारपीट करने पर युवक गिरफ्तार

ठाकुरद्वारा, अमृत विचार : नशे के आदी युवक ने पत्नी को मारपीट कर घायल कर दिया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने युवक को समझाने का प्रयास किया। न मानने पर पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर लिया। कोतवाली क्षेत्र के के गांव बहादुर नगर निवासी रेखा देवी ने पुलिस से शिकायत की कि उसका पति रूपेंद्र पुत्र चंन्दरु नशे का आदी है। आए दिन उसके व बच्चों के साथ मारपीट करता रहता है। शुक्रवार को जब वह खाना बना रही थी इसी दौरान उसका पति आया और लाठी डंडों से मारना पीटना शुरू कर दिया। शोर सुनकर मोहल्ले के लोगों ने बचाने का प्रयास किया तो वह उनसे भी लड़ने लगा। बाद में सूचना पर पहुंची पुलिस ने उसे समझाने का प्रयास किया। न मानने पर उसे गिरफ्तार कर लिया। बाद में एसडीएम न्यायालय में चालानी कार्यवाही करते हुए कोर्ट में पेश किया। जहां जमानत पर रिहा कर दिया गया।

डायट में टीएलएम प्रदर्शनी का आयोजन

संवाददाता, कांठ

अमृत विचार : धर्म सिंह जिला एवं प्रशिक्षण संस्थान कांठ में शुक्रवार को एक दिवसीय टीएलएम प्रदर्शनी का आयोजन किया गया।

प्रदर्शनी का आरंभ डायट प्राचार्य एवं उपशिक्षा निदेशक डॉ. ओमप्रकाश गुप्त ने फीता काटकर व मां सरस्वती की प्रतिमा के सम्मुख पुष्प अर्पित कर किया। मुरादाबाद और संभल जिले के शिक्षकों ने भी टीएलएम प्रदर्शनी में हिस्सा लिया। साथ ही डीएलएड प्रशिक्षुओं ने भी प्रतिभाग किया। वहीं डायट प्राचार्य और प्रवक्ताओं ने टीएलएम प्रदर्शनी का निरीक्षण किया। इस दौरान शिक्षकों ने और प्रशिक्षुओं ने टीएलएम के बारे में पढ़ाने के प्रभावपूर्ण तरीकों को बताया। कार्यक्रम प्रभारी शीतल कुमार और अभिषेक भारद्वाज रहे। इस दौरान वरिष्ठ प्रवक्ता अम्बरीश कुमार, डॉ. सुनिल कुमार, डॉ. अनिल कुमार, आशतोष त्यागी, डॉ. नेहा इकबाल, अंशु गुप्ता, डॉ. स्नेहलता राव, डॉ. टीना वर्मा, पुलकित शर्मा एवं लोकेन्द्र विश्वकर्मा का सहयोग रहा। प्रशिक्षओं में लवकुश, मौ.अमन मंसूरी, युवराज देवल, विवेक कुमार, प्रदीप धारीवाल, शरद विश्नोई, प्रिंस विश्नोई, अनामिका, गुड्डू सागर, अरूण दिवाकर, कार्तिक कुमार, नीशू राघव, नीधि चौहान, प्रियंका ठाकुर, शिल्पी विश्नोई, सुमैना, तनु चौहान, नेहा सागर आदि उपस्थित रहे। डायट कांठ में टीएलएम प्रदर्शनी में उत्कृष्ट प्रस्तुति के लिए मान नगर प्राथमिक विद्यालय की प्रधानाचार्य को डायट प्राचार्य ने प्रशस्ति पत्र देखने सम्मानित किया। टीएलएम प्रदर्शनी में निर्णायक मंडल ने मान नगर प्राथमिक विद्यालय की प्रधानाचार्य भुवनेश्वर कुमारी को उत्कृष्ट कार्य के लिए चयन किया, जिन्हें डायट प्राचार्य डॉ. ओपी गुप्त ने प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया।

टीएलएम प्रदर्शनी का आरंभ करते डायट प्राचार्य। ● अमृत विचार

देवर ने की छेड़छाड़, शिकायत पर परिजनों ने पीड़िता को पीटा

संवाददाता, ठाकुरद्वारा

अमृत विचार : थाना भगतपुर क्षेत्र की विवाहिता ने पुलिस क्षेत्राधिकारी को शिकायती पत्र देकर कहा कि 2019 को उसका विवाह बहोरनपुर में हुआ था। शादी के बाद से उसका देवर उस पर बुरी नजर रखता था। जब उसने देवर की हरकतों की शिकायत अपने ससुराल वालों से की तो उसे ही दोषी ठहराने लगे। साथ ही उसके साथ मारपीट करते रहे। वह किसी तरह शांत रही।

आरोप लगाया कि 6 अप्रैल रात्रि में उसके पति किसी काम से बाहर गए थे। तभी उसका देवर देवर उसके कमरे में घुस आया और अश्लील हरकतें कर उसके साथ दुष्कर्म करने का प्रयास किया। साथ उसके साथ मारपीट भी की। महिला ने पति के आने पर उसे घटना की जानकारी दी। तो पति ने भी उसे बुरी तरह मारा पीटा। सुबह को ननद व सास ने भी मारपीट की। इस संबंध में उसने थाना पुलिस को शिकायती पत्र देकर कार्रवाई की मांग की, लेकिन भगतपुर पुलिस ने कार्रवाई नहीं की। विवाहिता ने पुलिस क्षेत्राधिकारी से शिकायत कर कार्रवाई की मांग की है।

चोरी की बाइक बरामद एक गिरफ्तार किया

ठाकुरद्वारा, अमृत विचार : आयशा मैरिज हाल से चोरी बाइक को पुलिस ने शरीफ नगर के युवक के घर से बरामद कर लिया। पुलिस इस मामले में एक युवक पृथ्वी सिंह को गिरफ्तार किया है। जबकि मुख्य आरोपी पुलिस को चकमा देकर फरार हो गए हैं।

शरीफ नगर स्थित आयशा मैरिज हाल से विवाह समारोह में पहुंचे ग्राम अभयराजपुर निवासी निसार अहमद की 24 अप्रैल को बाइक चोरी हो गई थी। चोर बाइक को बेचने जसपुर चले गए। जहां डीलर ने बाइक के फोटों खींचकर व्हाट्सएप ग्रुप पर डाल दिए। बाद में बाइक स्वामी कुछ लोगों के साथ पुलिस को लेकर शरीफ नगर में बागवाली मस्जिद के निकट बाइक चोर के घर पहुंचा। जहां से आरोपी भाग गए। बाद में पुलिस को बाइक शरीफ नगर निवासी रिक्शा चालक पृथ्वी सिंह पुत्र छोटे सिंह के घर खड़ी मिली। पुलिस ने बाइक को बरामद करने के साथ पृथ्वी को गिरफ्तार कर लिया।

अधिकारियों के निर्देश के बाद भी नहीं लौटाई फीस

संवाददाता, ठाकुरद्वारा

अमृत विचार : जनता इंटर कॉलेज गोपीवाला कालेवाला में जूनियर कक्षाओं में शुल्क वसूली की शिकायत आइजीआरएस पोर्टल पर दर्ज कराई गई थी। इसमें अधिकारियों के निर्देश के बाद भी कालेज ने फीस वापस नहीं की है। जिससे अभिभावकों में रोष है।

शिकायतकर्ता डालेंद्र सिंह ने आरोप लगाया कि प्रबंध समिति व प्रधानाचार्य द्वारा ही विद्यालय में पिछले तीन वर्षों से नियम कानून को ताक में रखकर शुल्क वसूली की जा रही है। जबकि शिक्षा निशुल्क है। उन्होंने आरोप लगाया कि संयुक्त शिक्षा निदेशक द्वादश ने जिला विद्यालय निरीक्षक मुरादाबाद को विद्यालय के छात्र-छात्राओं की शुल्क वापसी के निर्देश दिए हैं। आरोप है कि इसके बाद भी कालेज प्रबंधन फीस वापस नहीं कर रहा है। उन्होंने मांग की कि प्रबंध समिति को भंग कर प्रशासक नियुक्त किया जाए।

> जनता इंटर कॉलेज गोपीवाला कलेवाला में जूनियर कक्षाओं से पिछले 3 वर्षों से शुल्क वसूली की पुष्टि हो गई है। तत्काल शुल्क वापसी के लिखित निर्देश जिला विद्यालय निरीक्षक मुरादाबाद को दे दिए गए हैं जो बच्चे विद्यालय छोड़कर चले गए हैं उनका भी शुल्क वापस करवाया जाएगा। किसी भी बच्चे का अनहित नहीं होने दिया जाएगा। **-मनोज कुमार द्विवेदी**, संयुक्त शिक्षा निदेशक द्वादश मंडल

आक्रोश

- कालेज प्रबंधन के खिलाफ अभिभावकों में रोष
- कालेज प्रबंधन पर कार्रवाई करने की मांग उठाई

ए डिवीजन लीग फुटबाल में हुआ युवक का चयन

कांठ, अमृत विचार : तहसील क्षेत्र के ग्राम सिरसा ठाठ निवासी युवक का चमन यंगस्टर फुटबॉल क्लब की ओर से दिल्ली ए डिवीजन लीग में प्रस्तावित फुटबॉल प्रतियोगिता के लिए चयन हुआ है।

तहसील क्षेत्र के ग्राम सिरसा ठाठ के निवासी नकुल पाल पुत्र करण सिंह ने फुटबॉल के क्षेत्र में ही अपने क्षेत्र का नाम रोशन करने का मन बना लिया था। उन्होंने सोनकपुर स्टेडियम मुरादाबाद में कोच अभय कुमार के नेतृत्व में दो वर्ष का प्रशिक्षण लिया था। उनका चयन यंगस्टर फुटबॉल की ओर से दिल्ली में प्रस्तावित ए डिवीजन लीग के लिए हो गया है। वर्ष 2021-22 में वह गोवा में नेशनल भी खेल चुके हैं।

लापरवाही योजना के अंतर्गत बनाई जा रही है पानी की टंकी, निर्माण कार्य अधूरा

घर-घर जल योजना में पानी को तरसे ग्रामीण

संवाददाता, ठाकुरद्वारा

अमृत विचार : घर-घर जल योजना के अंतर्गत ग्रामीण क्षेत्र में लोगों को स्वच्छ जल उपलब्ध कराने के उद्देश्य से एक वर्ष पूर्व जगह-जगह पानी की टंकी का निर्माण कराया जा रहा है। मगर अभी तक टंकी का निर्माण कार्य अधूरा है। जिससे लोगों में रोष है।

घर-घर जल योजना के अंतर्गत निर्देशित किया कि मार्च 2024 को ग्रामीण क्षेत्र के हर व्यक्ति के घर-घर जल योजना के अंतर्गत स्वच्छ पीने का पानी पहुंच जाना चाहिए। उसके बाद भी अधिकारियों व निर्माणाधीन कंपनी के अधिकारी लापरवाही बरत रहे हैं। इसी योजना के तहत गांव गोपीवाला में एक वर्ष से टंकी का निर्माण किया जा रहा था। लेकिन बीते 3 महीने से टंकी का निर्माण पूर्ण रूप से बंद पड़ा है जबकि गोपीवाला, निर्मलपुर, असलेमपुर, कालेवाला, माधोवाला के के गांव बंजार पट्टी क्षेत्र कहलाते हैं। प्रत्येक वर्ष गर्मी में इस क्षेत्र का जल स्तर नीचे चला जाता है। यहां तक की हैंडपंप भी पानी देना बंद कर देते हैं। साथ ही कुंओं में भी पानी नहीं रहता। स्थिति यह है कि खेतों में लगे ऊपरी बोरिंग भी पानी देना बंद कर देते हैं। पीने की पानी की समस्या के साथ-साथ किसानों को खेती-बाड़ी के लिए भी पर्याप्त मात्रा में सिंचाई के लिए पानी नहीं मिल पाता। ऐसी स्थिति में अभी तक गोपीवाला में बनाई जा रही पानी की टंकी आधी अधूरी पड़ी है जिसका करीब 3 महीने से निर्माण कार्य बंद है। ग्रामीणों का आरोप है कि सुपरवाइजर इस संबंध में कोई भी जवाब देने के लिए तैयार नहीं है। ग्रामीणों ने खंड विकास अधिकारी के साथ-साथ उप जिला अधिकारी को भी इस संबंध में सूचना दी गई है। ग्रामीणों ने मांग की कि शीघ्र ही टंकी का निर्माणकर स्वच्छ जल उपलब्ध कराया जाए।



गोपीवाला गांव में अधूरी पड़ी निर्माणाधीन पानी की टंकी। ● अमृत विचार

> गांव में पानी के टैंक के निर्माण को शीघ्र पूरा करने के लिए उच्चाधिकारियों को शिकायती पत्र देखकर अवगत कराया गया है कि बीते 3 महीने से टंकी का निर्माण निर्माणाधीन कंपनी द्वारा नहीं कराया जा रहा है। इसे शीघ्र पूरा कराया जाए। **-जाकिर हसन अंसारी**, ग्राम प्रधान गोपीवाला

> क्षेत्र के गांव गोपीवाला में निर्मणाधीन कंपनी से संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया गया है कि वह शीघ्र ही टंकी का निर्माण कराकर ग्रामीणों को स्वच्छ जल उपलब्ध कराएं। **-अजय कुमार मिश्रा**, उप जिला अधिकारी ठाकुरद्वारा

परेशानी

- गर्मी में बंजर पट्टी क्षेत्र के लोगों को होगी पानी की किल्लत
- ग्रामीणों ने की निर्माण कार्य जल्द शुरू करने की मांग

कार्यालय सम्भागीय खाद्य नियन्त्रक, मुरादाबाद सम्भाग, मुरादाबाद

पत्रांकः- 476/स्वी0अनु0/सिंगल स्टेज/हैण्ड-परि0/ई-टेन्डरिंग/2024-25 दिनांकः- 01 मई, 2024

सिंगल स्टेज डोर स्टेप डिलीवरी के संबंध में पुनः ई-निविदा सूचना

शासन के पत्र संख्या-1/2021/मु०स०-34/29-6-2021-85 सा0/2017 दिनांक 09 मार्च, 2021 व आयुक्त, खाद्य तथा रसद, उ०प्र०, लखनऊ के पत्रांक-956/आ०वि०शा०/ हैण्ड०/परि०/सिंगल स्टेज/आर०एफ०पी०/2023 दिनांक 29 फरवरी, 2024 एवं शासनादेश सं0-380/29-6-2024/ई-6099/2641/2020 दिनांक 26.02.2024 के द्वारा दी गयी शर्तों के अनुपालन में राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम एवं अन्य योजनाओं के खाद्यान्न की सिंगल स्टेज डोर स्टेप डिलीवरी व्यवस्था के अन्तर्गत मुरादाबाद सम्भाग के समस्त ब्लॉकों पर ई-टेण्डर आमंत्रण कराकर निर्धारित अर्हता, मानकों, शर्तों एवं उपबन्धों के अधीन 'अ' श्रेणी एवं 'ब' श्रेणी के परिवहन एवं हैण्डलिंग ठेकेदारों की नियुक्ति सम्बन्धित सम्भागीय खाद्य नियन्त्रक, मुरादाबाद सम्भाग, मुरादाबाद द्वारा की जानी है। जिसके अनुपालन में इस कार्यालय के पत्रांक-2624/स्वी०/सिंगल स्टेज/हैण्ड०-परि०/ई-टेण्डरिंग/2023-24 दिनांक 11 मार्च, 2024 के द्वारा प्रथम बार में मुरादाबाद सम्भाग के अन्तर्गत सभी जनपदों के ब्लॉक गोदामों हेतु **क्रमशः मुरादाबाद शहर, मुरादाबाद ब्लॉक, डिलारी, भोजपुर, ठाकुरद्वारा, दलपतपुर, कांठ, कुन्दरकी, बिलारी, मिलक, बिलासपुर, चमरौआ, रामपुर, स्वार, सैदनगर, शाहबाद, चन्दौसी, बहजोई, असमोली, पवासा, बबराला, रजपुरा, जुनावई, अमरोहा, जोया, धनौरा, हसनपुर, गजरौला, गंगेश्वरी, बिजनौर, नजीबाबाद, हल्दौर, नगीना, नूरपुर, नहटौर, किरतपुर, चांदपुर, अफजलगढ़, धामपुर एवं स्योहारा** पर परिवहन / हैण्डलिंग ठेकेदारों से भा०खा०नि०/केन्द्रीय भण्डारण निगम के गोदामों से ब्लॉक स्थित उचित दर विक्रेताओं की दुकानों तक खाद्यान्न के परिवहन / हैण्डलिंग कार्य (सिंगल स्टेज डोर स्टेप डिलीवरी व्यवस्था) हेतु ऑनलाइन ई-निविदा आमन्त्रित की गयी थी, जिसमें उक्त ब्लॉक **नहटौर, स्योहारा एवं अफजलगढ़** को छोड़कर उपरोक्त अन्य शेष ब्लॉकों पर कोई स्वीकार्य निविदा/कोई निविदा प्राप्त न होने के कारण उपरोक्त अवशेष ब्लाकों **(सूची संलग्न)** पर पुनः द्वितीय बार व **जनपद सम्भल के ब्लॉक-सम्भल** पर प्रथम बार सिंगल स्टेज डोर स्टेप डिलीवरी परिवहन व्यवस्थान्तर्गत परिवहन / हैण्डलिंग कार्य हेतु ऑनलाइन ई-निविदा आमंत्रित की जाती है। ठेकेदार द्वारा किये जाने वाले परिवहन / हैण्डलिंग कार्य के लिए **निविदा प्रपत्र शुल्क रूपये 500+90=590/-(जी०एस०टी० सहित)** एवं प्रत्येक निविदा के साथ परि०/ हैण्ड० कार्य के लिए धरोहर धनराशि 'अ' श्रेणी के ठेकेदारों से रुपये 1,00,000/- एवं 'ब' श्रेणी के ठेकेदारों से रुपये 60,000/- **सम्भागीय वरिष्ठ लेखाधिकारी (खाद्य), मुरादाबाद सम्भाग, मुरादाबाद के खाता सं0-34446938072 व आई०एफ०एस०सी० कोड- SBIN0000682** में आर०टी०जी०एस०/एन०ई०एफ०टी०/ऑनलाइन के माध्यम से जमा किया जायेगा। प्रत्येक निविदा के साथ पृथक-पृथक निविदा शुल्क एवं धरोहर धनराशि की रसीद की "स्केन्ड कॉपी" ऑनलाइन निविदा प्रपत्र के साथ निविदादाता द्वारा अपलोड की जायेगी। कार्य से सम्बन्धित निविदा का विवरण एवं प्रपत्र, निर्धारित प्रपत्र मूल्य, धरोहर धनराशि, निविदा की शर्ते, निविदा विशिष्टीकरण निविदा खुलने की तिथि एवं अन्य सम्बन्धित जानकारी ऑन लाइन वेबसाइट **https://etender.up.nic.in** एवं विभागीय वेबसाइट **www.fcs.up.gov.in** से डाउनलोड की जा सकती है।

निविदा आन लाइन वेबसाइट **https://etender.up.nic.in** पर ई-टेण्डरिंग की निविदा दिनांक **02.05.2024** के प्रातः **11.00** बजे से **25.05.2024 के पूर्वाह्न 11:00 बजे** तक अपलोड की जा सकती है। टैक्निकल विड दिनांक **25.05.2024 अपराह्न 12.00** बजे से निविदा समिति के समक्ष ऑनलाइन खोली जायेगी। टैक्निकल विड के परीक्षणोपरान्त / जांचोपरान्त टेक्निकल बिड में अर्ह/स्वीकार्य निविदादाताओं की खोले जाने पर विचार किया जायेगा, तदोपरान्त फाइनेंशियल बिड निविदा समिति के समक्ष खोली जायेगी। टेन्डर फार्म में नियम एंव शर्ते, धरोहर धनराशि व निविदा से सम्बन्धित जानकारी निविदा सूचना के अनुसार ऑनलाइन/ऑफलाइन अधोहस्ताक्षरी कार्यालय से किसी भी कार्य दिवस में प्राप्त की जा सकती है। उक्त कार्य के इच्छुक निविदादाता उक्त बेवसाइट का अवलोकन करते रहे, क्योंकि समय-समय पर निविदा के सम्बन्ध में कोई परिवर्तन अथवा अतिरिक्त सूचना, शुद्धिपत्र के रूप बेवसाइट पर ही उपलब्ध करायी जायेगी। किसी भी निविदा को अस्वीकृत करने का अधिकार **सम्भागीय खाद्य नियन्त्रक, मुरादाबाद, सम्भाग मुरादाबाद** के पास सुरक्षित रहेगा।

निविदा की किसी भी शर्त में परिवर्तन तथा शुद्धि पत्र आदि की सूचना केवल ई-टेण्डर बेबसाइट **https://etender.up.nic.in** एंव विभागीय बेबसाइट **www.fcs.up.gov.in** पर उपलब्ध होगें।

सम्भागीय खाद्य नियन्त्रक,
मुरादाबाद सम्भाग, मुरादाबाद।

एक नजर

बुखार से चार वर्षीया बालिका की मौत

हसनपुर, अमृत विचार : बुखार से चार वर्षीया बालिका की मौत हो गई। गमजदा माहौल में मासूम के शव को सुपुर्द-ए-खाक कर दिया गया। बता दें कि मोहल्ला जामा मस्जिद निवासी अरीबा जन्नत को कई दिनों से बुखार आ रहा था। परिवार के लोग चिकित्सक से उसका उपचार करा रहे थे। गुरुवार शाम चार बजे चार वर्षीया अरीबा जन्नत की हालत बिगड़ गई तथा उसका इंतकाल हो गया। परिजनों का रोते बिलखते बुरा हाल हो गया। अरीबा जन्नत नगर के रामसरन सुशीला हाई स्कूल में यूकेजी की छात्रा थी। विद्यालय स्टाफ द्वारा शोकसभा में दो मिनट का मौन रखा गया।

पॉलीटेक्निक की छात्रा की बड़ौत में मौत

हसनपुर, अमृत विचार : मोहल्ला राजपूत कालोनी निवासी अरविंद कौशिक की 19 वर्षीय बेटी राधा कौशिक बड़ौत में पॉलिटेक्निक की छात्रा थी। वहां शुक्रवार की सुबह बाथरूम में नहा रही थी। इस दौरान अचानक बिजली के स्विच से हाथ टच होने पर करंट लगने से उसकी मौत हो गई। शुक्रवार शाम बड़ौत से शव हसनपुर लाया गया। परिजनों का बुरा हाल है। शव का अंतिम संस्कार कर दिया गया है। मृतका चार बहन भाइयों में बड़ी थी।

बबीता सिंह को मिली पीएचडी की उपाधि

अमरोहा, अमृत विचार : हाशमी गर्ल्स डिग्री कॉलेज की प्रवक्ता बबीता सिंह को चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय मेरठ ने राजनीति विज्ञान विषय में पीएचडी की उपाधि प्रदान की है। उनका विषय महिला उत्पीड़न नियंत्रण में प्रशासनिक एवं स्वयं सेवी संस्थाओं की भूमिका जनपद मुरादाबाद के सन्दर्भ में एक अध्ययन रहा। उन्होंने शोध कार्य डॉ. अनिल कुमार, अध्यक्ष राजनीति विज्ञान, एसडी डिग्री कॉलेज मुजफ्फरनगर के निर्देशन में पूरा किया। बबीता सिंह को पीएचडी की उपाधि मिलने पर हाशमी एजुकेशनल समूह के चेयरमैन डॉ. सिराज उद्दीन हाशमी व कालेज स्टाफ ने उन्हें बधाई दी।

6 मई को होगा श्री धार्मिक रामलीला कमेटी का चुनाव

अमरोहा, अमृत विचार : श्री धार्मिक रामलीला कमेटी पदाधिकारियों का वार्षिक चुनाव बैठक छह मई को होगा। कमेटी के अध्यक्ष विशाल गोयल ने बताया कि इसमें सभी पदाधिकारी हिस्सा लेंगे। श्री धार्मिक रामलीला कमेटी के अध्यक्ष विशाल गोयल ने बताया कि हर वर्ष श्री धार्मिक रामलीला कमेटी के पदाधिकारियों का चयन होता है। बिजनौर रोड स्थित बैंक्वेट हॉल में छह मई को कमेटी का चुनाव होगा। जिसमें नई कार्यकारिणी का गठन होगा। वहीं इस दौरान पत्रकारों सम्मान समारोह का आयोजन भी होगा।

अवैध खनन से जंगल में हो रहे गहरे गड्ढे

मुबारिजपुर, अमृत विचार : थाना आदमपुर की दढ़ियाल पुलिस चौकी क्षेत्र में मिट्टी का अवैध खनन धड़ल्ले से चल रहा है। गांव खरपड़ी में मिट्टी खनन का धंधा जारी है। मिट्टी खनन कर राजस्व को लाखों रुपये की क्षति पहुंचाई जा रही है। अवैध खनन बरसात के दिनों में बड़ी घटना का कारण बन सकता है। अवैध तरीके से मिट्टी निकालने के बाद इस जगह को तालाब की तरह बड़े गड्ढे बन जाते हैं। बारिश होने पर गड्ढा पानी से लबालब भर जाता है। जिससे घटना होने का भय बना रहता है।

आत्महत्या से पहले सिपाही ने की थी मोबाइल पर चैट

संभल में चुनाव की ड्यूटी के लिए जा रहा था तैय्यब

कार्यालय संवाददाता, अमरोहा

अमृत विचार : रेलवे स्टेशन पर सिपाही के आत्महत्या करने के बाद पुलिस की टीम जब मृतक के घर पहुंची तो मेन गेट अंदर से बंद मिला। काफी देर तक उसके परिजनों ने गेट नहीं खोला। हालांकि बाद में परिजनों को जब जानकारी हुई तो कोहराम मच गया। आननफानन परिजन भी मौके पर पहुंच गए। चर्चा है कि मृत सिपाही तैय्यब के वैवाहिक जीवन में कुछ तनाव बना था। आशंका है कि उसी के चलते उसने आत्महत्या की है। हालांकि पुलिस अधिकारी परिजनों से पूछताछ कर मामले की जांच कर रहे हैं।

आत्महत्या से पहले सिपाही ने किसी ग्रुप में भी चैट की थी : अमरोहा : जोया के निवासी सिपाही ने अमरोहा रेलवे स्टेशन पर अपनी सर्विस रायफल से गोली मारकर आत्महत्या कर ली। हालांकि बताया जा रहा है कि आत्महत्या से पहले सिपाही ने किसी ग्रुप में भी चैट की थी। सिपाही द्वारा अपनी अंतिम बातें लिखने पर ग्रुप के लोगों ने उससे पूछा भी और उसे समझाने की कोशिश की। लेकिन कुछ देर बाद ही सिपाही में गोली मारकर आत्महत्या कर ली।

पुलिस अधीक्षक (जीआरपी) आशुतोष शुक्ला ने बताया कि मृत सिपाही संभल में चुनाव ड्यूटी के लिए घर से निकला था। रेलवे स्टेशन पर पहुंचकर सर्विस रायफल से आत्महत्या की है। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। अग्रिम कार्रवाई की जा रही है।

घटना के बाद रेलवे स्टेशन पर मौजूद पुलिसकर्मी, जीआरपी व आरपीएफ।

सिपाही आत्महत्या प्रकरण

निशुल्क चिकित्सा शिविर में मरीजों का किया परीक्षण

संवाददाता, गजरौला

अमृत विचार : विश्व अस्थमा दिवस पर वेंक्टेश्वरा विम्स मल्टीस्पेशियलिटी हॉस्पिटल की ओर से अमरोहा के गजरौला, नयी बस्ती में मरीजों की जांच कर उन्हें निःशुल्क दवाइया वितरित की गईं। वेंक्टेश्वरा समूह के संस्थापक अध्यक्ष डॉ. सुधीर गिरि ने कहा कि दमा एवं खतरनाक फेफड़ों के संक्रमण से जूझ रहे कई आयुष्मान कार्ड धारक मरीजों का हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया।

शुक्रवार को विश्व अस्थमा दिवस पर निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर में मरीजों की निःशुल्क मेडिकल जांच एवं उपचार कर उन्हें दवाएं दी गईं। इसके साथ दमा रोग, श्वांस रोग, टीबी एवं फेफड़ों के संक्रमण से जूझ रहे मरीजों को विम्स हॉस्पिटल में भर्ती कराया। स्वास्थ्य शिविर का आरंभ संस्थापक अध्यक्ष डॉ. सुधीर गिरि, प्रतिकुलाधिपति डॉ. राजीव त्यागी, मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉ. आईबी राजू, एमए चौधरी आदि ने फीता काटकर किया। इस अवसर पर चिकित्सकों की टीम में डॉ. ईकराम ईलाही, डॉ. मानिक त्यागी, डॉ. शिवम अग्रवाल, डॉ. रोहन त्यागी, डॉ. रवि मोहन, डॉ. मोनिका देशवाल, डॉ. शाहिद मीर, डॉ. प्राची त्यागी, डॉ. वारिस बिलाल आदि मौजूद रहे।

गजरौला में स्वास्थ्य शिविर में जांच करती चिकित्सक। ● अमृत विचार

गांव में तेंदुए की दस्तक से ग्रामीणों में दहशत

नौगांवा सादात, अमृत विचार : थाना नौगांवा सादात क्षेत्र के ग्राम मिलक बादशाहपुर में तेंदुए की दस्तक से ग्रामीण परेशान है। बादशाहपुर निवासी मोनू सैनी फूल बेचने का काम करता है। मोनू सैनी ने बताया कि बगीचे में तेंदुए ने दो कुत्तों को निवाला बनाया था। जिनके अवशेष उनके बगीचे में पड़े मिले। इतना ही नहीं गुरुवार रात्रि में 10 बजे बादशाहपुर निवासी वीर सिंह जाटव के घर में दीवार फांदकर तेंदुआ घुस आया। वीर सिंह बकरियां पालने का काम करते हैं। उनकी पत्नी उसे समय जाग रही थी उसने वीर सिंह को उठाया और शोर मचाया। शोर मचाते ही ग्रामीण लाठी-डंडे लेकर दौड़ पड़े और तेंदुआ दीवार फांदकर जंगल की ओर भाग गया। ग्रामीणों ने वन विभाग के अधिकारियों को सूचना दी, लेकिन वन विभाग के अधिकारियों ने गांव में पिंजरा लगाने की जहमत नहीं समझी।

स्टाफ की कमी के कारण रोडवेज की 10 नई बसें लेने से किया इनकार

कार्यालय संवाददाता, अमरोहा

अमृत विचार : शासन के निर्देश पर परिवहन निगम ने अमरोहा डिपो को 10 नई बसें उपलब्ध कराने की मंजूरी दी थी। लेकिन नई बसों को सहायक क्षेत्रीय प्रबंधक ने स्टाफ की कमी के कारण लेने से इनकार कर दिया।

क्षेत्रीय सहायक प्रबंधक मोहम्मद शफी ने बताया कि शासन के निर्देश पर अमरोहा डिपो को अप्रैल में 10 नई बसें उपलब्ध कराने की मंजूरी परिवहन निगम द्वारा गई थी। इन बसों को लखनऊ से अमरोहा डिपो भेजने की तैयारी भी थी। इसको लेकर क्षेत्रीय सहायक प्रबंधक ने परिवहन निगम के वरिष्ठ अधिकारियों को अवगत कराया है कि अमरोहा डिपो में चालक और परिचालकों की कमी है। जिस कारण पुरानी बसें भी मार्ग पर नहीं चल पा रही हैं। उन्होंने कहा कि वर्कशॉप में पुरानी बसें खड़ी हुई हैं। जिनकी नीलामी नहीं हो सकी और नई बसों को खड़ा करने को वर्कशॉप में जगह भी नहीं है। सहायक क्षेत्रीय प्रबंधक ने बताया कि डिपो के पास 80 बसें पहले से हैं। जिनको चलाने के लिए स्टाफ की कमी है। इसके अलावा सवारियां न मिलने के कारण डिपो की आमदनी भी नहीं बढ़ पा रही है। बसें डिपो पर स्टाफ न होने के कारण खड़े रहतीं और निगम डिपो के अधिकारियों से हर महीने आमदनी की रिपोर्ट मांगी जाती। इससे विभाग का नुकसान होता। इसलिए अमरोहा डिपो को मिलने वाली 10 नई बसों को मना कर दिया गया है।

अमरोहा में रोडवेज बस स्टैंड। ● अमृत विचार

कार सवारों का रास्ता रोककर की मारपीट

अमरोहा, अमृत विचार: नौगांवा क्षेत्र में रास्ता घेरकर कार सवारों के साथ मारपीट की गई। पुलिस ने मामले में तीन लोगों पर रिपोर्ट दर्ज की है।

थाना नौगांवा सादात क्षेत्र के गांव बांसखेड़ी के गौरव कुमार अपने बेटे आर्यन का दाखिला कराने के लिए धनौरा जा रहे थे। जैसे ही वह गांव से बाहर पहुंचे तो गांव के हुकुम सिंह, चरण सिंह और रवि ने रास्ता घेर लिया। तीनों लोगों ने उसके साथ गाली गलौज की। कहासुनी के बाद दोनों पक्ष में मारपीट होने लगी। जिसके बाद तीनों लोगों ने गौरव उसके बेटे आर्यन व महिला के साथ मारपीट की और जातिसूचक शब्दों का भी इस्तेमाल किया और फावड़े से हमला कर गौरव को घायल कर दिया। पीड़ितों ने थाने में तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। प्रभारी निरीक्षक सुधीर कुमार सिंह ने बताया कि तहरीर के आधार पर तीन लोगों पर रिपोर्ट दर्ज की गई है।

मंदिर से सबमर्सिबल पंप चोरी का खुलासा, आरोपी गिरफ्तार

संवाददाता, हसनपुर

अमृत विचार : कोतवाली पुलिस ने ई-रिक्शा एवं मंदिर से सब मर्सिबल पंप चोरी का खुलासा करते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। जबकि साथी भागने में सफल रहा। उसकी गिरफ्तारी के लिए पुलिस कोशिश कर रही है।

ज्ञात हो कि 27 अप्रैल को नगर पुलिस चौकी के सामने स्थित शिव मंदिर के प्रांगण से चोरों ने सब मर्सिबल पंप चोरी कर लिया गया था। शुक्रवार सुबह नगर के अमरोहा मार्ग स्थित सब्जी मंडी से ग्राम पिपलौती खुर्द निवासी मंजूर पुत्र मकसूद की ई रिक्शा चोरी हो गई थी। पीड़ित ने कोतवाली पहुंचकर चोरी की सूचना दी थी। चोरी की सूचना मिलते ही पुलिस ने खोजबीन शुरू कर दी गई। इसी बीच गश्त के दौरान कस्बा इंचार्ज संदीप कुमार को ईदगाह मार्ग पर दो युवक ई-रिक्शा के साथ खड़े हुए नजर आए। पुलिस को देखकर वह भागने की कोशिश करने लगे। जिस पर एक युवक को पुलिस ने पकड़ लिया तथा एक भागने में सफल रहा। युवक ने नाम उमर पुत्र महफूज निवासी चामुंडा रोड हसनपुर बताया। उसने फरार युवक का नाम ईश्वर पुत्र जगराम बताया। पकड़े आरोपी उमर ने 27 अप्रैल को शिव मंदिर से सब मर्सिबल एवं शुक्रवार को मंडी समिति से ई रिक्शा की चोरी को करना स्वीकार किया। निशानदेही पर सब मर्सिबल एवं ई-रिक्शा को बरामद किया। घटना का खुलासा करते हुए कस्बा इंचार्ज संदीप कुमार ने पूरे मामले की जानकारी दी। प्रभारी निरीक्षक सनोज प्रताप सिंह ने बताया कि मंदिर के सब मर्सिबल एवं ई रिक्शा चोरी की घटना का खुलासा कर एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। उससे चोरी का सब मर्सिबल पंप एवं ई-रिक्शा बरामद हुई है। इसका एक साथी फरार है।

10 हजार की नकदी समेत घर से छह लाख रुपये का सामान चोरी

संवाददाता, गजरौला

अमृत विचार : चोरों ने गुरुवार रात एक घर के दो कमरों से 10 हजार रुपये की नकदी व सोने-चांदी के जेवर समेत छह लाख रुपये का सामान साफ कर लिया। सुबह परिजनों ने कमरे का सामान बिखरा देखा, तो चोरी की जानकारी हुई। मौके पर पहुंची पुलिस ने जानकारी की।

थाना क्षेत्र के गांव बसैली निवासी नाजिम व जावेद अपने परिवार के साथ कमरे के बाहर सो रहे थे। रात में किसी समय चोर घर के टूटे दरवाजे से अंदर दाखिल हो गए। चोरों ने दो कमरों के अंदर रखी अलमारी का ताला तोड़कर 10 हजार रुपये की नकदी, सोने-चांदी के आभूषण समेत करीब छह लाख रुपये का सामान साफ कर लिया। शुक्रवार सुबह नाजिम जब सोकर उठा तो कमरों के अन्दर का सामना बिखरा हुआ था। पीड़ित ने घटना की तहरीर पुलिस को देकर कार्रवाई की मांग की है। इससे पहले भी 11 जनवरी को गांव बसैली निवासी फुरकान की दुकान से छह बकरियां चोरी हो गई थीं। 15 जनवरी को साजिद उर्फ सज्जाद सैफी के एमएमएस स्कूल से 10 हजार रुपये की नकदी समेत करीब एक लाख रुपये का सामान चोरी कर लिया था। 25 मार्च को इशरत अली के घर से सेफ का लाक तोड़कर दो लाख 85 हजार रुपये नकदी व सोने चांदी के जेवर समेत करीब 11 लाख रुपये का सामान चोरी हो गया था। चोरी की घटनाओं से ग्रामीणों में नाराजगी है। प्रभारी निरीक्षक हरीश वर्धन ने बताया कि मामले में जांच कर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

गजरौला में चोरी की जानकारी देता गृह स्वामी। ● अमृत विचार

वाहन की टक्कर से फैक्ट्रीकर्मी की मौत

कार्यालय संवाददाता, अमरोहा

अमृत विचार : नेशनल हाइवे पर पिकअप ने स्कूटी सवार को टक्कर मार दी। हादसे में फैक्ट्रीकर्मी की मौत हो गई। पोस्टमार्टम के बाद परिजन शव को घर ले आए और संस्कार कर दिया। मामले में अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की गई है।

हादसा डिडौली कोतवाली क्षेत्र के दिल्ली लखनऊ नेशनल हाइवे पर हुआ। क्षेत्र के गांव तोहफापुर भवानीपुर में ओमकार शर्मा का परिवार रहता है। परिवार में उनकी पत्नी के अलावा दो बेटे व एक बेटी है। वह डिडौली क्षेत्र में ही हाइवे किनारे स्थित फैक्ट्री में नौकरी करते थे। बुधवार रात वह ड्यूटी पूरी कर अपनी स्कूटी से घर वापस लौट रहे थे। इस दौरान जब वह नेशनल हाइवे पर गांव नीलीखेड़ी के सामने पहुंचे तभी तेज रफ्तार पिकअप ने उनकी स्कूटी में टक्कर मार दी। सड़क हादसे में ओमकार शर्मा गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना पर पहुंची पुलिस व परिजन उन्हें सीएचसी में लेकर पहुंचे जहां उन्हें उपचार के लिए मुरादाबाद के निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया। सिर में गहरी चोट लगने की वजह से गुरुवार रात उपचार के दौरान उनकी मौत हो गई। सड़क हादसे में ओमकार शर्मा की मौत के बाद परिवार में कोहराम मच गया। पत्नी व बच्चों का बुरा हाल है। पोस्टमार्टम के बाद परिजन शव घर लेकर आए और शुक्रवार सुबह अंतिम संस्कार किया।

प्रभारी निरीक्षक पंकज तोमर ने बताया कि तहरीर के आधार पर अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की गई है। मामले की जांच की जा रही है।

अलग-अलग दुर्घटनाओं में चार लोग घायल

हसनपुर, अमृत विचार : अलग-अलग सड़क दुर्घटनाओं में महिला समेत चार लोग घायल हो गये। दो को मेरठ रेफर किया गया है। रहरा थाना क्षेत्र के गांव फूलपुर निवासी जसवंत अपने पड़ोसी दुलीराम के साथ बाइक पर गजरौला से लेकर गुरुवार रात घर को लौट रहा था। जिसकी हाकमपुर तिराहे के समीप सामने से आ रही बाइक से टक्कर हो गई। जिसमें जसवंत और पीछे बाइक पर बैठा दुलीराम सड़क पर गिरकर घायल हो गये। राहगीरों ने घायलों को उठाकर चिकित्सक के पास उपचार के लिए भर्ती कर दिया। इसके अलावा नगर के मोहल्ला लालबाग निवासी सुल्तान अपनी पत्नी जीनत के साथ बाइक से सैदनगली से घर को आ रहा था। संभल हसनपुर मार्ग पर खुलेला पुल के समीप अचानक बाइक के आगे कुत्ता आ गया। जिससे वह फिसल कर सड़क पर गिर गई। जिसके चलते सुलेमान चोटिल हो गया। यहां भी राहगीरों ने घायल सुलेमान को उपचार के लिए निजी चिकित्सक के पास भर्ती करा दिया। जीनत व सुल्तान को उपचार के लिए चिकित्सकों ने मेरठ के लिये रेफर किया है।

धनौरा के जयप्रकाश का था तिगरी में मिला शव

मंडी धनौरा, अमृत विचार: गंगा धाम तिगरी में मिले युवक के शव की शिनाख्त परिजनों द्वारा धनौरा के मोहल्ला महादेव निवासी जयप्रकाश पुत्र महेश चंद्र के रूप में कर ली गई है। बताते चले कि 25 अप्रैल को जयप्रकाश के गुम हो जाने की गमशुदगी परिजनों ने थाने में दर्ज कराई गई थी।

वहीं मंगलवार को गंगा धाम तिगरी में पुलिस को अज्ञात युवक का शव पानी में उतरता मिला था। पुलिस ने शव की शिनाख्त करने का प्रयास किया था, लेकिन शव की शिनाख्त नहीं हो सकी थी। पुलिस ने शव को मोर्चरी भेज दिया था। शुक्रवार को जानकारी होने पर पहुंचे परिजनों ने शव की शिनाख्त जयप्रकाश के रूप में की। इंस्पेक्टर दिनेश शर्मा ने बताया कि जयप्रकाश की मौत का कारण अभी स्पष्ट नहीं है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद आगे की कार्यवाही होगी।

जर्जर तार बदले जाने से छह घंटे बिजली आपूर्ति ठप

कार्यालय संवाददाता, अमरोहा

अमृत विचार : नगर के विद्युत उपकेंद्र दाऊद सराय क्षेत्र में बिजली लाइन के जर्जर तारों एवं बिजली के खंभों को बदलने के लिए कार्य किया गया। इस दौरान क्षेत्र की बिजली आपूर्ति को छह घंटे के लिए बंद कर दिया गया था।

शुक्रवार को विद्युत वितरण खंड अधिकारी जीडी प्रजापति ने बताया कि गर्मी में बिजली लाइन में होने वाले फाल्ट की समस्या को दूर करने के लिए जर्जर तारों को बदलने का कार्य विभाग द्वारा किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि शुक्रवार को विद्युत उपकेंद्र दाऊद सराय क्षेत्र की बिजली आपूर्ति को सुबह 10 बजे से लेकर शाम चार बजे तक बंद रखा गया। बिजली आपूर्ति को बंद रखने की जानकारी क्षेत्र के बिजली उपभोक्ताओं को पहले ही दे दी गई थी। जिससे कि उपभोक्ता सुबह 10 बजे से पहले ही अपने घर के कार्य को पूरा कर सकें। उन्होंने बताया कि बिजली लाइन के तारों को बदलने का कार्य एनसीसी कंपनी द्वारा किया जा रहा है। कंपनी को जर्जर तार बदलने की जिम्मेदारी पावर कॉरपोरेशन लिमिटेड द्वारा दी गई है। उन्होंने बताया कि यह कार्य पूरे जिले में किया जाएगा। गर्मी के दौरान बिजली लाइन पर अधिक लोड बढ़ाने के कारण फाल्ट होने की समस्या आए दिन उत्पन्न होती थी। इससे उपभोक्ताओं को परेशानी का सामना करना पड़ता था। इस समस्या को दूर करने के लिए जर्जर तारों को बदलने का कार्य किया जा रहा है। गर्मी के मौसम में हर घर में पंखे, कूलर और फ्रिज प्रयोग किया जाता है। इससे बिजली लाइन पर लोड बढ़ जाता है और फाल्ट होने की आशंका बनी रहती है।

सार-संक्षेप

मंदिर प्रबंध समिति की बैठक में बोलते अध्यक्ष। ● अमृत विचार

10 मई को मनाई जाएगी अक्षय तृतीया

अमरोहा, अमृत विचार : भगवान श्री परशुराम मंदिर प्रबंध समिति कार्यकारिणी की बैठक समिति के अध्यक्ष विजय चतुर्वेदी के आवास पर हुई। जिसमें कार्यकारिणी के सदस्यों ने 10 मई को अक्षय तृतीया को भगवान परशुराम के जन्मोत्सव के उपलक्ष्य में होने वाले कार्यक्रम के बारे में विचार रखे। वक्ताओं ने कहा कि जलाभिषेक, श्रृंगार, माल्यार्पण भगवान श्री परशुराम दीप प्रज्वलन सुबह 10 बजे किया जाएगा। इसके बाद हवन, दोपहर में आरती और फिर सहभोज होगा। बैठक में पंडित कपिल शर्मा, सुशील शर्मा, योगेंद्र कुमार शर्मा, आशुतोष त्रिवेदी, अतुल पंडित, जय प्रकाश शर्मा, चंद्रशेखर शर्मा (मुन्ना), अरविंद श्रोत्रीय, प्रतुल शर्मा, सुभाष शर्मा, पीयूष शर्मा, संजय भारद्वाज, वासु दीक्षित, आदि उपस्थित रहे।

लाडनपुर में एसबीआई का ग्राहक सेवा केंद्र शुरु

कैसरा, अमृत विचार : भारतीय स्टेट बैंक ने ग्राम लाडनपुर में क्षेत्र की जनता के लिए बैंकिंग सेवा प्रदान करने के उद्देश्य से धनौरा शाखा से संबद्ध एक और ग्राहक सेवा केंद्र का आरंभ किया है। भारतीय स्टेट बैंक शाखा धनौरा के शाखा प्रबंधक नितिन कुमार ने धनौरा रोड ग्राम लाडनपुर चौराहे पर नए ग्राहक सेवा केंद का उद्घाटन किया। ग्राहक सेवा केंद्र के इंचार्ज मनोज कुमार है। शाखा प्रबंधक नितिन कुमार ने कहा कि इन ग्राहक सेवा केंद्रों पर प्रतिदिन अधिकांश बैंकिंग सुविधाएं उपलब्ध हैं। कोई भी खाताधारक अपने आधार प्रमाण विधि से प्रतिदिन रुपये 30,000 तक का नकद जमा, नकद भुगतान और ट्रांसफर कर सकता है। इन ग्राहक सेवा केंद्रों पर नए बचत खाते, पास बुक प्रिंटिंग, अटल पेंशन बीमा योजना आदि सुविधाएं उपलब्ध रहेंगी। इस मौके पर मणिपाल कंपनी के एरिया मैनेजर विजय पाल, शिव वीर सिंह, शेक मोहम्मद उजैर, राजकुमार आदि मौजूद रहे।

कुएं में गिरी नीलगाय को बाहर निकाला

कुंए में गिरी नीलगाय। ● अमृत विचार

हसनपुर, अमृत विचार : कोतवाली क्षेत्र के गांव माछरा भगवानपुर में नीरज का बाग है। बाग में एक सूखा कुआं है। गुरुवार रात किसी समय नीलगाय कुएं में गिर गई। उसने कुएं से निकलने की कोशिश की, जिसके कारण वह घायल भी हो गई। शुक्रवार सुबह जब ग्रामीण बाग में पहुंचे तो उन्होंने देखा कि कुएं में नीलगाय गिरी हुई है। ग्रामीणों ने इसकी सूचना वन विभाग को दी। सूचना पर वन विभाग के कर्मचारी ताहिर हुसैन मौके पर पहुंचे और ग्रामीणों की मदद से कुएं में पानी भर कर नीलगाय को बाहर निकाला।

थाने के बाहर खड़ी मिट्टी से भरी ट्रैक्टर-ट्राली। ● अमृत विचार

अवैध खनन में तीन ट्रैक्टर-ट्राली पकड़ीं

हसनपुर, अमृत विचार : नगर के रहरा मार्ग स्थित गांव में देर रात अवैध खनन की सूचना पर कोतवाली पुलिस ने तीन ट्रैक्टर-ट्रालियों को पकड़ लिया था, लेकिन सुबह परमिशन से खनन की बात कहते हुए तीनों ट्रैक्टर-ट्रालियों को छोड़ दिया। हसनपुर कोतवाली क्षेत्र में अवैध खनन का काम राजनीतिक संरक्षण के चलते दिन में ही हो रहा हैं। नगर के रहरा मार्ग स्थित तीसरे मिल के निकट पुलिस ने गुरुवार रात अवैध खनन कर रही तीन ट्रैक्टर ट्राली को पकड़ लिया था। लेकिन शुक्रवार सुबह कोतवाली पुलिस परमिशन होने की बात कहने लगी और तीनों ट्रैक्टर ट्राली को छोड़ दिया। सूत्रों के अनुसार बताया जा रहा है कि नगर के रहरा मार्ग स्थित गांव में सत्ताधारी दल के वरिष्ठ नेता की जमीन में पिछले तीन दिनों से भराव चल रहा है और उसी के फोन पर कोतवाली पुलिस ने तीनों ट्रैक्टर ट्राली छोड़े गए हैं। वहीं वरिष्ठ उप निरीक्षक शोकेंद्र बालियान ने बताया कि खनन विभाग की अनुमति के आधार पर कार्य किया जा रहा था। इसलिए तीनों ट्रैक्टर ट्राली छोड़ दिए गए।

छेड़छाड़ के आरोपी पर कार्रवाई की मांग को लेकर प्रदर्शन

हसनपुर, अमृत विचार : थाना सैदनगली के गांव में कुछ लोगों ने महिला से छेड़छाड़ व अश्लील हरकत की थी। इस मामले में एक महीने बाद भी पुलिस चौकी द्वारा कोई कार्रवाई न करने से नाराज पीड़ित महिला के परिजनों ने सीओ कार्यालय के बाहर प्रदर्शन कर कार्रवाई की गुहार लगाई। महिला के परिजनों ने उझारी चौकी पुलिस पर गंभीर आरोप लगाए। शुक्रवार को पुलिस क्षेत्राधिकारी कार्यालय पर गांव के ग्रामीण एकत्र हुए और उझारी चौकी पुलिस पर कार्रवाई न करने एवं झूठे मुकदमे में फंसवाने की धमकी का आरोप लगाते हुए प्रदर्शन कर आरोपी के खिलाफ कार्रवाई करने की मांग की। पीड़िता के पति ने बताया कि आठ अप्रैल को उसकी पत्नी व पुत्री खेत से गेहूं काट कर आ रही थीं। रास्ते में दो आरोपियों ने उसकी पत्नी व बेटी के साथ अश्लील हरकत एवं छेड़खानी की घटना को अंजाम दिया। इसके बाद पीड़िता अपने पति के साथ उझारी पुलिस चौकी पहुंची और आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की गुहार लगाई। लेकिन लगभग एक महीने बाद जब सुनवाई नहीं हुई तो वह फिर पुलिस चौकी पहुंची तो चौकी इंचार्ज द्वारा उसको झूठे मुकदमे में फंसाने की धमकी दी गई। इसके बाद वह परिजनों के साथ सीओ कार्यालय पहुंची और प्रदर्शन कर प्रार्थना पत्र देकर न्याय की गुहार लगाई।

प्रश्न का उत्तर नहीं बताने पर छात्र को पीटा

घायल छात्र। ● अमृत विचार

हसनपुर, अमृत विचार : सवाल का जवाब न देने से नाराज शिक्षक ने कक्षा चार के छात्र को डंडे से पीट दिया। पीड़ित छात्र के पिता ने कोतवाली में तहरीर दी है। थाना रजबपुर क्षेत्र के गांव तसिया निवासी ओंकार ने बताया वह मजदूरी करते हैं। बताया कि उनका पुत्र जतिन (9) हसनपुर कोतवाली क्षेत्र के गांव के पब्लिक स्कूल में कक्षा चार का छात्र हैं। शुक्रवार को उनका पुत्र स्कूल पढ़ने गया था। जहां विज्ञान के शिक्षक के पूछे गए सवाल का जवाब नहीं दे पाया। आरोप है कि इससे नाराज शिक्षक ने गाली-गलौज करते हुए बालक को डंडों से पीटा। शिक्षक की पिटाई से छात्र की कमर में निशान पड़ गए। पिता ओंकार जानकारी होने पर स्कूल पहुंचकर विद्यालय स्टाफ से इस मामले में जानकारी की तो अध्यापक ने परिजनों को बताने पर अभद्र भाषा का प्रयोग किया।

जोया ब्लाक सभागार में बैठक में मौजूद पदाधिकारी। ● अमृत विचार

जोया ब्लाक में समन्वय समिति का गठन

अमरोहा, अमृत विचार : जोया ब्लॉक के सभागार में ग्राम पंचायत अधिकारी संघ और ग्राम विकास अधिकारी संघ की संयुक्त बैठक हुई। जिसमें समस्याओं को लेकर चर्चा की गई। शुक्रवार को ब्लॉक के सभागार में संयुक्त बैठक में उपस्थित ग्राम पंचायत अधिकारी एवं ग्राम विकास अधिकारी ने समस्याएं उठाईं और उनके समाधान किए जाने की मांग रखी। ग्राम विकास अधिकारी विजेंद्र सिंह त्यागी ने बताया कि बैठक में समन्वय समिति का गठन भी किया। जिसमें विजेंद्र सिंह त्यागी को जिला अध्यक्ष, उपेंद्र यादव महामंत्री, राजकुमार सैनी उपाध्यक्ष, राजपाल सिंह उपाध्यक्ष, सहरोज अली उपाध्यक्ष, जाहिद खान उपाध्याय नियुक्त किया गया है।

एक नजर

चुनाव को लेकर डीएल के स्लॉट किए रीशेड्यूल

संभल अमृत विचार : जनपद संभल में लोकसभा चुनाव के लिए वाहनों की व्यवस्था के मद्देनजर परिवहन विभाग ने तीन तिथियों के बुक लाइसेंस के स्लॉट रीशेड्यूल किए हैं। एआरटीओ प्रशासन डॉ.पीके सरोज ने बताया कि 4 मई को बुक लाइसेंस के स्लॉट (डीएल रिन्युवल, डीएल लर्निंग) 8 मई को, 6 मई को बुक स्लॉट 9 मई को, 7 मई को बुक स्लॉट 10 मई के लिए रीशेड्यूल किए गए हैं। आवेदक इन्हीं तिथियों में कार्यालय आकर सभी औपचारिकताएं पूर्ण कराएंगे।

ई-रिक्शा की टक्कर से युवक घायल

संभल, अमृत विचार : हजरतनगर गढ़ी थाना क्षेत्र के गांव शाहपुर चामरान निवासी रोहित शुक्रवार को किसी काम से थाना क्षेत्र के गांव मिलक सिरसी निवासी अपनी बहन अनु पत्नी विजय कुमार के साथ संभल आया था। सदर कोतवाली क्षेत्र में यशोदा चौराहे से शंकर चौराहे की ओर जाते समय ई-रिक्शा ने रोहित में टक्कर मार दी। जिससे रोहित गंभीर रुप से घायल हो गया। टक्कर मारने के बाद ई-रिक्शा लेकर भागने की कोशिश कर रहे चालक को अनु ने पकड़ लिया। जिसके बाद चालक ने रोहित को ई-रिक्शा में बैठाकर उपचार के लिए जिला अस्पताल पहुंचाया।

चाइनीज मांझे की चपेट में आकर कटी युवक की गर्दन

संभल, अमृत विचार : सदर कोतवाली क्षेत्र में संभल मुरादाबादा मार्ग पर स्थित एटीएम से रुपये निकालने जा रहा ससुराल आया बाइक सवार युवक की चाइनीज मांझे से गर्दन कट गई। वह गंभीर रूप से जख्मी हो गया। अमरोहा निवासी फैसल अली शुक्रवार को संभल कोतवाली क्षेत्र के मुहल्ला कोटगर्वी में स्थित अपनी ससुराल आया था। देर शाम फैसल अली मुहल्ला हल्लूसराय में चौधरी चरण सिंह पार्क के पास लगे एटीएम से रुपये निकालने बाइक से जा रहा था। संभल मुरादाबाद मार्ग पर स्थित जनता पेट्रोलपंप के पास अचानक से फैसल अली की गर्दन चाइनीज मांझे में फंस गई। जिससे बाइक अनियंत्रित होकर डिवाइडर से टकरा गई और फैसल अली की गर्दन में चाइनीज मांझे ने जख्म कर दिया। सूचना पर फैसल अली के ससुराल वाले मौके पर पहुंचे और आनन फानन में फैसल अली को उपचार के लिए निजी अस्पताल में भर्ती कराया।

कैला देवी धाम पर जनसभा में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव को गदा भेंट करते पार्टी नेता। ● अमृत विचार

कैला देवी धाम पर जनसभा में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का संबोधन सुनकर नारे लगाते उत्साहित कार्यकर्ता। ● अमृत विचार

नये उत्तर प्रदेश में नये संभल का सपना दिखा गये योगी आदित्यनाथ

कहा, नये भारत में नया उत्तर प्रदेश और नये उत्तर प्रदेश में नये संभल की होगी अपनी पहचान

भीष्म सिंह देवल,संभल

अमृत विचार: उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने यादव बाहुल्य संभल व गुन्नौर में जनसभाओं के दौरान जहां सपा कांग्रेस पर तीखे हमले किये। आस्था के सम्मान की बात कर जहां अयोध्या में श्री राम मंदिर निर्माण,काशी विश्वनाथ धाम निर्माण व उज्जैन में महाकाल के महालोक निर्माण का जिक्र किया वहीं मथुरा में श्री कृष्ण व संभल में कल्कि के धाम निर्माण का भी संकल्प दोहराया।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अपने संबोधन की शुरुआत में कहा कि कलयुग में भगवान श्री कल्कि का इसी संभल के अंदर अवतार होना है। जोर देकर कहा कि अवतार की धरती कोई और नहीं है यही संभल है।

कैला देवी के महंत ऋषिराज गिरी महाराज जिस लड़ाई को लड़ रहे हैं आपके दम पर इसी संभल में वह चमत्कार होने वाला है। इसीलिए संभल का अपना महत्व हमारे लिए है। नए भारत में नया उत्तर प्रदेश और नए उत्तर प्रदेश में नए संभल की भी अपनी पहचान होनी चाहिए। कहा कि तीसरे चरण में आपको संभल में भी चुनाव करना है अब तक का जो रुझान है वह रुझान एक स्वर में पूरा देश बोल रहा है कि फिर एक बार मोदी सरकार। निशाना साधते हुए उन्होंने कहा कि संभल में जिनको भारत माता की जय जयकार करने में संकोच होता हो उनको भारत की संसद में जाने का अधिकार भी नहीं होना चाहिए। जिनको भारत का राष्ट्रगान और राष्ट्रगीत पसंद नहीं, भारत का संविधान पसंद नहीं, जो भारत माता के प्रति सम्मान का भाव नहीं रख सकते, विकसित भारत के बारे में जिनके मन में आदर का भाव नहीं है उनको देश की संसद ही नहीं भारत की धरती पर भी रहने का अधिकार नहीं होना चाहिए। यह नया भारत देश की समृद्धि और सम्मान को भी रखना जानता है और देश के गद्दारों से निपटना अभी जानता है।



जनसभा को संबोधित करते उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ।

जनसभा का संबोधित करते मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव। ● अमृत विचार

यदुवंशी वह जो धर्म के मार्ग पर चले : मोहन यादव

बबराला/कैला देवी, अमृत विचार : मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री डा. मोहन यादव ने कैला देवी व बबराला में जनसभाओं को संबोधित करते हुए समाजवादी पार्टी व कांग्रेस पर निशाना साधकर उन्हें परिवारवादी पार्टी बताया।कांग्रेस पर निशाना साधते हुए उन्होंने कहा कि पाकिस्तान की सीमा पर हमारे सैनिकों के सर काट कर ले जाते थे। कांग्रेस की सरकार कहती थी हम क्या करें यह तो पाकिस्तान का हाथ है, पाकिस्तान में हम क्या करें। 56 इंच सीने वाले नरेंद्र मोदी ने जब से सरकार संभाली घर में घुसकर मारने का काम किया है। उत्तर प्रदेश में योगी आदित्यनाथ ने अच्छे बच्चों को ठिकाने लगाने का काम किया है। मुख्यमंत्री मोहन यादव ने यादव मतदाताओं को साधते हुए कहा कि सच्चे यदुवंशी वह जो धर्म का काम करें। दुनिया की कोई ताकत कितनी ही बड़ी क्यों न हो हमारा मार्ग धर्म ही होना चाहिए। पांच हजार साल पहले भगवान श्री कृष्ण ने दुर्योधन का वध कर यही संदेश दिया था। अधर्म वाले से हम कभी समझौता नहीं कर सकते। 2024 का वोट गोपाल कृष्ण के धाम को मुस्कुराने के लिए मिलना चाहिए।

गंगा एक्सप्रेस वे का किया जिक्र,गिनाये विकास कार्य

संभल,अमृत विचार : मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि आते समय मैंने देखा गंगा एक्सप्रेसवे। यहां की अर्थव्यवस्था को कई गुना बढ़ाने में इसका महत्वपूर्ण योगदान होने वाला है। आपकी कनेक्टिविटी को भी है बेहतर करेगा गंगा एक्सप्रेसवे। कहा कि हाईवे बन रहे हैं, रेलवे की बेहतर कनेक्टिविटी हो रही है, एयरपोर्ट बन रहे हैं, मेडिकल कॉलेज बना रहे हैं, आईआईटी, आईआईएम, वर्ल्ड क्लास यूनिवर्सिटी बनी रही हैं और गरीब कल्याणकारी योजनाओं की तो कोई तुलना ही नहीं है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 4 करोड़ लोगों को मकान दिए गए हैं। मोदी जी ने कहा है अगले 5 साल में 3 करोड़ और नए लोगों को मकान देने का काम किया जाएगा।

पटाखा फटने पर भी पाकिस्तान देता है सफाई

संभल,अमृत विचार : मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ बोले कि 2014 के बाद भारत का सम्मान बढ़ा है, सीमाएं सुरक्षित हुई हैं, आतंकवाद और नक्सलवाद नियंत्रित हुआ है। अब तो जोर से पटाखा भी कहीं फट जाए तो पाकिस्तान सफाई देता है, कहता है कि मेरा हाथ नहीं है। पाकिस्तान को मालूम है की सफाई देने में देर हो गई तो लेने के देने पड़ जाएंगे। यह नया भारत इंतजार नहीं करता है। यदि कोई भारत की सुरक्षा में सेंध लगता है तो सेंध लगाने वाले को रसातल में भी भेजने में देर नहीं करता है।

कांग्रेस सपा का गठबंधन,अनाड़ी के हाथ में ट्रैक्टर

संभल,अमृत विचार : मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि कांग्रेस और सपा का गठबंधन ऐसे ही है जैसे किसी अनाड़ी हाथों में ट्रैक्टर दे दिया जाए और कह दिया जाए कि चला लो। तो वह किसी के ऊपर चढ़ जाएगा। यह जो दो लड़कों की जोड़ी है यह माफिया और अपराधियों को गले का हर बनाते थे, उनका महिमा मंडन करते थे। अब बेटी और व्यापारी सुरक्षित हैं, अन्नदाता किसान का सम्मान हो रहा है, नौजवान को नौकरी और रोजगार मिल रहा है। अयोध्या में रामलला विराजमान हुए हैं दूसरी तरफ माफिया और अपराधियों की राम नाम सत्य है की यात्रा भी निकल रही है।

भाजपाइयों ने किया गर्मजोशी से स्वागत

संभल,अमृत विचार : कैला देवी में आयोजित जनसभा में भाजपा प्रत्याशी परमेश्वर लाल सैनी के साथ मंच पर राज्य मंत्री गुलाबो देवी, राज्य मंत्री जसवंत सैनी, क्षेत्रीय उपाध्यक्ष राजेश सिंघल, जिला अध्यक्ष चौधरी हरेंद्र सिंह, जिला अध्यक्ष मुरादाबाद आकाश पल, राजेश यादव, डाक्टर अनामिका यादव,जिला प्रभारी हेमंत राजपूत, लोकसभा प्रभारी राकेश चौहान,पंकज गुप्ता, धर्मेन्द्र मिश्रा, भुवनेश राघव,ओमवीर खड़गबंशी,संजय सांख्यधर,मुकुल रस्तौगी आदि ने मुख्यमंत्री का स्वागत किया।

कैला देवी मंदिर में पूजा अर्चना करते मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ व मुख्यमंत्री मोहन यादव।

मुख्यमंत्री योगी व मोहन यादव ने कैला देवी धाम में की पूजा अर्चना

कार्यालय संवाददाता,संभल/सौंधन

● हवन में दीं आहुतियां,माता की प्रतिमा के सामने बैठकर की पूजा

अमृत विचार: उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ व मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव कैला देवी धाम के निकट जनसभा को संबोधित करने के लिए पहुंचे तो जनसभा संबोधन से पहले माता के मंदिर में जाकर पूजा अर्चना की। दोनों मुख्यमंत्रियों ने हवन में आहुतियां दीं और काफी देर तक पूजा अर्चना करते रहे।

जनसभा को संबोधित करने के लिए मुख्यमंत्रियों का हैलीकाप्टर शुक्रवार को दोपहर 12 बजकर 40 मिनट पर कैला देवी धाम के निकट लैंड हुआ। हैलीकाप्टर से उतरकर उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ व मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव कार में सवार हुए और पास ही कैला माता धाम मंदिर में पहुंच गये। यहां महंत ऋषिराज गिरी ने उनका स्वागत किया। योगी आदित्यनाथ व मोहन यादव ने कैला माता की पूजा अर्चना की। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ सर पर लाल कपड़ा रखकर काफी देर तक माता की पूजा अर्चना करते रहे। इसके बाद उन्होंने हवन में आहुतियां भी दीं। 25 मिनट तक पूजा अर्चना के बाद दोनों मुख्यमंत्री एक बजकर आठ मिनट पर जनसभा के मंच पर पहुंचे।

जनसभा स्थल के बाहर सपाइयों ने लगाए नारे,लहराए झंडे

संवाददाता, बबराला

अमृत विचार : सूबे के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की ज्यों ही जनसभा शुरू हुई, तो सभास्थल के बाहर कुछ युवक अखिलेश यादव जिंदाबाद, समाजवादी पार्टी जिंदाबाद के नारे लगाते हुए हंगामा करने लगे। कुछ युवक हाथों में सपा का झंडा भी लिए हुए थे।

बबराला में जनसभा स्थल कॉलेज गेट पर एक मीडिया चैनल की रिपोर्टर चुनाव को लेकर लोगों की रायशुमारी कर रही थी। इसी दौरान वहां दर्जनों युवाओं ने रिपोर्टर को घेर लिया और समाजवादी पार्टी व अखिलेश यादव जिंदाबाद के नारे गूंजने लगे।

रिपोर्टर युवाओं की भीड़ से बचने के लिए इंदिरा चौक पर खड़ी कार में बैठ कर चली गई। लेकिन सपा समर्थक इंदिरा चौक पर भी नारेबाजी करते रहे। इसके बाद सपा समर्थकों की भीड़ विधायक रामखिलाड़ी यादव के आवास पर जा पहुंची। बाबूराम सिंह इंटर कॉलेज गेट पर सपा समर्थकों की नारेबाजी काफी देर तक चली।

बबराला में मुख्यमंत्री के आगमन में विलंब पर पेड़ के नीचे सोते भाजपा कार्यकर्ता। ● अमृत विचार

- रायशुमारी कर रही चैनल की रिपोर्टर को युवाओं ने घेरा
- इसके बाद विधायक राम खिलाड़ी यादव के आवास पर पहुंचे

सीएम के इंतजार में सो गये कार्यकर्ता

बबराला,अमृत विचार : सीएम योगी आदित्यनाथ और मोहन यादव तय समय से काफी विलंब से पहुंचे। गांव देहात से बुलाए गए तमाम लोग सभास्थल इंटर कॉलेज में सुबह दस बजे से ही पहुंचने शुरू हो गये। मुख्यमंत्री के आने में देरी का पता चलने पर तमाम लोग मैदान में ही सो गए। मुख्यमंत्री की जनसभा के मद्देनजर पुलिस प्रशासन ने इंदिरा चौक पर दुकानों को बंद कराने के साथ ही रेहड़ी पटरी वालों को भी हटा दिया था। जनसभा में शामिल होने के लिए काली शर्ट, पैंट पहन कर गए लोगों को पुलिस ने गेट से ही लौटा दिया। सभास्थल पर प्रेस गैलरी बनाई गई थी लेकिन स्थानीय पत्रकारों को पास दिखाने पर ही अंदर जाने को बोला गया।

हेलीपैड के विवाद को लेकर आमने सामने आए सपा भाजपा कार्यकर्ता

संवाददाता, संभल/बबराला

● मामला बढ़ा तो सपा नेता शिवपाल सिंह यादव भी बबराला पहुंच गए।

अमृत विचार: मुख्यमंत्री योगी अदित्यनाथ की जनसभा के लिए बनाये गए हैलीपैड भरपूर मुख्यमंत्री अखिलेश यादव का हेलीकॉप्टर उतरने को लेकर सपा- भाजपा कार्यकर्ता आमने-सामने आ गए।

शुक्रवार को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का हेलिकॉप्टर उतारने के लिए एक खेत में हेलीपैड बनाया गया था। शनिवार को बबराला में सपा मुखिया अखिलेश यादव की जनसभा को देखते हुए सपा के नेता इसी हेलीपैड पर अखिलेश यादव का हेलीकॉप्टर लैंड कराने की तैयारी में थे। इस बीच शुक्रवार शाम को भाजपा कार्यकर्ताओं ने हेलीपैड की ईंटें उखड़नी शुरू कर दीं। सपा समर्थकों ने इसका विरोध शुरू किया तो बात बढ़ गई। दोनों ही पार्टियों के कार्यकर्ता हेलीपैड स्थल पर पहुंचे तो दोनों पक्षों में नोकझोंक भी हुई। इस बीच विवाद की जानकारी मिलने पर समाजवादी पार्टी नेता शिवपाल सिंह यादव भी बबराला पहुंच गए और उन्होंने पुलिस प्रशासनिक अधिकारियों से वार्ता की। इसके बाद देर रात में भारतीय जनता पार्टी कार्यकर्ताओं ने हेलीपैड बनाने के लिए लगाई गई अपनी ईंटें उखड़नी शुरू की तो समाजवादी पार्टी कार्यकर्ताओं ने इस जगह पर नई ईंटें मंगा कर हेलीपैड बनाने का काम शुरू कर दिया। समाजवादी पार्टी के नेताओं का कहना है कि उन्होंने भाजपा के लोगों को हेलीपैड बनाने के लिए आधा पैसा दिया था ,वहीं भाजपा कार्यकर्ताओं का कहना है कि मुख्यमंत्री के लिए हेलीपैड बनाया गया था अब जनसभा हो गई तो वह हेलीपैड की ईंटें उखाड़ कर ले जा रहे हैं।

सार-संक्षेप

मुख्यमंत्री के आगमन को लेकर भाकियू असली पदाधिकारी किए नजरबंद

संभल, अमृत विचार : मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के कैला देवी धाम के निकट जनसभा को संबोधित करने को लेकर पुलिस प्रशासन अलर्ट मोड पर रहा। पुलिस ने भारतीय किसान यूनियन असली के पदाधिकारियों को नजरबंद रखा।पुलिस ने गुरुवार को देररात से भाकियू असली के जिलाध्यक्ष राजपाल सिंह यादव और वरिष्ठ जिला उपाध्यक्ष जयवीर सिंह यादव को उनके घरों पर नजरबंद कर लिया। दोनों पदाधिकारियों को शुक्रवार तक नजरबंद रखा गया। भाकियू असली के पश्चिमी उत्तर प्रदेश प्रभारी चौधरी संजीव गांधी ने कहा कि संगठन का किसी भी राजनीतिक दल के साथ उठना बैठना नहीं है। फिर भी पदाधिकारियों को प्रशासन द्वारा नजरबंद किया गया। भाकियू असली किसानों के हक की लड़ाई लड़ रही है। किसानों की जायज मांग को सरकार के समक्ष रखने का काम हो रहा है।

बिना हेलमेट पर 45 वाहनों का चालान, समझाए नियम

संभल,अमृत विचार : द्वितीय सड़क सुरक्षा पखवाड़ा में परिवहन विभाग के अधिकारियों ने शुक्रवार को भी चेकिंग अभियान चलाया। लोगों द्वारा बिना हेलमेट सफर करने को लेकर 45 वाहनों का चालान किया गया। यातायात नियमों के प्रति जागरूक किया। अधिकारियों ने कहा कि वाहन चलाते समय मोबाइल का प्रयोग न किया जाए। तेज गति से वाहन न चलाएं। इंडिकेटर का प्रयोग करने, स्टंट नहीं करने, सही तरीके से ओवरटेक करने, सड़क पर वाहन अपनी लाइन में चलाने की जानकारी दी। रोडवेज बस अड्डे पर बस चालकों, परिचालकों और यात्रियों को यातायात नियमों का पालन करने के लिए जागरूक किया। इस दौरान एआरटीओ प्रवर्तन जेपी गुप्ता, पीटीओ एमआबदीन अहमद और प्रवर्तन कर्मचारी रहे।

दूसरे दिन 138 होमगार्ड ने पोस्टल बैलट से किया मतदान

बहजोई, अमृत विचार : लोकसभा चुनाव में गैर जनपद में ड्यूटी पर जाने से पहले होमगार्ड के जवानों ने दूसरे दिन पोस्टल बैलट से अपने पसंदीदा प्रत्याशियों के पक्ष में मतदान किया। दूसरे दिन 138 होमगार्ड के जवान ने पोस्टल बैलट से मतदान किया। जनपद के रहने वाले होमगार्ड की ड्यूटी गैर जनपद में लग गई है। चुनाव से पहले होमगार्ड के जवानों को कलेक्ट्रेट परिसर में बने काउंटर पर पोस्टल बैलट से मतदान करने का मौका मिला। जहां पर 820 होमगार्ड के जवानों ने पोस्टल बैलट से मतदान करने के लिए फॉर्म भरा था। पहले दिन 228 होमगार्ड के जवानों ने मतदान किया था। तो दूसरे दिन भी यह सिलसिला चलता रहा। दूसरे दिन कलेक्ट्रेट परिसर पर होमगार्ड के जवानों का मतदान करने के लिए पहुंचना प्रारंभ हो गया। जहां पर 138 जवानों ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया। कुल 820 होमगार्ड के जवानों में से 366 होमगार्ड के जवानों ने मतदान किया। कंपनी कमांडर प्रेम बाबू वर्मा ने बताया कि होमगार्ड के कुल 366 जवानों ने पोस्टल बैलट से मतदान किया है।

बच्चों के विवाद में हुई मारपीट में एक घायल

संभल, अमृत विचार : नखासा थाना क्षेत्र के गांव जालबसराय निवासी शेरसिंह के बेटे सोमित 8 वर्ष का शुक्रवार को खेल खेल में मुहल्ला के ही श्रवण के बच्चों से विवाद हो गया। जिसकी शिकायत बच्चों ने घर पहुंचकर श्रवण से की। आरोप है कि श्रवण ने अपने बच्चों से सोमित की पिटाई करा दी। इसी बात को लेकर शेरसिंह व श्रवण के बीच गाली गलौज होने लगी। गाली गलौज होती देखकर श्रवण के भाई के भी मौके पर आ गए और लात घूसों से मारपीट करते हुए शेरसिंह को घायल कर दिया। जिसके बाद परिजन शेरसिंह को लेकर थाने पहुंचे।

मृतक मजदूर के परिजनों ने थाने में नहीं दी तहरीर

चन्दौसी, अमृत विचार : बनियाठेर थाना क्षेत्र के आगरा-मुरादाबाद हाइवे पर गुरुवार की रात आठ बजे थाने के पास अज्ञात वाहन ने मजदूर को टक्कर मार दी थी। हादसे में मजदूर की मौत हो गई थी। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा था। मगर परिजनों ने घटना की रिपोर्ट दर्ज कराने को तहरीर नहीं दी थी। बताया जा रहा है मृतक के परिवार में कोई सदस्य नहीं है।गुरुवार की रात आठ बजे नन्हे 35 वर्ष पुत्र सुम्मेरी चन्दौसी से मेहनत मजदूरी करके अपने गांव बनियाखेड़ा लौट रहा था। युवक बनियाठेर थाने के पास उतरा और सड़क पार कर रहा था। अज्ञात वाहन ने मजदूर को टक्कर मार दी। सीएचसी में चिकित्सक ने उसे मृत घोषित कर दिया। मृतक के भतीजे विशाल ने बताया कि चाचा अकेले ही रहते हैं। उनके परिवार में कोई नहीं है।

शादी नहीं की तो प्रेमी के खिलाफ दर्ज कराई दुष्कर्म की रिपोर्ट

संवाददाता, संभल

अजब प्रेम की गजब कहानी

● जेल से छूटा तो फिर बनाया दबाव,नहीं माना तो खा लिया जहर

अमृत विचार: सदर कोतवाली क्षेत्र में अजब प्रेम की गजब कहानी सामने आई है। युवती ने जिस युवक से प्रेम किया वह शादी से मुकर गया। गुस्से में युवती ने दुष्कर्म के आरोप में उसे जेल भिजवा दिया। अब जेल से छूटा तो फिर से उस पर शादी का दबाव बनाया। युवक नहीं माना तो युवती ने जहरीला पदार्थ खा लिया। फिलहाल युवती का निजी अस्पताल में इलाज चल रहा है।

कोतवाली क्षेत्र में करीब एक वर्ष पहले एक युवक प्रेम प्रसंग के चलते युवती से मिलने उसके घर गया था। युवती के साथ आपत्तिजनक स्थिति में देखकर परिजनों ने युवक को पकड़ लिया। सुबह बैठी पंचायत में युवक के परिजनों ने निकाह करने से मना किया तो युवती ने युवक के खिलाफ दुष्कर्म के आरोप में रिपोर्ट दर्ज करा दी। इस मामले में युवक को गिरफ्तार कर पुलिस ने जेल भेज दिया। युवक जमानत पर जेल से छूटकर घर पहुंचा तो परिजन उसकी शादी करने की तैयारी करने लगे। रिश्ता पक्का होने के बाद युवक की मई माह में ही बारात जानी है। शादी की जानकारी होने पर गुरुवार की शाम युवती युवक के घर पहुंची और युवक के साथ शादी की जिद करने लगी।

युवक के परिजनों ने शादी से मना करते हुए उस समय समझा-बुझाकर युवती को घर भेज दिया। जिसके बाद युवती ने घर में रखा जहरीला पदार्थ खा लिया। जिससे युवती की हालत बिगड़ने लगी। परिजनों ने आनन फानन में युवती को उपचार के लिए निजी अस्पताल में भर्ती कराया। यहां युवती की हालत गंभीर बनी हुई है।

चुनाव संभल में महिलाएं उठा रहीं मुद्दे, कहा-उम्मीदों पर खरा उतरने वाले को चुनेंगे सांसद

बेटियों के लिए बने डिग्री कॉलेज, सम्मान पर दें ध्यान

कार्यालय संवाददाता, संभल

अमृत विचार : लोकतंत्र के महापर्व में वोट की आहुतियां देने के लिए जहां पुरुषों में उत्सुकता है, वहीं महिलाएं भी मतदान के जरिये ऐसे जनप्रतिनिधि को चुनना चाहती हैं जो उम्मीदों पर खरा उतर सके। महिलाओं का कहना है कि सबसे पहले तो बेटियों की शिक्षा की तरफ ध्यान दिया जाए। इसके लिए जनपद में डिग्री कॉलेज का निर्माण होना चाहिए। बेटियों और महिलाओं के सम्मान की तरफ ध्यान देना बेहद जरूरी है।

संभल लोकसभा एवं जनपद क्षेत्र में वैसे तो उच्च शिक्षा के लिए कई शिक्षण संस्थान हैं लेकिन सिर्फ बेटियों के लिए डिग्री कॉलेज का निर्माण नहीं हो सका है। ऐसे में बेटियों को उच्च शिक्षा के लिए दूसरे शहरों की दौड़ लगानी पड़ती है या फिर लड़कों वाले कॉलेजों में ही पढ़ना उनकी मजबूरी है। अब लोकसभा चुनाव की सरगर्मी चल रही है तो महिलाएं सम्मान के साथ-साथ बेटियों के लिए डिग्री कॉलेज निर्माण की मांग पुरजोर तरीके से उठा रही हैं। अमृत विचार ने क्षेत्र की कुछ महिलाओं से बातचीत की तो उन्होंने बेबाक तरीके से अपनी बात रखी। महिलाओं का कहना है कि महिला वर्ग को समाज में सम्मान देते हुए उनकी समस्याओं का समाधान कराया जाना चाहिए। आज के दौर में महिलाएं आगे बढ़कर नाम रोशन कर रही हैं। महिलाओं के लिए क्षेत्र में ही रोजगार के साधन मुहैया कराए जाने चाहिए। जिससे महिलाएं आत्मनिर्भर बनकर परिवार चलाने में सक्षम हो पाएंगी। महिलाओं ने बेटियों को उच्च शिक्षा हासिल कराने के लिए डिग्री कॉलेज निर्माण का मुद्दा भी उठाया।

आज के दौर में महिलाएं आगे बढ़ रही हैं। जो महिलाएं कुछ करना चाहती हैं उनके लिए रोजगार मुहैया कराया जाना चाहिए। महिलाओं आत्मनिर्भर बनने से देश तरक्की के मार्ग पर बढ़ेगा।

-शोभा सक्सेना

समाज में महिलाओं को सम्मान दिलाना बेहद जरूरी है। महिलाओं को सम्मान मिलेगा तो उनमें विश्वास कायम होगा। सांसद ऐसा होना चाहिए जो सम्मान देकर महिलाओं को आगे बढ़ाए।

-प्रीति शर्मा

सांसद ऐसा होना चाहिए जो महिलाओं के सम्मान की बात करे। क्षेत्र में बेटियों की उच्च शिक्षा के लिए कोई इंतजाम नहीं है। संभल जिले में एक डिग्री कॉलेज का निर्माण कराया जाना चाहिए।

-प्रीति भारद्वाज

महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने पर जोर दिया जाना चाहिए। सांसद ऐसा हो जो महिलाओं के लिए ऐसे साधन मुहैया कराए। बेटियों के लिए डिग्री कॉलेज बनवाना प्राथमिकता होनी चाहिए।

-खुशी राधू

एक नजर

अवैध शस्त्र के मामले में दोषी को एक माह की सजा

चन्दौसी, अमृत विचार : ज्यूडिशियल मजिस्ट्रेट गुन्नौर जनपद संभल की अदालत ने अवैध शस्त्र के मामले में एक दोषी को एक माह के कारावास व 2000 रुपये अर्थदण्ड की सजा से दण्डित किया है। थाना रजपुरा पुलिस ने आरोपी से एक देशी रायफल व दो कारतूस 315 बोर बरामद किए थे। शुक्रवार को मुकदमे पर सुनवाई करते हुए न्यायाधीश ने दोषी योगेश को जेल में बिताई अवधि यानि एक माह के कारावास व 2000 रुपये अर्थदण्ड से दण्डित किया है।

न्यायालय के आदेश पर वारंटी गिरफ्तार

संभल, अमृत विचार : हयातनगर थाना क्षेत्र के गांव मूसापुर निवासी अकील अहमद न्यायालय में चल रहे वाद को लेकर पैरवी नहीं कर रहा था। न्यायालय ने वारंट जारी कर अकील अहमद को गिरफ्तार करने के निर्देश कैलादेवी थाना पुलिस को दिए। शुक्रवार को सूचना मिलने पर पुलिस मूसापुर पहुंची और अकील अहमद को उसके घर से गिरफ्तार कर लिया।

बिजली की चिंगारी से पशुशाला में लगी आग

लाइन में फाल्ट के बाद लगी आग से एक भैंस की मौत, दो झुलसीं

कार्यालय संवाददाता, चन्दौसी/बनियाठेर

अमृत विचार: थाना बनियाठेर के गांव भुलाबई में शुक्रवार की सुबह बिजली लाइन में हुए फाल्ट के बाद उठी चिंगारी से ग्रामीण की पशुशाला में आग लग गई। आग की चपेट में आकर एक भैंस की मौत हो गई। जबकि दो बुरी तरह झुलस गईं। पीड़ित ग्रामीण ने थाना पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई और सरकारी मुआवजा दिए जाने की मांग की है। घटना से ग्रामीणों में रोष व्याप्त है।

गांव भुलाबई निवासी विजयपाल पुत्र हेतराम मौर्य मेहनत मजदूरी कर परिवार का भरण पोषण कर रहा है। विजयपाल के प्लाट में बनी पशुशाला के ऊपर से घरेलू बिजली लाइन जा रही है। बिजली लाइन जर्जर हालत में है। शुक्रवार की सुबह करीब साढ़े नौ बजे विजयपाल के प्लाट में बनी पशुशाला में छप्पर के नीचे दो भैंस व एक कटिया बंधी थी। उसी समय तेज हवा से बिजली तार आपस में टकरा गए। जिससे निकली चिंगारी छप्पर पर जा गिरी। छप्पर ने आग पकड़ ली। देखते ही देखते पशु भी आग की चपेट में आ गए। पशुओं के रंभाने की आवाज सुन कर विजयपाल व अन्य ग्रामीण दौड़ कर मौके पर पहुंचे और किसी तरह आग पर काबू पाया लेकिन तब तक एक भैंस की मौत हो चुकी थी। जबकि दूसरी भैंस व एक कटिया बुरी तरह झुलस गई। पीड़ित विजयपाल ने बताया कि बड़ा आर्थिक नुकसान हुआ है। पीड़ित ने थाना पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई किए जाने की मांग की है।

बिजली लाइन में हुए फाल्ट के बाद उठी चिंगारी से जल कर राख हुई पशुशाला।

- ग्रामीण ने पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई और सरकारी मुआवजा दिए जाने की मांग की है

खंभे से टकराकर बाइक में लगी आग, चालक घायल

संभल/बहजोई, अमृत विचार : संभल बहजोई मार्ग पर बाइक से गिरकर चालक गंभीर घायल हो गया। जबकि बिजली के पोल से टकराकर बाइक में आग लग गई। राहगीरों ने मिट्टी डालकर आग को बुझाया। घायल को उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया। हालत गंभीर होने पर बाइक चालक को जिला अस्पताल रेफर किया गया। थाना क्षेत्र के गांव दूदापुर निवासी मोती शुक्रवार को बाइक पर सवार होकर संभल से घर जा रहा था। गांव किसौली व भवन के बीच मोती की बाइक अनियंत्रित हो गई। जिसमें मोती सड़क किनारे गिरकर घायल हो गया और बाइक आवारा पशुओं की रोकथाम के लिए सड़क किनारे स्थित खेत पर लगे लोहे के कटीले तारों को तोड़ते हुए बिजली के खंभे से टकरा गई। जिससे बाइक में आग लग गई। मार्ग से गुजर रहे राहगीरों ने मिट्टी डालकर बाइक की आग को बुझाया।

कार ने बाइक सवार को मारी टक्कर, युवक का पैर कटा

बदायूं, अमृत विचार : फिरोजाबाद से अपने घर मुरादाबाद जा रहे परिवार की कार और बाइक की भिड़ंत हो गई। बाइक सवार युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। पुलिस ने घायल को अस्पताल भेजा। कार और बाइक थाने पर खड़ी कराई है।

कार सवार जिला मुरादाबाद के थाना मझोला क्षेत्र में लाइन पार निवासी हरीराम पुत्र हेतराम अपनी पत्नी, साली व साढ़ू के साथ अपनी रिश्तेदारी में फिरोजाबाद से कार से लौट रहे थे। वहीं नोएडा में नौकरी करने वाले थाना उसावां क्षेत्र के कस्बा निवासी अभिषेक पुत्र कुबेर सिंह बाइक से अपने घर जा रहे थे। गुरुवार रात लगभग 12 बजे थाना मुजरिया क्षेत्र में मुख्य चौराहे के पास गोल चक्कर पर कछला की ओर से तेज रफ्तार से आई कार से बाइक की भिड़ंत हो गई। दोनों वाहन क्षतिग्रस्त हो गए। हादसे में अभिषेक का एक पैर आधा कट गया। राहगीरों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायल के परिजन को सूचित करके बरेली के निजी अस्पताल में भर्ती कराया है।

जनसेवा केंद्र संचालकों को नोटिस देते चौकी इंचार्ज। ● अमृत विचार

जनसेवा केंद्र संचालकों को पुलिस ने थमाए नोटिस

कार्यालय संवाददाता, चन्दौसी

अमृत विचार: नगर पंचायत नरौली की कस्बा पुलिस चौकी में शुक्रवार को उच्च अधिकारियों के आदेश पर लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 के दृष्टिगत शांति व्यवस्था हेतु कस्बा नरौली क्षेत्र के जन सेवा केंद्र एवं फोटो कॉपी सेंटरों के मालिकों के साथ बैठक कर आवश्यक दिशा निर्देश दिए। सात मई को मतदान के दिन अपने-अपने जन सेवा केंद्र एवं फोटो कॉपी की दुकान बंद रखने की नसीहत दी। सभी को नोटिस तामील कराए गए। साथ ही कहा कि जनसेवा केन्द्रों और फोटो कॉपी दुकान पर कोई गलत तरीके से कार्य होता पाया गया तो कानूनी कार्रवाई की जाएगी।इस मौके पर चौकी इंचार्ज अजय कुमार त्यागी, आकाश कुमार समेत मौसमराम, रजत कश्यप, आदिल, अमन गुप्ता, सतीश कुमार, अमन श्रीवास्तव, शादाब, जावेद, विक्की कुमार, उवैश खान आदि जनसेवा केंद्र व फोटो कॉपी दुकान संचालक मौजूद रहे।

ई-रिक्शा को बचाने के प्रयास में पलटा गैस सिलेंडरों से लदा ट्रक

संवाददाता, संभल

- आसपास के लोगों ने ट्रक में गैस के सिलेंडर लदे देखे तो सहम गए
- पुलिस ने बताया कि सिलेंडर खाली है तो ग्रामीणों ने राहत की सांस ली

अमृत विचार: नखासा थाना क्षेत्र में संभल हसनपुर मार्ग पर गैस के खाली सिलेंडर लेकर गाजियाबाद जा रहा ट्रक ई- रिक्शा को बचाने के चक्कर में सड़क पर पलट गया। जिससे आसपास के लोगों में अफरा तफरी मच गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने सीधा कराकर ट्रक कब्जे में ले लिया। जबकि चालक ट्रक मौके पर ही छोड़कर भाग गया।

शुक्रवार की शाम चार बजे चालक संभल से खाली गैस के सिलेंडर रिफिल कराने के लिए ट्रक में लादकर गाजियाबाद के लोनी जा रहा था। नखासा थाना क्षेत्र में संभल हसनपुर मार्ग पर गांव फतेहपुर देव के पास ई-रिक्शा को बचाने के चक्कर में चालक ट्रक से नियंत्रण खो बैठा। जिससे अनियंत्रित होकर ट्रक सड़क पर ही पलट गया। आसपास के लोगों ने ट्रक में गैस के सिलेंडर लदे देखे तो सहम गए और सिलेंडरों में आग ना लग जाए इससे बचने के लिए दूर चले गए।

ट्रक पलटने की सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची पुलिस ने जांच कर ग्रामीणों को बताया कि सिलेंडर खाली है। जब जाकर ग्रामीणों ने राहत की सांस ली। जिसके बाद पुलिस ने हाइड्रा मशीन मंगवाकर ट्रक को सीधा कर मार्ग पर यातायात सुचारु कराया और ट्रक को लेकर पुलिस चौकी देहपा लेकर आ गई। नखासा थाना प्रभारी गजेंद्र सिंह ने बताया कि गैस सिलेंडर से लदा ट्रक कब्जे में ले लिया है।

ट्रेन से गिरकर घायल हुए युवक का डॉक्टर को काटना पड़ा हाथ

बदायूं, अमृत विचार : थाना उसहैत क्षेत्र के कस्बा निवासी पूर्व सभासद सोरन के बेटे कौशल कुमार तीन दिन पहले मजदूरी करने के लिए ट्रेन से हरियाणा जा रहे थे। बदायूं से कछला होते हुए ट्रेन जा रही थी।

कोतवाली उझानी क्षेत्र में कछला स्टेशन के पास वह ट्रेन से गिर गए और गंभीर रूप से घायल हो गए। कछला के व्यक्ति ने उनके पिता सोरन को फोन करके सूचना दी। परिजन मौके पर पहुंचे। घायल कौशल कुमार को जिला अस्पताल ले गए।

हाथ में इंफेक्शन फैल रहा था। जिसके चलते चिकित्सक ने उन्हें रेफर कर दिया। परिजन बरेली के निजी अस्पताल ले गए। जहां चिकित्सकों को ऑपरेशन करके कौशल कुमार का बायां हाथ कोहनी से काटना पड़ा।

घायल महिला की भी मौत, सड़क हादसे में मृतकों की संख्या पांच हुई

संवाददाता, गुन्नौर

- मुरादाबाद-आगरा नेशनल हाइवे पर गुरुवार को रोडवेज बस ने कार में मारी थी टक्कर
- दो बच्चियों और दो महिलाओं समेत चार की हो गई थी मौत

अमृत विचार : मुरादाबाद-आगरा नेशनल हाइवे पर गुरुवार को हुए सड़क हादसे में गंभीर रूप से घायल एक और महिला ने मुरादाबाद में निजी अस्पताल में उपचार के दौरान दम तोड़ दिया। अब हादसे में मरने वालों की संख्या पांच हो गई है। महिला की मौत से परिवार में कोहराम मचा है।

रामपुर जनपद के शहजाद नगर थाना क्षेत्र के गांव हरजीपुर निवासी पूरन यादव का परिवार दो कार में सवार होकर गुरुवार को वृंदावन जा रहा था। शाम करीब चार बजे मुरादाबाद-आगरा नेशनल हाईवे पर गांव बिचपुरी सैलाब के पास अलीगढ़ से मुरादाबाद जा रही हाथरस डिपो की रोडवेज बस ने एसेंट कार में जोरदार टक्कर मार दी थी। हादसे में मीना (55) पत्नी पूरन यादव, राजमाला (35) पत्नी धर्मपाल निवासी हरजीपुर, राधिका (7) व दंशा (5) पुत्री भगवंत यादव उर्फ विंटू निवासी रायपुर थाना सिविल लाइन जिला रामपुर की मौके पर ही मौत हो गई थी। जबकि भगवंत यादव उर्फ विंटू और उसकी पत्नी प्रीति समेत पांच घायल हो गए थे। गंभीर रूप से घायल प्रीति और भगवंत यादव को अलीगढ़ मेडिकल कॉलेज रेफर किया गया था। हालत में सुधार न होने पर परिजन रात में ही प्रीति को मुरादाबाद के निजी अस्पताल में ले आए। जहां उपचार के दौरान प्रीति ने भी दम तोड़ दिया।

परिवार में बचे सिर्फ पिता और पुत्र

गुन्नौर अमृत विचार : रामपुर जिले के सिविल लाइन थाना क्षेत्र के गांव रायपुर निवासी भगवंत यादव उर्फ विंटू के पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है। दुर्घटना में उसकी दो मासूम बेटियों की मौत के कुछ घंटे बाद पत्नी प्रीति ने भी दम तोड़ दिया। अब परिवार में भगवंत यादव और उसका दो वर्षीय बेटा कृष्णा बचे हैं। भगवंत यादव को उपचार के बाद अस्पताल से छुट्टी मिल गई है।

सार-संक्षेप

सीता संग अयोध्या पहुंचे श्रीराम की कथा का वर्णन किया

चन्दौसी, अमृत विचार : गीता सत्संग भवन में आयोजित नौ दिवसीय श्री राम कथा के अंतिम दिन कथा वाचक वीरेश रामायणी ने जटायु के परमधाम जाने और सुग्रीव से मित्रता की कथा सुनाई। कहा कि सुग्रीव से मित्रता करने पर भगवान ने यह प्रण लिया कि मैं बाली का शीघ्र ही वध करके सुग्रीव को राज्य पद पर आसीन करा दूंगा। इसके उपरांत श्रीराम ने बाली का वध किया। बाली ने भगवान राम से कहा कि अंतिम समय में बड़े-बड़े मुनियों को महात्माओं को आपकी प्राप्ति नहीं होती। आज परमात्मा मेरे सामने बैठे हुए हैं मैं धन्य हूं। श्री राम ने बाली का अंतिम संस्कार कर पुत्र अंगद का युवराज पद के लिए अभिषेक किया। इसके बाद कथा वाचक ने समुद्र पूजन, मेघनाथ, कुंभकरण, रावण वध की कथा सुनाई। रावण वध के बाद अयोध्या पहुंचने पर श्रीराम का राजतिलक का मनोहारी वर्णन किया। इस दौरान बधाईयां गायी गईं। श्री राम के जयकारे लगे। आरती के बाद प्रसाद वितरण किया गया। इस अवसर पर वीरेंद्र अग्रवाल, मंजू अग्रवाल, शरद अग्रवाल, भारती अग्रवाल, गरिमा अग्रवाल, विपिन अग्रवाल, ओमप्रकाश अग्रवाल, प्रमोद अग्रवाल, अनूप अग्रवाल, विजय कुमार समेत तमाम श्रद्धालुओं की भागीदारी रही।

कथा सुनाते वीरेश रामायणी।

एमबीए और बीएमएस के परीक्षा फार्म 6 से भरे जाएंगे

बरेली, अमृत विचार : रुहेलखंड विश्वविद्यालय ने एमबीए की परीक्षा के फार्म भरने की तिथि निर्धारित कर दी है। परीक्षा नियंत्रक के मुताबिक एमबीए, एमबीए एक्जिक्यूटिव और एमबीए पार्ट टाइम, बीएमएस और होटल मैनेजमेंट एंड कैटरिंग टेक्नोलॉजी के मुख्य परीक्षा के द्वितीय, चतुर्थ, षष्टम और अष्टम सेमेस्टर के संस्थागत, बैक और छूटी हुई प्रयोगात्मक परीक्षा के फार्म 6 से 10 मई तक भरे जाएंगे। छात्रों को 10 मई तक भरे हुए फार्म महाविद्यालय में जमा करने होंगे और महाविद्यालयों को 12 मई तक फार्म सत्यापित करने होंगे।

पत्नी व बच्चों को 16 हजार रुपये प्रतिमाह अदा करेगा सिपाही

बरेली, अमृत विचार : अपर प्रधान न्यायाधीश शिवानी सिंह ने सीओ तृतीय कार्यालय में तैनात सिपाही सूर्य प्रकाश सिंह को पत्नी को प्रतिमाह 10 हजार और दो पुत्रों को 3-3 हजार रुपये प्रतिमाह भरण पोषण राशि अदा करने का आदेश दिया है।अधिवक्ता एमआर मलिक ने बताया कि थाना कोतवाली निवासी रीता देवी ने वर्ष 2023 में फैमिली कोर्ट में भरण पोषण का मुकदमा दायर कर पति से रकम दिलाए जाने की याचना की थी। पति कोर्ट में हाजिर नहीं हुआ तो कोर्ट ने एकपक्षीय आदेश सुनाया। पीड़िता ने अर्जी में उल्लेख किया कि 4 फरवरी 2013 को उसका विवाह हुआ था। आरोप है कि पति 11 फरवरी को सारा सामान सरकारी आवास से ले गया और मुरादाबाद में किराये का मकान लेकर युवती के साथ रह रहा है।

बीएससी और एमएससी कृषि के फार्म 6 से भरे जाएंगे

बरेली, अमृत विचार : रुहेलखंड विश्वविद्यालय ने बीएससी और एमएससी कृषि के परीक्षा फार्म भरने की तिथि निर्धारित कर दी है। परीक्षा नियंत्रक के मुताबिक बीएससी कृषि प्रथम, तृतीय, पंचम और सप्तम सेमेस्टर और एमएससी कृषि प्रथम और तृतीय सेमेस्टर के मख्य परीक्षा के संस्थागत, बैक और भूतपूर्व परीक्षा के फार्म 6 मई से भरे जाएंगे। छात्रों को 15 मई तक फार्म भरकर जमा करने होंगे और महाविद्यालयों को 17 मई तक फार्म सत्यापित करने होंगे।

युवक को धारदार हथियार मारकर किया घायल

बहजोई, अमृत विचार : दो युवकों ने मामूली विवाद के चलते युवक पर धारदार हथियार से हमला कर दिया। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया।बहजोई के गांव रमपुरा निवासी युवक अमित अपने घर से रात्रि 9 बजे गांव श्रीनगर कनेटा की ओर निकला था। रास्ते में उसे दो अज्ञात युवक मिले जिनसे मामूली बात को लेकर विवाद हो गया। दोनों युवको ने धारदार हथियार से हमला कर अमित को घायल कर दिया। । घायल युवक को उपचार के लिए बहजोई के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया। जहां से युवक को चिकित्सक ने गंभीर हालत में जिला अस्पताल रेफर कर दिया।

शिक्षकों व विद्यार्थियों को मतदान की शपथ दिलाई

चन्दौसी, अमृत विचार: बनियाठेर के गांव मझावली स्थित स्वामी विवेकानंद लॉ कॉलेज में शुक्रवार को स्वीप कार्यक्रम के अंतर्गत 1090 महिला हेल्पलाइन डिस्ट्रिक्ट कोआर्डिनेटर संगीता भार्गव ने मतदान के प्रति जागरूक किया। शिक्षकों समेत विद्यार्थियों को सात मई को मतदान करने व लोगों को मतदान के लिए प्रेरित करने की शपथ दिलाई। इस दौरान 9 से 12 तक के बच्चों को ज़िम्मेदारी दी गई कि वह अपने निर्वाचन अधिकारों का प्रयोग अवश्य करें और पास पड़ोस के लोगों को भी जागरूक करें। जो 18 वर्ष की आयु पूर्ण कर चुके हैं। वह अपने अभिभावकों को समझाएं कि वह अपनी जिम्मेदारी निभाते हुए एक अच्छा नागरिक बनने उदाहरण पेश करें। संगीता भार्गव ने कहा कि सही सरकार चुनना हमारा प्रथम कर्तव्य है।इसलिए मतदान अवश्य करें। इस अवसर पर प्राचार्य नरेंद्र बिंद्रा, विनीत शर्मा, विमलेश कुमारी, अनुज शर्मा, आदि का सहयोग रहा।

मेंथा की फसल की बढ़वार न होने से किसान चिंतित

कार्यालय संवाददाता, चन्दौसी

अमृत विचार: गेहूं की कटाई पूरी हो चुकी है। खेतों में अब मेंथा की फसल लहलहा रही है। लेकिन तीन माह बीतने के बाद भी फसल की बढ़वार नहीं हो पा रही है। जिससे किसानों के चेहरे पर चिंता की लकीरें आनी शुरु हो गई हैं। जहां एक ओर कृषि वैज्ञानिक इसका कारण मौसम में अधिक तापमान बता रहे हैं तो वहीं किसान फसल में सूड़ी लगना भी एक कारण मान रहे हैं।

अधिकांश किसानों ने गेहूं के साथ ही मेंथा की खेती की है। मेंथा की फसल पंद्रह जून के बाद कटनी आरंभ हो जाती है। फसल बोए तीन माह बीत गए। अभी भी मेंथा के पौधे की बढ़वार हर बार की तरह नहीं हो पायी है। पौधा छोटा होने से किसान चिंता में हैं।

बताया जाता है कि इस बार अप्रैल माह में ही तापमान 40 डिग्री से ऊपर पहुंच गया। जिससे मेंथा की फसल पर इसका सीधा असर पड़ा है। पौधे की बढ़वार कम हुई है। इसके अलावा किसानों का कहना है कि मेंथा में सूड़ी हो गई है। यह भी फसल हल्की होने का कारण माना जा रहा है। कृषि विभाग के अनुसार मेंथा की फसल के लिए इन दिनों पंद्रह दिन के अंतराल में बूंदाबांदी और बारिश आवश्यक है। लेकिन इस बार बारिश भी नहीं हुई है। बारिश होने से फसल पर छाई धुंध भी हट जाती है और कली जल्दी ही प्रोग्रेस करती है।

खेत में खड़ी मेंथा की फसल। ● अमृत विचार

- कृषि विभाग तापमान अधिक होने की वजह मान रहा कारण

मेंथा के भाव उचित न होने की वजह से पिछले वर्ष के मुताबिक इस बार मेंथा की खेती कम हुई है। अप्रैल माह में तापमान अधिक होने की वजह से मेंथा के पौधे की बढ़वार धीमी रफ्तार से हो रही है। बारिश होने के बाद फसल ठीक हो जाएगी। सब्जियों पर भी तापमान का असर पड़ा है।

-प्रबोध मिश्रा, जिला कृषि अधिकारी

बोले किसान

मैंने इस बार 20 बीघा में मेंथा की फसल बोई है। कई साल से मेंथा के रेट कम थे। इस बार रेट बढ़ने की उम्मीद लगी थी, लेकिन इस बार मेंथा के पौधे की बढ़वार बहुत कम है। जिससे इस बार मेंथा तेल कम निकलने की आशंका है। **-खुशीराम मौर्य,** किसान, गांव दियोरा खास

मैंने आठ बीघा में मेंथा की फसल बोई है। अप्रैल माह में तापमान अधिक होने व सूड़ी लगने के कारण फसल की बढ़वार नहीं हो रही है। जिससे इस बार भाव बढ़ने के बाद भी नुकसान होने की आशंका है।

-चंद्रपाल, किसान, गांव रीठ

बच्ची से छेड़छाड़ के मामले में रिपोर्ट दर्ज

चन्दौसी, अमृत विचार: पुलिस ने छह वर्ष की बच्ची के साथ छेड़छाड़ के आरोपी के विरुद्ध पाक्सो एक्ट सहित अन्य धाराओं में रिपोर्ट दर्ज कर ली है। पुलिस ने आरोपी को न्यायालय के समक्ष पेश किया है। घटना गुरुवार की शाम सात बजे की है। कोतवाली क्षेत्र के एक मोहल्ले में छह वर्षीय बच्ची घर के बाहर खेल रही थी। तभी वहां दूसरे मोहल्ले सीकरी गेट का युवक जावेद पहुंचा और बच्ची को अकेला देख पैसे देकर गंदी हरकतें करने लगा। जब बच्ची ने विरोध किया तो आरोपी उसे उठाकर पास ही बने सरकारी खाली आवास में ले जाने लगा। बच्ची के चीखने पर आसपास के लोगों ने देख लिया। जिससे आरोपी बच्ची को छोड़ फरार हो गया। पुलिस ने आरोपी जावेद के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज की है। शुक्रवार की सुबह आरोपी जावेद को कब्रिस्तान के सामने पेट्रोल पंप से गिरफ्तार कर लिया।

हनुमानगढ़ी रोड पर धंसा मैनहोल का ढक्कन। ● अमृत विचार

धंसे मैनहोल से हादसों का खतरा नगर पालिका प्रशासन बेखबर

कार्यालय संवाददाता, चन्दौसी

अमृत विचार: शहर में सड़कों पर लगे कई मैनहोल के ढक्कर नीचे की ओर धंस गए हैं। जिससे हादसों का खतरा बढ़ गया है। पालिका प्रशासन इससे बेखबर है।

शहर में कई जगह मैनहोल के ढक्कर धंस गए हैं। हनुमानगढ़ी रोड पर बीच सड़क पर बना मैनहोल पर पत्थर का ढक्कन लगा हुआ है। जो काफी समय से धंसा हुआ है। ढक्कर नीचे की ओर धंसने से सड़क पर गड्ढा नजर आता है। ऐसे में दुपहिया वाहन सवारों व पैदल चलने वालों को रात के अंधेरे में परेशानी का सामना करना पड़ रहा है । मोहल्ला कागजी में पंजाबी मंदिर के निकट कई मैनहोल हैं जिन पर लोहे के ढक्कर लगे हुए हैं। यहां अधिकांश ढक्कन धंस रहे हैं। लोगों का कहना है कि पालिका को धंसे हुए मैनहोल के ढक्कनों को शीघ्र दुरुस्त करना चाहिए।

स्वास्थ्य रोजाना सुबह उपचार कराने वाले रोगियों की लग रहीं कतारें

गर्मी बढ़ने पर तेजी से बढ़ रहे बुखार के मरीज

कार्यालय संवाददाता, चन्दौसी

अमृत विचार: मई आरंभ होने पर गर्मी भी तेजी से बढ़ने लगी है। जिससे बुखार, खांसी-जुकाम के मरीजों में वृद्धि होनी शुरू हो गई है। रोजाना सुबह से ही सीएचसी में उपचार कराने वाले मरीजों की कतारें लगनी शुरू हो जाती है। जबकि चिकित्सक भी गर्मी व धूप में सावधानी बरतने की सलाह दे रहे हैं। यही हाल निजी अस्पतालों में भी बना हुआ है।

गर्मी शुरू होने पर लोग बीमारी की चपेट में आने लगे हैं। सबसे ज्यादा लोग बुखार, सिर दर्द व खांसी-जुकाम से पीड़ित हैं। जिससे सुबह आठ बजे से ही सीएचसी में पर्चा बनवाने, चिकित्सक से उपचार कराने व दवा लेने को मरीजों की कतारें लगनी शुरू हो गई है। रोजाना सीएचसी में 600 से 650 मरीज उपचार कराने पहुंच रहे हैं। जिससे 80 से 90 मरीज बुखार पीड़ित व 50 मरीज सिर दर्द व खांसी-जुकाम के हैं। बुखार के साथ-साथ लोगों को सिर दर्द की समस्या बन रही है। वहीं चिकित्सक भी मरीजों से गर्मी व धूप में एहतियात बरतने की सलाह दे हैं। चिकित्सकों का कहना है कि तेज धूप में सिर ढक ही घर से निकले, बाहर से आकर ठंडा पानी न पीने की सलाह दे रहे हैं। साथ ही बुखार आने पर चिकित्सक के परामर्श पर दवा का सेवन करने की बात कह रहे हैं।

चन्दौसी सीएचसी में दवा लेने को लाइन में लगे मरीज व तीमारदार। ● अमृत विचार

- चिकित्सक दे रहे गर्मी में एहतियात बरतने की सलाह
- निजी अस्पतालों में भी यही हाल बना हुआ है

यह बरतें सावधानी

- धूप में बाहर से आकर तुरंत ठंडे पानी का सेवन न करें।
- घर से निकलने पर धूप में सिर को कपड़े से ढके।
- गर्मी में बासी भोजन का सेवन न करें, ताजी भोजन ही खाए।
- बाजार की तली-भुनी खाद्य सामग्री न खाए।
- बुखार आने पर चिकित्सक के परामर्श से ही दवा का सेवन करें।

धूप के साथ-साथ भीषण गर्मी शुरु हो गई है। जिससे छोटी सी लापरवाही होने पर लोग बुखार से पीड़ित हो रहे हैं। जिससे गर्मी में एहतियात बरतने की आवश्यकता है।

-डॉ. हरविंदर सिंह, प्रभारी, सीएचसी

समय से निर्धारित स्थान पर उपलब्ध करायें वाहन

कार्यालय संवाददाता, संभल

लोकसभा चुनाव

- वाहन उपलब्ध नहीं कराने पर कारागार व अर्थदंड का प्राविधान
- वाहनों की साफ सफाई कर सही हालत में वाहन को उपलब्ध कराया जाए

अमृत विचार : जिला निर्वाचन अधिकारी मनीष बंसल ने लोकसभा चुनाव को लेकर लगे वाहनों को निर्धारित स्थान पर समय से सही हालत में उपलब्ध कराने की बात वाहन स्वामियों से कही है। उन्होंने कहा कि यदि कोई आदेश का उल्लंघन करेगा तो एक वर्ष कारागार अथवा अर्थदंड भुगतना पड़ेगा।

लोकसभा चुनाव को लेकर विभिन्न श्रेणी के हल्के वाहनों को चार मई को और भारी वाहन बसों को पांच मई को अधिग्रहीत कर लगाया गया है।

चुनाव कार्य में पोलिंग पार्टी, जोनल मजिस्ट्रेट और सेक्टर मजिस्ट्रेट के वाहनों में जीपीएस सिस्टम लगाया जाना है। इसलिए जिला निर्वाचन अधिकारी/जिला मजिस्ट्रेट मनीष बंसल ने वाहन स्वामियों से अपील की है। उन्होंने कहा कि अधिग्रहण में दर्ज स्थान, तिथि और समय पर वाहनों की साफ सफाई कर सही हालत में वाहन को उपलब्ध कराया जाए। उनके द्वारा जारी आदेश में दिए गए निर्देशों का अनुपालन न करने की स्थिति में धारा-167 लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम 1951 के अधीन दंड का प्रावधान है। यदि कोई व्यक्ति लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम 1951 की धारा 160 के अंतर्गत दिए गए आदेश का उल्लंघन करेगा तो एक वर्ष कारागार अथवा अर्थदंड दोनों का भागी होगा।

एक नजर

आयुर्वेदिक दवाओं की दुकान में शार्ट सर्किट से लगी आग

बिजनौर, अमृत विचार : हल्दौर में नितिन मारवाड़ी की आयुर्वेदिक दवाओं की तिरुपति ट्रेडर्स के नाम से दुकान है। गुरुवार रात लगभग आठ बजे शॉर्ट सर्किट होने से दुकान में आग लग गई। जिसमें लाखों रुपये का सामान व कीमती दवाएं राख हो गईं। गुरुवार रात रियासत के निकट बाजार में दवा की दुकान में आग लग गई। जिसकी सूचना राहगीरों ने दुकान के स्वामी नितिन मारवाड़ी को दी। इस दौरान वहां उपस्थित व्यापारियों की मदद से तथा नगर पालिका से पानी का टैंकर आने पर आग पर काबू पाया गया। आग इतनी तेज थी कि लिंटर में भी दरार आ गई। दुकान के मालिक ने बताया कि दुकान में शॉर्ट सर्किट के कारण लगी। नितिन ने बताया कि नुकसान का आंकलन दवाओं को देखकर ही लगाया जा सकेगा। संभवत चार से पांच लाख रुपये का नुकसान हो सकता है।

सहसपुर होम्योपैथिक चैरिटेबल ट्रस्ट हुआ बंद

सहसपुर, अमृत विचार : मोहल्ला चौधरियान में स्थित वर्ष 1996 से संचालित सहसपुर वेलफेयर सोसायटी जो नगर वासियों के चंदे चली आ रही थी। इसमें सहसपुर नगर व आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों मेवा नवादा, मकसूदपुर, किवाड़, महमूदपुर, राजीपुर, कांठ, स्योहारा, मेवाजट आदि क्षेत्रवासियों को होम्योपैथिक चैरिटेबल ट्रस्ट की ओर से गरीबों का मुफ्त इलाज किया जा रहा था। जिसको अब बंद कर दिया गया है। सहसपुर वेलफेयर सोसायटी के अध्यक्ष निहाल अहमद ने बताया कि होम्योपैथिक चैरिटेबल लगातार 28 वर्षों से सहसपुर में चली आ रही थी। अध्यक्ष ने बताया कि निजी कारणों से होम्योपैथिक चैरिटेबल ट्रस्ट की डिस्पेंसरी को भंग कर दिया है। उन्होंने नगर वासियों से अपील की है कि सोसायटी के नाम से कोई भी चंदा मांगे तो चंदा न दें।

कार की टक्कर से बाइक सवार घायल

नगीना, अमृत विचार : नगीना-धामपुर राष्ट्रीय राजमार्ग पर कार व बाइक की टक्कर में बाइक सवार घायल हो गया। क्षेत्र के ग्राम रामपुर लश्करी निवासी 40 वर्षीय विकास पुत्र धर्मपाल नगीना धामपुर मार्ग स्थित शिकंजी की दुकान पर काम करता है। शुक्रवार दोपहर को वह बाइक से नगीना घर आ रहा था। ग्राम अलीगढ़ के पास पहुंचने पर पीछे से आ रही कार ने बाइक में टक्कर मार दी। जिससे बाइक सवार विकास गंभीर रूप से घायल हो गया। एंबुलेंस से घायल बाइक सवार को नगीना सीएचसी में भर्ती कराया गया। प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सालय पहुंचे परिजन विकास को घर ले गए।

एक सप्ताह में दें तीन वर्षों में लिए शुल्क की जानकारी

जिलाधिकारी ने जिला शुल्क समिति की बैठक में दिए निर्देश

कार्यालय संवाददता, बिजनौर

जिला शुल्क नियामक समिति की बैठक में मौजूद जिलाधिकारी व अन्य।

अमृत विचार : जिलाधिकारी अंकित कुमार अग्रवाल की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट स्थित कार्यालय कक्षा में जिला शुल्क नियामक समिति की बैठक हुई। जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि जिले में संचालित समस्त सीबीएसई, आईसीएसई बोर्ड से संबद्ध विद्यालय विगत तीन वर्षों 2022-23, 2023-24 में लिए गए एवं 2024-25 में लिए जा रहे शुल्क का विवरण अधिकतम एक सप्ताह में जिला विद्यालय निरीक्षक के कार्यालय बिजनौर में उपलब्ध कराएंगे।

जिले के सीबीएसई, आईसीएसई बोर्ड के विद्यालय छात्रों से लिए जाने वाले शुल्क का विवरण अपनी बेवसाइट तथा विद्यालय में नोटिस बोर्ड

- **जिलाधिकारी ने स्कूलों के विशेष दुकान से पुस्तकें और यूनिफॉर्म खरीदने का दबाव बनाने पर शिकायत करने को कहा**

पर अनिवार्य रूप से प्रकाशित कराएंगे। बैठक में अभिभावकों से भी अपील की गई है कि विद्यालय द्वारा विशिष्ट दुकान/प्रतिष्ठान से पुस्तकें, यूनिफॉर्म, जूते मौजे आदि क्रय करने हेतु बाध्य किया जाता है तो जिला शुल्क नियामक समिति से शिकायत की जा सकती है। बैठक में अधिशासी अभियंता लोक निर्माण विभाग खंड बिजनौर, वरिष्ठ कोषाधिकारी बिजनौर, जिला विद्यालय निरीक्षक बिजनौर उपस्थित रहे।

शतरंज प्रतियोगिता में प्रतिभाग करते खिलाड़ी। ● अमृत विचार

शतरंज में शहादत, लक्ष्यराज और शगुन ने मारी बाजी

संवाददाता, नगीना

अमृत विचार : बीआरसी कार्यालय सभागार पुरैनी में ब्लॉक स्तरीय शतरंज प्रतियोगिता हुई। जिसमें 17 न्याय पंचायतों के 67 छात्र-छात्राओं ने प्रतियोगिता में प्रतिभाग किया।

शुक्रवार को कोतवाली ब्लॉक में ब्लॉक स्तरीय शतरंज प्रतियोगिता हुई। जिसमें समस्त 17 न्याय पंचायतों के 67 छात्र-छात्राओं ने प्रतिभाग किया। ग्रुप अंडर 9 में प्रथम शहादत हुसैन प्राइमरी विद्यालय पित्तन हेड़ी, द्वितीय राधिका कंपोजिट विद्यालय अलीपुर मोल्हड़, तृतीय स्थान पर परी रही जो इसी विद्यालय से है। ग्रुप अंडर 11 में प्रथम स्थान पर लक्ष्यराज सिंह पुत्र मान सिंह कंपोजिट विद्यालय टांडा माई दास, द्वितीय स्थान पर रवि लोचन पुत्र अंतेश कुमार प्राथमिक विद्यालय परमानंदपुर गांवड़ी, तीसरे स्थान पर वंशिका पुत्री मीनू कुमार प्राथमिक विद्यालय अवधपुरी से रहे। ग्रुप अंडर 13 से प्रथम शगुन पुत्र अर्जुन सिंह कंपोजिट विद्यालय अलीपुर मोल्हड़, द्वितीय स्थान पर दीपा पुत्री जयपाल सिंह कंपोजिट विद्यालय हरगनपुर तथा तीसरे स्थान पर अंशिका पुत्री नीतू सिंह उच्च प्राथमिक विद्यालय शाहलीपुर कोटरा रही।

पैदल मार्च करते पुलिस अधीक्षक, क्षेत्राधिकारी व अन्य। ● अमृत विचार

सड़कों पर अतिक्रमण करने वालों पर होगी सख्त कार्रवाई

संवाददाता, किरतपुर

अमृत विचार : पुलिस अधीक्षक ने पैदल मार्च कर बाजार में अतिक्रमण करने वालों को चेतावनी दी। पुलिस अधीक्षक ने अवैध खनन की शिकायत पर भी कार्रवाई का आश्वासन दिया।

शुक्रवार शाम पुलिस अधीक्षक नीरज कुमार जादौन के नेतृत्व में क्षेत्राधिकारी ने बस स्टैंड से मुख्य बाजार तक पैदल मार्च किया। उन्होंने बाजार में अतिक्रमण करने वालों को चेतावनी दी कि सड़क से अवैध अतिक्रमण हटा लें अन्यथा कार्रवाई होगी। उन्होंने व्यापारियों एवं लोगों को संदिग्धों के घूमने और घटना की जानकारी पुलिस को सूचना देने की अपील की। नगर और ग्रामीण क्षेत्रों में हो रहे अवैध खनन की शिकायत पर पुलिस अधीक्षक ने कार्रवाई का आश्वासन दिया। पैदल मार्च में उप जिलाधिकारी कुंवर बहादुर सिंह, थानाध्यक्ष उदय प्रताप, शहर इंचार्ज शिव कुमार व पुलिस बल साथ रहा।

जिला कारागार की स्थापना को सौंपा ज्ञापन

कार्यालय संवाददाता, अमरोहा

एडीएम को ज्ञापन सौंपते आरटीआई एसोसिएशन के पदाधिकारी। ● अमृत विचार

अमृत विचार : आरटीआई एसोसिएशन ऑफ इंडिया के जिले के पदाधिकारियों ने जिला कारागार की मांग को लेकर मुख्य सचिव उत्तर प्रदेश को संबोधित ज्ञापन एडीएम सुरेंद्र सिंह को सौंपा।

शुक्रवार को आरटीआई एसोसिएशन ऑफ इंडिया के जिला प्रभारी मनु शर्मा के नेतृत्व में पदाधिकारी एडीएम कार्यालय पर पहुंचे। यहां उन्होंने मुख्य सचिव उत्तर प्रदेश शासन को संबोधित ज्ञापन अपरजिलाधिकारी सुरेंद्र सिंह को सौंपकर जनपद में शीघ्र जिला कारागार स्थापित करने की मांग उठाई। ज्ञापन में कहा गया है कि लगभग 27 वर्ष बीत जाने के बाद भी जनपद में जिला कारागार स्थापित नहीं हो सका है। जबकि जिला स्तरीय समस्त कार्यालय एवं विभाग शासन द्वारा स्थापित किये जा चुके हैं। जिस कारण वादकारियों, परिजनों, मुलाकातियों एवं अभियुक्तों

- **आरटीआई एसोसिएशन ऑफ इंडिया के जिला प्रभारी मनु शर्मा के नेतृत्व में ज्ञापन सौंपा**

आदि को गैर जनपद के कारागारों में भेजा जा रहा है। वर्तमान में जिला बिजनौर के कारागार में जनपद के अभियुक्तों को निरूद्ध किया जा रहा है। जिसमें सरकारी संसाधनों एवं संबंधित अधिकारियों व कर्मचारियों पर अतिरिक्त एवं बोझ पड़ रहा है। दूरी होने के कारण भी आरोपियों को न्यायालय में पेशी पर लाने व लेजाने में समय लगने के साथ कोई भी अप्रिय घटना होने की आशंका भी बढ़ जाती है। जनहित में शीघ्र ही जनपद में जिला कारागार की स्थापना की जाए। ज्ञापन देने वालों में मुख्य रूप से जिला प्रभारी मनु शर्मा, जिला महासचिव चंद्रगुप्त मौर्य, नगर अध्यक्ष विनोद मौर्य, दिनेश सिंह, खुसरो नदीम, संजय शर्मा, जगदीश सिंह पाल, तंजीम जैदी, विनोद खाडेवाल, अखिलेश शर्मा, श्रवण सैनी, विशाल गर्ग आदि रहे।

सार-संक्षेप

सीएमओ ने अल्ट्रासाउंड सेंटर कराया बंद

हसनपुर, अमृत विचार : नगर के रहरा बस स्टैंड के निकट संचालित पब्लिक अल्ट्रासाउंड सेंटर पर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. एसपी सिंह द्वारा औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान सेंटर पर पंजीकृत चिकित्सक न मिलने पर सीएमओ ने नाराजरी जाहिर की और चेतावनी देते हुए सेंटर को तुरंत बंद करा दिया। सीएमओ के निरीक्षण से नगर के अस्पताल संचालकों में हड़कंप मचा रहा। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. एसपी सिंह ने बताया कि निरीक्षण के दौरान केंद्र पर पंजीकृत चिकित्सक न मिलने का कारण सेंटर को बंद कर दिया गया है और सेंटर संचालक से स्पष्टीकरण मांगा गया है।

नामी कंपनी के चिकन में निकला ब्लड, शिकायत

हापुड़, अमृत विचार : दिल्ली रोड पर स्थित केएफसी नॉन वेज में लापरवाही का मामला सामने आया है। मेरठ रोड पर स्थित आवास विकास कॉलोनी संजय विहार निवासी अभिषेक सिंघल अपने दोस्त के साथ गुरुवार रात नौ बजे खाने के लिए चिकन पैक करा कर ले गए और केएफसी से कुछ दूरी के पास दोनों दोस्त कार में बैठकर चिकन खाने लगे। इस बीच एक लेग पीस के बीच में से ब्लड निकलता दिखाई दिया। केएफसी पहुंचकर कर्मचारियों से ब्लड निकलने की शिकायत की तो कर्मचारी ने ठीक से जवाब नहीं दिया। जिसकी शिकायत अभिषेक सिंघल ने हापुड़ नगर खाद्य विभाग इंस्पेक्टर को फोन से ही। फूड विभाग के इंस्पेक्टर से जवाब संतोषजनक नहीं लगा तो पीड़ित ने 112 नंबर पर कॉल कर पुलिस से शिकायत की। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर मामले को शांत किया। बाद में खाद्य विभाग के अधिकारी ने बताया कि केएफसी से चिकन के नमूने भरकर जांच के लिए भेज दिया है। जांच रिपोर्ट आने पर कार्रवाई होगी।

शव के टुकड़ों को पोस्टमार्टम के लिए भेजा

हापुड़, अमृत विचार : एनएच हाइवे नौ पर वाहन शव को रात भर रौंदते रहे। सुबह राहगीरों की सूचना पर पुलिस पहुंची, लेकिन तब तक शिनाख्त के लायक शव में कुछ बचा नहीं था। मृतक को विक्षिप्त युवक बताया जा रहा है। बाबूगढ़ पुलिस को शुक्रवार सुबह वाहन चालकों ने सूचना दी कि बाबूगढ़ क्षेत्र में लखनऊ की तरफ हाइवे पर शव पड़ा है। जिसे वाहन रौंदते हुए निकल रहे हैं। पुलिस पहुंची तो शव के चिथड़े 10 मीटर के दायरे में बिखरे हुए थे। पुलिस ने शव के टुकड़ों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। प्रभारी निरीक्षक पटनीश कुमार ने बताया कि मृतक की शिनाख्त नहीं हुई है। शिनाख्त करने का प्रयास किया जा रहा है।

मां पूर्णागिरि धाम मेले को वर्ष भर करने की कवायद शुरू

टनकपुर, अमृत विचार : देश के सुप्रसिद्ध मां पूर्णागिरि धाम मेले को वर्ष भर संचालित करने और इस क्षेत्र में धार्मिक, पर्यटन के साथ-साथ साहसिक, इको एवं आध्यात्मिक पर्यटन के तौर पर विकसित किए जाने के लिए चम्पावत के टनकपुर क्षेत्र में शारदा कॉरिडोर का निर्माण किया जा रहा है। इसके निर्माण के लिए मास्टर प्लान तैयार किए जाने एवं एक वृहद कार्य योजना बनाए जाने के लिए परामर्शदाई संस्था (कंसलटेंसी) मेकेंजी को दायित्व सौपा गया है। शुक्रवार को शारदा कॉरिडोर के निर्माण के संबंध में पूर्व तैयारी एवं आवश्यक सुझाव आदि के संबंध में बैठक टनकपुर तहसील सभागार में संपन्न हुई।

मच्छरों का प्रकोप बढ़ा, फॉगिंग की मांग

मंडी धनौरा, अमृत विचार : ग्रामीण क्षेत्र में मच्छरों ने लोगों की नाक में दम कर दिया है। सोते- जागते, उठते-बैठते हर वक्त मच्छरों की भिनभिनाहट और डंक से लोग परेशान हैं। बावजूद इसके स्वास्थ्य विभाग सहित अन्य जिम्मेदार विभाग लापरवाह बने हुए हैं। ग्रामीण क्षेत्र में फॉगिंग कब हुई किसी को याद नहीं है। मच्छरों को भगाने के लिए जलाए जाने वाले क्वायल व मच्छर अगरबत्ती सहित अन्य उपाय भी कारगर साबित नहीं हो पा रहे हैं। कमेलपुर निवासी डॉ. संजय सिंह का कहना है कि फॉगिंग नहीं होने से मच्छर तेजी से बढ़ते जा रहे हैं। मलकपुर निवासी राजेश त्यागी का कहना है कि शाम के समय मच्छर बढ़ जाते हैं। लाडनपुर निवासी रमेश यादव का कहना है कि दिन में भी मच्छर काट रहे हैं। ताजपुर लहदवर निवासी महीपाल सिंह का कहना है कि मच्छरों से बहुत परेशानी हो रही है, क्षेत्र में फॉगिंग कराई जाए।

गजरौला में बैठक में बोलते अध्यक्ष डॉ. राजीव शुक्ला। ● अमृत विचार

श्रीराम नवमी महोत्सव की तैयारियों पर चर्चा

गजरौला, अमृत विचार : श्री श्याम मित्र मण्डल द्वारा आयोजित होने वाले श्री राम नवमी महोत्सव के लिये बैठक हुई। जिसमें अध्यक्ष डॉ. राजीव शुक्ल ने तैयारियों की समीक्षा की। राजीव शुक्ल ने कहा कि 10 व 11 मई को शहर के बस्ती स्थित स्व. रमाशंकर कौशिक स्मृति पार्क में कार्यक्रम होगा। कार्यक्रम में वैष्णवी कला मंच एवं कलाकारों द्वारा खाटू श्याम की कहानी, भव्य नृत्य नाटिका एवं झांकी दर्शन, अद्भुत गणेश वंदना, श्रवण कुमार लीला, लव कुश लीला, शिव बारात, उज्जैन महाकाल दर्शन, उड़ने वाले हनुमान सहित विभिन्न झांकियां व कार्यक्रम आयोजित होंगे। वहीं विशेष आकर्षण के रूप में श्री रामलला के अयोध्या में सूर्य तिलक दर्शन कार्यक्रम रहेगा। इस मौके पर कपिल सिंघल, संजय सैनी, अंकुर सिंघल, वैभव गोयल, एसबी त्रिपाठी, देवेश शर्मा, अंकुर मित्तल, रोहित बंसल व विशाल शर्मा, प्रशांक, आदित्य, विट्ठल, आकाश, शलभ, अंकित अग्रवाल, अमित अग्रवाल, हर्षी सिंघल, आयुष जिंदल, लकी कौशिक, शुभम सिंघल, अनुराग शर्मा व निश्चल शर्मा, पंकज शर्मा, राकेश चौहान आदि मौजूद रहे।

क्षेत्र में ओवररेट बिक रही शराब

मुबारिजपुर, अमृत विचार : कस्बे की अंग्रेजी व देसी शराब की दुकान पर कालाबाजारी का सिलसिला चल रहा है। जहां धड़ल्ले से शराब को निर्धारित दाम से अधिक कीमतों में ग्राहकों को बेचा जा रहा है। कस्बा आदमपुर के संभल ढवारसी मार्ग पर शराब की दुकानों पर खुलेआम ओवररेट पर शराब बेची जा रही है। बिल मांगने या बहस करने पर गालीगलौज की जाती है। दुकानों में बिलिंग मशीन भी नहीं लगी है। दुकानों के आगे बिल लेने वाली सूचना भी अंकित नहीं की गई है। शुक्रवार को ठेके पर ओवररेट की शिकायत के बाद एक व्यक्ति से गालीगलौज की गई। उसे धक्का देकर वहां से भगा दिया गया। इस मामले की वीडियो भी वायरल हो रही है। थाना प्रभारी राजीव कुमार ने बताया कि मामला संज्ञान में नहीं है। जानकारी मिलने पर कार्यवाही की जाएगी।

नशे की दवा बनाने वाली फैक्ट्री सील

संवाददाता, अमरोहा/गजरौला

कार्रवाई के लिए जाती टीम। (फाइल फोटो) ● अमृत विचार

अमृत विचार : गजरौला के गांव सलेमपुर गोसाई में पकड़ी नशीली दवा बनाने वाली फैक्ट्री को सील कर दिया गया है। दिल्ली से आई टीम ने छापा मारकर यहां से करीब 13 क्विंटल से अधिक मादक पदार्थ व कच्चा माल बरामद किया था। बरामद माल को टीम अपने साथ ट्रक में भरवा कर ले गई। नशे की दवा बनाने की फैक्ट्री के पकड़े जाने की खबर से क्षेत्र के लोगों में खलबली मच गई है।

दरअसल गुरुवार को गजरौला के सलेमपुर गोसाई गांव में नशे की दवा बनाने वाली एक फैक्ट्री का भंडाफोड़ दिल्ली से आई टीम ने छापा मारकर किया था। फैक्ट्री से बड़ी मात्रा में मादक पदार्थ बरामद किया गया। जिससे नशीली दवाई बनाकर आसपास के जिलों व दिल्ली में सप्लाई की जाती थी।

- **13 क्विंटल मादक पदार्थ व कच्चा माल बरामद**

जिला औषधि निरीक्षक रूचि बंसल ने बताया कि फैक्ट्री से 13 क्विंटल से अधिक मादक पदार्थ बरामद हुआ है। बरामद हुए मादक पदार्थ की कीमत का आकलन नहीं किया गया।

उन्होंने बताया कि बरामद हुए मादक पदार्थ से ही नशीली दवाइयां बनाकर आसपास के जिलें व दिल्ली में सप्लाई की जाती थी। दिल्ली की स्पेशल सेल टीम ने हरिद्वार निवासी युवक को गिरफ्तार किया था और उसी के माध्यम से दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल की टीम गजरौला पहुंची थी। बताया कि नशीली दवा की फैक्ट्री से बरामद हुए माल को दिल्ली से आई टीम ट्रक में भरकर अपने साथ ले गई। औषधि निरीक्षक रूचि बंसल ने बताया कि फिलहाल फैक्ट्री में सील लगा दी गई है।

रिटायर्ड शिक्षक के घर से आभूषण चोरी

हापुड़, अमृत विचार : गढ़ मुक्तेश्वर में रिटायर्ड शिक्षक के घर से चोर सेफ और संदूक के ताले तोडकर लाखों रुपये के सोने-चांदी के जेवरात ले गए। बहादुरगढ़ क्षेत्र के गांव चांदनेर में रिटायर्ड शिक्षक मूलचंद चौहान के बेटे विवेक और हितेष अलग-अलग कमरों में रहते हैं।

पड़ोसी की छत पर लगी मच्छरदानी को तोडकर उसके डंडों से सीढ़ी बनाकर चोर रिटायर्ड अध्यापक की छत पर चढ़ गए, जहां से जाल से होकर घर के अंदर घुस गए। चोरों ने विवेक के कमरे में रखी सेफ और संदूक का ताला तोड़ लिया और जेवरात समेत अन्य कीमती सामान लेकर फरार हो गए। सुबह जानकारी होने पर विवेक के होश उड़ गए। जिसने 112 नंबर पुलिस को सूचना देकर मौके पर बुलाया। इंस्पेक्टर सुरेश कुमार ने मौके पर पहुंचकर चोरों को सामान समेत गिरफ्तार कर कार्रवाई का भरोसा दिया है।

सफाई न होने से सलेमपुर गोसाई में लगे गंदगी के ढेर

संवाददाता, गजरौला

अमृत विचार : क्षेत्र के गांव सलेमपुर गोसाई में जनप्रतिनिधियों की अनदेखी के कारण गंदगी का अंबार लगा है। इसका खामियाजा ग्रामीणों को भुगतना पड़ रहा है। गांव में सफाई नहीं कराए जाने से जगह-जगह गंदगी के ढेर लगे हैं।

नाले-नालियां जाम होने से गंदा पानी सड़क पर बहता रहता है। गंदगी से परेशान होकर ग्रामीण इसकी शिकायत कई बार ग्राम प्रधान से कर चुके हैं, लेकिन साफ सफाई पर किसी ने ध्यान नहीं दिया है। गांव में गंदगी पसरी होने के कारण मच्छर पनप रहे हैं और संक्रामक बीमारियां फैल रही हैं। लंबे समय से सफाई नहीं कराने के कारण नाले, नालियों के कचरे से अटे हुए हैं। नालियों में इतना कचरा भरा है कि पानी की निकासी नहीं हो पाती है और घरों का गंदा पानी सड़क के ऊपर होकर बहता रहता है।

संक्रामक रोग से गांव में हो चुकी हैं कई मौत

गजरौला, अमृत विचार : पिछले वर्ष भी संक्रामक रोग फैलने से क्षेत्र में 40 से अधिक मौतें हो चुकी है। इसके बाद भी गांव में गंदगी के ढेर लगे हुए हैं। जिससे गांव में संक्रामक रोग फैलने का खतरा बना हुआ है। वहीं परेशान ग्रामीण कई बार ग्राम प्रधान से शिकायत कर चुके हैं। लेकिन गांव में सफाई को लेकर कोई अधिकारी गंभीर नहीं है। जिससे गांव में संक्रामक बीमारियों के फैलने की आशंका बढ़ती जा रही है। वहीं ग्रामीण सभी अधिकारियों से शिकायत कर रहे हैं।

परेशानी दिन रात किसान कर रहे फसलों की रखवाली, अधिकारी किसानों की समस्याओं की कर रहे अनदेखी

क्षेत्र में छुट्टा पशुओं से किसान त्रस्त, अधिकारी बने अनजान

संवाददाता, हसनपुर

हसनपुर में बाग में बैठे गोवंशीय पशु।

अमृत विचार : छुट्टा पशुओं से किसान परेशान हैं। वहीं जिम्मेदार किसानों की आवाज को अनसुना कर रहे हैं। छुट्टा पशुओं से बचाव के लिए हालांकि गोशालाओं का निर्माण कराया है, लेकिन छुट्टा पशुओं के झुंड खेतों में पहुंचकर फसलों को नष्ट कर रहे हैं।

किसान फसलों की रखवाली में दिन-रात जुटे रहते हैं। इसके बावजूद भी अपनी गाढ़ी कमाई की फसलों को नहीं बचा पा रहे हैं। छुट्टा गोवंशीय पशु हिंसक हो गए हैं। पशु किसान एवं ग्रामीण पर हमला कर उन्हें घायल कर रहे हैं। छुट्टा पशुओं के हमले में कई मौतें भी हो चुकी हैं। कई किसान संगठनों द्वारा आवाज उठाई जाती है और ज्ञापन के माध्यम से अधिकारियों को अवगत कराया जाता है कि छुट्टा पशुओं को पकड़वाकर गोशाला भिजवाया जाए, लेकिन हर बार किसान की अनदेखी की जाती है। छुट्टा पशुओं के हमले में अब तक 18 से अधिक लोगों की मृत्यु हो चुकी है और और लगभग 100 से अधिक लोग घायल हो चुके हैं। छुट्टा पशु झुंड बनाकर मार्ग पर भी बैठे रहते हैं। जिसके कारण हादसे का डर रहता है। तहसील क्षेत्र के किसानों ने छुट्टा पशुओं को पकड़वाने की मांग की है।

हसनपुर तहसील क्षेत्र में इस समय छुट्टा पशुओं का आतंक इस कदर है कि खेतों पर जाते हुए भी किसान को डर लगता है। छुट्टा पशु किसानों की फसल बर्बाद कर उन पर हमला करके उन्हें घायल कर रहे हैं, लेकिन स्थानीय प्रशासन पूरी तरीके से मौन बैठा है। **-काले सिंह, ब्लाक अध्यक्ष भाकियू**

छुट्टा पशुओं को पकड़वाने के लिए समय-समय पर ज्ञापन के माध्यम से अधिकारियों को अवगत कराया जाता है। लेकिन अधिकारियों द्वारा किसानों की इस समस्या पर कोई ध्यान नहीं दिया जा रहा। जिसके कारण किसानों में भारी रोष व्याप्त है। **-धीरज सिंह, ब्लॉक अध्यक्ष भाकियू शंकर**

स्थानीय प्रशासन की अनदेखी एवं लापरवाही के चलते किसान छुट्टा पशुओं के कारण रात दिन खेतों पर रह रहा है। वहीं छुट्टा पशुओं के हमले से कई किसानों की मौत भी हो चुकी है, लेकिन प्रशासन इन्हें पकड़वाने का कोई इंतजाम नहीं कर रहा। **-देवेंद्र सैनी, तहसील अध्यक्ष भाकियू शंकर**

छुट्टा पशुओं के हमले में कई किसान घायल हो चुके हैं। कुछ की मौत हो चुकी है, लेकिन स्थानीय प्रशासन नींद से नहीं जाग रहा है। कई बार छुट्टा पशुओं को पकड़वाने की मांग की गई, लेकिन प्रशासन द्वारा ध्यान नहीं दिया जा रहा। **-चेतन सिंह, जिला उपाध्यक्ष भाकियू असली**

बार-बार किसानों की समस्याओं को प्रशासनिक अधिकारियों के सामने संगठन के द्वारा रखा जाता है, लेकिन हर बार सिर्फ आश्वासन के अलावा कुछ नहीं मिलता। छुट्टा पशुओं की समस्या विकराल रूप धारण कर चुकी है। अगर जल्द इसका समाधान नहीं हुआ तो किसान आंदोलन करने को बाध्य होगा। **-ठाकुर महेश सिंह, तहसील अध्यक्ष भाकियू**

सरकार गोवंशीय पशु के संरक्षण के लिए गंभीर है और हसनपुर तहसील क्षेत्र में शासन के निर्देशानुसार कई गोशालाओं का निर्माण किया है। जिसमें हजारों पशु संरक्षित हैं। शासन के द्वारा गोवंशीय पशु के खाने के लिए पैसा भेजा जाता है। पशुओं को छोड़ने के लिए पशुपालक भी जिम्मेदार हैं। **-भगत सिंह, उप जिलाधिकारी हसनपुर**

गर्मी के साथ ग्रामीण क्षेत्रों में बढ़ा मच्छरों का आतंक

संवाददाता, रहरा

अमृत विचार : गर्मी बढ़ते ही ग्रामीण क्षेत्र में मच्छरों का आतंक भी बढ़ने लगा है। ग्रामीणों का खुले में बैठना दूभर हो जाता है। अब तो दिन में भी मच्छर डंक मार रहे हैं। इनसे संक्रामक रोगों को लेकर लोगों की चिंता बढ़ गई है। वहीं, प्रशासन की ओर से बचाव के उपाए नहीं किए जा रहे हैं।

घर हो या बाहर सड़क पर, ऐसा कोई स्थान नहीं है जहां मच्छरों का आतंक न हो। गर्मी के दिनों में मलेरिया, डायरिया और वायरल फीवर भी लोगों को सताता है। यदि मच्छरों का प्रकोप इसी तरह बढ़ता रहा तो संक्रामक रोग लोगों को अपनी चपेट में ले लेंगे। इन दिनों सरकारी अस्पतालों से लेकर निजी अस्पतालों में भी रोगियों की संख्या बढ़ रही है। अधिकांश लोग

समस्या

- **सरकारी और निजी अस्पतालों में बढ़ रही मरीजों की संख्या**
- **लोग कर रहे दवा के छिड़काव एवं फॉगिग कराने की मांग**

बुखार और डायरिया से पीड़ित हैं। जिनमें बच्चे भी शामिल हैं। ग्रामीण क्षेत्र के लोगों ने जिला प्रशासन से दवा के छिड़काव एवं फॉगिग कराने की मांग की है। सोते समय तो मच्छरदानी लगा ली जाती है, लेकिन बाकी समय में मच्छरों के डंक से ग्रामीण परेशान रहते हैं। सुरेंद्र सिंह, रामसिंह, अजीत कुमार का कहना है कि पहले ग्रामीण क्षेत्रों में फॉगिंग कराई जाती थी। जिससे मच्छरों का प्रकोप कम हो जाता था, लेकिन अब दवा का छिड़काव नहीं किया जा रहा है। सभी ने मांग की है कि दवा का छिड़काव कराया जाए।

पत्नी की हत्या के आरोप में पति गिरफ्तार

बाजपुर, अमृत विचार : ग्राम महेशपुरा निवासी मिथिलेश (30) पत्नी शेखर सैनी ने 23 अप्रैल को फांसी लगा दी थी। उपचार के दौरान मिथिलेश ने दम तोड़ दिया था। इस मामले में पुलिस ने मृतका के भाई की शिकायत पर आरोपी पति को गिरफ्तार कर लिया है।

नाम-परिवर्तन

मैंने अपना नाम HASSAN HUSAIN से बदलकर HASSAN HUSSAIN रख लिया है। भविष्य मे मुझे इसी नाम से जाना जाए। HASSAN HUSSAIN S/O WAHID HUSAIN R/O LAJPAT NAGAR मुरादाबाद।

नाम-परिवर्तन

मैंने विवाहोपरान्त अपना नाम फ़रहत बानो से बदलकर फ़रहत सऊद रख लिया है। फ़रहत सऊद W/o सऊद अख्तर निवासी 83 एम ज़िकरा घैर सैफुद्दीन खाँ दो महला रोड रामपुर।

शीलं प्रधानं पुरुषे तद् यस्येह प्रणश्यति।
न तस्य जीवितेनार्थो न धनेन न बन्धुभिः॥

शील ही मनुष्य का प्रमुख गुण है। जिस व्यक्ति का शील नष्ट हो जाता है -धन ,जीवन और रिश्तेदार उसके किसी काम के नहीं रहते अर्थात् उसका जीवन व्यर्थ हो जाता है।

संपादकीय

प्रौद्योगिकीय वर्चस्व के लिए

प्रौद्योगिकी की मदद से जीवन को आसान और बेहतर बनाया जा सकता है। वर्तमान में प्रौद्योगिकी के बिना कोई विकास नहीं हो सकता। विश्व प्रौद्योगिकीय वर्चस्व के लिए एक अभूतपूर्व दौड़ का साक्षी बन रहा है। शुरुआत से ही प्रौद्योगिकी हमारे जीवन में एक कारक था। प्रमुख अर्थव्यवस्थाएं उनके भविष्य को आकार देने में उन्नत प्रौद्योगिकियों की महत्वपूर्ण भूमिका को चिह्नित कर रही हैं। अपनी समृद्ध वैज्ञानिक विरासत और प्रौद्योगिकी-संचालित अर्थव्यवस्था की आकांक्षाओं के साथ भारत स्वयं को एक ऐसे चौराहे पर देख रहा है, जहां उसे इस वैश्विक प्रौद्योगिकीय दौड़ में चुनौतियों और अवसरों दोनों का सामना करना पड़ रहा है। भारत विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में सशक्त क्षमता रखता है और हमें अपनी इस क्षमता को स्थायी विकास लक्ष्यों को प्राप्त करने की दिशा में लगाना है। चीन ने प्रौद्योगिकी एवं नवाचार को रणनीतिक उद्देश्य के रूप में प्राथमिकता देने में महत्वपूर्ण प्रगति की है। दूसरी ओर, संयुक्त राज्य अमेरिका और यूरोप ने भी महत्वपूर्ण प्रौद्योगिकी क्षेत्रों में अपनी नेतृत्वकारी स्थिति की पुनः प्राप्ति के लिए और इसे बनाए रखने के लिए प्रयासों को तेज़ कर दिया है। भारत अमेरिका और चीन के बाद विश्व में प्रौद्योगिकी स्टार्टअप के तीसरे सबसे बड़े आधार वाला देश है। एक बढ़ती उद्यमशील संस्कृति और सहायक परितंत्र के साथ भारत के स्टार्टअप और छोटे व्यवसायों से न केवल आर्थिक और व्यावसायिक रूपांतरण को आगे ले जाने की उम्मीद की जाती है, बल्कि भारत के पांच ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था बनने के स्वप्न को साकार करने में एक प्रमुख विकास चालक के रूप में उन्होंने अपनी स्थिति और भूमिका को भी सबल किया है। स्थायी विकास लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए जलवायु परिवर्तन से जुड़ी चुनौतियों से लड़ने में अनुकूलन एवं रोकथाम जैसे प्रयास नाकाफी हैं।

उल्लेखनीय है कि सूचना, पूर्वानुमान एवं मूल्यांकन परिषद (टाइफैक) द्वारा ही विजन-2020 और विजन-2035 जैसे दृष्टिपत्र तैयार किए गए हैं जिसमें देश के समग्र एवं संवहनीय विकास पर केंद्रित रूपरेखा प्रस्तुत की गई है। टाइफैक प्रौद्योगिकी विजन-2047 दस्तावेज में प्रभावी कार्ययोजना को शामिल करना चाहिए। भारत वर्ष 2030 तक वैश्विक अर्थव्यवस्था में लगभग 10 प्रतिशत की वृहत हिस्सेदारी प्राप्त करने का लक्ष्य रखता है। भारत को उभरते प्रौद्योगिकी रुझानों और बाज़ार की मांगों के अनुरूप सहयोगात्मक रूप से अभिकल्पित एवं कार्यान्वित करने के लिए उद्योग जगत, शिक्षा क्षेत्र एवं सरकार के बीच 'टेक्नोस्किल्स एलायंस' को बढ़ावा देने की आवश्यकता है। भारत के वैश्विक प्रतिस्पर्द्धा में बने रहने के लिए प्रौद्योगिकी रणनीति में सुधार आवश्यक हैं। भारत को विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में महाशक्ति के रूप में स्थापित करना भारत का लक्ष्य है जिसके लिए स्वयं को समर्पित करने के साथ-साथ एक विस्तृत रूपरेखा की आवश्यकता है।

अमेठी से गांधी परिवार के रिश्तों पर विराम



राज खन्ना
वरिष्ठ पत्रकार

बेशक किशोरी लाल शर्मा परिवार के प्रतिनिधि के नाते अरसे से अमेठी और रायबरेली से जुड़े रहे हैं, लेकिन वहां के वोटरों के बीच उनकी पहचान गांधी परिवार के भरोसेमंद सहयोगी तक सीमित है। शर्मा की उम्मीदवारी से भाजपा को दोहरा मौका मिला है। एक उसकी चुनौती आसान हुई है। दूसरे राहुल-प्रियंका पर मुकाबले से भागने के प्रहार तेज होंगे।

इंदिरा जी की तीसरी पीढ़ी की राजनीति का अंदाज जुदा है। वे 1977 में रायबरेली से हारी थीं। 1980 में एक बार फिर वहां के रण में थीं। जीतकर हिसाब चुकता किया। संजय गांधी जिन्होंने अमेठी में गांधी परिवार के रिश्तों की बुनियाद डाली, वे वहां 1977 का पहला चुनाव हार गए थे, लेकिन 1980 में जीत दर्ज करके वापसी की। राहुल गांधी ऐसा नहीं कर सके। अमेठी ने उन पर लगातार तीन बार भरोसा जताया, लेकिन 2019 की हार से वे उबर नहीं सके। एक बार फिर से वहां मुकाबले की जगह उन्होंने रायबरेली को तरजीह दी। इसी के साथ अमेठी से गांधी परिवार के लगभग पांच दशकों के चुनावी जुड़ाव पर फिलहाल विराम लग गया है। राजीव गांधी के निधन के बाद उनके पारिवारिक मित्र कैप्टन सतीश शर्मा ने अमेठी का प्रतिनिधित्व किया था, लेकिन तब सोनिया गांधी राजनीति से दूर थीं। राहुल और प्रियंका भी छोटे थे।

बेशक किशोरी लाल शर्मा परिवार के प्रतिनिधि के नाते अरसे से अमेठी और रायबरेली से जुड़े रहे हैं, लेकिन वहां के वोटरों के बीच उनकी पहचान गांधी परिवार के भरोसेमंद सहयोगी तक सीमित है। शर्मा की उम्मीदवारी से भाजपा को दोहरा मौका मिला है। एक उसकी चुनौती आसान हुई है। दूसरे राहुल-प्रियंका पर मुकाबले से भागने के प्रहार तेज होंगे। राहुल गांधी ने 2019 में ही अमेठी के साथ वायनाड से पर्चा दाखिल करके विकल्प खोज लिया था। मीडिया और पार्टी के स्थानीय कार्यकर्ताओं के शोर और अटकलबाजी को दरकिनार करते हुए उन्होंने चुनावी नजरिए से अमेठी की जमीनी सच्चाइयों को तरजीह दी। अपनी उम्मीदवारी के जरिए उन पर उत्तर प्रदेश में पार्टी का हौसला बढ़ाने की जिम्मेदारी है। इसके लिए उन्होंने अमेठी में स्मृति की कठिन चुनौती के मुकाबले रायबरेली में भाजपा के दिनेश प्रताप सिंह का सामना करना आसान समझा।

राहुल ने अमेठी छोड़ने का फैसला क्यों किया? तय था कि एक बार फिर अमेठी के चुनावी मैदान में उतरने पर 2019 की हार के बाद क्षेत्र को भूल जाने के लिए उनकी घेराबंदी होती। इस मुद्दे पर सिर्फ प्रतिद्वंद्वी स्मृति ईरानी ही नहीं, बल्कि तमाम मुखर वोटरों के सवाल भी उन्हें परेशान करते, लेकिन इससे भी एक बड़ा सवाल दोनों स्थानों से जीतने की हालत में यह भरोसा दिलाने का होता कि वे वायनाड छोड़ेंगे और अमेठी में टिकेंगे? हालांकि इस सवाल से उन्हें रायबरेली में भी रूबरू होना पड़ेगा, लेकिन इस मुद्दे पर अमेठी में स्मृति ईरानी के हमले कहीं अधिक पैने और तेज होते। रायबरेली में भी चुनावी इतिहास के पुराने पन्ने पलटे जाएंगे। 1977 में वहां इंदिरा जी पराजित हुई थीं। 1980 में रायबरेली से जीत दर्ज करके उन्होंने हिसाब बराबर कर लिया था, लेकिन इस चुनाव में वे मेडक (आंध्र प्रदेश) से भी निर्वाचित हुई थीं। तब इंदिरा जी ने रायबरेली की सीट छोड़ी थी।

> अमेठी से पार्टी उम्मीदवार के नाम को लेकर आखिरी वक्त तक सस्पेंस कायम कर कांग्रेस ने फायदे की तुलना में अपना नुकसान ज्यादा किया। वहां से गांधी परिवार के जुड़ाव के कारण पार्टी का कोई स्थानीय नेता अपनी दावेदारी पेश करने का साहस नहीं कर सकता था। पार्टी ने नामांकन के आखिरी दिन के. एल. शर्मा का नाम घोषित किया।

अमेठी से राहुल की उम्मीदवारी के सवाल पर सबसे ज्यादा उत्सुकता मीडिया में थी। राहुल की उम्मीदवारी की मांग को लेकर धरने पर बैठे पार्टी के नेताओं को "अमेठी की जनता मांगे राहुल गांधी" के तौर पर काफी बढ़ा-चढ़ा कर पेश किया गया। असलियत में अमेठी चुनावी माहौल में भी आम दिनों जैसी ही है। समर्थक भले न मानें, लेकिन सच यही है कि अमेठी, गांधी परिवार के मोहपाश से काफी कुछ दूर हो चुकी है। उसे सिर्फ पहचान दिलाने वाले की ही नहीं, सुलभ रहने, काम कराने और उसकी जरूरतों के लिए लड़ने वाले प्रतिनिधि की तलाश रहती है। राहुल गांधी इस कसौटी पर खरे नहीं उतर सके। 2019 में अमेठी ने उन्हें ठुकरा दिया। हार के बाद राहुल ने अमेठी से दूरी बनाई तो वोटरों ने बाद के विधानसभा सहित हर अगले चुनाव में कांग्रेस को भुला दिया।

अमेठी और रायबरेली से उम्मीदवारों के नाम की घोषणा के पहले राहुल और प्रियंका की उम्मीदवारी के लिए सबसे ज्यादा जोर इस आधार पर था कि इससे उत्तर प्रदेश में पार्टी की ताकत बढ़ेगी और अन्य उम्मीदवारों का हौसला बढ़ेगा। प्रियंका गांधी वाड्रा तो चुनाव लड़ने को तैयार नहीं हुईं। राहुल रायबरेली से मैदान में हैं। उनकी वहां मौजूदगी क्या प्रदेश के अन्य स्थानों पर पार्टी के लिए मददगार होगी? असलियत में इसकी सबसे बड़ी परीक्षा बाजू की अमेठी सीट पर होगी जहां का उन्होंने 2004 से 2014 तक तीन बार लगातार लोकसभा में प्रतिनिधित्व किया। उससे पहले एक बार वहां से सोनिया गांधी और उपचुनाव सहित चार चुनावों में राजीव गांधी और एक बार संजय गांधी जीते। अमेठी की लोकसभा सीट लंबे समय तक गांधी परिवार का पर्याय रही है। बेशक इस बार राहुल गांधी या परिवार का कोई सदस्य वहां से उम्मीदवार नहीं है, लेकिन रायबरेली में राहुल की मौजूदगी की गूंज अमेठी में बनी रहेगी और अमेठी के नतीजों से राहुल की अपने उम्मीदवार को वोट दिलाने की कूवत की एक बार फिर पैमाईश होगी।

अमेठी से पार्टी उम्मीदवार के नाम को लेकर आखिरी वक्त तक सस्पेंस कायम कर कांग्रेस ने फायदे की तुलना में अपना नुकसान ज्यादा किया। वहां से गांधी परिवार के जुड़ाव के कारण पार्टी का कोई स्थानीय नेता अपनी दावेदारी पेश करने का साहस नहीं कर सकता था। पार्टी ने नामांकन के आखिरी दिन के. एल.शर्मा का नाम घोषित किया। बेहद कम समय के बीच शर्मा को उस ताकतवर प्रतिद्वंद्वी का सामना करना है, जो पिछले एक दशक से अमेठी में लगातार सक्रिय है और जिन्होंने वहां अपना घर भी बना लिया है। अमेठी से राहुल या प्रियंका के नामों का टीवी चैनलों और सोशल मीडिया पर लगातार शोर चला। जाहिर है कि अब अमेठी से दोनों में से किसी के उम्मीदवार न होने के कारण स्मृति खेमे को उन्हें घेरने का एक और मौका मिल गया है। अमेठी संसदीय सीट का एक विधानसभा क्षेत्र सलोन ,रायबरेली जिले का हिस्सा है। दोनों लोकसभा सीटों के हालात एक-दूसरे पर असर छोड़ते हैं। स्मृति ईरानी इन दोनों ही सीटों पर काफी सक्रिय रही हैं। दूसरी तरफ रायबरेली में भी राहुल के पास कम वक्त है। उन्हें रायबरेली के साथ ही उत्तर प्रदेश सहित देश के अन्य हिस्सों में भी पार्टी के लिए प्रचार करना है। भाजपा की रणनीति रहेगी कि वो अमेठी-रायबरेली के मतदान की तारीख तक राहुल-प्रियंका को इन इलाकों में ज्यादा से ज्यादा वक्त देने के लिए मजबूर करे।

राहुल गांधी 2019 के बाद से अमेठी से दूरी बनाए हुए हैं। 2024 में वहां से परिवार का कोई सदस्य उम्मीदवार नहीं है। हालांकि अमेठी को यह परिवार अपना घर-परिवार बताता रहा है। तब जब गांधी परिवार उस घर-परिवार से दूर हो रहा है, उस वक्त इन रिश्तों की शुरुआत को याद किया जा सकता है। रायबरेली से फिरोज गांधी के दौर से गांधी परिवार का जुड़ाव रहा है। इमरजेंसी के समय इंदिरा गांधी रायबरेली से सांसद थीं। छोटे पुत्र संजय गांधी की संसदीय पारी की शुरुआत के लिए रायबरेली से सटी अमेठी सीट को काफी सुरक्षित समझा गया। 1976 में संजय गांधी ने खेरौना (अमेठी) में युवक कांग्रेस का एक माह का श्रमदान शिविर लगाया। अमेठी की मिट्टी से गांधी परिवार का जुड़ाव इस शिविर के जरिए हुआ। हालांकि 1977 के चुनाव में अमेठी ने संजय गांधी को निराश किया। फिर राजीव गांधी, सोनिया गांधी और राहुल गांधी यहां का प्रतिनिधित्व करते रहे। संजय गांधी 1977 में अमेठी से हारे, लेकिन 1980 में जीत दर्ज करके वहां वापसी दर्ज की।

राहुल गांधी अमेठी से लगातार तीन जीत के बाद 2019 में हारे, लेकिन 2024 में वहां से हिसाब बराबर करने के लिए आगे नहीं आ सके। राहुल के इस फैसले को जयराम रमेश रणनीति बता रहे हैं। प्रधानमंत्री बिना नाम लिए तंज कर रहे हैं "डरो मत कहने वालों को मैं कहता हूं भागो मत!"

प्रसंगवश

यादों में अतुल अंजान

मणेन्द्र मिश्रा 'मशाल'
पूर्व अतिथि प्रवक्ता
इलाहाबाद विश्वविद्यालय

कामरेड अतुल अंजान का पूरा जीवन ही सार्वजनिक था जिसमें निजी जैसा कुछ भी नहीं था। हमारी पीढ़ी के लिए वह राजनीति, संविधान, जन सरोकार, सामाजिक मुद्दों सहित देश-दुनिया के विभिन्न मसले जिनका असर आम जनता पर पड़ सकता है उन सभी विषयों के लिए इनसाइक्लोपीडिया थे। वामपंथी राजनीति के वे बड़े चेहरे थे। हम लोगों का उनसे परिचय आज के बीस वर्ष पूर्व इलाहाबाद विश्वविद्यालय में पढ़ाई के दौरान हुआ था। जनजातीय क्षेत्रों में मानवाधिकारों के लिए उन्होंने लंबी लड़ाई लड़ी। वामपंथी राजनीति को पसंद न करने वाले लोग भी उनका भाषण सुनने दूर-दूर से आते थे।

दिल्ली स्थित मावलंकर हाल, कांस्टीट्यूशन क्लब, तीन मूर्ति लाइब्रेरी में शहीदे आजम भगत सिंह, सामयिक मुद्दों पर कामरेड एबी वर्धन के साथ अतुल अंजान की उपस्थिति हर बार एक नया विमर्श पैदा कर देती थी। लखनऊ विश्वविद्यालय के लोकप्रिय छात्रसंघ अध्यक्ष रहे अतुल अंजान आजीवन छात्र आंदोलन के जेपी मूवमेंट वाली पीढ़ी और नए छात्र/नौजवानों में एक समन्वयकारी भूमिका में रहते थे। अतुल अंजान को अपने गृह जनपद मऊ से बेहद लगाव था। जहां उनके प्रयास से 31 दिसंबर 2015 को तत्कालीन समाजवादी सरकार में नेता जी मुलायम सिंह यादव एवं उस समय मुख्यमंत्री रहे अखिलेश यादव ने जनपद के महान विभूति रहे पंडित अलगू राय शास्त्री और कामरेड जय बहादुर सिंह की प्रतिमा की स्थापना मऊ कलेक्ट्रेट परिसर में की गई।

कामरेड अतुल अंजान की हजरतगंत काफी हाउस की बैठकी बेहद चर्चित थी जिसमें लखनऊ के सिविल सोसायटी से जुड़े अनेक लोग शामिल होते थे। सच कहने का उनमें गजब का साहस था। वे आजीवन सिद्धांत और ईमानदारी की राजनीति करते रहे। उनके निधन ने समाज में एक जनपक्षकार की रिक्तता पैदा कर दी है। यह शून्यता लंबे समय तक बनी रहेगी जिसकी भरपाई मुश्किल है।

शक्ति का सिद्धांत ही नैसर्गिक सिद्धांत



डॉ. राजेंद्र रंजन चतुर्वेदी
सेवानिवृत्त प्रोफेसर

इसमें कोई संदेह नहीं कि शक्ति का सिद्धांत नैसर्गिक सिद्धांत है- नाभिषेको न संस्कारो सिंहस्य क्रियते वने, विक्रमार्जित राज्यस्य स्वयमेव मृगेन्द्रता। जंगल के शेर को किसी ने वोट तो दिए नहीं थे। किसी ने उसका राजतिलक भी नहीं किया था। अपने ही पराक्रम के कारण वह जंगल का राजा कहलाता है। सूर्यकांत त्रिपाठी निराला ने भी एक दिन कहा था - ' योग्यजन जीता है, पश्चिम की उक्ति नहीं, गीता है, गीता है।' डार्विन का 'सर्वाइवल ऑफ द फिटेस्ट' सिद्धांत भी इसी सत्य का प्रतिपादन है।

आधुनिकता और कथित वैज्ञानिकता का चश्मा उतारकर देखिए-आज समस्त संसार में विश्व बाजार के माध्यम से शक्ति का नैसर्गिक सिद्धांत अपना काम कर रहा है। संयुक्त राष्ट्र संघ में पांच देशों को वीटो-पावर (विशेषाधिकार) मिली है तो उसके पीछे यही सिद्धांत है। तकनीक नई है, किंतु शक्ति की होड़ आदिम ही है। यही कारण है कि विश्व के अनेक क्षेत्रों में युद्ध आज भी हो रहे हैं। हार और जीत के निर्णय विध्वंसक शक्ति के आधार पर ही हो रहे हैं। भूमंडलीकरण की प्रक्रिया शक्ति के उसी सिद्धांत के आधार पर चल रही है जिसकी लाठी उसकी भैंस। संस्कृति के क्षेत्र में समृद्ध और सशक्त देश की संस्कृति का वर्चस्व स्थापित होगा, यही प्राकृतिक न्याय है। यह सच है कि बड़ी मछली छोटी मछली को खा जाती है।

यह कोई नई बात नहीं है, मानव इतिहास में ऐसा पहले भी होता ही रहा है, लेकिन तब तक जब तक कि समष्टि चेतना सोई रहती है और व्यष्टि स्वार्थ संगठित हो जाता है। संगठित व्यष्टि स्वार्थ मिथ्या सिद्धांतों के स्टैचू लगाता है और समष्टि चेतना को विच्छिन्न करता है। कहीं जाति की बात करता है तो कहीं मजहब की बात करता है, कहीं कहता है कि जनता तो बुद्धू होती है। वर्ण, वर्ग, जाति, मजहब के आधार पर लोक को विभाजित करने वाले विचार सत्ता में छा जाते हैं। समाज के खंडन और विघटन का समर्थन करने वाले तर्क उभरते हैं, तर्क विचार नहीं होता, विचार का विभ्रम होता है, वह हमें प्रकाश नहीं, अंधेरे में भटका देता है।

> सामाजिक संबंधों में विघटन अंततः अराजकता की ओर ले जाता है। जब सामाजिक खंडन होता है तब अराजकता भी आ जाती है। मनुष्य की समग्रता और संपूर्णता के सिद्धांत को ग्रहण लग जाता है।

पुरानी और बूढ़ी विचारधाराओं की पोथियां जहां हैं, वहीं तक रहेंगी। वे अपने आप खुद ही नहीं सरक सकतीं तो वे मनुष्य को आगे कैसे ले जा सकती हैं? समष्टि के सिद्धांत की पुष्टि के लिए, समष्टिजन के लिए, लोकजीवन में उतरना ही होगा, अब दूसरा कोई रास्ता बचा ही नहीं है। मनुष्य मात्र की एकता। आज मनुष्यता रुग्ण है, हर प्रकार के विभेदक विचार से परहेज करना ही होगा। भाषा और परंपराएं किसी भी जाति की विशिष्ट सांस्कृतिक पहचान होती हैं। वे उस समूह में एकता लाती हैं, उन्हें संगठित करती हैं। इसीलिए हर आक्रांता समूह, आक्रांत देश की भाषाओं और विजित जाति की संस्कृति को हतोत्साह करता है। आज वही कार्य पैसे की अकूत शक्ति कर रही है। उस जमाने में भारत की लोक संस्कृति पर हमला हुआ था, तब मंदिर तोड़े गए थे, मूर्तियां तोड़ी गई थीं, जजिया कर लगाया गया था, किंतु भारत की जीवन पद्धति ने भारत के जीवन दर्शन ने हार नहीं मानी थी।

आज जब पश्चिम की बयार बह रही है, भारत की जीवन पद्धति और भारत के जीवन दर्शन पर आक्रमण हो रहा है। हम टुकुर टुकुर देख रहे हैं कि इस पछैयां-ब्यार में सब कुछ उड़ा जा रहा है, जीवन-पद्धति भी और जीवन-दर्शन भी। भाषा भी, कला भी, संगीत भी। बाजारवादी दर्शन। नाता रिश्ता-मुनाफे के लिए। अपने लिए। सिर्फ अपनी अपनी चिंता। भूमंडलीकरण अकेला करके मारता है। भारतीय संस्कृति की पीड़ा है कि हम आज अपने ही घर में किराएदार बन गए हैं।

सामाजिक संबंधों में विघटन अंततः अराजकता की ओर ले जाता है। जब सामाजिक खंडन होता है तब अराजकता भी आ जाती है। मनुष्य की समग्रता और संपूर्णता के सिद्धांत को ग्रहण लग जाता है। वे भटके हुए बुद्धिजीवी अध्यात्म को ही पिछड़ापन समझ लेते हैं, जबकि मनुष्य मात्र की एकता के चिंतन के अतिरिक्त अध्यात्म और क्या है? गांधी का चिंतन समग्रता का चिंतन था। एकता का चिंतन तो अध्यात्म का चिंतन है। अध्यात्म का चिंतन वस्तुतः समग्रता का चिंतन है। अध्यात्म का चिंतन वैश्विकता का चिंतन है जिसमें केवल मनुष्य ही नहीं पशु-पक्षी और सभी प्राणी होते हैं, विराट प्रकृति होती है।

सोशल फोरम

सत्य से की जाती है धर्म की रक्षा

हरिकांत त्रिपाठी
सेवानिवृत्त आईएएस

लोकतांत्रिक शासन व्यवस्था के संबंध में आम धारणा है कि यह सर्वोत्तम शासन प्रणाली है। यह सफल तभी हो सकती है जब लोग शिक्षित हों और वे प्रवृत्ति से भी लोकतांत्रिक व्यवहार के पक्षधर हों। यह देखकर निराशा होती है कि घरों में अधिक परिश्रम, त्याग और सूझबूझ से योगदान देने वाली पत्नियों से भी हम अपेक्षा करते हैं कि वे पुरुष की तानाशाही एकाधिकार पर चूं तक न करें।

बच्चों के पालन-पोषण और पढ़ाई-लिखाई में उनकी पिटाई को महिमामंडित करने वाले समाज हैं हम। पूरी कार्य संस्कृति में ऊपरी पायदान पर बैठा व्यक्ति पूरी ढिठाई से निचले पायदान पर बैठे लोगों से साधिकार यह अपेक्षा करता है कि उसकी सही गलत सभी इच्छाओं को वे बिना बुद्धि का प्रयोग किए और आस्था के साथ कार्यान्वित करें। यदि किसी ने भूले भटके कहीं अपनी असहमति भी व्यक्त कर दी तो उसके लिए अधीनता में कठोर दंड की व्यवस्था है। ऐसी स्थिति में हम लोकतंत्र के नाम पर राजशाही और सामंतवादी व्यवस्था चलाने के विरोधाभास को ढोने के लिए अभिशप्त हैं। राजनीति ने खुद को सत्ता पाने का माध्यम बना लिया है। जितने तिकड़म हो सकते हैं चुनाव जीतने के लिए धड़ल्ले से इस्तेमाल किए जा रहे हैं। एक तरफ जहां दबी कुचली आबादी को मुख्य धारा में लाने के नाम पर राजनीतिक दल बेशर्मी से जातीय ध्रुवीकरण में लगे हुए हैं, वहीं नितांत व्यक्तिगत धर्म को भी मत उगाहने का माध्यम बना दिया गया है। पहले अंडा फिर चिड़िया या पहले चिड़िया फिर अंडा की पद्धति पर सभी राजनीतिक दल इसके लिए दूसरों पर दोषारोपण करते रहते हैं। अभी कुछ ही दिनों पहले राम और रामकथा, रामचरित मानस को लेकर भी नेताओं ने अच्छी खासी राजनीति की। लोकापवाद जो लोकतंत्र में सत्य से भी अधिक महत्वपूर्ण माना जाता है के भय से राम ने तथाकथित सारी परीक्षा में सीता के खरी उतरने के बाद भी उन्हें गर्भवती होने की दशा में भी घनघोर वन में छोड़ने का आदेश दे दिया। इस प्रकरण में परित्याग को न्यायसंगत सिद्ध करने के लिए परंपरा-वादियों द्वारा तरह-तरह के अधकचरे तर्क और तथ्य पता नहीं कहां-कहां से लाकर प्रस्तुत किए जाते हैं। लोग यह भूल जाते हैं कि धर्म की रक्षा तर्क से नहीं अपितु सत्य से ही की जाती है।

-फेसबुक वॉल से

दलित चेतना के अग्रदूत क्रांतिकारी संत बसवेश्वर



डॉ. चन्द्रविजय चतुर्वेदी
प्रयागराज

क्रांतिकारी संत बसवेश्वर का जन्म सन् 1127 के आसपास वर्तमान कर्नाटक के बीजापुर जनपद के इंगालेश्वर बागेवाड़ी गांव में एक उच्च कुलीन ब्राह्मण परिवार में हुआ था। बसवेश्वर को बासव और बसन्ना नाम से भी संबोधित किया जाता था। बालपन में ही बसवेश्वर दलित संतों शिवभक्त कण्णप्पा और मदरा चन्नप्पा के उपदेशों से इतने प्रभावित हुए की आठ वर्ष की अवस्था में ही उपनयन संस्कार से विद्रोह कर बैठे। अपने वेद पारंगत पिता के समक्ष निःसंकोच रूप से अपने क्रांतिकारी विचार उद्घोषित करने लगे कि यह उपनयन जातिगत श्रेष्ठता तथा भेदभाव का प्रतीक है। ब्राह्मण के कर्मकांड भगवद्भक्ति से दूर करते हैं। बालक बासव ने अपने पिता से कहा की यदि समाज के हर वर्ग को उपनयन का अधिकार होता तो वे स्वीकार कर लेते।

बीजापुर जिले में कृष्णा नदी और मालप्रभा के संगम पर भगवान शिव का पवित्र लिंग स्थापित है, जो कुडल संगम के नाम से प्रसिद्ध रहा। इस स्थान पर एक प्रतिष्ठित ज्ञानपीठ भी था जिसके कुलपति ईशान्य गुरु थे जिन्होंने शिशु बासव को लिंग के साथ दीक्षित किया था। उपनयन के प्रकरण पर बालक बासव ने अपने पिता से कहा की मुझे पवित्र लिंग ने दीक्षित कर रखा है अब मुझे किसी अन्य दीक्षा की आवश्यकता नहीं है। मुझे कुडल संगम जाने की अनुमति दें। ईशान्य गुरु के संरक्षण में कुडल संगम को समर्पित बसवेश्वर एक क्रांतिकारी चिंतक के रूप में प्रसिद्ध होने लगे। विरक्त क्रांतिकारी संत बसवेश्वर कालांतर में कालचूर्य राजवंश के वित्तमंत्री हुए। बासव दंडनायक ने राजपुरुष के रूप में अपनी पद, प्रतिष्ठा, धन ऐश्वर्य सब कुछ सामाजिक और धार्मिक क्रांति को समर्पित कर दिया। कालचूर्य वंश की राजधानी कल्याण में उन्होंने दलितों ,वंचितों के बीच न केवल सैद्धांतिक समता की बात की, बल्कि उसे व्यावहारिक रूप प्रदान करते हुए चमार, मोची, डोम, चांडाल, तेली, दर्जी आदि जातियों का एक सामाजिक धार्मिक संगठन भी स्थापित कर दिया जिसे कुडल संगम का शरण कहा गया जिसके धर्म को निर्देशित करते हुए बासव ने कहा-तू चोरी-हत्या नहीं करेगा, न असत्य बोलेगा, तू किसी पर क्रुद्ध नहीं होगा ,न किसी अन्य मनुष्य से घृणा करेगा, अपने आप पर गौरव भी नहीं करेगा, तू दूसरे पर दोषारोपण नहीं करेगा, यह तेरी अंतर्मुखी शुद्धता है, यही हमारे भगवान कुडल स्वामी को जीत लेने का उपाय भी है।

> बसवेश्वर के विचारों से प्रभावित होकर मोलगे मारय्या जो कश्मीर के राजा थे, वे महारानी सहित कश्मीर छोड़कर कल्याण आ गए और लकड़हारे का जीवन व्यतीत करने लगे।

बासव ने दलितों को अछूत कहकर पुकारने का विरोध किया और उन्हें महा महेश्वर-शरण का संबोधन दिया तथा गले में लिंग धारण कराया। दक्षिण भारत में संबोलि की प्रथा थी जिसमे दलित लोग जब रास्ते पर चलते थे तो उच्च स्वर से अन्य वर्णों को सचेत करते थे। बसवेश्वर ने इस प्रथा को बंद कराया। बासव के क्रांतिकारी विचार से प्रभावित होकर उड़ीसा, कश्मीर और गुजरात से भी उनके शरण में सम्मिलित हुए। बसवेश्वर का सामाजिक धार्मिक क्रांति के तीन बिंदु रहे। एक -जन्मना जाति के स्थान पर कर्मणा वर्ण का सिद्धांत, दूसरा कर्मकांड को त्याग कर सरल भक्ति का मार्ग, तीसरा-श्रम का महत्व और उसकी सर्वोपरिता। बसवने अपने उपदेशों में गरीबों की चेतना को जागृत कर धनवानों की भर्त्सना की-आप प्रश्न कर सकते हैं सर्प से दंशित व्यक्ति से, आप प्रेत-ग्रस्त पुरुषों से भी कर सकते हैं सवाल, पर धन के भूत से ग्रस्त व्यक्ति से आपको प्रश्न करने की मजाल कभी नहीं होगी। बसवेश्वर ने मंदिर के बजाय शरीर को ही शिवालय मानने पर जोर दिया जिनके पास धन है वे शिवालय बनवाते हैं, मैं धनहीन क्या कर सकता हूं, मेरे पैर ही खंबे हैं तथा मेरी देह देवालय, मेरा सिर ही सोने का कलश है, हे कुडल संगम देव जरा सुनना, स्थावर नश्वर है, परंतु जंगम का नाश नहीं हो सकता।

बसवेश्वर के विचारों से प्रभावित होकर मोलगे मारय्या जो कश्मीर के राजा थे वे महारानी सहित कश्मीर छोड़कर कल्याण आ गए और लकड़हारे का जीवन व्यतीत करने लगे। दलितों के साथ-साथ बासव ने स्त्रियों को समता का अधिकार दिलाया। हर वर्ण की स्त्रियों-पुरुषों के साथ कंधे से कंधा मिला इस अभूतपूर्व क्रांति में सम्मिलित हुई। बसवेश्वर के सुधारों से ही लिंगायत संप्रदाय अस्तित्व में आया। महात्मा बुद्ध के वाद बसवेश्वर ने ही समाज का मंथन करते हुए उपदेश किया की सदाचार ही उच्च जाति है तथा कदाचार नीच जाति, धर्म सबका जन्मसिद्ध अधिकार है। बासव अपने से हीन किसी को नहीं मानते थे और सबसे बराबरी का व्यवहार करते थे। इसीलिए उन्होंने किसी को अपना शिष्य नहीं बनाया। सामाजिक परिवर्तन के लिए बाबा साहेब आंबेडकर जिस बाल्तेयर की परिकल्पना करते थे वह बसवेश्वर ही थे।

दैत्य गुरु के घर में देव गुरु

रघोत्तम शुक्ला
सेवानिवृत्त पीसीएस

देवों के गुरु वृहस्पति राशि परिवर्तन करके 1 मई को मेष से वृष राशि पर आ गए हैं, जो असुर गुरु शुक्राचार्य का घर है। यहां वे एक वर्ष तक रहेंगे। शुक्र उनके शत्रु हैं और शत्रु राशिस्थ ग्रह निर्बल होता है। वैसे भी गुरु 6 मई से 2 जून तक अस्त रहेंगे। अस्त ग्रह निष्प्रभवी रहता है। तथ्य यह भी है कि गुरु के उदय काल में वहां शुक्र मौजूद होंगे, जो 12 जून तक वृष पर रहेगे। उनका वह अपना घर है, अतः वहां बलवान होंगे। जब दो परस्पर शत्रु ग्रह एक जगह मिलते हैं तो ग्रह युद्ध होता है। उसमें विजय बलवान की होती है।

तात्कालिक बलाबल के अनुसार शुक्र का पलड़ा भारी रहेगा। गुरु दैवी, सतोगुणी शक्तियों के प्रतीक हैं और शुक्र आसुरी, नितांत भौतिकतावादी शक्तियों के। गुरु पुरुष हैं और शुक्र स्त्रीलिंग। 4 जून और उसके कुछ बाद के कालखंड में देश में सरकार का गठन हो रहा होगा। उक्त ग्रहीय स्थिति के अनुसार सौम्य, सात्विकी, देवत्व लिए शक्तियो का पलड़ा कमजोर रहेगा और इसके विपरीत शक्तियां प्रबल होंगी। किसी स्त्री का वर्चस्व दिखेगा, क्योंकि शुक्र स्त्री हैं। देश की कुंडली में राज्य भाव यानी दशम में शनि गोचर कर रहे हैं, जो मंद ग्रह हैं। अतः सत्ता संचालन गति में मंथरता कारित करेंगे। 12 जून के बाद गुरु फ्री होंगे। वे गोचर में अपने स्थान से दूसरे, पांचवें, सातवें, नवें और ग्यारहवें भाव के लिए शुभकारी होते हैं। ऐसे में वे मेष, मकर, वृश्चिक, कन्या और कर्क राशि वालों को लाभ देंगे। शेष के लिए अशुभ। वे जातक की कटि और जंघा पर अधिकार रखते हैं तथा रोग कारित करने वाले त्रिदोषों मे कफ पर नियंत्रण करते हैं। ऐसे में अशुभ फल वाली राशियों के लिए इन दोषों को लेकर इन अंगों में पीड़ा पहुचा सकते हैं। ज्वर, वमन, गुल्म व आंत्र रोग, ब्राह्मणों का शाप (नाराजगी) और देवताओं का रोष हो सकता है। "छर्दीश्च गुल्मान्त्ररुजं शुचं द्विजशापोत्थ पीडां सुर सम्भवां रुजम्।" दुष्प्रभावों के शमन हेतु तर्जनी उंगली में सोने की अंगूठी में पोखराज धारण करें और पीली वस्तु का दान करें, जैसे चने की दाल, सोना, पीला कपड़ा। वे वर्ण से ब्राह्मण और विद्वान हैं, अतः ऐसे

कर्नाटक में वोटर की कसौटी पर है गारंटी

भाजपा को मोदी की गारंटी पर भरोसा है तो कांग्रेस विधानसभा चुनाव में दी गारंटी की डिलीवरी को गेम चेंजर मान रही है। राज्य के उत्तरी भाग में भाजपा और कांग्रेस के बीच सीधे मुकाबले वाली 14 सीटों पर सात मई को डाले जाएंगे वोट

मनोज त्रिपाठी

अमृत विचार। कर्नाटक के उत्तरी भाग की 14 लोकसभा सीटों पर सात मई को मतदान के साथ राज्य में चुनावी प्रक्रिया का समापन हो जाएगा। लेकिन तमाम सवाल चुनाव के बाद भी मुद्दे बने रहेंगे। फिलहाल भाजपा और कांग्रेस के बीच सीधे मुकाबले वाली इन 14 सीटों पर प्रचार के अंतिम चरण में जबर्दस्त घमासान देखने को मिल रहा है। इस तथ्य के बावजूद कि कर्नाटक का मतदाता विधानसभा और लोकसभा चुनाव में अलग पैटर्न पर मतदान करता आया है, इस बार शायद यह अकेला राज्य है, जहां मोदी की गारंटी और राज्य की कांग्रेस सरकार की गारंटी चुनाव की कसौटी पर कसी जा रही है। 2019 के चुनाव में भाजपा ने ये सभी 14 सीटें जीती थीं। कर्नाटक के इस इलाके में कांग्रेस एक भी सीट नहीं जीत पाई थी। ऐसे में भाजपा के लिए चुनौती बड़ी है, जिसे और बड़ा कर दिया है, उसके अपने ही कुछ नेताओं ने बगावती तेवर दिखाकर। ऐसे में भाजपा अपने इस मजबूत गढ़ को बचाने के लिए पूरी ताकत लगाए है। पार्टी ने प्रचार अभियान में मोदी की गारंटी, विकसित भारत और हिंदुत्व पर लोगों का भरोसा जीतने के साथ हुबली का नेहा हत्याकांड, महिला सुरक्षा, कानून-व्यवस्था, अल्पसंख्यक तुष्टीकरण जैसे मुद्दों पर कांग्रेस के खिलाफ मोर्चा खोल रखा है। इसके मुकाबले सिद्धारमैया के नेतृत्व वाली कांग्रेस सरकार सत्ता में आने के लगभग एक साल बाद लोकसभा के इम्तिहान में अपनी पांच गारंटियां लागू करने का श्रेय लेते हुए हाल ही में हाथ लगे जेडीएस सांसद रेवन्ना के सेक्स वीडियो कांड पर भाजपा को घेरते हुए बढ़त लेने की कोशिश करती नजर आ रही है।

इन लोकसभा क्षेत्रों में पड़ेंगे वोट

- शिमोगा, दावणगिरी, उत्तर कन्नड़, धारवाड़-हुबली, हावेरी, बेल्लारी, कोप्पल, वीदर, रायचूर, गुलबर्गा, बीजापुर, बागलकोट, बेलगाम और चिक्कोड़ी।

कांग्रेस पर विधानसभा की तरह चुनाव लड़ने का आरोप

- विधानसभा में विपक्ष और भाजपा के नेता, वोक्कालिगा समुदाय में मजबूत पकड़ रखने वाले आर अशोक लगातार यह बात कह रहे हैं कि कांग्रेस लोकसभा के चुनावों को विधानसभा चुनाव के स्तर पर ले जा रही है। अपनी इस बात के सहारे वह कांग्रेस पर हमला बोल रहे हैं कि कांग्रेस राष्ट्रीय मुद्दों पर भाजपा से मुकाबला नहीं कर सकती है, इसलिए ऐसे मुद्दों से दूर भाग रही है। लोग केंद्र में स्थिर सरकार, नरेंद्र मोदी जैसा सशक्त और लोकप्रिय नेतृत्व, राष्ट्रीय सुरक्षा, देश का विकास और मजबूत अंतरराष्ट्रीय संबंध चाहते हैं। लेकिन मुख्यमंत्री सिद्धारमैया लोकसभा चुनावों को विधानसभा चुनाव जैसा बनाने की कोशिश कर रहे हैं।

भाजपा को 2019 जैसी सफलता दोहराने की उम्मीद

- 2018 के विधानसभा चुनावों में भाजपा सबसे बड़ी पार्टी बनी थी। हालांकि वह बहुमत से चूक गई थी। पार्टी का वोट शेयर 36% था। लेकिन अगले साल 2019 में हुए लोकसभा चुनावों में भाजपा का वोट शेयर 54% पहुंच गया था और पार्टी ने 25 लोकसभा सीटों पर कमल खिला दिया था। इस बार 2023 के विधानसभा चुनाव के नतीजों के हिसाब से देखें तो कांग्रेस 21 लोकसभा सीटों पर आगे रही थी। 2018 के विधानसभा चुनाव में कांग्रेस का वोट शेयर 38.1% था, जो 2023 में बढ़कर 42.8% हो गया था। वहीं भाजपा पांच लोकसभा सीटों पर आगे रही थी। एक सीट पर कांग्रेस और भाजपा में नजदीकी मुकाबला जैसी स्थिति थी, जबकि जेडी (एस) केवल हासन लोकसभा सीट पर आगे रहा था।

2018
के विधानसभा चुनाव में कांग्रेस का वोट शेयर 38.1% था, जो 2023 में बढ़कर 42.8% हो गया था।

वोट शेयर - 2019
51.4% भाजपा
31.9%
2019 में हुए लोकसभा चुनावमें भाजपा ने 25 लोकसभा सीटों पर कमल खिला दिया था

14 में छह सांसदों के टिकट काटने के बाद भी मुश्किल

- सात मई के मतदान वाली सीटों पर कांग्रेस के अभियान में ज्यादा आक्रामकता देखने को मिल रही है। पार्टी भाजपा से जीतने और सीटें छीनने की भूख दिखा रही है। पिछले चुनाव में 28 में सिर्फ एक सीट जीतने वाली कांग्रेस ने इस बार राज्य में 20 सीटें हासिल करने का लक्ष्य रखा है। हालांकि कांग्रेस की रणनीति से सतर्क भाजपा ने उत्तरी क्षेत्र की सीटों को लेकर पहले ही व्यूह रचना कर ली थी। इस इलाके के मौजूदा सांसदों के खिलाफ लोगों की नाराजगी का आकलन करने के साथ विधानसभा चुनाव के बाद बदले समीकरणों को देखते हुए छह सीटों कोप्पल, बेलगाम, हावेरी, दावनगिरी, बेल्लारी और रायचूर में नए चेहरे मैदान में उतार दिए थे। लेकिन जिस तरह पूर्व उप मुख्यमंत्री ईश्वरप्पा बागी होकर मैदान में उतरे हैं, उससे संदेश अच्छा नहीं गया है। ईश्वरप्पा शिवमोगा सीट पर बीएस येदियुरप्पा के बेटे बीवाई राघवेंद्र के खिलाफ निर्दलीय चुनाव लड़ रहे हैं। हावेरी सीट से बेटे केई कांतेश को टिकट नहीं दिए जाने से नाराज ईश्वरप्पा का कहना है कि उनकी लड़ाई पूर्व मुख्यमंत्री और लिंगायत नेता बीएस येदियुरप्पा के परिवार के खिलाफ है। हालांकि भाजपा ने धारबाड़-हुबली में केंद्रीय मंत्री प्रहलाद जोशी के सामने मैदान में उतरे सिरेट्टी मठ के प्रमुख और लिंगायत समाज के बड़े धर्मगुरु दिंगालेश्वर स्वामी को समझा-बुझाकर चुनाव मैदान से हटा दिया है, लेकिन फांस तो रह ही गई है।

> हमें पूरा भरोसा है कि मोदी की गारंटी के मुकाबले राज्य में हमारी गारंटियां गेमचेंजर साबित हो सकती हैं।
> मल्लिकार्जुन खड़गे, कांग्रेस अध्यक्ष

ग्रामीण इलाकों में कांग्रेस, शहरी क्षेत्र में भाजपा के लिए समर्थन

- कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे के मुताबिक लोग बदलाव चाहते हैं, गरीबों की सरकार चाहते हैं और चाहते हैं कि बेरोजगारी तथा महंगाई कम हो। हम उन्हें यह बताने की कोशिश कर रहे हैं कि भाजपा सत्ता में लौटी तो संविधान खत्म हो जाएगा, लोकतंत्र खत्म हो जाएगा। लोगों के मुताबिक मुख्यमंत्री पद को लेकर भले ही खींचतान रही हो, लेकिन लोकसभा चुनाव में कांग्रेस अधिक एकजुट है। मुख्यमंत्री सिद्धारमैया और डीके शिवकुमार, मल्लिकार्जुन खड़गे का नेतृत्व प्रभावी दिख रहा है। पार्टी नेताओं को भरोसा है कि उसकी गारंटियां गेमचेंजर साबित हो सकती हैं। गरीब परिवार की मुखिया महिलाओं को प्रति माह 2,000 रुपये का सीधा हस्तांतरण, राज्य परिवहन बसों में मुफ्त यात्रा और 200 यूनिट तक मुफ्त बिजली चुनावी नतीजों में फर्क डाल सकती है।
- एक विधि छात्रा जयश्री ने पिछले हफ्ते प्रचार के दौरान सिद्धारमैया को मुफ्त बस टिकटों से बनी माला भेंट की थी। उसने मुख्यमंत्री से कहा था कि कांग्रेस सरकार से बस में मुफ्त यात्रा मिलने से वह बिना किसी तनाव के अपनी पढ़ाई कर सकती है।
- माहौल की बात करें, तो ग्रामीण इलाकों और गरीब परिवारों की महिलाएं कांग्रेस का समर्थन करती नजर आ रही हैं। हालांकि शहरी क्षेत्रों में भाजपा की ओर अधिक झुकाव साफ दिख रहा है।

बिहार में आरजेडी से यादव भाजपा का राजपूतों पर दांव

चुनाव डेस्क

बिहार के चुनावी मैदान में एनडीए और इंडिया गठबंधन के बीच मुकाबला है। भाजपा के नेतृत्व वाले एनडीए में जेडीयू, एलजेपी-आर, हम (सेक्युलर) और राष्ट्रीय लोक मोर्चा शामिल है, जबकि विपक्षी गठबंधन 'इंडिया' में आरजेडी, कांग्रेस, वीआईपी, सीपीआई एमएल, सीपीआई और सीपीआई एम शामिल हैं।

इस लोकसभा चुनाव में एनडीए की तरफ से भाजपा- 17, जदयू - 16, चिराग पासवान की लोजपा (रामविलास)- 5, जीतन राम मांझी का हिंदुस्तानी आवाम मोर्चा और उपेंद्र कुशवाहा का राष्ट्रीय लोक मोर्चा एक-एक सीट पर चुनाव लड़ रहा है। इंडिया गठबंधन में 23 सीटें आरजेडी के हिस्से में आई हैं। कांग्रेस नौ सीटों पर मैदान में है। तीन सीटों पर वीआईपी (विकासशील इंसान पार्टी) और तीन पर ही सीपीआई-एमएल के अलावा एक-एक सीट पर सीपीआई-एम और सीपीआई के उम्मीदवार ताल ठोक रहे हैं। राज्य में सात चरणों में हो रहे चुनाव में आरजेडी का हर तीसरा प्रत्याशी यादव, भाजपा का हर तीन में से एक उम्मीदवार राजपूत तो कांग्रेस के एक तिहाई दावेदार अगड़ी जाति से हैं। भाजपा ने अपने कोटे की 17 में से 10 सीटों पर अगड़ी जाति के उम्मीदवारों को उतारा है। इसमें 5 राजपूत, दो भूमिहार, दो ब्राह्मण, एक कायस्थ शामिल है।

आरजेडी और कांग्रेस ने दो-दो मुस्लिमों को दिया है इस बार मौका

- आरजेडी और कांग्रेस ने सबसे ज्यादा दो-दो सीटों पर मुस्लिम उम्मीदवारों को टिकट दिया है। अररिया से शाहनवाज़ आलम और मधुबनी से अली अशरफ फातमी उसकी तरफ से चुनावी मैदा में उतरे हैं। कांग्रेस ने अपनी नौ सीटों में किशनगंज सीट से अपने मौजूदा सांसद मोहम्मद जावेद को चुनाव मैदान में उतारा है, जबकि कटिहार सीट से वरिष्ठ नेता तारिक अनवर पर दांव लगाया है। भाजपा ने एक भी मुस्लिम उम्मीदवार को टिकट नहीं दिया है। उसकी सहयोगी जदयू ने एक मुस्लिम को प्रत्याशी बनाया है।

इसी तरह राज्य में एनडीए और इंडिया गठबंधन ने कुल मिलाकर 16 यादवों को जबकि 11 कोइरी को टिकट दिए हैं। हालांकि राज्य की जातिगत जनगणना के आंकड़ों के अनुसार राज्य में यादव आबादी करीब 14 प्रतिशत है जबकि कोइरी आबादी करीब 4.2 प्रतिशत है।

महिलाओं को मौका देने में राजद और चिराग आगे: महिलाओं को अवसर देने के मामले में आरजेडी सबसे आगे रही है। आरजेडी ने कुल 6 महिला उम्मीदवारों को इस बार लोकसभा का टिकट दिया है। इनमें पाटलिपुत्र सीट से मीसा भारती और सारण से रोहिणी आचार्य तो लालू प्रसाद यादव की बेटियां हैं।

बिहार में जातीय समीकरण

अगड़ी जाति के प्रत्याशी		**ओबीसी वर्ग के प्रत्याशी**	
13% इंडिया गठबंधन	34% एनडीए	50% इंडिया गठबंधन	30% एनडीए
अति पिछड़ा वर्ग प्रत्याशी		**मुस्लिम प्रत्याशी**	
13% इंडिया गठबंधन	17% एनडीए	10% इंडिया गठबंधन	03% एनडीए
अनुसूचित जाति प्रत्याशी			
16% इंडिया गठबंधन	16% एनडीए		

भाजपा के साथ असली-नकली एनसीपी की परीक्षा

बारामती है हॉट सीट

चुनाव डेस्क

महाराष्ट्र की 48 लोकसभा सीटों के लिए पांच चरणों में मतदान हो रहा है। विदर्भ की 10 और मराठवाड़ा की तीन सीटों के लिए 19 और 26 अप्रैल को वोट डाले जा चुके हैं। अब तीसरे चरण में 11 सीटों पर सात मई को वोट पड़ेंगे। इसमें पश्चिमी महाराष्ट्र की सात, कोंकण और मराठवाड़ा की दो-दो लोकसभा सीटों पर चुनाव होगा।

तीसरे चरण में बारामती, हातकणंगले, कोल्हापुर, लातूर, उस्मानाबाद, रायगढ़, रत्नागिरी सिंधुदुर्ग, सांगली, सतारा, माधा और सोलापुर सीट पर मतदान होना है। इन 11 सीटों में भाजपा छह सीटों पर मैदान में है। अजित पवार की नेतृत्व वाली एनसीपी के उम्मीदवार तीन सीटों पर हैं, जबकि दो सीटों पर एकनाथ नाथ शिंदे की शिवसेना किस्मत आजमा रही है। उधर, इंडिया गठबंधन की तरफ से कांग्रेस के तीन सीटों पर प्रत्याशी हैं। उद्धव ठाकरे की शिवसेना और शरद पवार की एनसीपी चार-चार सीटों पर मैदान में उतरी है। शरद पवार और अजित पवार खेमे के बीच आमने-सामने की लड़ाई बारामती लोकसभा सीट पर है। बारामती में शरद पवार की बेटी सुप्रिया सुले के सामने अजित पवार की पत्नी सुनेत्रा पवार चुनाव लड़ रही हैं। बारामती शरद पवार का गढ़ माना जाता है। सुप्रिया तीन बार से यहां से सांसद हैं। लेकिन भाजपा ने खुद मैदान में उतरने के बजाय अजित पवार की पत्नी को आगे कर दिया है। अजित पवार के लिए यह सीट जीतना आसान नहीं नजर आ रहा है।

भाजपा के लिए सबसे बड़ी चुनौती इसलिए है कि सबसे ज्यादा छह सीटों पर उसी के उम्मीदवार मैदान में हैं। भाजपा के लिए माढ़ा और सोलापुर में दल-बदल और विपक्ष की स्थिति से मुकाबला कठिन बन गया है. माढ़ा में भाजपा के मौजूदा सांसद रंजीत सिंह नाइक का मुकाबला शरद पवार की एनसीपी के धैर्यशील मोहिते पाटिल से है। मोहिते पाटिल भाजपा के साथ थे, लेकिन अब एनसीपी पवार में शामिल हो गए हैं।

लातूर सीट पर भाजपा के सुधाकर श्रंगारे का मुकाबला कांग्रेस के शिवाजीराव कालगे से है। लातूर कांग्रेस का गढ़ रहा है। पूर्व केंद्रीय गृह मंत्री शिवराज पाटिल सात बार सांसद रहे हैं। हालांकि पिछले दो चुनाव से भाजपा जीत रही है। भाजपा ने शिवराज पाटिल की बहू अर्चना पाटिल को अपने खेमे में शामिल करके कांग्रेस को झटका दिया है।

हातकणंगले सीट पर शिंदे गुट की शिवसेना से धैर्यशील माने और उद्धव ठाकरे की शिवसेना से सत्यजीत पाटिल हैं, लेकिन स्वाभिमानी पक्ष से राजू शेट्टी ने यहां मुकाबला त्रिकोणीय बना दिया है। सांगली में उद्धव की शिवसेना से चंद्रहार पाटिल मैदान और शिवसेना (शिंदे) के सांसद संजय मांडलिक आमने-सामने हैं। यहां कांग्रेस नेता विशाल पाटिल बगावत कर निर्दलीय उतर गए हैं, इससे त्रिकोणीय संघर्ष के आसार है।

महाराष्ट्र में तीसरे चरण में 11 सीटों पर सात मई को मतदान

अजित पवार का एक सांसद है लेकिन चार पर लड़ रहे चुनाव

- शिंदे के पास 13 सांसद, 15 सीटों पर उतारे प्रत्याशी

महाराष्ट्र में महायुति गठबंधन में भाजपा, शिवसेना (शिंदे) और एनसीपी (अजित पवार) के बीच हुए सीट समझौते के मुताबिक भाजपा राज्य की 48 में 28, शिवसेना शिंदे 15 और एनसीपी (अजित) चार सीटों के साथ आरएसपी एक सीट पर चुनाव लड़ रही है। इसके मुकाबले महाविकास अघाडी से शिवसेना (उद्धव ठाकरे) 21 सीटों पर, कांग्रेस 17 सीटों पर और एनसीपी (शरद पवार) 10 सीटों पर चुनाव लड़ रही है। महायुति में हुए सीटों के इस बंटवारे में सबसे ज्यादा फायदे में उपमुख्यमंत्री अजित पवार की अगुवाई वाली एनसीपी रही है। पार्टी का वर्तमान में एक सांसद रायगढ़ से है, लेकिन चार सीटों पर चुनाव लड़ रही है।

बारामती से अजित पवार की पत्नी सुनेत्रा पवार चुनाव लड़ रही हैं। रायगढ़ में पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष और मौजूदा सांसद सुनील तटकरे मैदान में हैं, जबकि शिरूर में शिवसेना शिंदे और धाराशिव में भाजपा नेता को उम्मीदवार बनाया गया है। इसी तरह मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे के नेतृत्व वाली शिवसेना 15 सीटों पर चुनाव मैदान में है, जबकि पार्टी के पास वर्तमान में 13 सांसद हैं। पार्टी ने विगत दिवस कल्याण, ठाणे और नासिक सीट पर अपने उम्मीदवार उतारे हैं। शिंदे की शिवसेना और भाजपा के बीच ठाणे और नासिक सीट पर पेच फंसा था। भाजपा ठाणे सीट से चुनाव लड़ना चाहती थी और नासिक में शिवसेना सांसद हेमंत गोडसे को फिर से प्रत्याशी बनाने का विरोध कर रही थी। ठाणे में शिवसेना शिंदे ने पूर्व महापौर नरेश म्हस्के को उम्मीदवार बनाया है। उनके बेटे और मौजूदा सांसद श्रीकांत शिंदे कल्याण से तीसरी बार सांसद का चुनाव लड़ रहे हैं। महायुति के तीनों दलों ने परभणी सीट पर आरएसपी का समर्थन किया था, वहां दूसरे चरण में वोट पड़ चुके हैं। शिवसेना ने 2019 में 22 सीटों पर चुनाव लड़कर 18 सीटों पर जीत हासिल की थी। शिवसेना में बंटवारे के बाद 13 सांसद शिंदे के साथ चले गए थे और पांच उद्धव ठाकरे के नेतृत्व वाली शिवसेना के साथ थे।

मुंबई में दोनों शिवसेना आमने-सामने

मुंबई में 20 मई को मतदान होना है। यहां महा विकास अघाड़ी में हुए सीट बंटवारे के मुताबिक कांग्रेस मुंबई में दो लोकसभा सीटों पर चुनाव लड़ रही है। मुंबई नार्थ सीट पर कांग्रेस के भूषण पाटिल भाजपा के केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल का मुकाबला करेंगे। नॉर्थ सेंट्रल से कांग्रेस ने वर्षा गायकवाड़ को टिकट दिया है जिनका मुकाबला भाजपा के उज्ज्वल निकम से होगा। नॉर्थ वेस्ट सीट पर शिवसेना उद्धव के अमोल कीर्तिकर और शिवसेना शिंदे के रवींद्र वायकर के बीच मुकाबला है। साउथ मुंबई से शिवसेना उद्धव ठाकरे गुट ने अरविंद सावंत को टिकट दिया है। उनका मुकाबला शिंदे गुट की शिवसेना की यामिनी जाधव से होगा। साउथ सेंट्रल से शिवसेना उद्धव ठाकरे के अनिल देसाई का सामना शिवसेना शिंदे के राहुल शेवाले से है। नॉर्थ ईस्ट सीट पर संजय डी पाटिल शिवसेना उद्धव के उम्मीदवार हैं। यहां भाजपा से मिहिर कोटेचा चुनाव लड़ रहे हैं।

2019
लोकसभा चुनाव में शिवसेना व एनसीपी अविभाजित थीं, इससे अब उनके वोट शेयर का अनुमान नहीं लग सकता। शिवसेना के 23 एनसीपी के 15 फीसदी वोट थे।

पिछली बार कुछ ऐसा था सीन

राजनीतिक दल	चुनाव लड़ा	जीती सीटें	मत %
भाजपा	25	23	27.84
शिवसेना	23	18	23.5
एनसीपी	19	04	15.66
कांग्रेस	25	01	16.41
एआईएमआईएम	01	01	0.73
वंचित बहुजन आघाडी	47	00	6.92

माटी-मानुष
बर्धमान में पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने चुनावी सबा के दौरान महिलाओं के साथ मिलकर पारंपरिक लोक नृत्य करके जीत का संदेश दिया।

शहीद को नमन
सिंहभूम में भाजपा प्रत्याशियों के लिए चुनावी जनसभा करने पहुंचे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को पार्टी की महिला कार्यकर्ताओं ने कोल विद्रोह के नायक शहीद का चित्र भेंट किया।

आंवला की महाभारत में इस बार कड़ा घमासान

अनुपम सिंह, बरेली

अमृत विचार : पांचाल देश की राजधानी व महाभारत युगीन इतिहास को समेटे आंवला की सियासत का रण भी इस बार काफी रोमांचक है। चुनावी पिच पर जीत का ख्वाब लेकर उतरने वाले सियासी सूरमाओं की राह आसान नहीं है, इस बात से सभी दल वाकिफ हैं। अब जोर आजमाइश में कोई किसी से कम नहीं है। ऐसे में यह देखना दिलचस्प होगा कि दावों और वादों के पिटारे के सहारे किस दल का प्रत्याशी मतदाताओं के दिल में जगह बना पाता है, या वोटों के ध्रुवीकरण से ही जीत का रास्ता तय होगा। फिलहाल बढ़ती जा रही गर्मी और करीब आ रही मतदान की तारीख ने आंवला की सियासत का तापमान और बढ़ा दिया है।

आंवला लोकसभा क्षेत्र की सियासत भी बरेली सीट जैसी ही है, बस यहां समीकरण कुछ बदले हैं। भाजपा ने पुराने चेहरे धर्मेंद्र कश्यप पर जीत का दांव लगाया है। सपा ने जातिगत समीकरण देखते हुए पिछड़ा वर्ग के दो बार के विधायक रहे चुके नीरज मौर्या को साइकिल दौड़ाने के लिए मैदान में उतारा है। बसपा ने आंवला के मौजूदा चेयरमैन आबिद अली पर भरोसा जताया है। वैसे तो आंवला के रण में नौ पहलवान अपनी किस्मत आजमा रहे हैं, लेकिन सीधे तौर पर यहां लड़ाई भाजपा और सपा के बीच नजर आ रही है। हालांकि, इस बात से इनकार नहीं किया जा सकता कि बसपा का हाथी सपा का खेल बिगाड़ने की कोशिश नहीं करेगा। अब यह बात दीगर है कि आबिद अली मुस्लिम मतदाताओं के कितना रहनुमा बन पाते हैं या फिर मुस्लिम, यादव और मौर्य वोटों के सहारे सपा प्रत्याशी नीरज मौर्य कुछ करिश्मा कर दिखाएंगे। भाजपा यहां लगातार चौथी बार जीत के लिए प्रयास कर रही है।

धर्मेंद्र कश्यप।

नीरज मौर्या।

आबिद अली।

- दो बार से जीत रहे भाजपा के धर्मेंद्र कश्यप के सामने जीत की हैट्रिक लगाने की चुनौती
- मुस्लिम, यादव और मौर्य मतों के ध्रुवीकरण से सपा को दिखा रहा जीत का समीकरण
- बसपा ने मुस्लिम प्रत्याशी उतारकर सपा की मुश्किल बढ़ाई, भाजपा को मिली राहत की सांस

इस बार बदल गए हैं चुनावी समीकरण

- 2019 के लोकसभा चुनाव में आंवला सीट से भाजपा के धर्मेंद्र कश्यप ने 5,37,675 वोट पाकर जीत हासिल की थी। बसपा की रुचि वीरा 4,23,932 वोट पाकर दूसरे स्थान पर रही थी। कांग्रेस के कुंवर सर्वराज सिंह 62548 वोट पाकर तीसरे नंबर पर थे, लेकिन इस बार गठबंधन में सीट सपा के पास है। बसपा ने मुस्लिम प्रत्याशी उतारा है, जबकि कांग्रेस के सर्वराज सिंह गठबंधन के प्रत्याशी नीरज मौर्य के समर्थन में हैं। सर्वराज सिंह का क्षेत्र में रसूख बताया जाता है। 2014 के चुनाव में धर्मेन्द्र कश्यप को 409907 वोट मिले थे। उन्होंने कुंवर सर्वराज सिंह को 138429 वोटों से हराया था।

भाजपा ने नाराजगी को किया दूर!

- सपा-बसपा दोनों ने जातिगत संतुलन साधते हुए उम्मीदवारों का चयन किया है। ऐसे में भाजपा के दो बार के सांसद और प्रत्याशी धर्मेंद्र कश्यप के सामने भी चुनौतियां कम नहीं है। उनके लिए इस बार अपना ही प्रदर्शन दोहराना बड़ी चुनौती है। इसकी एक वजह चुनावी रण सजने के बाद उनकी ओर से कुछ वर्ग के लोगों को लेकर की गई कथित टिप्पणियों से उपजी नाराजगी है। हालांकि, भाजपा के बड़े नेता लगातार लोगों की नाराजगी दूर करने की कोशिश कर रहे हैं।
- पिछले दिनों लोक निर्माण विभाग के मंत्री जितिन प्रसाद की मौजूदगी ब्राह्मण सम्मेलन में पूर्व विधायक पप्पू भरतौल को मंच पर लाना ब्राह्मणों की नाराजगी को कम करने की दिशा में ही प्रयास थी। इसके साथ ही आंवला लोकसभा क्षेत्र में चार दिन के अंदर मुख्यमंत्री की दो जनसभाएं और मंच से क्षत्रिय नेताओं का नाम लेकर नाराज इस वर्ग को साधने का काम किया गया है। मुख्यमंत्री शुक्रवार को फरीदपुर की सभा में भी सपा-बसपा पर जमकर बरस गए। डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य की जनसभा कराकर पिछड़े वर्ग के मतदाताओं को पाले में करने की कोशिश हो चुकी है।

मतदाताओं का जातीय समीकरण अनुमानित

मुस्लिम	3.75 लाख
क्षत्रिय	2.30 लाख
जाटव	2.80 लाख
ब्राह्मण	1.30 लाख
यादव	1.80लाख
कश्यप	1.45 लाख
शाक्य/मुराव	1.65 लाख
वैश्य	82 हजार
कायस्थ	15 हजार
कुर्मी	35 हजार
गड़रिया	35 हजार
लोध	37 हजार
वाल्मीकि	50 हजार
अन्य मतदाता	18 हजार

2019 का वोट शेयर



2014 का जनादेश



विधानसभा वार मतदाता

आंवला	320911
बिथरी चैनपुर	406141
फरीदपुर	338074
दातागंज	414000
शेखूपुर	402273
कुल मतदाता	18,81,399

आंवला लोकसभा सीट

कांग्रेस-सपा और भाजपा के खाते में रही है सीट

- आंवला लोकसभा सीट पहले कांग्रेस फिर भाजपा-सपा के पाले में रही है। कांग्रेस से सावित्री श्याम 1967, 1971 में सांसद चुनी गईं। 1984 में कल्याण सिंह सोलंकी सांसद बने। स्व. ब्रजराज सिंह उर्फ आछूबाबू ने 1962 में जनसंघ और 1977 में बीएलडी (भारतीय लोक दल) से चुनाव लड़कर जीत हासिल की थी। 1980 में स्व. जयपाल सिंह कश्यप जनता पार्टी से सांसद बने। इसके बाद यह सीट भाजपा और सपा के बीच में आती-जाती रही। वर्ष 1996, 1999 में सपा के टिकट से कुंवर सर्वराज सिंह सांसद चुने गए। 2004 में भी उन्होंने भाजपा-जदयू गठबंधन से यह सीट जीती। वहीं, भाजपा के राजवीर सिंह 1989, 1991, 1998 में सांसद बने। 2009 में मेनका गांधी संसद पहुंची। 2014 के चुनाव में धर्मेंद्र कश्यप सांसद बने। आंवला संसदीय क्षेत्र में आंवला, बिथरीचैनपुर, फरीदपुर, बदायूं की दातागंज और शेखूपुर विधानसभाएं आती हैं। इन पांचों सीटों पर भाजपा का कब्जा है।

2019
लोकसभा चुनाव में भाजपा के धर्मेंद्र कश्यप ने 5,37,675 वोट पाकर जीत हासिल की थी।

02
नंबर पर बसपा की रुचि वीरा 4,23,932 वोट पाकर रही थीं पिछले लोकसभा चुनाव 2019 में

नतीजे बताएंगे छुट्टा पशुओं की समस्या

आंवला क्षेत्र की बड़ी आबादी आजीविका के लिए खेती पर निर्भर हैं। लोगों की सबसे बड़ी समस्या बेसहारा पशु हैं। यह मुद्दा उनके लिए बड़ा है। पिछले कई सालों से इस समस्या से किसान जूझ रहे हैं, लेकिन इसके बाद भी चुनावी मौसम में यह मुद्दा कहीं गुम सा है। विपक्ष भी इस मुद्दे को उछाल नहीं पा रहा है।

फतेहपुर में फंसी सपा की प्रतिष्ठा

फतेहपुर। समाजवादी पार्टी ने फतेहपुर सीट पर प्रदेश अध्यक्ष नरेश उत्तम को मैदान में उतारा है। जबकि भाजपा से केंद्रीय मंत्री साध्वी निरंजन ज्योति और बसपा से डॉ. मनीष सचान मैदान में हैं। सपा की प्रतिष्ठा इस सीट पर इसलिए भी फंसी है क्योंकि पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष खुद ही मैदान में हैं। पार्टी पदाधिकारियों के मुताबिक जल्द ही सपा प्रमुख अखिलेश यादव और कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी इस सीट पर जनसभा करेंगे। ताकि नरेश उत्तम की जीत सुनिश्चित हो सके।

भाजपा भी यहां प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सभा कराने की कोशिश कर रही है। उम्मीद है कि कार्यक्रम की तिथि जल्द ही मिल जाएगी। बसपा मुखिया मायावती और राष्ट्रीय कोआर्डिनेटर आकाश आनंद भी यहां सभा करेंगे।

उपलब्धि गिनाईं
अहमदाबाद में भारतीय जनता पार्टी के अध्यक्ष जेपी नड्डा ने चुनावी सभा में कांग्रेस पर जमकर तीर चलाए। आतंकवाद और पाकिस्तान के मुद्दे पर पार्टी को घेरा।

अखिलेश के गढ़ में कल जनसभा करेंगे प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी

इटावा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पांच मई को इटावा के ढकपुरा नगरिया में जनसभा को संबोधित करेंगे। इटावा सीट से भाजपा से रामशंकर कठेरिया मैदान में हैं। वह केंद्र सरकार में मंत्री भी रहे हैं। उनके सामने बसपा से पूर्व सांसद सारिका सिंह बघेल मैदान में हैं तो सपा से जितेंद्र दोहरे। प्रधानमंत्री की रैली उस जगह हो रही है जहां आसानी से मैनपुरी और कन्नौज सीट के कार्यकर्ता भी आ सकेंगे। भाजपा की कोशिश है कि प्रधानमंत्री इस रैली से कन्नौज, मैनपुरी और इटावा संसदीय सीट के मतदाताओं को साध लें। कन्नौज में तो भाजपा सांसद सुब्रत पाठक के सामने सपा प्रमुख अखिलेश यादव मैदान में हैं। इसी तरह मैनपुरी में अखिलेश यादव की पत्नी डिंपल यादव और भाजपा से प्रदेश सरकार में मंत्री ठाकुर जयवीर सिंह मैदान में हैं। भाजपा इन तीनों सीटों को हर हाल में जीतना चाहती है।

मुश्किल में भाजपा तो शिवपाल भी फंसे दिख रहे

बेटे के लिए लगा रहे जोर

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

अमृत विचारः बदायूं संसदीय सीट भाजपा और सपा के प्रत्याशियों के साथ दोनों दलों के प्रमुख नेताओं के लिए प्रतिष्ठा का प्रश्न बन गई है। भाजपा प्रत्याशी दुर्विजय सिंह शाक्य के समर्थन में प्रधानमंत्री से लेकर मुख्यमंत्री, गृहमंत्री, रक्षामंत्री, पूर्व मुख्यमंत्री तक यहां आकर जनसभा कर चुके हैं। बसपा प्रमुख मायावती भी अपने प्रत्याशी मुस्लिम खान के लिए माहौल बनाने आ चुकी हैं। सपा नेता शिवपाल सिंह तो अपने बेटे आदित्य यादव को जिताने के लिए डेरा डाले हैं, तो सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव भी जोश भर गए हैं। दोनों ओर से एक से एक पैने चुनावी तीर छोड़े जा रहे हैं।

समाजवादी पार्टी के लिए बदायूं संसदीय सीट पारिवारिक सीट रही है। बदायूं लोकसभा सीट से धर्मेंद्र यादव दो बार सांसद रहे हैं। इस लोकसभा सीट के सहसवान और गुन्नौर विधानसभा सीट से सपा मुखिया मुलायम यादव जीत दर्ज कर मुख्यमंत्री रह चुके हैं। 2019 में भाजपा की डॉ. संघमित्रा मौर्य ने धर्मेंद्र यादव को हराकर सीट सपा से छीन ली थी। 2024 में इस सीट को दोबारा हासिल करने के लिए समाजवादी पार्टी एड़ी-चोटी का जोर लगाए हुए है। सपा ने दिग्गज नेता शिवपाल सिंह को मैदान में उतारा था, लेकिन कुछ दिनों बाद शिवपाल के बेटे आदित्य यादव को उम्मीदवार घोषित कर दिया। बेटे को जिताने के लिए शिवपाल मशक्कत करते नजर आ रहे हैं। अखिलेश यादव ने जनसभा में भाजपा पर महंगाई को लेकर जमकर तीरे छोड़े। उधर, भाजपा इस सीट पर अपना कब्जा बरकरार रखना चाहती है। भाजपा की ओर से अब तक डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक, केशव प्रसाद मौर्य और स्वयं मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ दो चुनावी सभाएं कर चुके हैं। रक्षामंत्री राजनाथ सिंह भी आ चुके हैं। गृह मंत्री अमित शाह की भी रैली हो चुकी है। बरेली के देवचरा में प्रधानमंत्री मोदी ने रैली कर बदायूं का चुनावी माहौल साधने का प्रयास किया था। इस मुकाबले को त्रिकोणीय बनाने के लिए बसपा भी कोई कोर कसर नहीं छोड़ना चाहती। दो बार पार्टी के प्रत्याशी यहां दूसरे नंबर पर रह चुके हैं। इसके साथ ही बसपा अध्यक्ष मायावती भी बिल्सी से चुनाव जीत कर मुख्यमंत्री बन चुकी हैं। उन्होंने भी अपने परंपरागत वोट और मुस्लिम मतदाताओं के दम पर प्रत्याशी को मैदान में उतारा है। मायावती इस्लामनगर में चुनावी रैली कर चुकी हैं।

स्थिति ऐसी बन चुकी है कि उम्मीदवार चुनावी मैदान में सपा-भाजपा के दिग्गज नेता ज्यादा जोर लगाए हैं। गुरुवार को चुनावी सभा में गृह मंत्री अमित शाह सपा और कांग्रेस को परिवारवाद से जुड़ी और आतंकवाद तथा गुंडागर्दी को बढ़ावा देने वाली पार्टी बता चुके हैं। इसके जवाब में अखिलेश ने भाजपा पर निशाना साधने के साथ ही सरकार बनने पर कर्जमाफी, मुफ्त डाटा, स्टेडियम, नौकरियों का लॉलीपॉप दिया था। मायावती भी अपनी सबा में सपा और भाजपा पर सियासी तीर चलाने में पीछे नहीं रही थीं।

- भाजपा प्रत्याशी दुर्विजय के लिए मोदी, योगी, राजनाथ और अमित शाह कर चुके हैं जनसभा
- बेटे आदित्य को जिताने में शिवपाल लगाए हैं पूरा जोर, अखिलेश भी बना गए माहौल
- बसपा के मुस्लिम खान का माहौल बनाने के लिए आ चुकी हैं पूर्व मुख्यमंत्री मायावती

नारी सशक्तिकरण | 17 लोकसभा चुनावों में कूद चुके 203 प्रत्याशी, सभी राजनीतिक दलों ने की उपेक्षा

...अब तक तो नहीं मिली आधी आबादी को तरजीह

राजेश सिंह, हमीरपुर

अमृत विचार। हमीरपुर सीट पर वर्ष 1952 से अब तक 203 प्रत्याशी चुनाव मैदान में कूद चुके हैं, लेकिन महिलाओं को किसी भी राजनीतिक दल ने तवज्जो नहीं दी है। हालांकि इन प्रत्याशियों में पांच महिलाएं निर्दलीय रूप से चुनावी मैदान में कूदीं और वह राजनीतिक दलों के प्रत्याशियों के आगे इन्हें कुछ ही वोट पाकर संतोष करना पड़ा। इस चुनाव में भी आधी आबादी को तरजीह नहीं मिली है। पिछले सितंबर 2023 में जब संसद में जब नारी शक्ति वंदन आरक्षण पास हुआ तो लगा कि अन्य दल न सही लेकिन भाजपा किसी महिला प्रत्याशी को उतार कर इस पर अमल कर सकती है।

- चार चुनावों में पांच महिलाएं निर्दलीय उतर लगा चुकीं दांव
- आजादी के बाद से पुरुषों के ही हाथ में रहा है संसदीय क्षेत्र

देखा जाए तो आजादी के बाद से यह संसदीय क्षेत्र पुरुषों के ही हाथ में रहा है। शुरुआती चुनावों पर गौर करें तो पहली बार हुए 1952 के चुनावों में यहां से पांच प्रत्याशी चुनावी अखाड़े में कूदे। वहीं 1957 में चार, 1962 में पांच, 1967 में तीन, 1971 में छह व 1977 में चार प्रत्याशियों ने भाग्य आजमाया। इधर 1980 के चुनावों के बाद जितने भी चुनाव हुए सभी में 10 से अधिक प्रत्याशी चुनावी अखाड़े में कूदे। वर्ष 1996 में सर्वाधिक 41 प्रत्याशियों ने नामांकन पत्र भरने के साथ मतदाताओं से वोट मांगे। इधर पिछले लोकसभा चुनावों में गौर करें तो कुल पांच महिलाएं चुनाव में उतर चुकी हैं। इनमें चार निर्दलीय तो एक लोकदल से मैदान में कूदी थीं। सबसे पहले वर्ष 1980 में हुए चुनाव में संसदीय क्षेत्र में कुल 622309 मतदाताओं में 325172 में वोट डाले। तब निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में चुनाव लड़ीं ताहिरा खान को मात्र 3223 मत ही मिल सके। जो कुल पड़े मतों का 0.99 फीसदी रहा। वहीं वर्ष 1984 में मैदान में उतरी निर्दलीय प्रत्याशी पार्वती 5389 मत ही पा सकीं। जो कुल मतों का 1.42 फीसदी था। इसके बाद 2004 तक चुनाव मैदान में महिला प्रत्याशियों की संख्या शून्य रही।

वर्ष 2009 में लोकदल से मैदान में कूदीं क्रांति को मात्र 1.2 फीसदी कुल 1854 मत प्राप्त हुए। वर्ष 2014 में निर्दलीय के रूप में विमलेश यादव और किरन चुनाव में उतरीं। इसमें विमलेश को 23137 मत मिले। जबकि किरन को मात्र 4079 मत प्राप्त हो सके।

अध्यक्ष पद पर चुनाव न लड़ पाने से नाराज हो उतरी थीं विमलेश

- राठ विधानसभा क्षेत्र में मतदाताओं के बीच अच्छी खासी दखल रखने वाले भूपेंद्र यादव को कई बार चुनावों में विभिन्न दलों के नेताओं ने वोट दिलाने के नाम पर उनका उपयोग किया। समाजवादी पार्टी में रहते हुए भी इस दल के नेता इनसे दूरी बनाते रहे। राजनीतिक जानकारों की मानें तो वर्ष 2012 से 2017 तक प्रदेश में सपा सरकार रही। उसी दौरान जिला पंचायत अध्यक्ष पद के चुनाव हुए। तब जलालपुर जिला पंचायत सदस्य की सीट भूपेंद्र यादव की पत्नी जीतीं। लेकिन जिला पंचायत अध्यक्ष पद को लेकर हुए विवाद में इन्हें दूर रखा गया। सपा से नाखुश भूपेंद्र ने पत्नी विमलेश को लोकसभा चुनाव लड़ा कर इसका बदला लिया।

भीड़ का उत्साह
फतेहपुर सीकरी लोकसभा सीट से कांग्रेस प्रत्याशी के समर्थन में प्रियंका गांधी वाड्रा के रोड शो में जमकर भीड़ उमड़ी।

सार-संक्षेप

एनएचएआई द्वारा दाखिल आधे-अधूरे हलफनामे पर इलाहाबाद हाईकोर्ट ने जताई नाराजगी

विधि संवाददाता, प्रयागराज : इलाहाबाद हाईकोर्ट ने राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण की ओर से दाखिल 15 पृष्ठों के हलफनामे पर नाराजगी जताई। इस पर एनएचएआई के अधिवक्ता ने कोर्ट से पूरे तथ्य के साथ फिर से जवाबी हलफनामा दाखिल करने के लिए समय मांगा, साथ ही कोर्ट को आश्वासन दिया कि भविष्य में इस तरह का जवाब दाखिल नहीं किया जाएगा। सरकार की ओर से अपर मुख्य स्थायी अधिवक्ता राजीव गुप्ता ने भी जवाबी हलफनामा दाखिल करने के लिए समय मांगा, जिसे स्वीकार करते हुए कोर्ट ने कहा कि हलफनामे में प्रोजेक्ट डायरेक्टर के 7 दिसंबर 2021 के पत्र के अनुसार बताएं कि क्या सड़क निर्माण हेतु जमीन का चिन्हांकन किया गया है या नहीं। बरेली निवासी राजेश्वर सिंह व अन्य ने कोर्ट को बताया कि सड़क के लिए जितनी जमीन अधिगृहित की गई है, उससे अधिक जमीन पर निर्माण किया गया है, जिसका मुआवजा भी नहीं दिया गया। राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) ने इसी का उत्तर देते हुए जवाबी हलफनामा दाखिल किया, जिसके 15 पृष्ठों में से 10 पृष्ठ तक केवल कानूनी उपबंधों व कोर्ट के फैसलों का हवाला दिया और शेष पांच पृष्ठ में भी याचिका के तथ्यों का कोई यथोचित उत्तर नहीं दिया गया। मामले की सुनवाई न्यायमूर्ति मनोज कुमार गुप्ता और न्यायमूर्ति क्षितिज शैलेंद्र की खंडपीठ के समक्ष हुई। याचिका पर अगली सुनवाई आगामी 24 जुलाई को सुनिश्चित की गई है।

जाति-धर्म आधारित सम्मेलनों की होगी वीडियोग्राफी

लखनऊ, अमृत विचार : लोकसभा चुनाव में आचार संहिता का कड़ाई से पालन करने के लिए जाति-धर्म आधारित सम्मेलनों की वीडियोग्राफी कराई जाएगी। ग्राम्य विकास आयुक्त की तरफ से सभी जिला निर्वाचन अधिकारी को पत्र जारी किया गया है। इसमें लिखा की जाति आधारित सम्मेलनों व पंचायतों पर गहन नजर रखी जाए। ऐसे सम्मेलनों की वीडियोग्राफी कराई जाए। यदि सम्मेलन में जाति, धर्म आदि का इस्तेमाल होता है तो आदर्श आचार संहिता के तहत कार्रवाई की जाए।

बसपा ने उलटफेर कर पांच और प्रत्याशी किए घोषित

लखनऊ, अमृत विचार : बसपा ने प्रत्याशियों की 12वीं सूची में गैसड़ी विधान सभा सीट पर हो रहे उपचुनाव में मो .हारिस खान को प्रत्याशी बनाने के साथ ही लोकसभा की दो सीटों पर तीसरी बार फेरबदल किया हैं। राष्ट्रीय महासचिव मेवालाल द्वारा गुरुवार देर रात आधिकारिक सूची जारी करते हुए बताया कि वाराणसी व भदोही में फिर प्रत्याशी बदला गया है। वाराणसी में अतहर जमाल अंसारी और भदोही में हरिशंकर सिंह उर्फ दादा चौहान को उतारा है। वहीं इलाहाबाद सीट पर रमेश सिंह पटेल, बांसगांव सीट पर डॉ .राम समुझ को उतारा है। साथ ही श्रावस्ती से मुइनुद्दीन अहमद खान उर्फ हाजी दद्दन खान को प्रत्याशी बनाया गया है। सोशल इंजीनियरिंग का फार्मूले का दावा करने वाली बसपा ने अभी तक 20 मुस्लिम, इतने ही सवर्ण व ओबीसी प्रत्याशी उतारे हैं, जबकि 17 ओबीसी, एक सिख प्रत्याशी को मौका दिया है।

अफजाल अंसारी की याचिका पर सुनवाई अब 13 को

विधि संवाददाता, प्रयागराज : इलाहाबाद हाईकोर्ट में गैंगस्टर एक्ट के तहत दोषी करार गाजीपुर के पूर्व बसपा सांसद अफ़ज़ाल अंसारी के मामले में शुक्रवार को हुई सुनवाई के दौरान सरकार द्वारा दाखिल अपील रिकॉर्ड पर लाई गई जो निचली अदालत द्वारा पारित आदेश के खिलाफ दाखिल की गई थी। मालूम हो कि सरकारी अधिवक्ता ने गुरुवार को हुई सुनवाई के दौरान कोर्ट को बताया कि सीआरपीसी की धारा 377 के तहत दाखिल सरकार की अपील कोर्ट के समक्ष रिकॉर्ड पर नहीं लाई जा सकी है, जिस पर कोर्ट ने शुक्रवार को उसे रिकॉर्ड पर लाने का निर्देश दिया था। कोर्ट ने शुक्रवार को दोनों पक्षों की बहस सुनने के बाद मामले की अगली सुनवाई आगामी 13 मई निर्धारित कर दी। उपरोक्त मामले की सुनवाई न्यायमूर्ति संजय कुमार सिंह की एकलपीठ के समक्ष हुई है। गौरतलब है कि गैंगस्टर एक्ट के मुकदमे में अंसारी को गाजीपुर की एमपी-एमएलए कोर्ट ने गाजीपुर के मुहम्मदाबाद पुलिस स्टेशन में गैंगस्टर एक्ट के तहत दर्ज मुकदमे में 29 अप्रैल 2023 को चार साल की सजा सुनाई थी और एक लाख रुपये जुर्माना भी लगाया था।

पल्लवी पटेल ने फूलपुर से महिमा पटेल को उतारा

लखनऊ, अमृत विचार : अपना दल (कमेरावादी) की पल्लवी पटेल और असुदउद्दीन ओवैसी के पीडीएम मोर्चे ने शुक्रवार को तीन सीटों पर प्रत्याशी घोषित कर दिये है। प्रयागराज की फूलपुर सीट से महिमा पटेल को उम्मीदवार बनाया है। महिमा पटेल इलाहाबाद हाईकोर्ट में वकालत करती हैं। बांदा सीट पर प्रमोद कुमार यादव और झांसी सीट पर डॉ. चंदन सिंह पटेल को प्रत्याशी बनाया गया है। मालूम हो कि पल्लवी पटेल ने इंडिया गठबंधन में सीट न मिलने पर बगावत कर दी थी और असुदद्दीन ओवैसी के साथ गठबंधन कर पीडीएम का गठन किया था।

नगर निगम क्षेत्र में चल रहे भट्टों का ब्यौरा तलब

लखनऊ, विधि संवाददाता : हाईकोर्ट की लखनऊ बेंच ने यूपी प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड व नगर निगम, लखनऊ से राजधानी के म्युनिसिपल क्षेत्र में चल रहे ईंट भट्टों का ब्यौरा तलब किया है। यह आदेश न्यायमूर्ति राजन रॉय व न्यायमूर्ति ओम प्रकाश शुक्ला की खंडपीठ ने दुर्गेश कुमार सिंह की ओर से दाखिल एक जनहित याचिका पर पारित किया है। मामले की अगली सुनवाई मई माह के तीसरे सप्ताह में होगी।

पांचवें चरण में 113 प्रत्याशियों ने नामांकन किया

लखनऊ, अमृत विचार : प्रदेश में पांचवें चरण की 14 लोकसभा सीटों पर चुनाव के लिए नामांकन प्रक्रिया के अंतिम दिन 113 प्रत्याशियों ने नामांकन किया। इनमें सपा से नरेश उत्तम पटेल समेत अन्य प्रत्याशी शामिल हैं। इन सीटों पर अभी तक कुल 296 प्रत्याशी नामांकन कर चुके हैं। लखनऊ पूर्व विधानसभा सीट के लिए कुल छह प्रत्याशी नामांकन कर चुके हैं। छह मई को प्रत्याशी नाम वापसी कर सकेंगे। 20 मई को मतदान होगा। मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने बताया कि मोहनलालगंज (अजा) में सात, लखनऊ में 19, रायबरेली में 16, अमेठी में 14, जालौन (अजा) में चार, झांसी में चार, हमीरपुर में एक, बांदा में 10, फतेहपुर में 11, कौशाम्बी (अजा) में पांच, बाराबंकी (अजा) में पांच, फैजाबाद में सात, कैसरगंज में आठ व गोण्डा में दो प्रत्याशियों ने नामांकन किया। फतेहपुर सीट के लिए समाजवादी पार्टी से नरेश चन्द्र उत्तम ने नामांकन किया।

जम्मू कश्मीर के उपराज्यपाल ने किये रामलला के दर्शन

अयोध्या, अमृत विचार : जम्मू-कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने शुक्रवार को अयोध्या पहुंच रामलला के दरबार में हाजिरी लगाई। उन्होंने सिद्धपीठ हनुमानगढ़ी में भी जाकर माथा टेका। मीडिया से बात करते हुए मनोज सिन्हा ने कहा कि रामलला के प्राण प्रतिष्ठा समारोह में मैं नहीं आ सका था। अब मौका मिला ।रामलला के दर्शन कर मन भावुक हो गया। बहुत सुंदर मंदिर बना है।

सर्वोदय विद्यालयों में लागू होगा ग्रेडिंग सिस्टम

शिक्षक व छात्रों की उपस्थिति और परीक्षा परिणाम होंगे ग्रेडिंग के मानक

राजीव शुक्ला, लखनऊ

- पहले चरण में यूपी बोर्ड को किया गया शामिल, इसके बाद सीबीएसई के स्कूल लिए जाएंगे

अमृत विचार : समाज कल्याण विभाग ने आश्रम पद्धति विद्यालय (अब सर्वोदय विद्यालय) पढ़ाई की स्थिति में सुधार करने के लिए ग्रेडिंग सिस्टम लागू किया जा रहा है। समाज कल्याण निदेशक ने इस संबंध में आदेश जारी कर दिया है। ग्रेडिंग सिस्टम में तय अंकों के आधार पर विद्यालयों का मूल्यांकन कर उन्हें गोल्ड, सिल्वर और ब्रॉन्ज श्रेणी की रैंकिंग में रखा जाएगा। हर श्रेणी में टॉप 10 विद्यालयों को रखे जाने की व्यवस्था है।

बता दें कि समाज कल्याण विभाग की ओर से प्रदेश में 94 आश्रम पद्धति विद्यालय संचालित किए जा रहे हैं। इनमें 54 यूपी बोर्ड के हैं जबकि शेष सीबीएसई बोर्ड के हैं। दोनों बोर्डों से जुड़े विद्यालयों की रैंकिंग अलग-अलग की जाएगी।

पांच बार किया जाएगा मूल्यांकन : यूपी बोर्ड से मान्यता प्राप्त सभी आश्रम पद्धति विद्यालयों का मूल्यांकन वर्ष में पांच बार होगा। मई, अगस्त, अक्टूबर, दिसंबर (अर्द्धवार्षिक परीक्षा) और फरवरी में (वार्षिक परीक्षा) के बाद। मई से अक्टूबर के बीच तीन बार यूनिट टेस्ट कराए जाएंगे। समाज कल्याण निदेशक कुमार प्रशांत की ओर से विभागीय अधिकारियों के साथ सभी विद्यालयों के प्रधानाचार्यों को दिशा निर्देश भेजे गए हैं। कहा गया है कि ग्रेडिंग के लिए प्रत्येक शैक्षणिक सत्र में प्रत्येक विद्यालय का पांच बार मूल्यांकन किया जाएगा। पहला मूल्यांकन बोर्ड परीक्षा के बाद, दूसरा पहले यूनिट टेस्ट के बाद, तीसरा मूल्यांकन दूसरे यूनिट टेस्ट के बाद, चौथा मूल्यांकन अर्द्धवार्षिक परीक्षा के बाद और पांचवां मूल्यांकन वार्षिक परीक्षा के बाद होगा। विद्यालयों में यूनिट टेस्ट कराने का निर्णय पिछले शैक्षणिक सत्र में लिया गया था।

नौ मानकों पर होगा मूल्यांकन

लखनऊ : ग्रेडिंग के लिए नौ मानक बनाए गए हैं। मानकों के आधार पर सौ नंबरों का एक प्रारूप तय किया गया है। पहले मानक में छात्रों और शिक्षकों की मासिक उपस्थिति के दस-दस अंक तय किए गए हैं। 91 सो 100 फीसदी तक उपस्थिति पर दस अंक, 81 से 90 फीसदी उपस्थिति पर आठ अंक तय किए गए हैं। इसी क्रम में 50 फीसदी से कम उपस्थिति पर शून्य अंक दिए जाने का प्रावधान किया गया है। इसी तरह हाईस्कूल और इंटर के परीक्षा परिणाम, पढाई के साथ सांस्कृतिक और खेलकूद की उपलब्धियों, विद्यालय की साफ-सफाई और सुरक्षा व्यवस्था, नवाचार, स्प्लिट ऑफ सिलेबस (समयावधि में पाठ्यक्रम की पूर्णता), ऑनलाइन शैक्षणिक कार्यक्रम, स्कूल की क्रियाशीलता और विद्यालय के छात्र-छात्राओं के सीयूईटी, नीट, जेईई और क्लैट की परीक्षाओं में बेहतर प्रदर्शन को मानकों में रखा गया है।

दो विद्यालय ही ए श्रेणी में

लखनऊ। यूपी बोर्ड के हाईस्कूल और इंटर के परीक्षा परिणाम आने के बाद विभाग ने यूपी बोर्ड से जुड़े 51 विद्यालयों की ग्रेडिंग कराई, तो सिर्फ दो विद्यालय (सर्वोदय बालिका विद्यालय, कौड़िहार प्रयागराज और सर्वोदय विद्यालय मेहरौना, देवरिया) ही ए श्रेणी में आए। हमीरपुर, महोबा, बांदा, कानपुर नगर और कौशाम्बी के पांच विद्यालय बी श्रेणी में अपनी जगह बना पाए। बाकी 44 विद्यालय सी और डी श्रेणी में हैं।

डूडा विभाग का अधिकारी बन ठगने वाले गिरोह के दो शातिर गिरफ्तार

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- प्रधानमंत्री आवास दिलाने के नाम पर सैकड़ों से की ठगी

अमृत विचार : प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत आवास दिलाने के लिए डूडा ऑफिस लखनऊ का अधिकारी बन कॉल और व्हाट्सएप कॉल के माध्यम से उनके अभिलेख मंगाकर सैकड़ों लोगों से ठगी करने वाले संगठित गिरोह के दो शातिर आरोपियों को एसटीएफ ने कानपुर के थाना रेउना से गिरफ्तार किया है। आरोपियों के पास से टीम ने मोबाइल, आईडी, नकदी बरामद की है।

एसटीएफ के अपर पुलिस अधीक्षक विशाल विक्रम सिंह के निर्देश पर एसटीएफ मुख्यालय की साइबर टीम के निरीक्षक संजय कुमार सिंह के नेतृत्व में टीम सक्रिय हुई। उन लोगों को भारत सरकार की ओर से जनता के हित में चलाई जा रही प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत आवास दिलाने के नाम पर डूडा अधिकारी बनकर ठगी करने वाले संगठित गिरोहों की सूचनाएं मिल रही थीं। जिसके बाद एसटीएफ टीम ने तकनीकी और मुखबिर के माध्यम से सूचना संकलित करते हुए तीन अप्रैल को करीब 07.30 बजे थाना क्षेत्र रेउना मे छापेमारी करके राम नगर निवासी प्रदीप सिंह उर्फ काला और सनी सिंह को गिरफ्तार कर लिया। एसटीएफ की पूछताछ में दोनों आरोपियों ने बताया कि उनका एक संगठित गिरोह है।

वह लोग आम आदमी की फर्जी दस्तावेजों से आईडी बनाकर सिम कार्ड खरीदते हैं। भारत सरकार की प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत आवास दिलाने के लिए डूडा ऑफिस लखनऊ का अधिकारी बनकर उन्हीं मोबाइल नंबरों से सीरियल नंबरों पर कॉल करके लोगों को अपने जाल में फंसाकर, व्हाट्सएप के माध्यम से उनके अभिलेख मंगाते हैं। गैंग की महिलाओं के माध्यम से उन लोगों की आईडी पर नया बैंक खाता खुलवा लेते है।

हादसे रोकने व जाम की समस्या से निजात दिलाने को मिलकर काम करेंगे 12 विभाग

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- सड़क सुरक्षा समिति सभी विभागों को सौपेंगी काम

अमृत विचार: सड़क पर लगातार बढ़ रही दुर्घटनाओं को रोकने के साथ ही जाम की समस्या से निजात दिलाने को 12 विभाग अब मिल कर काम करेंगे। सड़क सुरक्षा, जीवन रक्षा स्लोगन के आधार पर इसकी शुरुआत की जाएगी।

जिला सड़क सुरक्षा कमेटी सभी विभागों को कार्ययोजना बनाकर देगी और उनके काम का ब्योरा भी हर तिमाही लेगी। लखनऊ के साथ प्रदेश भर में सड़क सुरक्षा पखवाड़ा मनाया जा रहा है। इस दौरान जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक में यातायात जाम को दूर किए जाने के साथ ही हादसों पर लगाम लगाने को कई काम किए जाने हैं। जिला सड़क सुरक्षा समिति जिन सरकारी विभागों के साथ समन्य कर काम करेगी, उनमें एडीएम, एआरटीओ परिवहन विभाग, लोक निर्माण विभाग, अधिशाषी अभियंता विद्युत विभाग, एलडीए, एसीपी ट्रैफिक, यात्रीकर अधिकारी परिवहन विभाग, मेडिकल ऑफीसर मुख्य चिकित्साधिकारी कार्यालय, आबकारी निरीक्षक आबकारी विभाग पीडब्लूडी प्रांतीय खंड, पीडब्लूडी निर्माण खंड, और उप प्रधानाचार्य शिक्षा विभाग शामिल हैं। इन सभी को जाम से निपटने की अलग-अलग जिम्मेदारी दी गई है।

पाकिस्तान से आये 235 भक्तों ने किए रामलला के दर्शन

अयोध्या कार्यालय

- सरयू स्नान, हनुमान गढ़ी, कनक भवन व भरतकुंड स्थित तपोस्थली पर भी पहुंचे श्रद्धालु

अमृत विचार : पाकिस्तान के 35 जिलों के रामनगरी आए 235 रामभक्तों ने शुक्रवार को रामलला का दर्शन पूजन किया। छत्तीसगढ़ के रायपुर स्थित शदाणी दरबार के पीठाधीश्वर सांई डॉ. युधिष्ठिर लाल के सानिध्य में आए दल ने राममंदिर के साथ-साथ सरयू स्नान, हनुमान गढ़ी, कनक भवन, भरतकुंड स्थित तपोस्थली आदि प्राचीन मंदिरों का दर्शन पूजन किया।

हैदराबाद के श्रद्धालु चंद्रराम का कहना है कि यहां आकर बहुत अच्छा लगा। सुबह हम सभी ने भरत की तपोस्थली का दर्शन किया। गुप्तारघाट पर भी पूजन-अर्चन किया। रामलला के दर्शन शब्दों में वर्णन करना बहुत कठिन है।

पाकिस्तान के 35 जिलों से आए रामभक्त रामलला के दर्शन के लिए जाते हुए।

अन्य श्रद्धालुओं का कहना था कि पाकिस्तान में रह रहे सिंधी समाज और हिंदुओं की आस्था अयोध्या को लेकर हमेशा रही है।

पाकिस्तान से आए डॉ. अशोक कुमार का कहना है की हम यहां से जो भावना लेकर जा रहे हैं, उसे व्यक्त करने के लिए हमारे पास शब्द नहीं है। प्रेरणा का कहना है की पाकिस्तान से यहां तक की यात्रा बहुत ही अच्छी रही है। हम सभी ने यहां दर्शन पूजन किया है। सिंधी समाज के प्रवक्ता ओमप्रकाश ओमी ने बताया कि जत्थे मे पाकिस्तान देश से कराची, लाहौर, सक्खर, घोटकी, हैदराबाद आदि सहित कई शहरों के श्रद्धालु शामिल रहे। सबसे अधिक संख्या सिंध प्रांत के आठ जिलों से रही। जिसमें जरवार, मीरपुर, खानपुर, चुंडकों, शहजादपुर, पनो आकील, बैजी, मैसरा, भैलारी, कन्धकोट, पीतापिन, रेहणकी, चिचड़ा आदि इलाके शामिल हैं। उन्होंने बताया कि यह पहला अवसर है कि राममंदिर निर्माण के बाद इतनी बड़ी संख्या में पाकिस्तान के सिंधी हिंदू समाज के लोग अयोध्या दर्शन के लिए आए हैं।

अतुल अंजान के निधन पर राजनीतिक हस्तियों ने जताया शोक

लखनऊ, अमृत विचार : वामपंथी राजनीति में अपना एक अलग स्थान रखने वाले अतुल कुमार अंजान के शुक्रवार को निधन पर राजनीतिक दलों और तमाम सामाजिक संगठनों ने अपनी-अपनी शोक संवेदनाएं व्यक्त की हैं। भाजपा सांसद राकेश सिन्हा, रालोद जयंत चौधरी समेत अन्य राजनेताओं एवं बुद्धिजीवियों ने शोक संवेदना प्रकट करते हुये उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की।

जयंत ने सोशल मीडिया पोस्ट में कहा कि अतुल अंजान के निधन से मैं स्तब्ध हूं। वो एक बहादुर और समर्पित लोक सेवक थे। मुखर और सक्रिय कम्युनिस्ट नेताओं में से एक अतुल अंजान के लिए राजधानी समेत देश के अन्य भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के कार्यालयों में शोकसभा का आयोजन किया गया। अतुल अंजान उत्तर प्रदेश के चर्चित पुलिस-पीएसी विद्रोह के प्रमुख नेतृत्वकर्ताओं में से एक थे। उन्होंने अपने राजनीतिक सफर के दौरान चार साल नौ महीने जेल में भी बिताए। उनके पिता डॉ. एपी सिंह एक अनुभवी स्वतंत्रता सेनानी थे।

मोदी के रोड-शो का रथ पहुंचा फोर्स की आमद भी हुई शुरू

अयोध्या कार्यालय

अमृत विचार : प्रधानमंत्री के नया घाट लता मंगेशकर चौक से बिड़ला धर्मशाला के बीच प्रस्तावित रोड-शो को लेकर केंद्रीय सुरक्षा और ख़ुफ़िया एजेंसियों ने कमान संभाल ली है। लखनऊ से रोड-शो के लिए रथ शुक्रवार को अयोध्या पहुँच गया। ड्यूटी में लगाए गए फ़ोर्स की आमद शुरू हो गई है। सुरक्षा में पुलिस विभाग के विभिन्न दस्तों के साथ सुरक्षा मुख्यायल की टीम लगाई जानी है। साथ ही चप्पे-चप्पे की निगरानी के लिए ड्रोन, सीसीटीवी समेत सर्विलांस आदि तकनीक का इस्तेमाल किया जा रहा है। जिले में डेरा डाले एसपीजी के अधिकारी पीएम व कार्यक्रम की सुरक्षा को लेकर निगरानी में जुटे हैं। बैठकों का दौर जारी है। साथ ही हिदायतें जारी की जा रही है। सुरक्षा और व्यवस्था को लेकर पीएम के पूर्व में जिले के दौरे के खाके को आधार बनाकर ड्यूटी लगाई जा रही है।

पुलिस लाइंस में शुक्रवार को हुई बैठक में पुलिस और प्रशासन के अधिकारियों ने वीवीआईपी प्रोटोकाल व रोड शो कार्यकम को लेकर राजपत्रित अधिकारियों व निरीक्षकों को विस्तार से जानकारी दी। क्या नहीं करना है, इस बात की हिदायत दी गई। साथ ही सभी अधिकारियों को ड्यूटी प्वॉइंट चेक करने और शनिवार को फ्लीट रिहर्सल के पूर्व ड्यूटी मुस्तैद रखने का निर्देश दिया गया। पीएम के आगमन और प्रस्थान को लेकर मार्ग और इस दौरान यातायात प्रतिबंध आदि पर मंत्रणा की गई है। इस दौरान आईजी प्रवीण कुमार, जिलाधिकारी नितीश कुमार, एसएसपी राजकरन नय्यर समेत अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

इसी रथ पर सवार होंगे प्रधानमंत्री।

कल चार बजे से रोड-शो

अयोध्या कार्यालय। अमृत विचार : पीएम मोदी का रोड-शो पांच मई को शाम चार बजे से प्रस्तावित है। इसमें 50 हजार की भीड़ इकट्ठा करने की तैयारी है। इसको लेकर भाजपा के लोग दौड़ा कर रहे हैं। रोड शो, राम पथ पर लगभग दो किलोमीटर का होगा।

वर्ग पहेली-59

बाएं से दाएं

3.1. माल का वास्तविक मूल्य, कीमत 2. धन-दौलत 3. कीमती चीज़, मूल्यवान वस्तु।

4. एक अरबी वाद्ययंत्र।

6.1. आग सुलगाने के लिए पंखे

7.1. शौरसेन प्रदेश की भाषा 2. शौरसेन प्रांत की प्राचीन प्राकृत भाषा जिससे आधुनिक खड़ी बोली का विकास हुआ है।

ऊपर से नीचे

1.1. किसी की अधीनता और दीनता स्वीकार कर लेना 2. नमस्कार, अभिवादन सलाम, नमस्ते 3. ईश्वरीय आराधना, उपासना, पूजा।

2. प्राणियों के पेट की वह लंबी नली जिसमें उसके द्वारा खाई गई वस्तुओं का चयापचय होता है, आंत, तांत। (मु.)-टटोलना : किसी के मन की बात जानने का प्रयास करना। अंतड़ियां जलना : भूख से बैचैन होना। अंतड़ियां जलाना : किसी लक्ष्य के लिए कठोर श्रम या त्याग करना।

3.1. वातावरण, परिवेश 2. परिस्थिति।

4.1. जिसे दिखाई देता हो, दृष्टिवाला 2. बुद्धिमान, समझदार।

5. वह बिंदु जिसपर किरणें एकत्र होकर मिलें।



वर्ग पहेली -58 का हल

1 नि	षू	द	न	■	■	2 मो
रं	■	■	■	3 खं	■	धू
भ	■	■	4 कुँ	ज	ड़ा	■
■	5 खि	ल	वा	ड़ी	■	6 चा
■	लं	■	री	■	■	र
■	द	■	■	7 खु	र	पा
8 ध	रा	शा	यी	■	■	ई

सुडोकू -138

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

		2		4				
	7		5					
					2			
2						8		6
	4	1			5		9	
3		8						
			9				7	
9		4			1		5	
	8	6		5		2		

सुडोकू -137 का हल

1	6	9	5	4	8	2	7	3
2	3	5	7	1	9	4	8	6
4	8	7	2	6	3	1	9	5
8	2	1	9	5	6	3	4	7
9	7	6	3	2	4	8	5	1
3	5	4	1	8	7	9	6	2
7	1	3	8	9	5	6	2	4
6	9	2	4	7	1	5	3	8
5	4	8	6	3	2	7	1	9

आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 4 मई शनिवार 2024 संवत-2081, शक संवत 1946 मास-वैशाख, पक्ष-कृष्ण पक्ष, तिथि-एकादशी 20 .38 तक तत्पश्चात द्वादशी।

आज का पंचांग



दिशाशूल-पूर्व। ऋतु-ग्रीष्म।
चन्द्रबल-मेष, वृषभ, सिंह, कन्या, धनु, कुंभ।
ताराबल-भरणी, रोहिणी, आर्द्रा, पुनर्वसु, पुष्य, आश्लेषा, पूर्वा फाल्गुनी, हस्त, स्वाति, विशाखा, अनुराधा, ज्येष्ठा, पूर्वाषाढ़ा, श्रवण, शतभिषा, पूर्वाभाद्रपद, उत्तराभाद्रपद, रेवती।
नक्षत्र-पूर्व भाद्रपद 22 .07 तक तत्पश्चात उत्तर भाद्रपद।

मेष — आज व्यापार में धैर्य से काम लेने के कारण बड़ा लाभ मिल सकता है। बीमार लोगों के रोग मुक्ति की संभावना है। जॉब में मनोवांछित उन्नति मिल सकती है। प्रतियोगी परीक्षाओं में आपको बेहतरीन परिणाम मिलेंगे। प्रतिष्ठित लोगों के बीच आपकी पहचान बनेगी।

वृष — आज उच्च शिक्षा में अच्छी संभावना मिल सकती है। नए संबंधों का भरपूर लाभ उठाएंगे। अपनी बातों से लोगों को आकर्षित कर पाएंगे। आपका मनोबल बढ़ा हुआ रहेगा। प्रेम संबंधों को लेकर असहजता दूर होगी। संतान के करियर की चिंता रहेगी।

मिथुन — आज आर्थिक स्थिति में धीरे-धीरे सुधार आएगा। व्यर्थ के तनाव से स्वयं को दूर रखें। सरकारी कार्यों में अवरोध आएगा। व्यवसाय में लाभ की स्थिति कमजोर हो सकती है। हृदय रोगियों को स्वास्थ्य का ध्यान रखना चाहिए।

कर्क — आज कुछ लोग आपको लक्ष्यों से भटकाने का प्रयास कर सकते हैं। मन :स्थिति थोड़ी विचलित रहेगी। कब्ज की समस्या हो सकती है। दूर की यात्रा न करें तो हितकर होगा। अनावश्यक मामलों में पड़ने से आपका समय बर्बाद हो सकता है।

सिंह — आज व्यावसायिक यात्रा हो सकती है। कोई भी कार्य करने से पहले उसकी योजना अवश्य बना लें। पार्टनरशिप वाले व्यवसाय में आपको लाभ होगा। अपनी जिम्मेदारियों को अच्छी तरह से निभाने के कारण आप के ऊपर लोग काफी विश्वास करेंगे।

कन्या — आज आपके वाक चातुर्य से लोग प्रभावित होंगे लेकिन झूठ न बोलें। धार्मिक कार्यों में धन खर्च करेंगे। राजनीति से जुड़े लोगों को कुछ परेशानियों का सामना करना पड़ेगा। सरकारी कार्यों में कुछ अवरोध आएगा, लेकिन उसे संभाल लेंगे।

तुला — आज अपनी गुप्त बातें किसी से साझा न करें। भावुक होकर किसी पर भरोसा न करें। अपने व्यक्तिगत जीवन में दूसरों का हस्तक्षेप न होने दें। संतान के भविष्य को लेकर कुछ महत्वपूर्ण निर्णय लेने पड़ेंगे। पहले लिए गए निर्णय आपको बदलने पड़ सकते।

वृश्चिक — आज आपके मनोनुकूल कार्य नहीं होंगे। बुरी संगत के कारण प्रतिष्ठा धूमिल हो सकती है। अस्थमा के रोगियों की समस्या बढ़ सकती है। व्यापार में नए समझौते करने पड़ सकते है। पूजा-पाठ में मन नहीं लगेगा।

धनु — आज ऑफिस के काम से आपको टूर करना पड़ सकता है। आशा से अधिक अच्छा परिणाम प्राप्त होने से उत्साहित रहेंगे। आप किसी कानूनी मामले को लेकर कुछ परेशान हो सकते हैं। मित्रों के साथ पुरानी यादें ताजा करेंगे।

मकर — आज लोग आपसे ईर्ष्या की भावना रखेंगे। मन से कमजोरी न मानें। कुटुंबजनों के प्रति अपना व्यवहार अच्छा रखें। अनावश्यक कार्यों से दूरी बनाकर रखें। प्रेम संबंधों को लेकर परिवार में स्वीकृति बन सकती है।

कुंभ — आज मेहनत का सार्थक परिणाम प्राप्त होगा। अचानक धन लाभ प्राप्त हो सकता है। जीवनसाथी के प्रति प्रेम भाव में वृद्धि होगी। कार्यक्षेत्र में जो रुकावटें आ रही थी वो दूर होंगी। गूढ़ विषयों का अध्ययन करेंगे। किसी पुराने मित्र से मुलाकात हो सकती है।

मीन — आज किसी उलझे हुए मामले को लेकर तनावग्रस्त हो सकते हैं। स्त्रियों को यूरिन संक्रमण जैसी समस्या हो सकती है। परिवार और कामकाज में असंतुलन जैसी स्थिति रहेगी। बिना पूछे किसी को सलाह न दें वरना अपयश झेलना पड़ सकता है।

आज की फिल्में

B4U MOVIES
- हिरासत — सुबह : 10 .44
- एक और एक ग्यारह — रात : 07 .03

&pictures
- मैं तेरा हीरो — सुबह : 10 .07
- छतरीवाली — रात : 08 .00

SONY PIX
- बैटमैन बिगिन्स — सुबह : 10 .17
- सीजे 7 — रात : 07 .40

ZEE CINEMA
- हम आपके हैं कौन — सुबह : 09 .45
- मोहरा — शाम : 04 .50

colors CINEPLEX
- ये जवानी है दीवानी — सुबह : 09 .28
- दृश्यम 2 — शाम : 06 .05

आज की सुपरहिट फिल्म

कलर्स सिनेप्लेक्स पर शाम : 06 .05 बजे

जोक्स ऑफ द डे

यात्री- क्या मैं यहां एक सिगरेट पी सकता हूं?
स्टेशन मास्टर- नहीं यहां सिगरेट पीना सख्त मना है।
यात्री - फिर यहां इतने सिगरेट के टुकड़े कैसे पड़े हैं?
स्टेशन मास्टर - ये उन लोगों ने फेंके हैं, जो पूछते नहीं है।

दुकानदार- बताइए जनाब क्या चाहिए ?
चिंटू- अपने होने वाली बीवी के कुत्ते के लिए केक चाहिए।
दुकानदार- यहीं खाओगे या पैक कर दूं?

मैंथा बाजार भाव

रामपुर–शिवालिक 995 फ्लैग 1105 डीएमओ 880 बोल्ड 1155, **सम्भल–चन्दौसी**–शिवालिक 990 फ्लैग 1100 बोल्ड 1135 डीएमओ 885।

मुरादाबाद मंडी

दालों का भाव– दाल चना : 75 से 76 रुपये मसूर : 88 से 90 रुपये मलका : 82 से 85 रुपये अरहर : 118 से 125 रुपये उड़द : 95 से 101 रुपये धोआ उड़द : 110 से 120 रुपये मूंग धोआ : 104 – 106 रुपये मूंग छिलका : 102 मूंग साबुत : 100 रुपये चना देसी : 80 चना कावली : 145 से 160 राजमा लाल : 155 राजमा चित्ता : 145 लोबिया लाल : 94 लोबिया सफेद 98 रुपये।

एक नजर

आरबीआई के फैसले के बाद बजाज फाइनेंस के शेयरों में आई तेजी

नई दिल्ली। बजाज फाइनेंस के शेयरों में शुक्रवार को 7.50 प्रतिशत से अधिक की तेजी आई। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के बजाज फाइनेंस पर ईकॉम और इंस्टा ईएमआई कार्ड के जरिए कर्ज की मंजूरी और वितरण पर लगी पाबंदी बृहस्पतिवार को हटाने के बाद कंपनी के शेयरों में उछाल आया है। बीएसई पर शेयर 7.54 प्रतिशत बढ़कर 7,400 रुपये पर और एनएसई पर 7.51 प्रतिशत चढ़कर 7,400 रुपये पर पहुंच गया।

खनन क्षेत्र में हुई 7.5 प्रतिशत की वृद्धि

नई दिल्ली। देश के खनन क्षेत्र में बीते वित्त वर्ष में 7.5 प्रतिशत की दर से वृद्धि हुई है। इस दौरान लौह अयस्क और चूना पत्थर के उत्पादन में उल्लेखनीय वृद्धि हुई। शुक्रवार को जारी एक आधिकारिक बयान में कहा गया कि मार्च में खनिज उत्पादन सूचकांक सालाना आधार पर 1.2 प्रतिशत बढ़कर 156.1 रहा।

उतार-चढ़ाव में सेंसेक्स 733 अंक फिसला

भारी मुनाफावसूली से निफ्टी 172 अंक गिरकर अपने रिकॉर्ड स्तर से नीचे आया

मुंबई, एजेंसी

घरेलू शेयर बाजार में शुक्रवार को अत्यधिक उतार-चढ़ाव वाले कारोबार में सेंसेक्स 733 अंक गिरकर 74,000 के स्तर से नीचे आ गया जबकि निफ्टी अपने रिकॉर्ड स्तर से फिसल गया। दूरसंचार, पूंजीगत उत्पाद और प्रौद्योगिकी कंपनियों में भारी बिकवाली होने से बाजार नुकसान में रहा। विश्लेषकों ने कहा कि रिलायंस इंडस्ट्रीज, एलएंडटी और एचडीएफसी बैंक के शेयरों में भारी बिकवाली का दबाव होने से सूचकांकों में गिरावट आई।

बीएसई का 30 शेयरों वाला मानक सूचकांक सेंसेक्स दिन की शुरुआत में 484.07 अंक चढ़ गया था। लेकिन उसके बाद यह 732.96 अंक यानी 0.98 प्रतिशत तक लुढ़कते हुए 73,878.15 अंक पर बंद हुआ। सेंसेक्स कारोबार के दौरान 75,095.18 अंक के ऊपरी स्तर और 73,467.73 अंक के निचले स्तर पर भी आया। इस तरह एक दिन में ही इसमें 1,627.45 अंकों की भारी उठापटक देखी गई। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का सूचकांक निफ्टी भी 172.35 अंक यानी 0.76 प्रतिशत गिरकर 22,475.85 पर आ गया। शुरुआती कारोबार में निफ्टी 146.5 अंक यानी 0.64 प्रतिशत बढ़कर 22,794.70 अंक के सर्वकालिक उच्च स्तर पर पहुंच गया था लेकिन बाद में तगड़ी बिकवाली का शिकार हो गया। इस बड़ी गिरावट के बावजूद कारोबारी सप्ताह के अंत में सूचकांक बढ़त में रहे। इस सप्ताह सेंसेक्स में 147.99 अंक यानी 0.20 प्रतिशत की बढ़त दर्ज की गई जबकि निफ्टी 55.9 अंक यानी 0.24 प्रतिशत चढ़ गया। रेलिगेयर ब्रोकिंग लिमिटेड के वरिष्ठ उपाध्यक्ष अजीत मिश्रा ने कहा, "एक बार फिर बाजार में काफी उतार-चढ़ाव रहा और यह एक प्रतिशत की गिरावट के साथ बंद हुआ। मुनाफावसूली के चलते सारी शुरुआती बढ़त चली गई और बाजार गिरावट के साथ बंद हुए। सेंसेक्स में शामिल कंपनियों में से लार्सन एंड टुब्रो, मारुति, रिलायंस इं., नेस्ले, एयरटेल, अल्ट्राटेक सीमेंट, कोटक महिंद्रा बैंक और जेएसडब्ल्यू स्टील में प्रमुख रूप से गिरावट दर्ज की गई।

शेयर बाजार में गिरावट से निवेशकों को 2.25 लाख करोड़ रुपये की चपत

भारी मुनाफावसूली के बीच शेयर बाजार में गिरावट से निवेशकों को 2.25 लाख करोड़ रुपये की चपत लगी। बीएसई का 30 शेयरों वाला सेंसेक्स 732.96 अंक गिरकर 73,878.15 अंक पर बंद हुआ। हालांकि यह शुरुआती कारोबार में 484.07 अंक चढ़ा था। कारोबार के दौरान 75,095.18 अंक के अधिकतम स्तर पर पहुंचने के बाद यह 1,627.45 अंक गिरकर 73,467.73 अंक पर बंद हुआ। बीएसई पर सूचीबद्ध कंपनियों का बाजार पूंजीकरण 2,25,543.41 करोड़ रुपये घटकर 4,06,24,224.49 करोड़ रुपये (4.89 लाख करोड़ डॉलर) रहा।

सरकार ने प्याज पर 40 प्रतिशत निर्यात शुल्क लगाया

नई दिल्ली। सरकार ने शुक्रवार को प्याज के निर्यात पर 40 प्रतिशत शुल्क लगा। इसके साथ ही सरकार ने देसी चने के आयात पर शुल्क से 31 मार्च, 2025 तक छूट देने का फैसला किया। इसके अलावा 31 अक्टूबर, 2024 या उससे पहले जारी किए गए 'बिल ऑफ एंट्री' के जरिए पीले मटर के आयात पर शुल्क छूट भी बढ़ा दी गई है। 'बिल ऑफ एंट्री' एक कानूनी दस्तावेज है जो आयातकों या सीमा शुल्क निकासी एजेंटों के आयातित माल के आगमन पर या उससे पहले दाखिल किया जाता है। वित्त मंत्रालय ने कहा कि ये सभी बदलाव चार मई से प्रभावी होंगे। फिलहाल प्याज के निर्यात पर प्रतिबंध लगा हुआ है। हालांकि, सरकार भारत के मित्र देशों को निर्यात की अनुमति देती है। इसने संयुक्त अरब अमीरात और बांग्लादेश को एक निश्चित मात्रा में प्याज निर्यात की अनुमति दी हुई है।

विदेशी मुद्रा भंडार 2.41 अरब डॉलर घटकर 637.92 अरब डॉलर पर

मुंबई, एजेंसी

देश का विदेशी मुद्रा भंडार 26 अप्रैल को समाप्त सप्ताह में 2.41 अरब डॉलर घटकर 637.92 अरब डॉलर रहा। भारतीय रिजर्व बैंक ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। पिछले कारोबारी सप्ताह में देश का विदेशी मुद्रा भंडार 2.28 अरब डॉलर घटकर 640.33 अरब डॉलर रहा था। यह कई सप्ताह की तेजी के बाद पांच अप्रैल को समाप्त सप्ताह में 648.56 अरब डॉलर के नये सर्वकालिक उच्च स्तर पर पहुंच गया था। इससे पहले, सितंबर 2021 में विदेशी मुद्रा भंडार रिकॉर्ड 642.45 अरब डॉलर पर पहुंच गया था।

रिजर्व बैंक के आंकड़ों के मुताबिक, 26 अप्रैल को समाप्त सप्ताह में मुद्रा भंडार का अहम हिस्सा मानी जाने वाली विदेशी मुद्रा आस्तियां 1.16 अरब डॉलर घटकर 559.70 अरब डॉलर रही। डॉलर के संदर्भ में उल्लेखित विदेशी मुद्रा आस्तियों में विदेशी मुद्रा भंडार में रखे गए यूरो, पाउंड और येन जैसी गैर-अमेरिकी मुद्राओं की घट-बढ़ का प्रभाव शामिल होता है। रिजर्व बैंक ने कहा कि समीक्षाधीन सप्ताह के दौरान स्वर्ण आरक्षित भंडार का मूल्य 1.27 अरब डॉलर घटकर 55.53 अरब डॉलर रहा। रिजर्व बैंक ने कहा कि विशेष आहरण अधिकार (एसडीआर) 1.5 करोड़ डॉलर बढ़कर 18.04 अरब डॉलर हो गया।

सर्राफा

कानपुर

चॉदी 999 (प्रति किलो)	82,400
चांदी सिक्का (प्रति सैकड़ा)	85,000
चांदी सिक्का (सैकड़ा) बिकवाल	90,000
सोना बिस्कुट (दस ग्राम)	73,200
गिन्नी (प्रति नग)	54,550–54,750

लखनऊ

सोना स्टैंडड (प्रति 10 ग्राम)	70,850
सोना रवा (प्रति 10 ग्राम)	70,700
गिन्नी (प्रति 10 नग)	42, 500
चांदी (999)	81,000
चांदी तैयार	81,100
चांदी का सिक्का (प्रति सैकड़ा)	80, 000

बरेली

सोना जेवरात पक्के	70,650
सोना जेवरात गिन्नी	69,650
चांदी पक्की	805 (अनुमानित)

मुरादाबाद

सोना 24 कैरेट	70,650
चांदी आभूषण	81,000।

सोने के दाम में 350 रुपये की आई गिरावट, चांदी की कीमत रहीं स्थिर

नई दिल्ली, एजेंसी

वैश्विक बाजारों में कमजोर रुख के अनुरूप राष्ट्रीय राजधानी के सर्राफा बाजार में शुक्रवार को सोना 350 रुपये की गिरावट के साथ 72,000 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ। एचडीएफसी सिक्योरिटीज ने यह जानकारी दी। पिछले कारोबारी सत्र में सोना 72,350 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था। हालांकि, चांदी की कीमत 83,500 रुपये प्रति किलो पर अपरिवर्तित रही।

एचडीएफसी सिक्योरिटीज के वरिष्ठ विश्लेषक (जिंस) सौमिल गांधी ने कहा-विदेशों में नरमी के रुख के बीच दिल्ली में हाजिर सोना (24 कैरेट) 72,000 रुपये प्रति 10 ग्राम पर रहा जो पिछले बंद भाव से 350 रुपये कम है। अंतरराष्ट्रीय बाजार कॉमेक्स (जिंस बाजार) में हाजिर सोना 2,297 डॉलर प्रति औंस पर रहा जो पिछले बंद भाव से सात डॉलर कम है। गांधी ने कहा-अमेरिकी फेडरल रिजर्व के ब्याज दर में कटौती में अभी समय लगने की चिंता के कारण शुक्रवार को सोने की कीमतों में गिरावट आई। ब्याज दर में कमी में देरी का कारण मुद्रास्फीति जोखिम का बरकरार रहना है।

कोयला, गैस पर आधारित बिजली उत्पादन क्षमता 2.44 प्रतिशत बढ़ी

नई दिल्ली। देश में कोयला और गैस जैसे जीवाश्म ईंधन आधारित बिजली उत्पादन क्षमता वित्त वर्ष 2023-24 में 2.44 प्रतिशत बढ़कर 243.22 गीगावाट हो गई, जो मार्च 2023 में 237.27 गीगावाट थी। आधिकारिक आंकड़ों से यह जानकारी सामने आई है। सरकारी आंकड़ों के अनुसार हरित ऊर्जा स्रोतों (गैर-जीवाश्म ईंधन) पर आधारित बिजली उत्पादन क्षमता पिछले वित्त वर्ष में 10.79 प्रतिशत बढ़कर 190.57 गीगावाट (एक गीगावाट बराबर 1,000 मेगावाट) हो गई जबकि वित्त वर्ष 2022-23 में यह 172.01 गीगावाट थी।

अडाणी की सात कंपनियों को सेबी ने भेजा नोटिस

नई दिल्ली, एजेंसी

- लेनदेन के उल्लंघन और नियमों का अनुपालन न करने पर कार्रवाई

अडाणी समूह की दस सूचीबद्ध कंपनियों में से सात को भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) से संबंधित पक्षों के बीच लेनदेन के कथित उल्लंघन और सूचीबद्धता नियमों का अनुपालन नहीं करने के लिए कारण बताओ नोटिस मिला है। कंपनियों ने शेयर बाजारों को इस नोटिस के बारे में सूचना दी है।

बाजार नियामक सेबी का नोटिस पाने वाली कंपनियों में अडाणी समूह की प्रमुख कंपनी अडाणी एंटरप्राइजेज के साथ अडाणी ग्रीन एनर्जी लिमिटेड, अडाणी पोर्ट्स एंड स्पेशल इकोनॉमिक जोन, अडाणी पावर, अडाणी एनर्जी सॉल्यूशंस, अडाणी टोटल गैस और अडाणी विल्मर शामिल हैं। इन कंपनियों ने जनवरी-मार्च तिमाही और वित्त वर्ष 2023-24 के अपने-अपने वित्तीय परिणामों से संबंधित टिप्पणियों में सेबी की तरफ से जारी नोटिस का खुलासा किया है। सभी कंपनियों ने कमोबेश एक ही तरह के बयानों में कहा कि लागू कानूनों और विनियमों का कोई भी गैर-अनुपालन का कोई भी ठोस मामला नहीं है और उन पर इसका कोई कोई खास प्रभाव नहीं पड़ेगा। हालांकि, अडाणी ग्रीन एनर्जी, अडाणी टोटल गैस और अडाणी विल्मर के अलावा बाकी चार कंपनियों के ऑडिटरों ने वित्तीय विवरणों पर एक पात्र विचार रखते हुए कहा है कि सेबी की जांच के परिणामों का भविष्य में उनके वित्तीय विवरणों पर असर पड़ सकता है। वहीं समूह की सीमेंट कंपनियों-अंबुजा सीमेंट और एसीसी ने इस संबंध में सेबी से कोई भी नोटिस न आने की बात कही है।

राष्ट्रीय

बर्द्धमान-कृष्णानगर लोकसभा क्षेत्रों में चुनावी रैलियों को प्रधानमंत्री ने किया संबोधित

सबसे कम सीट पर सिमटेगी कांग्रेस: मोदी

बर्द्धमान/कृष्णानगर, एजेंसी

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शुक्रवार को दावा किया कि लोकसभा चुनाव में कांग्रेस अब तक की सबसे कम सीटों पर सिमट जाएगी क्योंकि देश की सबसे पुरानी पार्टी आम चुनाव में 'अर्ध-शतक' का आंकड़ा पार करने के लिए संघर्ष करेगी। उन्होंने कहा कि कांग्रेस सबसे कम सीट पर सिमेटेगी।

बर्द्धमान-दुर्गापुर और कृष्णानगर लोकसभा क्षेत्रों में रैलियों को संबोधित करते हुए मोदी ने कहा कि अगर कांग्रेस सत्ता में आई तो वह अनुसूचित जाति, दलितों और ओबीसी का आरक्षण छीन लेगी और उसे अपने 'जिहादी वोट बैंक' को दे देगी ताकि पार्टी अपनी 'तुष्टिकरण की राजनीति' कर सके। प्रधानमंत्री ने उत्तर प्रदेश में समाजवादी पार्टी (सपा) के एक उम्मीदवार द्वारा 'वोट जिहाद' संबंधी टिप्पणी का समर्थन करने के लिए विपक्षी 'इंडिया' गठबंधन और कांग्रेस की आलोचना की। लोकसभा चुनाव के मद्देनजर नरेंद्र मोदी झारखंड व पश्चिम बंगाल के दौरे पर थे।

झारखंड : प्रधानमंत्री प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का पश्चिमी सिंहभूम में सार्वजनिक बैठक के दौरान केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा ने पारंपरिक टोपी पहनकर स्वागत किया। ● एजेंसी

मोदी ने दावा किया इस बार के चुनाव के नतीजे का अनुमान लगाने के लिए किसी ओपिनियन पोल या फिर एक्जिट पोल की जरूरत नहीं है क्योंकि परिणाम 'स्पष्ट' हैं। उन्होंने कहा, ''कांग्रेस इस बार पहले से भी कम सीटों पर सिमटने जा रही है। अब देश भी समझ रहा है कि ये लोग चुनाव जीतने के लिए नहीं लड़ रहे हैं, ये सिर्फ देश को बांटने के लिए चुनाव के मैदान का उपयोग कर रहे हैं।'' कांग्रेस ने शुक्रवार को अमेठी और रायबरेली को लेकर जारी संशय को समाप्त करते हुए उनकी मां सोनिया गांधी की सीट से राहुल गांधी की उम्मीदवारी की घोषणा की। राहुल गांधी 2019 में अमेठी निर्वाचन क्षेत्र से हार गए थे लेकिन वायनाड से जीते थे। वायनाड सीट से वह इस बार भी लड़ रहे हैं।

गुरुग्राम की झुग्गी बस्ती में लगी भीषण, 240 से ज्यादा झुग्गियां जलकर खाक

गुरुग्राम। गुरुग्राम के सेक्टर-53 में स्थित एक झुग्गी बस्ती में शुक्रवार को आग लगने की घटना में 240 झुग्गियां जलकर खाक हो गईं। दमकल विभाग ने यह जानकारी दी। विभाग के अधिकारी ने बताया कि इस हादसे में किसी के हताहत होने की कोई सूचना नहीं है, लेकिन आग लगने के दौरान जो लोग अपना सामान बाहर निकाल रहे थे, उन्हें मामूली चोटें आई हैं। अधिकारी ने बताया कि सुबह करीब 10.40 बजे खाना बनाने के दौरान गैस सिलेंडर में रिसाव होने के कारण आग लगी और जल्द ही इसने अन्य झुग्गियों को भी अपनी चपेट में ले लिया। उन्होंने बताया कि बंजारा मार्केट के पास एक झुग्गी बस्ती में करीब 100 सिलेंडर फट गए। निवासियों ने अग्निशमन विभाग को इस बारे में सूचना दी थी।

नागपुर में पड़ रही भीषण गर्मी में शुक्रवार को फुटाला झील में नहाते बच्चे। ● एजेंसी

एक नजर

कांग्रेस के पूर्व नेता संजय निरुपम दोबारा शिवसेना में शामिल

ठाणे। कांग्रेस के पूर्व नेता संजय निरुपम शुक्रवार को महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे के नेतृत्व वाली शिवसेना में शामिल हो गए। मुंबई के पूर्व सांसद ने लगभग दो दशक पहले अविभाजित शिवसेना छोड़ी थी। निरुपम को पिछले महीने 'पार्टी विरोधी गतिविधियों' में शामिल होने के आरोप में कांग्रेस से निष्कासित कर दिया था। निरुपम आज मुख्यमंत्री शिंदे की उपस्थिति में शिवसेना में शामिल हो गए।

काला जादू करने के संदेह में दो की मौत

गढ़चिरौली। महाराष्ट्र के आदिवासी बहुल गढ़चिरौली जिले में काला जादू करने के संदेह में ग्रामीणों ने कथित रूप से एक पुरुष और एक महिला को आग के हवाले कर दिया जिसके बाद उनकी मौत हो गई। एक अधिकारी ने बताया कि पुलिस ने बुधवार रात एट्टापल्ली तालुका के बसेरवाड़ा गांव में हुई घटना के सिलसिले में 14 लोगों को गिरफ्तार किया है। उन्होंने कहा कि आरोपियों ने पीड़ितों देउ अतलामी और जमनी तेलामी (52) को उनके घरों से खींचकर निकाला और तीन घंटे तक उनकी पिटाई करने के बाद उन्हें आग के हवाले कर दिया था।

महिला की व्यथा सुन मेरा दिल रो पड़ा: ममता बनर्जी

कोलकाता, एजेंसी

- बंगाल की मुख्यमंत्री ने महिला कर्मी से दुर्व्यवहार को लेकर राज्यपाल को आड़े हाथों लिया

पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री एवं तृणमूल कांग्रेस प्रमुख ममता बनर्जी ने राजभवन में महिला कर्मी से कथित तौर पर दुर्व्यवहार करने को लेकर राज्यपाल सी. वी. आनंद बोस को शुक्रवार को आड़े हाथों लिया। महिला कर्मी से कथित दुर्व्यवहार का मामला बृहस्पतिवार शाम को सामने आया था। पूर्वी बर्धवान जिले में एक चुनावी सभा को संबोधित करते हुए ममता बनर्जी ने राजभवन में महिला से कथित दुर्व्यवहार को लेकर नाराजगी व्यक्त की। उन्होंने कहा-कल राजभवन में काम करने वाली एक युवा महिला सामने आई और राज्यपाल के कथित उत्पीड़न के बारे में बताया ...कल, महिला की व्यथा सुन मेरा दिल रो पड़ा। मैंने उसका वीडियो देखा।

ममता बनर्जी ने सवाल किया कि कल राजभवन गए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने क्यों इस मुद्दे पर चुप्पी साधे रखी? उन्होंने कहा, ''महिला रोती हुई बाहर आई और कहा कि उसे अब राजभवन में काम करने से डर लग रहा है। उसने बताया कि उसे असमय बुलाया जाता था और उत्पीड़न किया जाता था। और ये लोग हमारी माताओं और बहनों की गरिमा की बात करते हैं।'' राज्यपाल बोस ने बृहस्पतिवार को कहा था कि वह 'मनगढ़ंत आरोपों' से नहीं डरेंगे और 'सच्चाई की जीत होगी।' उन्होंने यह बयान तृणमूल कांग्रेस नेताओं के इस दावे के बाद दिया कि राजभवन में काम करने वाली एक महिला कर्मी ने उन पर छेड़छाड़ के आरोप में पुलिस में शिकायत दर्ज करायी है। ममता बनर्जी ने पश्चिम बंगाल पुलिस के 1500 जवानों को दूसरे राज्यों में चुनाव ड्यूटी पर तैनात करने को लेकर निर्वाचन आयोग की आलोचना की। उन्होंने कहा, ''दूसरे राज्य से कोई पुलिस कर्मी पश्चिम बंगाल नहीं आया है। निर्वाचन आयोग ने केवल केंद्रीय बल भेजे हैं। लेकिन आश्चर्य है कि राज्य से बाहर भेजे गए किसी भी पुलिस कर्मी को डाक मतपत्र से मतदान करने की अनुमति नहीं दी गई।

न्यायालय ने सुनवाई के लिए 14 मई की तारीख निर्धारित की

नई दिल्ली, एजेंसी

उत्तर प्रदेश का धर्मांतरण मामला

उच्चतम न्यायालय ने उत्तर प्रदेश के सैम हिगिनबॉटम यूनिवर्सिटी ऑफ एग्रीकल्चर, टेक्नोलॉजी एंड साइंसेज के कुलपति राजेन्द्र बिहारी लाल और अन्य के खिलाफ कथित अवैध धर्मांतरण मामले में दर्ज पांच प्राथमिकियों को रद करने या इन्हें आपस में जोड़ने का अनुरोध करने वाली याचिकाओं पर अंतिम सुनवाई के लिए शुक्रवार को 14 मई की तारीख निर्धारित की।

न्यायमूर्ति जे बी पारदीवाला और न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा की पीठ ने सिद्धार्थ दवे और मुक्ता गुप्ता सहित वरिष्ठ अधिवक्ताओं की दलीलों पर गौर किया तथा कहा कि सभी नौ याचिकाओं को 14 मई को अंतिम निस्तारण के लिए लिया जाएगा। पीठ ने उत्तर प्रदेश सरकार की ओर से शीर्ष अदालत में पेश हुईं वरिष्ठ अधिवक्ता गरिमा प्रसाद को पहली दो प्राथमिकियों की प्रति अगली सुनवाई से पहले या उस दिन दवे को मुहैया कराने का भी निर्देश दिया। दवे, विश्वविद्यालय के कुलपति का न्यायालय में प्रतिनिधित्व कर रहे हैं। उच्चतम न्यायालय ने उत्तर प्रदेश सरकार और आरोपियों के वकील को लिखित दलीलें दाखिल करने का भी निर्देश दिया।

न्यूजक्लिक के मानव संसाधन प्रमुख की जमानत याचिका पर आदेश सुरक्षित

नई दिल्ली। दिल्ली उच्च न्यायालय ने गैर-कानूनी गतिविधि रोकथाम अधिनियम (यूएपीए) के तहत दर्ज मामले में समाचार पोर्टल न्यूजक्लिक के मानव संसाधन विभाग प्रमुख अमित चक्रवर्ती की जमानत याचिका पर शुक्रवार को अपना आदेश सुरक्षित रख लिया। चीन समर्थक दुष्प्रचार के लिए धन प्राप्त करने के आरोप में समाचार पोर्टल के खिलाफ यूएपीए के तहत मामला दर्ज किया गया था। चक्रवर्ती के वकील ने कहा कि मामले में आरोपपत्र पहले ही दायर किया जा चुका है और याचिकाकर्ता को सरकारी गवाह बनने के बाद अभियोजन पक्ष के गवाह के रूप में उद्धृत किया गया है। इसके बाद न्यायमूर्ति स्वर्णकांता शर्मा ने आदेश सुरक्षित रख लिया। वकील ने कहा कि उच्च न्यायालय के पास चक्रवर्ती को जमानत देने का विवेकाधिकार है।

हाईकोर्ट ने सिसोदिया की जमानत पर ईडी, सीबीआई से मांगा जवाब

नई दिल्ली। दिल्ली उच्च न्यायालय ने आबकारी नीति में कथित घोटाले से जुड़े भ्रष्टाचार एवं धनशोधन मामलों में पूर्व उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया की जमानत याचिका पर शुक्रवार को प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) और केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) से जवाब मांगा। न्यायमूर्ति स्वर्णकांता शर्मा ने निचली अदालत के 30 अप्रैल के आदेश को चुनौती देने वाली सिसोदिया की याचिकाओं पर सीबीआई और ईडी को नोटिस जारी किया। निचली अदालत ने उनकी जमानत याचिकाएं खारिज कर दी थीं। मामले की सुनवाई आठ मई तक के लिए स्थगित कर दी गई है।

मणिपुर में हिंसा का एक साल, बदल गई राज्य की तस्वीर

- आदिवासी एकजुटता मार्च के कारण हुई थी हिंसा

इंफाल/चुराचांदपुर (मणिपुर), एजेंसी

मणिपुर के निवासी उस दिन को याद कर रहे हैं जब उनका राज्य जातीय हिंसा में झुलसकर सामाजिक रूप से बंट गया, पीढ़ियों से साथ रहे परिवार व पड़ोसी एक दूसरे से अलग हो गए और हजारों लोगों की जिंदगी पूरी तरह बदल गई। यह सबकुछ ठीक एक साल पहले हुआ था। तीन मई, 2023 का वह दिन आज भी सभी लोगों की यादों में ताजा है, जब एक आभासी नियंत्रण रेखा द्वारा विभाजित दो मणिपुर अस्तित्व में आए। इस दिन मेइती समुदाय की अनुसूचित जनजाति (एसटी) दर्जे की मांग के विरोध में पहाड़ी जिलों में आयोजित 'आदिवासी एकजुटता मार्च' के कारण मेइती और कुकी समुदायों के बीच जातीय हिंसा की शुरुआत हुई। इस संघर्ष के कारण लोगों की रोजमर्रा की जिंदगी अनेक तरीकों से प्रभावित हुई है। संघर्ष के चलते 200 से अधिक लोगों की मौत हो चुकी है और कई हजार लोग विस्थापित हुए हैं। पूर्वोत्तर भारत के इस राज्य में तीन मुख्य जातीय समूह ऐतिहासिक रूप से साथ रह रहे थे- घाटी क्षेत्र में मेइती, दक्षिणी पर्वतीय क्षेत्र में कुकी और उत्तरी पर्वतीय इलाकों में नगा समुदाय। लेकिन पिछले साल मई में ये समुदाय अलग होकर एक दूसरे के दुश्मन बन गए। अब मेइती समुदाय के लोग इंफाल घाटी तक सीमित हैं जबकि कुकी समुदाय के लोग पहाड़ी इलाकों की ओर चले गए हैं। मैदानी और पहाड़ी जिलों के बीच मौजूद सीमावर्ती इलाकों के हालात देखकर राज्य की गहरी जातीय जड़ों को आसानी से समझा जा सकता है।

मणिपुर में मानवता नष्ट हो गई: मल्लिकार्जुन खरगे

नई दिल्ली। कांग्रेस ने मणिपुर की स्थिति को लेकर शुक्रवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार पर हमला बोला और उस पर उदासीन एवं निष्ठुर होने का आरोप लगाया। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर कहा कि मणिपुर ठीक एक साल पहले तीन मई, 2023 को जलना शुरू हुआ था। उन्होंने कहा–मणिपुर में मानवता नष्ट हो गई। (केंद्र में) उदासीन मोदी सरकार और राज्य में अयोग्य भाजपा (भारतीय जनता पार्टी) सरकार के क्रूर मेल ने राज्य को वस्तुत: दो हिस्सों में बांट दिया है। उन्होंने कहा–निष्ठुर प्रधानमंत्री मोदी ने इस सीमावर्ती राज्य में कदम नहीं रखा जो उनकी अक्षमता और पूर्ण उदासीनता को उजागर करता है। उनके अहंकार ने एक खूबसूरत राज्य के सामाजिक ताने–बाने को नुकसान पहुंचाया है। खरगे ने कहा कि मणिपुर के सभी समुदायों के लोग अब जानते हैं कि भाजपा ने उनके जीवन को कैसे दयनीय बना दिया है।

आज का मुकाबला

रॉयल चैलेंजर बेंगलुरु

बनाम

गुजरात टाइटंस

शाम 7:30 बजे

पर्पल कैप

खिलाड़ी	मैच	विकेट
जसप्रीत बुमराह (मुंबई)	11	17
टी नटराजन (हैदराबाद)	10	15
मुस्तफिजुर रहमान (चेन्नई)	10	14

ऑरेंज कैप

खिलाड़ी	मैच	रन
ऋतुराज गायकवाड़ (चेन्नई)	10	509
विराट कोहली (आरसीबी)	10	500
साई सुदर्शन (गुजरात टाइटंस)	10	418

आरसीबी-गुजरात के लिए करो या मरो मुकाबला

बेंगलुरू, एजेंसी

समीकरणों के आधार पर अभी भी प्लेआफ की दौड़ से बाहर नहीं हुई रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरू और गुजरात टाइटंस को अपनी थोड़ी बहुत उम्मीदें भी कायम रखने के लिये शनिवार को इंडियन प्रीमियर लीग के मैच में हर हालत में जीत दर्ज करनी होगी।

रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरू दस मैचों में छह अंक लेकर तालिका में सबसे नीचे है जबकि टाइटंस दस मैचों में आठ अंक लेकर आठवें स्थान पर है। चेन्नई सुपर किंग्स और दिल्ली कैपिटल्स (10 अंक) की पिछले मैच में हार के बाद इन दोनों टीमों की उम्मीदें बंधी है। दोनों को बखूबी पता है कि दूसरी टीमों के नतीजों पर निर्भर रहने की बजाय खुद अपने अभियान को ढर्रे पर लाना होगा। अपने मैदान पर खेल रही आरसीबी के लिए विराट कोहली शानदार फॉर्म में हैं जो इस सत्र में 500 रन पार करने वाले

बल्लेबाज हैं। आरसीबी को उनसे इसी तरह के प्रदर्शन की उम्मीद होगी। गेंदबाजों ने हालांकि मेजबान को निराश किया है। मोहम्मद सिराज, यश दयाल, कर्ण शर्मा और स्वप्निल सिंह कोई भी प्रभावित नहीं कर सका है।

वहीं, शुभमन गिल और बी साई सुदर्शन ने मिलकर गुजरात के लिए 700 से अधिक रन बनाए हैं। रिधिमान साहा, डेविड मिलर, राहुल तेवतिया, विजय शंकर और शाहरूख खान 200 रन के आसपास भी नहीं पहुंच सके हैं। गेंदबाजी में स्टार स्पिनर राशिद खान समेत कोई भी अपनी ख्याति के अनुरूप प्रदर्शन नहीं कर सका है। राशिद ने दस मैचों में आठ की इकॉनॉमी रेट से आठ विकेट लिए हैं।

पारी की शुरूआत करें कोहली : जडेजा

नई दिल्ली, एजेंसी

पूर्व हरफनमौला अजय जडेजा का मानना है कि अमेरिका और वेस्टइंडीज में होने वाले टी20 विश्व कप में भारतीय कप्तान रोहित शर्मा को तीसरे नंबर पर उतरकर विराट कोहली से पारी का आगाज कराना चाहिए। भारत ने इस सप्ताह टूर्नामेंट के लिए 15 सदस्यीय टीम का ऐलान किया।

भारत को पहला मैच पांच जून को आयरलैंड से खेलना है। जडेजा ने कहा विराट कोहली को पारी का आगाज करना चाहिए। रोहित को तीसरे नंबर पर उतरना चाहिए। उसे थोड़ा समय मिल जाएगा क्योंकि बतौर कप्तान उसके दिमाग में बहुत कुछ चल रहा होगा। विराट के टीम में होने से निरंतरता मिलेगी। वह शीर्षक्रम का सर्वश्रेष्ठ

बल्लेबाज है और पावरप्ले में उसे जमने का मौका मिलेगा। खराब फॉर्म से जूझ रहे हार्दिक पंड्या के चयन का भी समर्थन करते हुए उन्होंने कहा वह कई कारणों से सुर्खियों में हैं। वह खास खिलाड़ी है और भारत में इस तरह के हरफनमौला कम ही मिलते हैं। चयन फॉर्म के आधार पर नहीं किया गया। यह इस पर निर्भर है कि आप कैसे खेलना चाहते हैं। आपके पास टीम में स्थापित खिलाड़ी हैं। अब देखना यह है कि रोहित क्या सोचते हैं।

हार्दिक-विराट का संयोजन होगा शानदार : श्रीसंत

नई दिल्ली। पूर्व भारतीय तेज गेंदबाज एस श्रीसंत ने शुक्रवार को हार्दिक पंड्या के टी20 विश्व कप टीम में चयन का समर्थन करते हुए कहा कि विराट कोहली के साथ इस आल राउंडर की मौजूदगी मुश्किल लक्ष्य का पीछा करते हुए अच्छा संयोजन साबित होगी। पंड्या को 15 सदस्यीय टीम में शामिल करने से सवाल उठ रहे हैं लेकिन चयनकर्ताओं ने उनके रिकॉर्ड तथा गेंद एवं बल्ले दोनों से खेल का परिदृश्य बदलने की काबिलियत को ध्यान में रखकर यह फैसला किया है।

खेल डायरी

वनडे में भारत शीर्ष पर, टेस्ट में ऑस्ट्रेलिया नंबर वन

दुबई। भारत ने शुक्रवार को जारी ताजा आईसीसी सालाना रैंकिंग अपडेट में वनडे और टी-20 अंतर्राष्ट्रीय में अपना शीर्ष स्थान बरकरार रखा लेकिन पुरुष टेस्ट टीम रैंकिंग में दूसरे स्थान पर खिसक गई। पांच दिवसीय प्रारूप में विश्व टेस्ट चैंपियन ऑस्ट्रेलिया शीर्ष स्थान पर आया है। सालाना अपडेट में 2020-21 सत्र के नतीजे हटा दिये गये हैं और इसमें मई 2021 के बाद पूरी हुई सभी श्रृंखलाएं शामिल हैं। भारत (120 अंक) टेस्ट रैंकिंग में आस्ट्रेलिया (124) से महज चार अंक पीछे है और तीसरे स्थान पर काबिज इंग्लैंड से 15 अंक आगे है। दक्षिण अफ्रीका (103 अंक) 100 अंक से ऊपर हासिल करने वाली चौथी टीम है।

चौरसिया 13वें स्थान के साथ कोरिया में भारतीय गोल्फरों में शीर्ष पर

सियोल। भारतीय गोल्फर एसएसपी चौरसिया जीएस कैल्टेक्स मेक्यूंग ओपन के दूसरे चरण में चार अंडर 67 का कार्ड खेलने के बाद संयुक्त रूप से 13वें स्थान पर पहुंच गए हैं। एशियाई टूर पर 2017 के बाद से कोई खिताब नहीं जीतने वाले चौरसिया ने पहले दौर में एक ओवर 72 का कार्ड खेला था। दूसरे दौर में शानदार खेल से वह संयुक्त 52वें स्थान से संयुक्त 13वें स्थान पर पहुंचने में सफल रहे। इस प्रतियोगिता में पांच भारतीय खिलाड़ियों में चौरसिया के अलावा सिर्फ अजीतेश संधू (71-71) ही कट हासिल करने में सफल रहे।

शुभंकर ने बीजिंग में कट हासिल किया, संयुक्त 32वें स्थान पर

बीजिंग। भारतीय गोल्फर शुभंकर शर्मा ने वोल्वो चाइना ओपन के दूसरे दौर में एक ओवर 73 का कार्ड खेलकर कट में जगह बनाई। 27 साल का यह भारतीय दूसरे दिन महज एक बर्डी ही लगा सका लेकिन कट हासिल करने में सफल रहा। शर्मा संयुक्त 32वें स्थान पर बने हुए हैं। शर्मा ने पहले दिन छह अंडर 66 का कार्ड खेला था जिससे अब 36 होल में उनका कुल स्कोर पांच अंडर का है। अन्य भारतीयों में ओम प्रकाश पहले दौर के अच्छे प्रदर्शन के बाद दूसरे दौर में दो ओवर 75 का स्कोर बनाने से संयुक्त 94वें स्थान पर रहे और कट में जगह बनाने से चूक गए।

टोटेनहम की चैंपियंस लीग की उम्मीदों को झटका

लंदन। चेल्सी के हाथों 2-0 से मिली हार के साथ टोटेनहम की चैंपियंस लीग फुटबॉल के लिए क्वालीफाई करने की उम्मीदों को करारा झटका लगा। प्रीमियर लीग में टोटेनहम की यह चार दिन में दूसरी हार थी। उसे आर्सनल ने पिछले रविवार को 3-2 से हराया था। इंग्लैंड को अगले सत्र में चैंपियंस लीग में चार ही कोटा स्थान मिलेंगे। टोटेनहम तालिका में पांचवें स्थान पर है और चौथे स्थान पर काबिज एस्टोन विला उससे सात अंक आगे है।

डॉ. नड्डा एशिया प्रशांत सलाहकार परिषद की अध्यक्ष

नई दिल्ली। डॉ. मल्लिका नड्डा को स्पेशल एशिया प्रशांत सलाहकार परिषद (एपीएसी) का अध्यक्ष नियुक्त किया है। डॉ. नड्डा 2021 से स्पेशल ओलंपिक भारत की अध्यक्ष के रूप में कार्यरत हैं। वे सामाजिक जिम्मेदारी की गहरी समझ रखने वाली अग्रणी सामाजिक कार्यकर्ताओं में से एक हैं। वह 30 से अधिक वर्षों से दिव्यांगों, वंचितों और महिला सशक्तिकरण के लिए समर्पित हैं। इतिहास में डॉक्टरेट और शहरी अध्ययन में विशेष रुचि रखने वाली शिक्षाविद डॉ. मल्लिका नड्डा हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय से जुड़ी हुई हैं। एपीएसी की अध्यक्ष के रूप में, डॉ. नड्डा 34 देशों में फैले पूरे स्पेशल ओलंपिक एशिया प्रशांत क्षेत्र की एक सुसंगत आवाज बनेंगी।

केकेआर ने मुंबई को 145 पर किया ढेर

24 रन से जीता कोलकाता, स्टार्क ने 4 और नारायण ने लिए 2 विकेट

मुंबई के खिलाफ 24 रनों की जीत के बाद जश्न मनाते केकेआर के खिलाड़ी। ● एजेंसी

मुम्बई, एजेंसी

वेंकटेश अय्यर (70) और मनीष पांडे (42) रनों की शानदार पारियों और छठें विकेट लिए 83 रन की साझेदारी के बाद मिचेल स्टार्क की बेहतरीन गेंदबाजी के दम पर केकेआर ने शुक्रवार को मुम्बई इंडियंस को 18.5 ओवर में 145 रनों पर समेटते हुए 24 रन से जीत दर्ज की। कोलकाता की 10 मैचों में यह सातवीं जीत है।

170 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी मुम्बई इंडियंस की शुरुआत अच्छी नहीं रही और उसने एक-एक करके अपने छह विकेट 71 के स्कोर तक गवां दिए थे। सबसे पहले दूसरे ओवर में इशान किशन(13) पर उसके बाद नमन (11), रोहित (11), तिलक (4), नेहाल वढेरा (6) और कप्तान हार्दिक (1) रन बनाकर पवेलियन लौट चुके थे। सूर्यकुमार और टिम डेविड ने पारी को संभाला और सातवें विकेट लिये 49 रनों की साझेदारी की। सूर्यकुमार यादव ने 35 गेंदों में सर्वाधिक 56 रन बनाए। मुम्बई इंडियंस की पूरी टीम 18.5 ओवर में 145 रनों सिमट गई। कोलकाता नाइट राइडर्स की ओर से स्टार्क ने चार विकेट लिये। वरुण चक्रवर्ती, नारायण और आंद्रे रसल को दो-दो विकेट मिले।

अंकतालिका

टीम	मैच	जीत	हार	अंक	रन रेट
राजस्थान	10	8	2	16	+0.622
कोलकाता	10	7	3	14	+1.098
लखनऊ	10	6	4	12	+0.094
हैदराबाद	10	6	4	12	+0.072
चेन्नई	10	5	5	10	+0.627
दिल्ली	11	5	6	10	-0.442
पंजाब	10	4	6	8	-0.062
गुजरात	10	4	6	8	-1.113
मुंबई	11	3	8	6	-0.356
बेंगलुरु	10	3	7	6	-0.415

83 रन की शानदार साझेदारी कर वेंकटेश अय्यर और मनीष पांडे ने पहुंचा सम्मानजनक स्कोर तक

केकेआर 169/10 (19.5 ओवर, अतिरिक्त : 7)

बल्लेबाज	रन	गेंद	4/6
फिल सॉल्ट का तिलक बो तुषारा	5	3	1/0
सुनील नारायण बो हार्दिक	8	8	0/1
अंगकृष रघुवंशी का सूर्यकुमार बो तुषारा	13	6	0/2
श्रेयस अय्यर का डेविड बो तुषारा	6	4	1/0
वेंकटेश अय्यर बो बुमराह	70	52	6/3
रिंकू सिंह का एवं बो चावला	9	8	2/0
मनीष का स्थानाप्पन (ब्रेविस) बो हार्दिक	42	31	2/2
आंद्रे रसेल रन आउट	7	2	0/1
रमनदीप सिंह का कोएत्जी बो बुमराह	2	2	0/1
मिचेल स्टार्क बो बुमराह	0	02	0/0
वैभव अरोड़ा नाबाद	0	0	0/0

गेंदबाजी : तुषारा 4-0-42-3, बुमराह 3.5-0-18-3, कोएत्जी 2-0-24-0, हार्दिक 4-0-44-2, नमन 3-0-25-0, चावला 3-0-15-1

मुंबई 145/10 (18.5 ओवर, अतिरिक्त : 10)

बल्लेबाज	रन	गेंद	4/6
इशान किशन बो स्टार्क	13	7	1/1
रोहित शर्मा का पांडे बो नारायण	11	12	0/1
नमन धीर बो चक्रवर्ती	11	11	2/0
सूर्यकुमार यादव का सॉल्ट बो रसेल	56	35	6/2
तिलक वर्मा का नारायण बो चक्रवर्ती	4	6	0/0
नेहाल वढेरा बो नारायण	6	11	1/0
हार्दिक पंड्या का पांडे बो रसेल	1	3	0/0
टिम डेविड का श्रेयस बो स्टार्क	24	20	1/1
जेराल्ड कोएत्जी बो स्टार्क	8	7	0/1
पीयूष चावला का नारायण बो स्टार्क	0	1	0/0
जसप्रीत बुमराह नाबाद	1	1	0/0

गेंदबाजी : अरोड़ा 3-0-35-2, स्टार्क 3.5-0-33-4, चक्रवर्ती 4-0-22-2, नारायण 4-0-22-2, रसेल 4-0-30-2

अतीत के संघर्षों ने उपलब्धियों के लिए प्रेरणा दी : सुमित

बेंगलुरू। ओलंपिक और एशियाई खेल पदक विजेता भारतीय हॉकी टीम के सदस्य रहे सुमित को अतीत के संघर्षों ने एक और पदक अपनी झोली में डालने के लिये प्रेरित किया है। सुमित को पेरिस ओलंपिक के लिए भारतीय टीम में जगह बनाने की उम्मीद है और अंतिम 16 में स्थान पाने के लिये कड़ी प्रतिस्पर्धा से वह विचलित नहीं हैं। सुमित ने भारतीय टीम की तैयारियों के शिविर से इतर कहा मेरे जीवन में काफी संघर्ष रहे हैं और कठिन अतीत की यादों से मुझे आगे अच्छा करने की प्रेरणा मिलती है।

सुमित ने 2021 में तत्कालीन कोच ग्राहम रीड द्वारा उन्हें टीम से बाहर किये जाने को मैदान पर सबसे बड़ी चुनौती बताया। उस साल एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी के बाद सुमित को टीम से बाहर कर दिया गया और उसके बाद राष्ट्रमंडल खेल या विश्व कप के लिए नहीं चुना गया। दो साल टीम से बाहर रहना उनके लिये कठिन था लेकिन सुमित ने उम्मीद नहीं छोड़ी।

धावकों से विश्व रिले में अच्छे नतीजे की उम्मीद

नसाउ (बहामास), एजेंसी

भारत का 15 सदस्यीय मजबूत दल नसाउ में शनिवार से शुरू होने वाले दो दिवसीय विश्व एथलेटिक्स रिले बहामास 24 में दमदार प्रदर्शन के साथ तीनों श्रेणियों में पेरिस ओलंपिक का कोटा सुनिश्चित करना चाहेगा। भारतीय पुरुष चार गुणा 400 रिले टीम पिछले कुछ समय से सुर्खियां बटोर रही है।

इस टीम ने तोक्यो ओलंपिक में प्रभावशाली प्रदर्शन किया और इसके बाद पिछले अगस्त में बुडापेस्ट में विश्व चैंपियनशिप में अमेरिका के खिलाड़ियों को चुनौती दी। टीम ने हांग्झोऊ एशियाई खेलों में तीन मिनट 01:58 सेकेंड के समय के साथ स्वर्ण पदक अपने नाम किया। पिछले साल के शानदार प्रदर्शन के बाद बुडापेस्ट में मुहम्मद अनस याहिया, अमोज जैकब, मुहम्मद अजमल और राजेश रमेश की भारतीय चौकड़ी द्वारा बनाए गए 2:59.05 सेकंड के राष्ट्रीय और एशियाई रिकॉर्ड को बेहतर प्रदर्शन की उम्मीद होगी।

यह हालांकि इतना आसान नहीं होगा क्योंकि इस चौकड़ी का मौजूदा सत्र में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन तीन मिनट 05:71 सेकेंड रहा है। यह उनके हांग्झोऊ के प्रदर्शन से लगभग चार सेकेंड अधिक है। ओलंपिक के लिए विश्व रिले प्रारूप के अनुसार शनिवार को प्रत्येक हीट में से दो शीर्ष टीमें फाइनल में पहुंचने के साथ पेरिस का टिकट पक्का करेगी। भारत पुरुष, महिला और मिश्रित चार गुणा 400 मीटर में टीमें उतरेगा। इसमें पुरुष चौकड़ी पिछले साल के प्रदर्शन के आधार पर पेरिस के लिए क्वालीफाई करने के लिए सर्वश्रेष्ठ स्थिति में है।

स्वियातेक मैड्रिड ओपन फाइनल में

मैड्रिड। इगा स्वियातेक ने मेडिसन कीस को सीधे सेटों में हराकर मैड्रिड ओपन के फाइनल में प्रवेश कर लिया जहां उनका सामना एरिना सबालेंका से होगा। शीर्ष वरीयता प्राप्त स्वियातेक ने कीस को 6-1, 6-3 से मात दी। अब वह सबालेंका से खेलेंगी जिन्होंने चौथी रैंकिंग वाली एलेना रिबाकिना को 1-6, 7-5, 7-6 से हराया है। पुरूष वर्ग में दानिल मेदवेदेव 31वीं रैंकिंग वाले जिरि लेहेका से पहला सेट 4-6 से हारने के बाद क्वार्टर फाइनल मैच से रिटायर हो गए। उन्हें दाहिने पैर में चोट लगी थी और उपचार भी लेना पड़ा। लेहेका का सामना अब 35वीं रैंकिंग वाले फेलिक्स आगर एलियास्सिमे से होगा।

अल्काराज चोट के कारण इटैलियन ओपन से हटे

रोम। विश्व रैंकिंग में तीसरे स्थान पर काबिज कार्लोस अल्काराज ने शुक्रवार को दायें हाथ में चोट के कारण इटैलिन ओपन से हटने की घोषणा की। इस चोट के कारण उन्हें मोंटे कार्लो और बार्सिलोना ओपन से भी हटने के लिए बाध्य होना पड़ा। दो दिन पहले उनकी लगातार तीसरा मैड्रिड ओपन खिताब जीतने की उम्मीद क्वार्टरफाइनल में आंद्रे रूबलेव से मिली तीन सेट की हार के बाद टूट गई थी। अल्काराज ने अपने सोशल मीडिया चैनल पर लिखा कि मैड्रिड में खेलने के बाद मुझे अपने हाथ में थोड़ा दर्द महसूस हुआ।

बॉलीवुड हलचल



17 से डिज्नी+हॉटस्टार पर स्ट्रीम होगी बाहुबली: क्राउन ऑफ ब्लड

मुंबई। दक्षिण भारतीय फिल्मों के जानेमाने निर्देशक एसएस राजामौली की फिल्म बाहुबली : क्राउन ऑफ ब्लड 17 मई से डिज्नी हॉटस्टार पर स्ट्रीम होगी। बाहुबली, बाहुबली 2 और आरआरआर जैसी ब्लॉकबस्टर फिल्म देने के बाद, फैंस और दर्शक निर्देशक एसएस राजामौली की अगली फिल्म का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। राजामौली ने अपने आगामी प्रोजेक्ट बाहुबली : क्राउन ऑफ ब्लड'' एनिमेटेड सीरीज का एलान किया है। बाहुबली : क्राउन ऑफ ब्लड का निर्माण एस.एस. राजामौली, शरद देवराजन और शोबु यार्लागड्डा ने किया है। निर्देशन जीवन जे. कांग और नवीन जॉन ने किया है। डिज्नी हॉटस्टार और एचएसएम एंटरटेनमेंट नेटवर्क, डिज्नी स्टार में कंटेन्ट के हेड गौरव बैनर्जी ने कहा, हम बाहुबली क्राउन ऑफ ब्लड के साथ इस मशहूर फ्रैंचाइजी की गहराइयों में जाने के लिए उत्साहित हैं। हम आज के समय में कहानी कहने की कला में एनिमेशन की महत्वपूर्ण भूमिका को समझते हैं। हम बाहुबली और द लेजेंड ऑफ हनुमान जैसी रोमांचक कहानियों को अपने दर्शकों के लिए पेश करने के लिए प्रतिबद्ध हैं। हमारा लक्ष्य वयस्कों के लिये एनिमेशन जोनर को लगातार बेहतर बनाना और दर्शकों को लुभाना है। हम ग्राफिक इंडिया के साथ अपने रिश्ते को भी समृद्ध बनाना चाहते हैं। बाहुबली क्राउन ऑफ ब्लड के रचनाकर एवं निर्माता एस.एस. राजामौली ने कहा, बाहुबली की दुनिया बहुत बड़ी है और यह फिल्म फ्रैंचाइजी उसका सही परिचय देती है। हालांकि अभी बहुत कुछ जानना बाकी है और ऐसे में बाहुबली क्राउन ऑफ ब्लड की बारी आती है। यह कहानी पहली बार बाहुबली और भल्लालदेव की जिन्दगी के कई अनजाने ट्विस्ट दिखाएगी। लंबे वक्त से भुलाया गया एक गहरा रहस्य भी उजागर होगा, जब दोनों भाई मिलकर माहिष्मती को बचाएंगे। हम बाहुबली के प्रशंसकों के लिए इस नए अध्याय की पेशकश करके बहुत खुश हैं। हम इस कहानी को एनिमेटेड फॉर्मेट में लेकर आ रहे हैं, जो बाहुबली की दुनिया का एक नया और रोमांचक नजारा देगा। अर्का मीडियावर्क्स और मैं शरद देवराजन, डिज्नी हॉटस्टार तथा ग्राफिक इंडिया के साथ मिलकर काम करके बहुत खुश हैं। हम बच्चों के अलावा भी ज्यादा से ज्यादा दर्शकों के लिये भारतीय एनिमेशन को नया आकार दे रहे हैं।

श्रीलंका और पाकिस्तान की पुरुष टीमों की मेजबानी करेगा दक्षिण अफ्रीका

प्रिटोरिया। दक्षिण अफ्रीका इस वर्ष के आखिर में श्रीलंका और पाकिस्तान की पुरुष टीम की मेजबानी करेगा और इस दौरान उसकी महिला टीम भी इंग्लैंड से मुकाबला करेगी। नवंबर 2024 से जनवरी 2025 की इस अवधि के दौरान पांच टेस्ट सहित कुल 17 मैच खेले जाएंगे। पुरुषों की टेस्ट सीरीज विश्व टेस्ट चैंपियनशिप का हिस्सा होगी। इस दौरान जोहैनेसबर्ग में एक भी मैच नहीं खेला जाएगा।

यह लगातार दूसरी बार है जब गर्मियों के सीजन में इस मैदान एक भी टेस्ट मैच नहीं हो रहा है। सत्रों ने बताया कि इस जोहैनेसबर्ग में एनुअल पिंक डे के दिन एक दिवसीय अंतर्राष्ट्रीय मैच खेला जाएगा। यह मैच ब्रेस्ट कैंसर से पीड़िताओं के लिए फंड एकत्रित करने के उद्देश्य से खेला जाएगा। किंग्समीड और सेंट जॉर्ज्स पार्क श्रीलंका के साथ टेस्ट मैच खेला जाएगा। जबकि पाकिस्तान के खिलाफ टेस्ट श्रृंखला शुरू होने से पहले तीन एकदिवसीय और तीन टी-20 भी खेले जाएंगे। बॉक्सिंग डे टेस्ट सुपरस्पोर्ट पार्क और न्यू ईयर टेस्ट न्यूलैंड्स में खेला जाएगा। फरवरी में पाकिस्तान में होने वाली चैंपियंस ट्रॉफी से पहले पाकिस्तान में एकदिवसीय त्रिकोणीय श्रृंखला भी खेली जानी है। ऐसे में एसए-20 के कार्यक्रम से इसके ओवरलैप होने की भी

श्रीनाथ, मेनन और मदनगोपाल होंगे मैच अधिकारी

दुबई। अंपायर नितिन मेनन और जयरमन मदनगोपाल के साथ आईसीसी मैच रैफरी जवागल श्रीनाथ अगले महीने होने वाले टी20 विश्व कप में भारत का प्रतिनिधित्व करेंगे।

आईसीसी ने शुक्रवार को अमेरिका और वेस्टइंडीज में एक जून से शुरू हो रहे टी20 विश्व कप के पहले दौर के लिए 26 मैच अधिकारियों की सूची की घोषणा की। इसमें 20 अंपायर नौ स्थलों पर 55 मैच में अंपायरिंग करेंगे जिसमें आईसीसी के मशहूर अंपायर रिचर्ड इलिंगवर्थ, कुमार धर्मसेना, क्रिस गाफाने और पॉल रीफेल शामिल हैं। मदनगोपाल के अलावा सैम नोगाजस्की, अलाहुद्दीन पालेकर, राशिद रियाज और आसिफ याकूब भी अपना आईसीसी सीनियर पुरुष टूर्नामेंट पदार्पण करेंगे। छह रैफरियों में श्रीनाथ के अलावा रंजन मदुगले, जेफ क्रो और एंड्रयू पायक्रोफ्ट भी शामिल होंगे।

द. अफ्रीका महिला टीम की भारत करेगा मेजबानी

बेंगलुरू, एजेंसी

भारत जून और जुलाई में एक टेस्ट, तीन एकदिवसीय और तीन टी-20 अंतर्राष्ट्रीय मैचों के लिए दक्षिण अफ्रीका महिला टीम की मेजबानी करेगा।

कर्नाटक राज्य क्रिकेट संघ (केएससीए) के एक अधिकारी ने बताया कि वनडे और टी-20 मैच बेंगलुरु में खेले जाएंगे, जबकि टेस्ट मैच चेन्नई में खेला जाएगा। वनडे मैच 16 जून से एम चिन्नास्वामी स्टेडियम में होंगे, जबकि एकमात्र टेस्ट 28 जून से एमए चिदंबरम स्टेडियम में शुरू होगा। इसके बाद टीमें पांच, सात और नौ जुलाई को टी-20 अंतर्राष्ट्रीय श्रृंखला के लिए बेंगलुरु लौटेंगी।

इस टी-20 श्रृंखला की अहमियत इसलिए भी ज्यादा है क्योंकि सितंबर-अक्टूबर में बांग्लादेश में महिला

टी-20 विश्व कप खेला जाएगा। सफेद गेंद प्रारूप की श्रृंखला मूल रूप से पिछले साल के आखिर में खेली जानी थी और यह आईसीसी भविष्य दौरा कार्यक्रम (एफटीपी) का हिस्सा थे, लेकिन पिछले साल अक्टूबर और नवंबर के बीच भारत में आयोजित 50 ओवर के आईसीसी पुरुष विश्व कप के कारण उन्हें आगे बढ़ाना पड़ा। सीमित ओवरों की श्रृंखला में अब एक टेस्ट मैच को भी शामिल कर लिया है। बीसीसीआई और क्रिकेट दक्षिण अफ्रीका (सीएसए) पारंपरिक प्रारूप में महिला क्रिकेट को और अधिक प्रोत्साहन देने चाहता है।

स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक राज सागर द्वारा अमृत विचार प्रकाशन, नवादा जोगियान, चक रोड, रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज के सामने, बरेली (उत्तर प्रदेश) से मुद्रित एवं एलआईजी 23, प्रथम तल, आशियाना फेस-1, कांठ रोड मुरादाबाद (उत्तर प्रदेश) से प्रकाशित।
संपादक-शंभू दयाल वाजपेयी, 0591-3551286(कार्यालय), ईमेल-amritvichar.moradabad@gmail.com आर.एन.आई नं0-UPHIN/2020/79034 (नोट-सभी विवादों का न्याय क्षेत्र मुरादाबाद होगा)।

जीएसटी के तहत कार्रवाई का ब्योरा दे केंद्र

- सुप्रीम कोर्ट ने कहा- हम कानून की व्याख्या करेंगे ताकि लोगों का हनन न हो सके, अगली सुनवाई 9 को

नई दिल्ली, एजेंसी

सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र सरकार से जीएसटी कानून के तहत हुई गिरफ्तारियों और नोटिस का पूरा ब्योरा देने का निर्देश दिया है। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि वह कानून की व्याख्या करेगा और जरूरी दिशा निर्देश देगा ताकि लोगों की स्वतंत्रता का हनन न हो सके।

जस्टिस संजीव खन्ना और जस्टिस एमएम सुंदरेश और जस्टिस बेला एम त्रिवेदी की विशेष पीठ ने 281 याचिकाओं पर सुनवाई करते हुए ये निर्देश दिया। इन याचिकाओं में जीएसटी कानून, कस्टम कानून और पीएमएलए कानून के प्रावधानों को चुनौती दी गई है। जीएसटी कानून की धारा 69 को लेकर अस्पष्टता है। इसी धारा में गिरफ्तारी के प्रावधान हैं। ऐसे में इसे लेकर चिंता जताई गई है। सुनवाई के दौरान पीठ ने कहा कि अगर जरूरत पड़ी तो वे

कानून की व्याख्या करेंगे, लेकिन नागरिकों का शोषण नहीं होने देंगे। पीठ ने केंद्र की तरफ से पेश हुए एडिशनल सॉलिसिटर जनरल एसवी राजू से कहा 'पिछले तीन वर्षों में एक करोड़ से लेकर 5 करोड़ रुपये तक के कथित डिफॉल्ट के लिए जीएसटी कानून के तहत जितने नोटिस जारी किए गए हैं और गिरफ्तारियां हुई हैं, उनका डाटा प्रस्तुत करें। इससे लोगों का उत्पीड़न हो सकता है और हम इसकी इजाजत नहीं देंगे। अगर हमें लगता है कि प्रावधानों में स्पष्टता नहीं है तो हम उसे ठीक करेंगे। सभी लोगों को सलाखों के पीछे नहीं भेज सकते हैं।' याचिकाकर्ताओं की तरफ से वरिष्ठ वकील सिद्धार्थ लूथरा कोर्ट में पेश हुए। लूथरा ने आरोप लगाया कि जीएसटी कानून के तहत प्राधिकरण ताकत का गलत इस्तेमाल कर रहा है और इससे लोगों की आजादी प्रभावित हो रही है। लूथरा ने बताया कि कई मामलों में गिरफ्तारियां नहीं हुई हैं, लेकिन लोगों को नोटिस देकर गिरफ्तारी का डर दिखाकर परेशान किया गया है। जब एसवी राजू ने कहा कि केंद्रीय जीएसटी का डाटा तो मिल सकता है, लेकिन राज्यों का डाटा इकट्ठा करना मुश्किलो होगा, तो इस पर कोर्ट ने कहा कि 'जीएसटी परिषद के पास वह डाटा होगा और अगर डाटा है तो हम चाहते हैं कि सारे डाटा को हमारे सामने पेश किया जाए। अब कोर्ट 9 मई को इस मामले पर सुनवाई करेगा।

केजरीवाल की अंतरिम जमानत को लेकर सुनवाई के लिए तैयार हुआ उच्चतम न्यायालय

नई दिल्ली, एजेंसी। सुप्रीम कोर्ट ने दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की अंतरिम जमानत याचिका पर सुनवाई के संकेत दिए हैं। सुप्रीम कोर्ट ने कहा, अगर मुख्य मामले में बहस में समय लगेगा तो दिल्ली में चुनावों के कारण अरविंद केजरीवाल की अंतरिम जमानत याचिका पर सुनवाई पर विचार किया जा सकता है।

जस्टिस संजीव खन्ना और जस्टिस दीपांकर दत्ता की पीठ ने प्रवर्तन निदेशालय की ओर से पेश अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल एसवी राजू को बताया कि गिरफ्तारी के खिलाफ केजरीवाल की याचिका पर सुनवाई में समय लगने की संभावना है। पीठ ने कहा कि इसलिए अदालत अंतरिम जमानत पर जांच एजेंसी का पक्ष सुनने पर विचार कर रही है। इस पर राजू ने कहा कि वह केजरीवाल की अंतरिम जमानत का विरोध करेंगे। पीठ ने कहा, हम कह रहे हैं कि हम अंतरिम जमानत पर सुनवाई करेंगे और यह नहीं कह रहे हैं कि हम अंतरिम जमानत देंगे। हम अंतरिम जमानत दे भी सकते हैं और नहीं भी। शीर्ष अदालत ने राजू से कहा कि वह अंतरिम जमानत याचिका पर सात मई को दलीलों के लिए तैयार होकर आएं।

हरे-भरे इलाके में घर तो एंग्जाइटी और डिप्रेशन होने का जोखिम कम

एक नई रिसर्च में पता चला है कि शहर के हरे-भरे इलाकों में रहने वालों को डिप्रेशन और एंग्जाइटी होने का जोखिम उन लोगों के मुकाबले 71% तक कम होता है, जो घने और कंक्रीट के घने इमारतों वाले इलाके में रहते हैं। रिसर्च के निष्कर्ष में कहा गया है कि जैव विविधता का मानसिक स्वास्थ्य से गहरा संबंध हैं। तमाम स्टडी में इस पर विचार नहीं किया गया है कि मानसिक स्वास्थ्य के लिए हरा-भरा क्षेत्र कितना और कैसे लाभकारी है।

25 % लोगों ने माना तनाव का असर कम

25 फीसदी लोगों ने माना कि जहां नदी, पेड़, झाड़ियां और झरने आदि होते हैं, वहां मन को शांति मिलती है। जबकि कम प्राकृतिक विविधता वाले स्थानों पर एक बेचैनी सी महसूस होती है। रिसर्च में बताया गया है कि जैव विविधता की रक्षा और प्रचार करके मानसिक स्वास्थ्य को बढ़ाया जा सकता है। 15,000 घरों को लेकर किए गए अन्य हालिया सर्वेक्षण में पाया गया कि जो लोग पौधों और पक्षियों की प्रजातियों से समृद्ध प्राकृतिक क्षेत्रों में रहते थे, उनमें सामाजिक और आर्थिक मतभेदों के बावजूद मानसिक स्वास्थ्य की समस्याएं कम थीं। रिसर्च में कहा गया है कि हमेशा हरे-भरे इलाकों में रहना जरूरी नहीं है। किए गए शोध में लोगों ने कहा- कि हरी-भरी जगह शांति का आनंद मिलता है।

शोध में परखा गया अंतर

लंदन के किंग्स कॉलेज की रिसर्च में कहा गया है कि स्टडी में हरे-भरे इलाके और घनी इमारतों वाले क्षेत्रों में रहने वाले लोगों के मानसिक स्वास्थ्य में अंतर को परखा गया। यह रिसर्च अप्रैल 2018 से सितंबर 2023 के बीच की गई। इसके लिए अर्बन माइंड एप के जरिए डेटा जुटाया गया, जो शहरी और ग्रामीण इलाकों में रहने वाले लोगों के अनुभव को दर्ज करता है। इसमें दिनभर में 1,998 लोगों ने अपने पर्यावरण और मानसिक स्वास्थ्य के बारे में 41,000 आकलन पेश किए।



- पूरी नींद लें। अच्छी नींद हमें सकारात्मक ऊर्जा से भर देती है।
- खूब पानी पीएं और हरी पत्तेदार सब्जियों-मौसमी फलों का ज्यादा से ज्यादा सेवन करें।
- एल्कोहल और धूम्रपान का सेवन न करें।
- जंक फूड और बासी खाना बिल्कुल न खाएं।
- नमक, चीनी, चाय, कॉफी का सेवन कम से कम करें।

एक नजर

छत्तीसगढ़: बीएसएफ जवानों की बस पेड़ से टकराई, 17 घायल

रायगढ़। छत्तीसगढ़ के रायगढ़ जिले में चुनाव ड्यूटी पर तैनात सीमा सुरक्षा बल (बीएसफ) के जवानों की बस शुक्रवार को दुर्घटनाग्रस्त हो गई। घटना में 17 जवान घायल हो गए। अधिकारियों ने बताया कि घटना सुबह 11 बजे जिले के धरमजयगढ़ क्षेत्र के चहला गांव के पास की है। उन्होंने बताया कि बीएसएफ के 32 जवान बस में सवार होकर मतदान केंद्रों का मुआयना करने के लिए रवाना हुए थे। जब वे धरमजयगढ़ के सुदूर पहाड़ी इलाके में स्थित छूही पहाड़ के मतदान केंद्र का निरीक्षण कर लौट रहे थे तभी चहला गांव के करीब बस अनियंत्रित होकर पेड़ से टकरा गई। घटना में 17 जवान घायल हो गए, जिनमें से 13 जवानों का उपचार धरमजयगढ़ के अस्पताल में किया जा रहा है।

म्यांमार में फंसे 3 भारतीयों में से एक की वतन वापसी : रणधीर

नई दिल्ली। म्यांमार में नौकरी के नाम पर ठगे गए भारतीय नागरिकों के मामले में विदेश मंत्रालय ने कहा कि तीन भारतीयों ने स्वदेश वापसी के लिए संपर्क किया था। एक को पहले ही वापस लाया जा चुका है, बाकी बचे दो लोगों की वापसी के लिए प्रयास जारी है। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने कहा कि दो अन्य को लाने के लिए वहां का दूतावास इस पर काम कर रहा है। उन्होंने कहा दक्षिण पूर्व एशियाई देशों में नौकरियों के लिए आवेदन करते समय सावधानी रखें। 2022 में भारत ने म्यांमार से 45 भारतीयों को बचाया था।

फिलीपींस ने चीन के राजदूत को भेजा समन, हमले पर जताई नाराजगी

मनीला। फिलीपींस ने चीन के राजदूत को समन जारी किया है। दरअसल बीते दिनों चीन की नौसेना ने दक्षिण चीन सागर में फिलीपींस के एक जहाज पर पेट्रोलिंग के दौरान वाटर कैनन से तेज प्रेशर के साथ पानी की बौछार की थी। फिलीपींस की सरकार ने इस पर नाराजगी जताई है। फिलीपींस के विदेश मंत्रालय ने चीन के राजदूत झोउ जियोंग को समन भेजा है। दरअसल दक्षिण चीन सागर में स्थित शोआल द्वीप पर फिलीपींस अपना दावा जताता है। इस द्वीप पर फिलीपींस के कुछ सैनिक भी तैनात हैं। इन सैनिकों को फिलीपींस द्वारा नौकाओं के जरिए राशन आदि सामान पहुंचाया जाता है।

बलूचिस्तान में बम विस्फोट में एक पत्रकार की मौत, 7 लोग घायल

इस्लामाबाद। पाकिस्तान के बलूचिस्तान प्रांत में बम विस्फोट में एक वरिष्ठ पत्रकार की मौत हो गई। इस विस्फोट में सात अन्य लोग घायल भी हुए हैं। वरिष्ठ पत्रकार की पहचान मोहम्मद सिद्दीक मेंगल के तौर पर की गई है, जो खुजदार प्रेस क्लब के अध्यक्ष थे। खुजदार शहर के बाहरी इलाके में एक रिमोट कंट्रोल बम से उनकी वाहन टकरा गई। इस टक्कर के बाद विस्फोट हुआ, जिसमें उनकी मौत हो गई। इससे पहले गुरुवार को लैंडमाइन विस्फोट में एक की मौत हो गई थी। वहीं 20 अन्य घायल भी हुए थे।

यूएन में भारत ने पाकिस्तान को लताड़ा कहा- हर मामले में ट्रैक रिकॉर्ड खराब

कंबोज बोलीं- चुनौतीपूर्ण समय में रचनात्मक बात करें, भारत के खिलाफ टिप्पणी नहीं

संयुक्त राष्ट्र/ नई दिल्ली, एजेंसी

भारत ने एक बार फिर संयुक्त राष्ट्र में पाकिस्तान को जमकर लताड़ लगाई। भारत ने पाकिस्तान की तीखी आलोचना करते हुए कहा कि पाकिस्तान का ट्रैक रिकॉर्ड हर मामले में संदिग्ध है। संयुक्त राष्ट्र में शांति की संस्कृति विषय पर आम सभा की बैठक में पाकिस्तान के राजदूत मुनीर अकरम ने भारत के खिलाफ बयानबाजी की और कश्मीर, सीएए और अयोध्या के राम मंदिर मुद्दे पर भारत के खिलाफ टिप्पणियां की।

इसका जवाब देते हुए संयुक्त राष्ट्र में भारत की स्थायी प्रतिनिधि रुचिरा कंबोज ने पाकिस्तान को जमकर लताड़ा। रुचिरा कंबोज ने कहा कि इस सभा में हम शांति की संस्कृति की बात कर रहे हैं। ऐसे चुनौतीपूर्ण समय में हमारा फोकस रचनात्मक बातचीत पर होना चाहिए।

ऐसे में हमें एक प्रतिनिधिमंडल (पाकिस्तान) की टिप्पणियों को नजरअंदाज करना चाहिए क्योंकि उनमें न सिर्फ शिष्टाचार की कमी है, बल्कि उनका खुद का ट्रैक रिकॉर्ड हर मामले में संदिग्ध है। ये अपनी विनाशकारी और हानिकारक स्वभाव के चलते हमारे सामूहिक प्रयासों को भी गुमराह करने की कोशिश कर रहे हैं।

कंबोज ने कहा कि हम चाहेंगे कि ये प्रतिनिधिमंडल सम्मान और कूटनीति के आधारभूत सिद्धांतों का पालन करे। कंबोज ने कहा कि 'अहिंसा का मंत्र महात्मा गांधी ने दिया था और यह आज भी हमारे देश का आधार है। पाकिस्तान को आईना दिखाते हुए भारत की प्रतिनिधि ने कहा कि भारत न सिर्फ हिंदू धर्म, बौद्ध धर्म, जैन धर्म और सिख धर्म की जन्मस्थली है बल्कि यहां इस्लाम, यहूदी, ईसाई और पारसी जैसे धर्मों का भी मजबूत आधार है।

जिन वर्गों और धर्मों के लोगों को शोषण का सामना करना पड़ा, उन्हें शरण देने और विविधता में एकता बनाए रखने का भारत का इतिहास रहा है।

आतंकवाद शांति की संस्कृति के खिलाफ, चुनौतियों पर दें ध्यान

भारत की स्थायी प्रतिनिधि ने कहा कि आतंकवाद शांति की संस्कृति के खिलाफ है और यह धर्म की शिक्षाओं जैसे दया, सहअस्तित्व के भी खिलाफ है। हमारा देश मानता है कि ये पूरी दुनिया एक परिवार है और संयुक्त राष्ट्र सभा के सभी सदस्य देशों को भी ऐसा मानना चाहिए ताकि शांति की संस्कृति को बढ़ावा मिल सके। कंबोज ने कहा वैश्विक चुनौतियां बढ़ रही हैं। बढ़ती असहिष्णुता, भेदभाव और धर्म आधारित हिंसा की चुनौतियों पर तुरंत ध्यान देने की जरूरत है। पवित्र स्थलों जैसे चर्च, बौद्ध स्थल, गुरुद्वारे, मस्जिद, मंदिर और यहूदी धर्मस्थलों पर हमलों की घटनाओं में तेजी आने से हम चिंतित हैं। उल्लेखनीय है कि पाकिस्तान में आए दिन हिंदू मंदिरों और गुरुद्वारों पर हमले की घटनाएं सामने आती रहती हैं।

पाकिस्तान में बस खाई में गिरी, 20 की मौत

- गिलगित-बाटलिस्तान क्षेत्र में हुआ हादसा, 21 लोग घायल प्रधानमंत्री शहबाज ने जताया दुख

इस्लामाबाद, एजेंसी

पाकिस्तान के पहाड़ी क्षेत्र में दुर्घटना में बस फिसलकर खाई में गिर गई, जिससे सवार 20 लोगों की मौके पर ही मौत हो गई है, जबकि 21 लोग घायल हुए हैं।

उत्तर पश्चिम पाकिस्ताान में शुक्रवार को एक बस गिलगित-बाटलिस्तान क्षेत्र के डायमेर जिले में काराकोरम मार्ग पर रावलपिंडी से हुंजा जा रही थी। सुबह लगभग 5:30 बजे रास्ते में चालक ने वाहन से नियंत्रण खो दिया जिस कारण बस फिसलकर सिंधू नदी में जा गिरी। बस में सवार 43 लोगों में से 21 जख्मी हो गए है, जबकि गई गंभीर रूस से घायल हैं। घायलों को नजदीकी अस्पताल में भर्ती करवाया गया। मरने वालों में तीन महिलाएं भी शामिल हैं। मरने वालों की संख्या बढ़ भी सकती है क्योंकि घायलों की हालत गंभीर है। सेना के हेलीकॉप्टरों से बचाव कार्य कराया गया। साथ ही घायल और मृतकों को अस्पताल ले जाया गया। पुलिस अधिकारी ने बताया कि घायलों को अस्पताल पहुंचाया गया, जहां उनका इलाज किया जा रहा है। प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने लोगों की मौत पर दुख व्यक्त किया और शोक संतप्त परिवारों के प्रति अपनी संवेदना व्यक्त की। उन्होंने अधिकारियों को घायलों को हर संभव चिकित्सा उपचार प्रदान करने का निर्देश दिए। गृह मंत्री मोहसिन नकवी ने भी घटना पर शोक व्यक्त किया और घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की प्रार्थना की।

अमेरिकी झंडे का अपमान करने पर मस्क ने जताई नाराजगी

वाशिंगटन, एजेंसी। अमेरिका में हो रहे फिलिस्तीन की आजादी है। समर्थित विरोध प्रदर्शनों के मुद्दे पर एलन मस्क ने एक ऐसा पोस्ट किया, जिस पर अमेरिकी व्हिसल ब्लोअर एडवर्ड स्नोडेन ने करारा जवाब दिया है। दरअसल मस्क ने सोशल मीडिया पर एक पोल साझा किया, जिसमें अमेरिकी झंडे का अपमान करने वाले को देश से बाहर भेजने पर लोगों की राय मांगी गई थी। इस पर स्नोडेन ने प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि देश में अभिव्यक्ति हां और नहीं में जवाब भी मांगा था।

अमेरिकी विश्वविद्यालयों में जारी फिलिस्तीन समर्थक विरोध प्रदर्शनों पर एलन मस्क ने एक ट्वीट किया। जिसमें मस्क ने लिखा, 'प्रस्तावित कानूनः अगर कोई अमेरिकी झंडे का फाड़ता है और उसकी जगह कोई दूसरा झंडा लगाता है तो उस व्यक्ति को अनिवार्य रूप से उस देश भेज देना चाहिए, जहां का झंडा उसने लगाया है। मस्क ने इस पोस्ट पर लोगों से

भीषण आग

पटना : पटना के बांस घाट में झोपड़ पट्टी में शुक्रवार को भीषण आग लग गई। दो दर्जन से अधिक घर आग की चपेट में आने से जलकर राख हो गए। दमकल की एक दर्जन गाड़ियां पहुंचकर आग बुझाने में जुट गई। घटना में किसी तरह कोई हताहत होने की सूचना नहीं है। कुछ लोगों को मामूली चोटें आई हैं। ● एजेंसी

तिहाड़ जेल में दो कैदियों के बीच हिंसक झड़प, एक की हत्या

नई दिल्ली। राजधानी दिल्ली की तिहाड़ जेल में शुक्रवार दोपहर को एक कैदी की हत्या कर दी गई। जेल अधिकारी के मुताबिक, तिहाड़ की जेल नंबर-3 में एक कैदी की दूसरे कैदी ने खाने को लेकर हत्या कर दी।

पुलिस ने बताया कि दीपक नामक कैदी को डीडीयू अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां उसकी मौत हो गई। दीपक पर साथी कैदी ने नुकीले हथियार से हमला कर दिया जिससे गंभीर रूप से घायल हो गया, उसे अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां डॉक्टारों ने उसे मृत घोषित कर दिया। दिल्ली के शकरपुर का रहने वाला दीपक पर हमला करने का आरोप अफगानिस्तान का अब्दुल बाशिर पर लगा है। पुलिस ने इस घटना के संबंध में केस दर्ज कर लिया है।

40 सालों में सुनक की पार्टी का सबसे खराब प्रदर्शन, उपचुनाव हारे

लंदन, एजेंसी

ब्रिटेन में स्थानीय चुनाव के साथ एक सीट पर हुए उपचुनाव के नतीजे से कंजरवेटिव पार्टी और प्रधानमंत्री ऋषि सुनक पर दबाव बढ़ गया है। इसे सत्तारूढ़ कंजरवेटिव पार्टी का 40 वर्षों में सबसे खराब प्रदर्शन माना जा रहा है। अपनी पार्टी में प्रतिद्वंद्विता से दबाव का सामना कर रहे भारतवंशी ऋषि सुनक पर अब विपक्षी लेबर पार्टी का दबाव बढ़ जाएगा।

स्थानीय चुनावों में बढ़त के साथ ब्लैकपूल साउथ के संसदीय उपचुनाव में कंजरवेटिव पार्टी को करारी हार का सामना करना पड़ा है। लेबर पार्टी के नेता सर कीर स्टार्मर ने इस परिणाम को भूकंप लाने वाली जीत बताया है। कहा,

ब्लैकपूल के नतीजे ने पूरे देश का मिजाज बता दिया। यह एक ऐसा चुनाव था जिसमें मतदाताओं को सीधे ऋषि सुनक को संदेश भेजने का मौका था। स्टार्मर ने कहा कि यह उपचुनाव ऋषि सुनक के लिए स्पष्ट बदलाव का संकेत देता है। ब्लैकपूल साउथ में लेबर पार्टी के उम्मीदवार क्रिस वेब ने कंजरवेटिव प्रत्याशी डेविड जोन को करारी शिकस्त दी। यह सीट 2019 में पूर्व प्रधानमंत्री बोरिस जॉनसन के समय कंजरवेटिव पार्टी ने जीती थी।

कनाडा में भारतीय दंपती समेत 4 की सड़क हादसे में मौत

टोरंटो। कनाडा की यात्रा पर गए एक भारतीय दंपती और उनके तीन महीने के पोते सहित चार लोगों की सड़क दुर्घटना में मौत हो गई। यह दुर्घटना तब घटी, जब ओंटारियो पुलिस गलत दिशा में गाड़ी चला रहे एक शराब दुकान में डकैती करने वाले अपराधी का पीछा कर रही थी।

पुलिस ने गुरुवार को बताया कि टोरंटो से लगभग 50 किलोमीटर दूर राजमार्ग पर सभी चार लोगों की मौके पर ही मौत हो गई। ओंटारियो पुलिस ने कहा कि मृतकों में 60 वर्षीय पुरुष और एक 55 वर्षीय महिला, भारतीय कपल शामिल हैं। पुलिस के बयान में कहा गया है इसी कार में दंपति के तीन महीने के पोते की भी मौत हो गई। मां को अस्पताल में भर्ती करवाया गया है, जहां उनकी हालत गंभीर है।

चीन का मिशन मून लॉन्च, धरती पर लाएगा नमूने

- चांग ई-6 मिशन अपनी यात्रा 53 दिन में पूरी करेगा, चंद्रमा के सुदूर हिस्से से धूल को इकट्ठा करेगा

बीजिंग, एजेंसी

चीन ने चंद्रमा के नमूने एकत्र करने और उन्हें शोध के लिए पृथ्वी पर लाने के लिए शुक्रवार को चंद्र जांच मिशन भेजा है। चीन ने इस अभियान का नाम मिशन चांग ई-6 दिया है। यह पूरा मिशन 53 दिनों का है।

चीन के राष्ट्रीय अंतरिक्ष प्रशासन (सीएनएसए) के अनुसार चांग ई-6 मिशन के अंतर्गत चंद्रमा के सुदूर हिस्से से नमूने इकट्ठा किए जाएंगे। इसके बाद इन नमूनों को पृथ्वी पर लाकर इन पर शोध की जाएगी। सीएनएसए का कहना है कि मानव चंद्र अन्वेषण के इतिहास में यह अपनी तरह का पहला प्रयास है। चांग ई-6 को लॉन्ग मार्च-5 वाई-8 रॉकेट द्वारा चांद पर ले जाया गया है। इसे हैनान प्रांत के वेनचांग अंतरिक्ष प्रक्षेपण स्थल से प्रक्षेपित किया गया। एक रिपोर्ट के अनुसार चांग ई-6 में ऑर्बिटर, लैंडर, एसेंडर और री-एंट्री मॉड्यूल

के रूप में चार घटक शामिल हैं। इस मिशन के तहत चंद्रमा पर मौजूद धूल और चट्टानों को इकट्ठा किया जाएगा। इसके बाद इन नमूनों को री-एंट्री मॉड्यूल में स्थानांतरित करने के लिए एसेंडर की मदद से ऑर्बिटर में ले जाया जाएगा। इसके बाद ऑर्बिटर की मदद से इन नमूनों को रिसर्च के लिए पृथ्वी पर लाया जाएगा। सीएनएसए के अनुसार यह मिशन ऑटोमैटिक सैंपल कलेक्शन, टेक-ऑफ और चंद्रमा पर दूर से आरोहण जैसी प्रमुख प्रौद्योगिकियों में सफलता हासिल करने के लिए तैयार है।

सीएनएसए ने बताया कि चांग ई-6 मिशन के लैंडर और ऑर्बिटर पर फ्रांस, इटली और यूरोपीय अंतरिक्ष एजेंसी के वैज्ञानिक उपकरण और एक पाकिस्तानी पेलोड है। इससे पहले चीन ने चंद्रमा पर मानवरहित मिशन लॉन्च किया था, जिसके तहत चंद्रमा पर एक रोवर को उतारना भी शामिल था। इसके अलावा चीन ने मंगल ग्रह पर भी एक रोवर भेजा है। चीन ने 2030 तक चंद्रमा पर मानवयुक्त लैंडिंग की योजना की भी घोषणा की है। बता दें कि पिछले साल भारत ने चंद्रमा के दक्षिणी ध्रुव पर चंद्रयान-3 का लैंडर प्रज्ञान रोवर उतारा था। ऐसा करने वाला भारत विश्व का पहला देश बना था।

गूगल ने सर्च इंजन बनाने के लिए एपल को 1.6 लाख करोड़ दिए

वाशिंगटन। गूगल की मूल कंपनी अल्फाबेट ने गूगल को सफारी ब्राउजर का सर्च इंजन बनाने के लिए एप्पल को 20 बिलियन (लगभग 1.6 लाख करोड़ रुपए) दिए। ब्लूमबर्ग की रिपोर्ट के अनुसार यह खुलासा गूगल के खिलाफ अमेरिकी एंटीट्रस्ट ट्रायल के अदालती दस्तावेजों में हुआ है।

गूगल पर बाजार पर हावी होने, सर्च इंजन और विज्ञापन क्षेत्र में प्रतिस्पर्धा को खत्म करने के लिए अपनी स्थिति का दुरुपयोग करने का मामला दर्ज है। मामले का मुख्य हिस्सा गूगल और एपल के संबंधों पर निर्भर करता है। 2020 में, एपल को गूगल द्वारा किया गए भुगतान एप्पल की परिचालन आय का 17.5% हिस्सा था। पिछले साल सुंदर पिचाई ने यूजर्स के लिए उपलब्ध सर्वोत्तम सेवा के रूप में बचाव किया था। वहीं, माइक्रोसॉफ्ट के सीईओ सत्या नाडेला ने दावा किया था गूगल का उपभोक्ताओं पर मजबूत पकड़ है।

विज्ञान वैज्ञानिकों ने ईएसए के मार्स एक्सप्रेस ऑर्बिटर द्वारा खोजी मकड़ी के आकृति जैसी तस्वीर

मंगल की धरती है भूगर्भीय रासायनिक संरचना

नैनीताल कार्यालय

अमृत विचार : मंगल ग्रह पर जीवन की संभावनाओं को लेकर मकड़ियों की आकृति जैसी लाइनॉन की तस्वीर सामने आई है। यह तस्वीर मंगल के दक्षिणी ध्रुव के ऊपर की तस्वीर है। मंगल पर यह भूगर्भीय रासायनिक संरचना है। मंगल पर जीवन की संभावना को आगे बढ़ाने के लिए वैज्ञानिकों का मनोबल बढ़ाने वाली खोज है।

बियाबान मंगल पर मानव बस्ती बसाने का मानव सपना साकार होने में लंबा वक्त लगेगा। मगर वैज्ञानिकों की कड़ी मेहनत रंग लाती प्रतीत होती है, जो एक एक पग के साथ आगे बड़ रही है। अब सामने आई नई तस्वीर से पता चलता है कि वैज्ञानिक सही दिशा में आगे बड़ रहे हैं। नई खोज को



मंगल की सतह पर जमी बर्फ के ऊपर मकड़ियों की लंबी लाइन की तस्वीर।

लेकर वैज्ञानिकों का कहना है कि ईएसए के मार्स एक्सप्रेस ऑर्बिटर ने द्वारा यह खोज हुई है। जिसमें मंगल के दक्षिणी ध्रुव पर मकड़ियों की आकृति जैसा दृश्य देखने को मिला है। यह दृश्य तब बनता है जब सूरज की रोशनी के कारण कार्बन डाइऑक्साइड की बर्फ पिघने लगती है और गैस में बदल जाती है। यह बदलाव बर्फ के स्लैब के माध्यम से बनता है और फिर टूट जाता है। इसके बाद गैस और काली धूल वापस सतह पर गिरती है। जिससे मकड़ी जैसी संरचनाएँ बनती हैं। मंगल के दक्षिणी ध्रुव पर यह रहस्यमय भूगर्भिक मकड़ियो की आकृति है। जिसे स्पष्ट करने के लिए वैज्ञानिकों का कहना है कि मंगल ग्रह की मकड़ियाँ वास्तविक मकड़ी नहीं हैं। यह अंतरिक्ष यान द्वारा ऊपर से देखे गए मकड़ियों जैसे काले धब्बे हैं, जो कार्बन डाइऑक्साइड गैस और धूल के गीजर द्वारा बनाए गए हैं, जो मंगल पर बर्फ की परतों के माध्यम से फूट रहे हैं।

2030 में मंगल की धरती पर पड़ेगा मानव का पहला कदम

लाल ग्रह मंगल पर इंसान का पहला कदम 2030 में पड़ेगा। इसके लिए नासा तैयारियों में जुटा हुआ है। नासा आर्टेमिस मिशन मंगल पर भेजेगा। मिशन के दो चरण की शुरुआती चरण की तैयारियां सफल हो चुकी हैं। पांचवा चरण में मंगल की धरती के साथ पूरा होगा। इससे पहले आर्टेमिस के चौथे चरण के साथ वैज्ञानिको का दल चांद पर पहुंचेगा।